खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) घटक के तहत प्रत्येक केआईसी को खेल उपकरण की खरीद, कोच (पूर्व चैंपियन एथलीट) के लिए 5 लाख रु. प्रति वर्ष की दर से धनराशि जारी की जाती है और प्रत्येक खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) संबंधित राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप से आयोजित व्यवहार्यता गैप विश्लेषण के आधार पर कोचों और उपकरण की सहायता के लिए पात्र है । खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों (केआईएससीई) तथा मान्यता प्राप्त अकादमियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-III में दिया गया है ।

इसके अलावा, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत यह मंत्रालय भारत के शीर्ष एथलीटों को ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की तैयारी के लिए सहायता और कस्टमाइज्ड प्रशिक्षण प्रदान करता है । टीओपीएस कोर ग्रुप के एथलीटों को 50,000/- रु. प्रति माह और टीओपीएस विकास समूह के एथलीटों को 25,000/- रु. प्रति माह आउट-ऑफ-पॉकेट भत्ता दिया जाता है ।

इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के घटक "खेल अवसंरचना का उपयोग और निर्माण" के तहत देशभर में विभिन्न प्रकार की 300 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है । इन परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण अनुबंध-IV में दिया गया है ।

(ग) इस विभाग की खेल संवर्धन स्कीमें पंजाब राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जाती हैं । खेलो इंडिया स्कीम के तहत पंजाब में विभिन्न प्रकार की 11 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है । इन परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-V में दिया गया है ।

पंजाब राज्य में लागू विभिन्न अन्य स्कीमों का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**स्कीम का नाम**	**केंद्रों की संख्या**
1.	खेलो इंडिया केंद्र	03
2.	खेलो इंडिया प्रत्यायित अकादमियां	25
3.	राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई)	01
4.	साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)	04
5.	एसटीसी के विस्तार केंद्र	2
6.	देशज खेल और मार्शल आर्ट्स	01
7.	अखाड़े	03

(घ)**:** इस मंत्रालय द्वारा निधियां स्कीम-वार आवंटित की जाती हैं, राज्य-वार नहीं ।

*****

खेलों के लिए अवसंरचना सुविधाएं के संबंध में श्री हरभजन सिंह, द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध-I

राज्य-वार कुल केंद्रों की संख्या

		केंद्रों की संख्या						
क्र.सं.	**राज्य**				**एनएसटीसी**			
		एनसीओई	**एसटीसी**	**विस्तार केंद्र**	**नियमित स्कूल**	**आईजीएमए**	**अखाड़ा**	**कुल**
1	आंध्र प्रदेश	0	3	0	0	0	0	**3**
2	असम	1	4	4	1	1	1	**12**
3	अरुणाचल प्रदेश	1	1	0	0	0	0	**2**
4	बिहार	0	3	0	0	0	0	**3**
5	छत्तीसगढ	0	2	0	0	0	0	**2**
6	गोवा	0	1	0	0	0	0	**1**
7	गुजरात	1	0	1	0	0	0	**2**
8	हरियाणा	2	3	0	0	0	5	**10**
9	हिमाचल प्रदेश	1	1	2	0	0	0	**4**
10	झारखंड	0	2	1	0	1	0	**4**
11	कर्नाटक	1	3	0	1	0	0	**5**
12	केरल	2	4	0	0	1	0	**7**
13	मध्य प्रदेश	1	3	2	1	0	3	**10**
14	महाराष्ट्र	2	0	0	0	1	14	**17**
15	मणिपुर	1	2	1	1	2	0	**7**
16	मेघालय	0	1	0	0	0	0	**1**
17	मिजोरम	0	1	2	0	0	0	**3**
18	नागालैंड	0	1	0	0	0	0	**1**
19	उड़ीसा	1	3	2	1	0	1	**8**
20	पंजाब	1	4	2	0	1	3	**1 1**
21	राजस्थान	0	3	7	2	0	8	**20**

एनसीओई – राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र
एसटीसी – साई प्रशिक्षण केंद्र
आईजीएमए – देशज खेल और मार्शल आर्ट

22	सिक्किम	0	1	0	0	0	0	**1**
23	तमिलनाडु	0	3	0	0	2	0	**5**
24	तेलंगाना	0	2	0	0	0	0	**2**
25	त्रिपुरा	0	1	0	1	0	0	**2**
26	उत्तर प्रदेश	1	4	1	1	0	7	**14**
27	उत्तराखंड	0	1	0	0	0	0	**1**
28	पश्चिम बंगाल	1	4	2	0	0	0	**7**
	संघ राज्यक्षेत्र	0	0	0	0	0	0	**0**
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	1	1	0	0	0	**2**
30	चंडीगढ़	1	0	0	1	0	0	**2**
31	दिल्ली	5	1	0	0	0	8	**14**
32	जम्मू और कश्मीर	0	1	1	0	0	0	**2**
33	लक्षद्वीप	0	1	0	0	0	0	**1**
34	लद्दाख	0	1	0	0	0	0	**1**
35	पुदुचेरी	0	2	0	0	0	0	**2**
	कुल योग:	**23**	**68**	**29**	**10**	**9**	**50**	**189**

खेलों के लिए अवसंरचना सुविधाएं के संबंध में श्री हरभजन सिंह, द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध - II

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	नियमित/प्रतिनियुक्ति	संविदा	कुल
1	आंध्र प्रदेश	6	2	8
2	अंडमान	2	2	4
3	अरुणाचल प्रदेश	5	7	12
4	असम	26	30	56
5	बिहार	3	2	5
6	छत्तीसगढ	3	4	7
7	दिल्ली	83	38	121
8	गोवा	5	3	8
9	गुजरात	9	9	18
10	हरियाणा	53	38	91
11	हिमाचल	8	8	16
12	जम्मू और कश्मीर	9	0	9
13	झारखंड	10	4	14
14	कर्नाटक	40	22	62
15	लक्षद्वीप	2	0	2
16	केरल	37	23	60
17	मध्य प्रदेश	28	19	47
18	महाराष्ट्र	22	19	41
19	मणिपुर	24	29	53
20	मेघालय	2	0	2
21	मिजोरम	4	1	5
22	नागालैंड	2	2	4
23	उड़ीसा	16	8	24
24	पुदुचेरी	1 1	3	14
25	पंजाब	66	33	99
26	राजस्थान	15	5	20
27	सिक्किम	1	3	4
28	तमिलनाडु	15	3	18
29	तेलंगाना	1 1	3	14
30	त्रिपुरा	2	2	4

31	उत्तर प्रदेश	37	1 1	48
32	उत्तराखंड	9	3	12
33	पश्चिम बंगाल	46	18	64
	कुल	**612**	**354**	**966**

खेलों के लिए अवसंरचना सुविधाएं के संबंध में श्री हरभजन सिंह, द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध- III

<u>खेलो इंडिया केंद्र/केआईएससीई/ मान्यता प्राप्त अकादमियों का विवरण</u>

क्र.सं.	राज्य	खेलो इंडिया केंद्र(केआईसी)	खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईसीएसई)	मान्यता प्राप्त अकादमियां (एए)
1	आंध्र प्रदेश	14	1	0
2	असम	33	1	7
3	अरुणाचल प्रदेश	54	1	3
4	बिहार	0	0	0
5	चंडीगढ़	1	1	4
6	छत्तीसगढ	7	1	1
7	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	1	1	0
8	दिल्ली	7	1	8
9	गुजरात	0	0	15
10	गोवा	2	1	1
1 1	हरियाणा	15	1	14
12	हिमाचल प्रदेश	15	1	7
13	झारखंड	0	1	10
14	जम्मू और कश्मीर	40	2	2
15	कर्नाटक	31	1	33
16	केरल	24	1	13
17	लद्दाख	3	0	0
18	मध्य प्रदेश	44	1	17
19	महाराष्ट्र	44	1	31
20	मणिपुर	18	1	12
21	मेघालय	18	1	0
22	मिजोरम	2	1	0
23	नागालैंड	19	1	0
24	उड़ीसा	1	1	8
25	पुदुचेरी	0	1	0
26	पंजाब	3	0	25

27	राजस्थान	9	0	5
28	सिक्किम	7	1	0
29	तेलंगाना	2	1	12
30	तमिलनाडु	1	1	18
31	त्रिपुरा	1 1	1	0
32	उत्तर प्रदेश	80	1	10
33	उत्तराखंड	17	1	0
	पश्चिम बंगाल	0	0	8
	कुल	**523**	**29**	**264**

खेलों के लिए अवसंरचना सुविधाएं के संबंध में श्री हरभजन सिंह, द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध- IV

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजनाओं की संख्या**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
2	आंध्र प्रदेश	7
3	अरुणाचल प्रदेश	21
4	असम	8
5	बिहार	1 1
6	चंडीगढ़	0
7	छतीसगढ	4
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0
9	दिल्ली	8
10	गोवा	4
1 1	गुजरात	5
12	हरियाणा	10
13	हिमाचल प्रदेश	8
14	जम्मू और कश्मीर	5
15	झारखंड	2
16	कर्नाटक	19
17	केरल	5
18	लद्दाख	3
19	लक्षद्वीप	2
20	मध्य प्रदेश	12
21	महाराष्ट्र	13
22	मणिपुर	8
23	मेघालय	6
24	मिजोरम	7
25	नागालैंड	7
26	उड़ीसा	4
27	पुदुचेरी	3
28	पंजाब	1 1
29	राजस्थान	45

30	सिक्किम	5
31	तमिलनाडु	5
32	तेलंगाना	6
33	त्रिपुरा	7
34	उत्तर प्रदेश	32
35	उत्तराखंड	5
36	पश्चिम बंगाल	1
	कुल	**300**

खेलों के लिए अवसंरचना सुविधाएं के संबंध में श्री हरभजन सिंह, द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 122 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध- V

पंजाब राज्य में खेलो इंडिया स्कीम के तहत संस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण ।

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**संस्वीकृत राशि**
1.	श्रीमती लाजवंती खेल परिसर, जिला होशियारपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण ।	7.00
2.	वार हीरो स्टेडियम, जिला संगरूर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	7.47
3.	राष्ट्रीय खेल संस्थान जिला पटियाला में 300 बिस्तरों वाले (ट्रिपल ऑक्यूपेंसी) छात्रावास का निर्माण	26.77
4.	गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, जिला अमृतसर में फर्निशिंग सहित 200 बिस्तरों वाले छात्रावास (महिलाओं और पुरुषों के लिए) का निर्माण	11.20
5.	मरार जिला गुरदासपुर में सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण	5.27
6.	शहीद भगत सिंह स्टेडियम, जिला फिरोजपुर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.00
7.	शहीद भगत सिंह नगर जिला नवाशहर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	4.50
8.	गुरु नानक देव स्टेडियम, जिला अमृतसर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.00
9.	रणजीत सिंह तकनीकी विश्वविद्यालय, जिला बठिंडा में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	4.50
10.	राष्ट्रीय खेल संस्थान, जिला पटियाला में सेंट्रलाइज्ड किचन एवं फूड कोर्ट का निर्माण	7.50
11.	सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर जालंधर मुख्यालय बीएसएफ में सिंथेटिक हॉकी टर्फ ग्राउंड का निर्माण।	5.50

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 123

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

कारपोरेट द्वारा खेलों को अपनाया जाना

123 श्री निरंजन बिशीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कारपोरेट सेक्टर को विशिष्ट खेलों और प्रशिक्षण केन्द्रों को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए की जा रही पहल का ब्यौरा क्या है ।

(ख) निगमों को उनके कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधीयन द्वारा राष्ट्रीय खेल विकास निधि में अंशदान करने हेतु आकर्षित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के खेलकूद संबंधी सामान विनिर्माण क्षेत्र में आत्म निर्भर भारत नीति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

कारपोरेट द्वारा खेलों को अपनाया जाना के संबंध में श्री निरंजन बिशी द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 123 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) और (ख) : कारपोरेट सेक्टर को खेल और प्रशिक्षण केंद्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा अनेक पहलें की गई हैं । राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत सरकार नियमित रूप से कारपोरेट और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से बातचीत कर रही है और उन्हें अनुरोध कर रही है कि वे एनएसडीएफ में योगदान दें और देश में खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भागीदार बनें ।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या निजी कंपनियां अपनी नीतियों/ प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यकलापों के लिए सीएसआर अंशदान/ संदान जारी करती हैं । इसके अलावा, एनएसडीएफ की काउंसिल में विभिन्न निकायों जैसे कोल इंडिया लिमिटेड, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल), स्पाइसजेट, डीसीएम श्रीराम को प्रतिनिधित्व प्राप्त है ।

इसके अलावा, सीएसआर फंडिंग के संबंध में कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं और खेल को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में शामिल किया गया है । इस अनुसूची की मद (vii) में "ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालंपिक खेलों और ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण" हेतु प्रावधान है ।

एनएसडीएफ के दिशानिर्देशों में यह निर्धारित किया गया है कि यह निधि संसद के अधिनियमों के तहत बनाए गए या राज्य विधान मंडलों के सांविधिक निकायों, संयुक्त राष्ट्र संघ और इसके संबद्ध निकायों, अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र, न्यासों, सोसायटियों और व्यक्ति विशेषों से योगदान स्वीकार करेगी और यह कि व्यक्ति विशेष या किसी संगठन से धनराशि को स्वीकार करने या अन्यथा रूप से मामले में काउंसिल का निर्णय अंतिम होगा । एनएसडीएफ में सभी अंशदान को आयकर अधिनियम की धारा 80(जी) के खंड (क) की उप-धारा (2) (iii) के अनुसार कर से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त है ।

सीएसआर पहल के तहत, निम्नलिखित संगठनों ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के स्वायत्त संगठन अर्थात भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ करार किया है:

- ग्लेनमार्क एक्वटिक फाउंडेशन (जीएएफ), त्रिवेंद्रम फॉर स्विमिंग (नवंबर, 2021)
- ग्लेनमार्क एक्वटिक फाउंडेशन (जीएएफ), डॉ. एसपीएमएसपीसी, नई दिल्ली (अप्रैल, 2021)
- ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू), आईजी स्टेडियम, नई दिल्ली फॉर साइकिलिंग (नवंबर, 2021)
- इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईआईएस), हिसार फॉर एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एंड रेसलिंग (जून, 2021 में)

- सिंपली स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एसएसएफ), बैंगलोर फॉर स्पोर्ट्स साइंस प्रोग्राम एंड सपोर्ट इन डिजाइन ऑफ एथलीट्स किचन एंड फिटनेस इकोसिस्टम (फरवरी, 2022)

(ग) देश में खेल सामान के विनिर्माण में आत्मानिर्भर भारत नीति को बढ़ावा देने के लिए, साई द्वारा की गई सभी खरीद उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) के लिए जारी आदेश के अनुरूप हैं ।

इसके अलावा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) और डीपीआईआईटी द्वारा यथा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप, जो सामान के विनिर्माता हैं, को बयाना राशि जमा करने, पूर्व कार्य अनुभव और वार्षिक टर्नओवर मानदंड प्रस्तुत करने से छूट दी जा रही है ।

****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *124
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

विज्ञापनों पर व्यय

***124. श्री जी.सी. चन्द्रशेखरः**

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2017 से आज तक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक विज्ञापनों पर किए गए व्यय का वर्ष-वार और मंत्रालय-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2017 से आज तक विदेशी मीडिया में विज्ञापनों पर किए गए कुल व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार इन विज्ञापनों की प्रतिफल-दर की गणना किस प्रकार करती है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

<u>दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *124 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण</u>

(क): सरकार द्वारा वर्ष 2017 से केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के माध्यम से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक विज्ञापनों पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	किया गया व्यय (करोड़ रु. में)	
	प्रिंट मीडिया	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया
2017-18	636.09	468.92
2018-19	429.55	514.28
2019-20	295.05	317.11
2020-21	197.49	167.86
2021-22	179.04	101.24
2022-23 (12.07.2022 तक)	19.26	13.6

मंत्रालय-वार ब्यौरा सीबीसी की वेबसाइट www.davp.nic.in पर उपलब्ध है।

(ख) और (ग): सरकार के किसी मंत्रालय या विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से विदेशी मीडिया में विज्ञापनों पर कोई व्यय नहीं किया गया है।

****

भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 125
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन हेतु केंद्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं

125. डा. प्रशांत नन्दाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान इन कार्यक्रमों के लिए आबंटित और संवितरित धनराशि और इन कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाई गई राशि के हिस्से का योजना-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पूर्ववर्ती समय सीमा के भीतर कितने पर्यटक गंतव्य तैयार किए गए?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

पर्यटन हेतु केंद्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के संबंध में दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 125 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क): पर्यटन मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित केवल एक योजना यथा 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य' का कार्यान्वयन करता है । मध्य प्रदेश की राज्य सरकार से 'मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटक गंतव्य' हेतु एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था जिसके लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य' लेखा शीर्ष के अंतर्गत कुल 27.98 करोड़ रु. की राशि स्वीकृत की गई थी जिसका वितरण केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच 60-40 के अनुपात में तय हुआ था जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 16.79 करोड़ रु. का बनता है ।

(ख) और (ग): 16.79 करोड़ रु. के केंद्र सरकार के हिस्से में से वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान मध्य प्रदेश की राज्य सरकार को पहली किस्त के रूप में 6.24 करोड़ की राशि जारी की गई है। उपरोक्त योजना पर्यटक गंतव्यों के सृजन से संबंधित नहीं है।

तथापि,पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं अध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन- प्रशाद' और 'अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों को पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) तथा ''बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में सवंर्धन और प्रचार'' (ओपीएमडी) योजनाओं के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान हुए व्यय का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

पर्यटन हेतु केंद्रीय सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के संबंध में दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 125 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष - 2019-20	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**वास्तविक व्यय**
स्वदेश दर्शन	1106.00	566.00	565.93
प्रशाद: तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान	160.50	145.00	144.71
पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता	91.00	70.00	71.94
विदेशों में संवर्धन और प्रचार की पुनर्संरचित योजना	446.20	312.39	312.04
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार	129.50	100.00	99.63

वित्तीय वर्ष. - 2020-21	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**वास्तविक व्यय**
स्वदेश दर्शन	1200.00	600.00	560.76
प्रशाद: तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान	207.55	125.00	124.79
पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता	80.00	80.00	68.98
विदेशों में संवर्धन और प्रचार की पुनर्संरचित योजना	450.00	115.00	108.09
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार	140.00	63.33	33.89
महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य	0.00	6.25	6.26

वित्तीय वर्ष - 2021-22	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**वास्तविक व्यय**
स्वदेश दर्शन	630.00	262.00	261.36
प्रशाद: तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान	153.00	150.95	149.99
पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता	90.00	90.00	79.56
विदेशों में संवर्धन और प्रचार की पुनर्संरचित योजना	524.02	89.00	9.42
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार	144.70	60.00	40.00
महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य	5.27	5.27	0.00

******

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *126
28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान

***126. श्री नारायण दास गुप्ता:**

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मानसून-पूर्व सतही हवा के तापमान, भूमि की सतह के तापमान और सापेक्षिक आर्द्रता में हाल ही में तेजगति से होने वाली वृद्धि चिंता का विषय है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस घटनाक्रम को समझने के लिए कोई अध्ययन किया गया है, यदि हां, तो उसके निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भीषण गर्मी के तनाव से निपटने के लिए एक नई जलवायु कार्य योजना पर विचार किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रखा है।

"दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान" विषयक राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *126, जिसका उत्तर 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) जी, **हाँ। सफदरजंग स्टेशन के संबंध में पिछले तीन वर्षों के** लिए इस ऋतु **के दौरान दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान और सापेक्ष आर्द्रता** (**आरएच**) **के औसत मूल्यों का विवरण नीचे दिया गया है**:

वर्ष	मानसून पूर्व औसत अधिकतम तापमान (°C)	मानसून पूर्व औसत न्यूनतम तापमान (C)	मानसून पूर्व औसत आरएच 0300 यूटीसी (%)	मानसून पूर्व औसत आरएच 1200 यूटीसी (%)
2020	34.4	20.7043	68.4	43.5
2021	36.0	21.35484	61.4	37
2022	37.9	21.96667	60	31

तालिका से यह स्पष्ट है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान मानसून पूर्व ऋतु में दिल्ली के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है जबकि सापेक्ष आर्द्रता में ऐसी कोई वृद्धि नहीं हुई है।

उपर्युक्त के अलावा, 1951-2022 की अवधि के लिए दिल्ली के लिए मानसून पूर्व अधिकतम, न्यूनतम और औसत तापमान की प्रवृत्ति चित्र-1 (अनुलग्नक में दी गई) में दी गई है।

(ख) **दिल्ली के मानसून** पूर्व **तापमान पैटर्न और** इसके **संभावित कारणों** के संबंध में अनेक **अध्ययन किए गए हैं। शहरीकरण मुख्य कारणों में से एक है जो शहर के भीतर तापमान पैटर्न में परिवर्तन को प्रभावित कर सकता है और गर्म द्वीपों का निर्माण कर सकता है। दो स्टेशनों के वार्षिक औसत न्यूनतम तापमान में अंतर के** ट्रैंड **से** यह **परिलक्षित होता है**, **जिनमें से एक** (**सफदरजंग**) **शहर के भीतर है और दूसरा दिल्ली एनसीआर** (**पालम**) **में बाहरी परिधि में है।**

हाल ही में नेचर में प्रकाशित एक लेख में भारत के मानसून पूर्व ऋतु 2022 **के दौरान लंबे समय तक चलने वाली** लू **के कारण का वर्णन किया गया है। लंबी अवधि के लिए वर्षा और संवहनी गतिविधियों** के न होने, **पश्चिमी विक्षोभ** के न होने **और उत्तरी अरब सागर और उससे सटे दक्षिण पाकिस्तान और गुजरात के ऊपर निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों में गर्म और शुष्क** हवा के कम **होने** को इसके कारण **के रूप में** दर्शाया **गया था। ।**

(ग) यह उल्लेख किया गया है कि, लू मौसम की प्रतिकूल घटनाओं में से एक है जिसके लिए आईएमडी पूर्व चेतावनी जारी करता है। देश में, अधिकतम तापमानों के साथ-साथ लू में उल्लेखनीय वृद्धि अप्रैल, मई और जून के महीनों में अधिक पाई जाती है। एक पहल के रूप में योजना के उद्देश्य से मार्च के अंतिम सप्ताह में अप्रैल, मई और जून के महीनों के तापमान के लिए आईएमडी ऋतुनिष्ठ आउटलुक जारी कर रहा है। यह आउटलुक इस अवधि के दौरान लू के संभावित परिदृश्य को भी सामने लाता है।

विस्तारित अवधि आउटलुक के बाद अगले दो सप्ताह के लिए ऋतुनिष्ठ आउटलुक प्रत्येक गुरुवार को जारी किया जाता है। इसके अलावा, दिल्ली में लू की चेतावनी सहित प्रतिकूल मौसम के लिए पूर्वानुमान और रंग कोडिड चेतावनी दैनिक आधार पर आगे के दो दिनों के आउटलुक के साथ अगले पांच दिनों के लिए जारी की जाती है।
आईएमडी ने गर्म मौसम की ऋतु के लिए लू संबंधी पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना (एफडीपी) शुरू की है, जिसके तहत एक विस्तृत दैनिक रिपोर्ट जिसमें लू के वास्तविक डेटा, लू आने की मौसम प्रणालियों, संख्यात्मक मॉडल आउटपुटों के आधार पर निदान और पांच दिनों के लिए पूर्वानुमान

एवं चेतावनियां तैयार की जाती हैं, शामिल हैं। यह बुलेटिन स्वास्थ्य विभागों सहित सभी संबंधितों को प्रसारित किया जाता है। आईएमडी ने दिनभर की गतिविधियों की योजना के निर्माण में सहायता करने के लिए सुबह (सुबह 8 बजे) लू के संबंध में एक अतिरिक्त बुलेटिन जारी करना शुरू किया जो 24 घंटे के लिए वैध है और यह बुलेटिन भी सभी संबंधितों को प्रसारित किया जाता है। इन सभी बुलेटिनों को आईएमडी की वेबसाइट पर लू के लिए बनाए गए एक विशेष पेज पर भी पोस्ट किया जाता है।

एक सहायक उपाय के रूप में, आईएमडी ने स्थानीय स्वास्थ्य विभागों के सहयोग से देश के कई हिस्सों में लू के बारे में चेतावनी देने और ऐसे अवसरों के दौरान की जाने वाली कार्रवाई की सलाह देने के लिए लू कार्य योजना शुरू की है। लू कार्य योजना 2013 से चालू है। लू कार्य योजना एक व्यापक पूर्व चेतावनी प्रणाली और अत्यधिक लू की घटनाओं के लिए तैयारी योजना है। यह योजना संवेदनशील आबादी पर अत्यधिक लू के स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों को कम करने के लिए तैयारी, सूचना-साझाकरण और प्रतिक्रिया समन्वय बढ़ाने के लिए तत्काल के साथ-साथ दीर्घकालिक कार्रवाइयां प्रस्तुत करती है। एनडीएमए और आईएमडी 23 ऐसे राज्यों के साथ लू कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं, जहां उच्च तापमान की संभावना है, जिससे लू की स्थिति पैदा हो सकती है।

लू के **पूर्वानुमान और चेतावनी में हाल ही में हुई प्रगति**:-

- **जीआईएस पर** लू की निगरानी **और पूर्वानुमान सूचना**

क) वास्तविक अधिकतम/न्यूनतम तापमान और सामान्य तापमान (वर्तमान तापमान) से इसमें अंतर के लिए वेब-जीआईएस में इंटरएक्टिव मानचित्र। ।

ख) गर्म रातों और बहुत गर्म रातों (वर्तमान तापमान) के साथ लू और अत्यधिक लू के लिए वेब-जीआईएस में इंटरएक्टिव मानचित्र।



ग) लू के प्रभाव का आकलन करने के लिए पिछले 5 दिनों के लिए वास्तविक अधिकतम/न्यूनतम तापमान और सामान्य तापमान, लू, अत्यधिक लू, गर्म रातों और बहुत गर्म रातों से इसके अंतर के लिए वेब-जीआईएस में इंटरएक्टिव मानचित्र (पिछले 5 दिन लू और गर्म रात की स्थिति)।

घ) लू के दिनों के दौरान आरएच के प्रभाव का आकलन करने के लिए भारतीय मानक समय 0830 और 1730 के आधार पर मार्च से जून महीनों के लिए सामान्य सापेक्ष आर्द्रता (आरएच) प्रदान की जाती है। आरएच में वृद्धि के साथ लू का प्रभाव और अधिक गंभीर हो जाता है।

- **न्यूनतम तापमान**, **आर्द्रता और** पवन **के प्रभावों को शामिल करते हु**ए भारतीय मानक समय 1600 **बजे विशेष** लू **और उसके प्रभाव बुलेटिन** (**मार्च से जून**) **जारी** किया जाता है**।**
- **अधिकतम तापमान**, **न्यूनतम तापमान**, **आर्द्रता**, पवन **और अवधि को ध्यान में रखते हुए चार गर्म मौसम महीनों** (**मार्च**, **अप्रैल**, **मई और जून**) **के लिए पूरे देश के लिए** लू **खतरा विश्लेषण पूरा हो गया है। इससे** लू **के प्रभाव को बढ़ाने वाले विभिन्न मौसम** विज्ञान **संबंधी मापदंडों के आधार पर खतरनाक स्कोर की पहचान हो सकेगी। इ**न स्कोर **को भविष्य में विशिष्ट स्थानों के लि**ए लू **प्रभाव आधारित अलर्ट** सृजित **करने के लिए सीमा के रूप में उपयोग किया जा सकता है।**

लू की सूचना के लिए वेब पेज लिंक है:
https://internal.imd.gov.in/pages/heatwave_mausam.php



चित्र 1. 1951 से 2022 की अवधि के लिए दिल्ली क्षेत्र में तापमान समय श्रृंखला।

*****

प्र.सं.127 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा **तारांकित प्रश्न संख्या: 128**

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अधीन लंबित मामले

128. श्री सुशील कुमार मोदी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य सरकारों द्वारा सहमति न दिए जाने के कारण केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच किये जाने के लिए लंबित मामलों की राज्य-वार संख्या और उनमें सन्निहित राशि कितनी है;

(ख) एक वर्ष से अधिक, एक वर्ष से कम और 6 महीनों से कम समय से लंबित मामलों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 'क' के अधीन कितने लोक सेवकों के खिलाफ सीबीआई के कितने अनुरोध वर्ष 2018 से विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास लंबित हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार का नियत समय-सीमा के भीतर स्वीकृति प्राप्त करने के लिए क्या कार्रवाई करने का विचार है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

<u>"भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अधीन लंबित मामले" के संबंध में श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा उठाए गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 128 के दिनांक 28.07.2022 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में संदर्भित विवरण</u>

(क) से (ख) दिनांक 30-06-2022 तक की स्थिति के अनुसार, राज्य सरकार की सहमति के अभाव में सीबीआई द्वारा जांच के लिए लंबित मामलों की अवधि-वार लंबितता सहित ब्यौरा **अनुलग्नक 'क'** के रूप में संलग्न है।

(ग) दिनांक 30-06-2022 तक की स्थिति के अनुसार, केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17क के तहत कुल 101 अनुरोध लंबित हैं, जिनमें 235 लोक सेवक संलिप्त हैं।

(घ) पीसी अधिनियम, 1988 की धारा 17(क) में सरकारी कार्यों या कर्तव्यों के निर्वहन में लोक सेवक द्वारा की गई सिफारिशों या लिए गए निर्णय से संबंधित अपराधों की पूछताछ/जांच/अन्वेषण के लिए सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन का प्रावधान है। अधिनियम में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लेने के लिए तीन माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसे और एक माह बढ़ाया जा सकता है। अधिनियम की धारा 17क के तहत पूर्व अनुमोदन प्रक्रियाओं के लिए एक समान और प्रभावी कार्यान्वयन प्राप्त करने हेतु, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने दिनांक 03.09.2021 के पत्र संख्या 428/07/2021-एवीडी.IV(ख) के माध्यम से मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का एक सेट जारी किया है।

अनुलग्नक-'क'

डीएसपीई अधिनियम की धारा 6 के तहत सहमति के अभाव में राज्य सरकारों के पास लंबित सहमति अनुरोधों की संख्या

(30.06.2022 तक की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**01 वर्ष से अधिक**	**06 माह से 01 वर्ष**	**06 माह से कम**	**कुल**	**कुल सन्निहित राशि (करोड़ में)**
1	पश्चिम बंगाल	1	1	25	**27**	1193.80
2	महाराष्ट्र	39	38	91	**168**	29040.18
3	पंजाब	0	4	5	**9**	255.32
4	राजस्थान	0	2	2	**4**	12.06
5	झारखंड	0	2	4	**6**	330.57
6	छत्तीसगढ़	0	1	6	**7**	80.35
कुल		**40**	**48**	**133**	**221**	**30912.28**

*****

प्र.सं.129 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *130

उत्तर देने की तारीख : 28 जुलाई, 2022

आदिवासी संस्कृति, कला और साहित्य में अनुसंधान और अध्ययन

***130. डा. सोनल मानसिंह :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जनजातीय संस्कृति, कला और साहित्य पर अनुसंधान और अध्ययन के लिए कोई विशेष कदम उठा रही है;

(ख) क्या सरकार कला (चित्रकला, मूर्तिकला और ग्राफिक्स) की उन्नति के लिए जनजातीय क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए क्षेत्रीय ललित कला अकादमी के संचालनार्थ कार्य योजना तैयार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(जी. किशन रेड्डी)

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

आदिवासी संस्कृति, कला और साहित्य में अनुसंधान और अध्ययन के संबंध में दिनांक 28 जुलाई, 2022 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *130 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) : जी, हां। संस्कृति मंत्रालय ने अपने स्वायत्त निकायों नामत: साहित्य अकादेमी, संगीत नाटक अकादेमी और सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, कला और साहित्य से संबंधित शोध और अध्ययन के लिए विशेष कदम उठाए हैं जो निम्नलिखित हैं :

सीसीआरटी देश भर के स्कूलों में जनजातीय संस्कृति सहित भारतीय संस्कृति के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। सीसीआरटी ने जनजातीय बहुल क्षेत्रों में अपने क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किए हैं अर्थात क्षेत्रीय केन्द्र गुवाहाटी (असम), क्षेत्रीय केन्द्र उदयपुर (राजस्थान), क्षेत्रीय केन्द्र हैदराबाद और क्षेत्रीय केन्द्रीय दमोह (मध्य प्रदेश)। इन क्षेत्रीय केन्द्रों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनजातीय विशेषज्ञों और कलाकारों को भी शामिल किया जाता है।

साहित्य अकादेमी पूरे देश में जनजातीय साहित्य से संबंधित ऑफलाइन और ऑनलाइन संगोष्ठियां, विचारगोष्ठियां आयोजित करती हैं। अब तक ऐसे कार्यक्रम क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर आयोजित किए गए हैं तथा इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण प्रकाशन भी प्रकाशित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अकादेमी ने विशेष रूप से इन भाषाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अगरतला में नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर ओरल लिटरेचर (एनईसीओएल) भी स्थापित किया है जो तत्संबंधी प्रकाशन प्रकाशित करता है और समय-समय पर इन भाषाओं में कार्यकलाप और कार्यक्रम भी आयोजित करता है। इन भाषाओं में मिजो, अओ, गारो, चकमा, राभा, कर्बी, हमार, लेपचा, खासी, तंगखुल, मिसिंग, तेनीदिए, कोकबोरोक, जैंतिया, तुलु, गोजरी और हो आदि शामिल हैं।

साहित्य अकादेमी ने शिमला में 16 से 18 जून, 2022 को अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव आयोजित किया जिसमें जनजातीय संस्कृति पर निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए :

- "जनजातीय लेखन में वर्तमान साहित्यिक प्रवृत्तियां' पर चर्चा और वाचन

- सांग्स ऑफ द सॉयल : जनजातीय भाषाओं से वाचन
- "जनजातीय लेखकों के समक्ष चुनौतियां" पर चर्चा और वाचन

संगीत नाटक अकादेमी भारत की पारंपरिक, लोक और मंच कलाओं के क्षेत्र में शोध, प्रलेखन और प्रकाशन के लिए व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, जनजातीय कार्य मंत्रालय "जनजातीय शोध संस्थानों को सहायता" की केन्द्रतया प्रायोजित स्कीम के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य जनजातीय शोध संस्थानों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ये राज्य टीआरआई, जनजातीय संस्कृति, स्वदेशी पद्धतियों, भाषाओं आदि पर पुस्तकों/प्रलेखनों का शोध अध्ययन/प्रकाशन करते हैं। इसके अतिरिक्त, जनजातीय शोध, सूचना, शिक्षा, संचार और कार्यक्रम (टीआरआई-ईसीई)' स्कीम के अंतर्गत जनजातीय उपचार पद्धतियों, जनजातीय भाषाओं आदि पर अध्ययन के लिए शोध संस्थानों हेतु परियोजनाएं भी संस्वीकृत की गई हैं।

(ख) और (ग) : जी, हां। ललित कला अकादेमी जनजातीय कलाकारों के लाभ के लिए दृश्य कला को बढ़वा देने हेतु कई कार्यकलाप कर रही है।

हाल ही के वर्षों के दौरान इस अकादेमी द्वारा निम्नलिखित जनजातीय कला शिविर आयोजित किए गए :

1. ललित कला अकादेमी क्षेत्रीय केन्द्र, भुवनेश्वर ने 14 से 19 फरवरी, 2019 तक पनीथ निवास में पारंपरिक और जनजातीय कला सम्मेलन आयोजित किया।

2. क्षेत्रीय केन्द्र, चेन्नई द्वारा 18.07.2019 से 22.07.2019 के दौरान अरकु घाटी (आंध्र प्रदेश) में जनजातीय महिला कलाकार शिविर (लोक और पारंपरिक)।

3. क्षेत्रीय केन्द्र, चेन्नई द्वारा 14 से 20 नवंबर, 2019 तक दक्षिणचित्र, चेन्नई में दक्षिणचित्र विरासत संग्रहालय के सहयोग से जनजातीय, लोक और पारंपरिक कला सम्मेलन।

4. क्षेत्रीय केन्द्र, चेन्नई द्वारा 20.02.2020 से 24.02.2020 तक दाहनु, महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनजातीय कला शिखर सम्मेलन शिविर।

5. क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा 10 फरवरी, 2020 से 15 फरवरी, 2020 तक बांधवगढ़, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय जनजातीय कला प्रदर्शनी (शिविर)।

6. जनजातीय और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के छात्रों को महत्व देने के लिए, ललित कला अकादेमी ने 15 और छात्रवृत्तियों की शुरुआत की है और छात्रवृत्ति की राशि को 10000/- रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 20,000/- रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

प्र.सं.131 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *132
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

घटती महिला श्रम बल भागीदारी (एफएलएफपी)

***132. डा. अमर पटनायकः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विश्व बैंक के 'रीशेपिंग नॉर्म्सःए न्यू वे फॉरवर्ड' नामक अध्ययन का संज्ञान लिया है, जिससे यह पता चलता है कि भारत में आर्थिक विकास केवल सीमित बिंदु तक ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी के अनुरूप था जब तक कि यह 3,500 अमरीकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक नहीं पहुंच गया;

(ख) यदि हाँ, तो भारत में महिला श्रम बल भागीदारी (एफएलएफपी) में वृद्धि करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने प्रस्तावित हैं, और इनसे क्या परिणाम हासिल हुए;

(ग) एफएलएफपी में गिरावट और/या इसमें वृद्धि नहीं होने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या भारत पितृवंशीय जाल में फँस गया है, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस परिघटना को रोकने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

“घटती महिला श्रम बल भागीदारी (एफएलएफपी)” के संबंध में डा. अमर पटनायक द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 28-07-2022 के तारांकित प्रश्न संख्या *132 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): 'रिशेपिंग नॉर्म्स: ए न्यू वे फॉरवर्ड' शीर्षक से विश्व बैंक का अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि आर्थिक विकास, बढ़ती शिक्षा और घटती प्रजनन क्षमता जैसे आर्थिक चालक, दक्षिण एशिया में महिला श्रम बल भागीदारी दर (एफएलएफपी) के स्तरों और प्रवृत्तियों को, पर्याप्त रूप से स्पष्ट नहीं कर सकते हैं।

वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी पर सरकारी आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लिए महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और महिला कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) नीचे दिया गया है:

वर्ष	महिला श्रम बल भागीदारी दर (% में)	महिला कार्यकर्ता जनसंख्या अनुपात (% में)
2017-18	23.3	22.0
2018-19	24.5	23.3
2019-20	30.0	28.7
2020-21	32.5	31.4

स्रोतः पीएलएफएस, एमओएसपीआई

सरकार ने श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी एवं उनके रोजगार की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए हैं। महिला कामगारों के लिए समान अवसर तथा कार्य का अनुकूल माहौल तैयार करने हेतु श्रम कानूनों में अनेकों सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में वेतन सहित प्रसूति अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने और 50 या इससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अनिवार्य क्रेच सुविधा, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि की पालियों में महिला कामगारों को अनुमति प्रदान करने आदि जैसे प्रावधान शामिल हैं।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य माहौल (ओएसएच) संहिता, 2020 में खुली खुदाई वाले कार्यों सहित, भूमि से ऊपर की खदानों में महिलाओं को शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे के बीच और भूमिगत खदानों में, तकनीकी, पर्यवेक्षी और प्रबंधकीय कार्यों, जहां निरंतर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं हो, सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे के बीच काम करने की अनुमति प्रदान करने के प्रावधान हैं।

वेतन संहिता, 2019 में प्रावधान हैं कि किसी प्रतिष्ठान या किसी भी इकाई में समान नियोक्ता द्वारा, मजदूरी से संबंधित मामलों में किसी कर्मचारी द्वारा किए गए समान कार्य या समरूप प्रकृति के कार्य के संबंध में, लिंग के आधार पर कर्मचारियों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। इसके साथ-साथ रोजगार प्रदान करने के मामले में समान कार्य या समान प्रकृति के कार्यों के लिए किसी भी कर्मचारी की भर्ती करते समय, लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, बशर्ते कि वहां इस तरह के कार्यों में महिलाओं का रोजगार, उस समय लागू किसी भी कानून के तहत प्रतिबंधित अथवा निषिद्ध न हो।

महिला कामगारों की नियोजनीयता को बढ़ाने के लिए सरकार, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

(ग) और (घ): उपलब्ध पीएलएफएस आंकडे दर्शाते हैं कि श्रम बल और रोजगार में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि हुई है।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *133
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

कोविड-19 के प्रकोप के बाद महिलाओं में बेरोजगारी

***133. श्री संजय राउतः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि कोविड-19 महामारी फैलने के बाद से देश में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों में तीव्र गिरावट आई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश की जनसंख्या में 48 प्रतिशत महिलाएँ हैं, किंतु सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान मात्र लगभग 17 प्रतिशत है जबकि चीन के सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं का 40 प्रतिशत योगदान है; और

(घ) यदि हाँ, तो कामकाजी महिलाओं के भविष्य की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

"कोविड-19 के प्रकोप के बाद महिलाओं में बेरोजगारी" के संबंध में श्री संजय राउत द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 28-07-2022 के तारांकित प्रश्न संख्या *133 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी पर सरकारी आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। पीएलएफएस के तहत शहरी क्षेत्र की तिमाही रिपोर्टें भी जारी की जाती है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी शहरी क्षेत्र के लिए त्रैमासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी के दौरान, शहरी श्रम बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अप्रैल-जून, 2020 के दौरान शहरी क्षेत्र में महिला बेरोजगारी दर बढ़कर 21.1% हो गई। वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 की बाद की तिमाहियों में अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ महिलाओं के लिए श्रम बाजार के संकेतकों में तेजी से सुधार दिखाई दिया। शहरी क्षेत्र के लिए पीएलएफएस (जनवरी-मार्च, 2022) की नवीनतम तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, महिला बेरोजगारी दर घटकर 10.1% रह गई है। इसके साथ-साथ वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की सामान्य स्थिति आधार पर समग्र अनुमानित महिला बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान क्रमशः 5.1%, 4.2% और 3.5% थी। यह, इस अवधि के दौरान महिला बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट को दर्शाता है।

उपलब्ध जनगणना रिपोर्ट 2011 के अनुसार, महिला जनसंख्या लगभग 48.5% थी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर अनुमान, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किए जाते हैं तथा लिंग आधारित जीडीपी जारी नहीं की जाती है। कुछ अध्ययन दर्शाते है कि अधिकांश महिलाएं काम करती हैं और अर्थव्यवस्था में किसी न किसी रूप में योगदान करती हैं, उनके अधिकांश कार्यों का दस्तावेजीकरण या इन्हें आधिकारिक आंकड़ों में दर्ज नहीं किया जाता है और इस प्रकार महिलाओं के काम को कम रिपोर्ट किया जाता है। हालांकि, दिनांक 12.07.2022 को, स्व-घोषणा के आधार पर ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के कुल पंजीकरण में से 52.84% महिलाएं हैं।

सरकार ने श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी एवं उनके रोजगार की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए हैं। महिला कामगारों के लिए समान अवसर तथा कार्य का अनुकूल माहौल तैयार करने हेतु श्रम कानूनों में अनेकों सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में वेतन सहित प्रसूति अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने और 50 या इससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अनिवार्य क्रेच सुविधा, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि की पालियों में महिला कामगारों को अनुमति प्रदान करने आदि जैसे प्रावधान शामिल हैं।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य माहौल (ओएसएच) संहिता, 2020 में खुली खुदाई वाले कार्यों सहित भूमि से ऊपर की खदानों में महिलाओं को शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे के बीच और भूमिगत खदानों में, तकनीकी, पर्यवेक्षी और प्रबंधकीय कार्यों, जहां निरंतर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं हो, सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे के बीच काम करने की अनुमति प्रदान करने के प्रावधान हैं।

वेतन संहिता, 2019 में प्रावधान हैं कि किसी प्रतिष्ठान या किसी भी इकाई में समान नियोक्ता द्वारा, मजदूरी से संबंधित मामलों में किसी कर्मचारी द्वारा किए गए समान कार्य या समरूप प्रकृति के कार्य के संबंध में लिंग के आधार पर कर्मचारियों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। इसके साथ-साथ रोजगार प्रदान करने के मामले में समान कार्य या समान प्रकृति के कार्यों के लिए किसी भी कर्मचारी की भर्ती करते समय लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, बशर्ते कि वहां इस तरह के कार्यों में महिलाओं का रोजगार, उस समय लागू किसी भी कानून के तहत प्रतिबंधित अथवा निषिद्ध न हो।

महिला कामगारों की नियोजनीयता को बढ़ाने के लिए सरकार, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

*****

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौ खक प्रश्न सं. 134**#**

गुरूवार, 28 जुलाई, **202**2/06 श्रावण, **194**4 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था

134**#.** श्री नीरज डांगीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है क वर्तमान में देश के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन हो रहा है**;**

(ख) इन पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के क्या पुख्ता इंतजाम कए गए हैं**;** और

(ग) सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019 से अब तक खर्च की गई रा श का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. कशन रेड्डी)

(क) से (ग) : एक ववरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा के मौ खक प्रश्न सं. 134# भाग (क) से (ग) के उत्तर में ववरण

(क) जी हाँ, महोदय ।

(ख) और (ग) : पर्यटकों की सुरक्षा और संरक्षा वास्तव में राज्य सरकारों से संबं धत वषय है। तथा प, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटकों की सुरक्षा और संरक्षा आदि से संबं धत मुद्दों का समाधान करने के लए व भन्न उपाय कए हैं जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है-

i. पर्यटन मंत्रालय ने सम र्पत पर्यटन पु लस की स्थापना के लए सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के समक्ष इस मामले को उठाया है । पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर , मध्य प्रदेश, ओ डशा, पंजाब, राजस्थान, सक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों ने कसी न कसी रूप में पर्यटक पु लस तैनात की है ।
ii. पर्यटन मंत्रालय यह मामला राज्य सरकारों के समक्ष रखने के लए गृह मंत्रालय (एमएचए) का सहयोग लेता रहा है । गृह मंत्रालय ने वर्ष **2015** में आयोजित डीजीपी और आईजीपी सम्मेलन के दौरान हुए वचार-वमर्श के अनुसार पर्यटक पु लस संबंधी अवधारणा पत्र की एक प्रति अग्रे षत की थी । इसके अतिरिक्त गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार व भन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में एक पृथक पु लस इकाई के गठन के लए प्रायो गक परियोजना के रूप में **25** पर्यटक स्थलों की एक सूची साझा की गई थी । प्र शक्षण प्रदान करने के लए आईआईटीटीएम द्वारा प्रदत्तषप्र शक्षण मॉड्यूल भी गृह मंत्रालय को अग्रे षत कया गया था । गृह मंत्रालय ने भी उक्त प्र शक्षण दिए जाने के संबंध में सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मुख्य स चवों को पत्र भेजे थे ।
iii. एक व्यापक कार्यढांचा तैयार करने के लए पु लस अनुसंधान एवं वकास ब्यूरो **(**बीपीआरएंडडी**)** ने पर्यटक पु लस योजना के संबंध में एक अध्ययन करवाया था जिसमें पर्यटन मंत्रालय भी शा मल था । इस रिपोर्ट में वश्लेषण अत्य धक व्यापक रूप में कया गया है और इसकी सफारिशों का कार्यान्वयन कए जाने से पर्यटक सुरक्षा के लए एक कार्यढांचा तैयार होगा। पर्यटन मंत्रालय ने अ खल भारतीय स्तर पर पर्यटक पु लस योजना के कार्यान्वयन के लए गृह मंत्रालय के समक्ष यह मामला उठाया है ।

iv. पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक पु लस की आवश्यकता को समझने और इस प्रकार तैयार की गई पर्यटक पु लस को उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक बनाने के लए अपने अधीनस्थ स्वायत्तशासी संस्थान भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) से एक अध्ययन करवाया था । पर्यटन मंत्रालय ने "फंक्शनिंग ऑफ़ टूरिस्ट पु लस इन स्टेट/यूनियन टेरिटरीज एंड डॉक्यूमेंटेशन ऑफ बेस्ट प्रैक्टिसेज" नामक इस अध्ययन रिपोर्ट की प्रति सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को आवश्यक कार्यवाई हेतु भेजी थी

v. पर्यटन मंत्रालय ने भारत में यात्रा से संबं धत सूचना के रूप में सहायता सेवा प्रदान करने और भारत में यात्रा करते समय संकटग्रस्त पर्यटको को समु चत मार्गदर्शन देने के लए घरेलू तथा वदेशी पर्यटकों हेतु 10 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (जर्मन , फ्रेंच, स्पेनिश, इतालवी, पुर्तगाली, रूसी, चीनी, जापानी, कोरियाई, अरबी),हिंदी एवं अंग्रेजी सहित 12 भाषाओं में टोल फ्री संख्या 1800111363 अथवा लघु कोड 1363 पर 24**x**7 बहुभाषी पर्यटक इन्फो हेल्पलाइन की शुरूआत की है ।

vi. पर्यटक मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के पर्यटन वभागों सहित सभी हितधारकों के साथ 'सुर क्षत एवं सम्मानजनक पर्यटन संबंधी आचार संहिता' को पारित कया है जो पर्यटकों एवं स्थानीय नवा सयों वशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लए गरिमा, सुरक्षा और उत्पीड़न से मुक्ति जैसे मूल अ धकारों को सम्मान देते हुए कए जाने वाले पर्यटन कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने हेतु दिशा निर्देशों का एक संग्रह है ।

vii. निर्भया फंड के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने वत्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान "महिलाओं के लए सुर क्षत पर्यटन स्थल" की केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना से मध्य प्रदेश सरकार को 16,79,20,024/- रुपये की कुल रा श स्वीकृत की है और पहली कस्त के रूप में 6,24,46,860/- रुपये जारी कए हैं ।

******

मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. *135

28.07.2022 को उत्तर के लिए

फ्लाई ऐश का निस्तारण

***135. श्रीमती सीमा द्विवेदी :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ईंट उद्योग से उत्पन्न होने वाली राख (फ्लाई ऐश) के निस्तारण हेतु कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ख) क्या सरकार ने ईंट भट्टों, जिनमें यह राख (फ्लाई ऐश) उत्पन्न होती है जो आसपास के पर्यावरण और इंसानों के लिए खतरनाक है, को दूसरी जगह पर स्थानांतरित करने के लिए भी कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ग) यदि हां, तो इनके अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों में क्या ठोस उपाय किए गए हैं; और

(घ) ईंट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों की स्वास्थ्य संबंधी देखरेख और उनके बच्चों की शिक्षा संबंधी जरुरतों के लिए सरकार द्वारा क्या स्थायी उपाय किए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

****

"फ्लाई ऐश के निस्तारण" के संबंध में श्रीमती सीमा द्विवेदी द्वारा दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *135 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क), (ख) और (ग) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) ने सा.का.नि. 143(अ), तारीख 22 फरवरी, 2022 के द्वारा एक अधिसूचना जारी की है जो ईंट भट्टों को इन-हाउस ईंट निर्माण के लिए ईंट उद्योग में उत्पादित ऐश का पूर्ण रूप से उपयोग करना अधिदेशित करती है।

उक्त अधिसूचना में ईंट भट्टों की स्थापना, वास-स्थलों और फल उद्यानों से 0.8 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी पर करना भी अधिदेशित है। किसी क्षेत्र में भट्टों के समूहन को रोकने के लिए इस अधिसूचना में ईंट भट्टे की, किसी मौजूदा ईंट भट्टे से न्यूनतम एक किलोमीटर की दूरी पर स्थापना करना भी अधिदेशित है। इसके अतिरिक्त, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियां, वास-स्थलों की निकटता, जनसंख्या घनत्व, जल निकायों, संवेदी संग्राहक आदि पर विचार करते हुए ईंट भट्टों की स्थापना के लिए स्थल-चयन मानदंड को कड़ा बना सकती हैं।

(घ) ईंट उद्योग की वायु गुणवत्ता और कार्य क्षेत्र में सुधार करने के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अधिसूचना सं. सा.का.नि. 143(अ), तारीख 22 फरवरी, 2022 के द्वारा ईंट उद्योग के लिए अनेक उपाय विनिर्दिष्ट किए हैं जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, स्टैक से निकलने वाले विविक्त कणों के लिए 250 एमजी/एनएम^3 तक उत्सर्जन मानक निर्धारित करना, पाइप्ड नैच्युरल गैस, कोयला, जलावन लकड़ी और कृषीय अवशिष्टों जैसे अनुमोदित ईंधनों का प्रयोग, पेटकोक, टायर, प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट जैसे प्रदूषणकारी ईंधनों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाना, अस्थायी धूल उत्सर्जन को नियंत्रित करने संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना, सड़कों को अनिवार्य रूप से पक्का बनाना आदि शामिल हैं।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने छः माह के लिए ईंट भट्टे, बीड़ी और अन्य औद्योगिक स्थापनाओं की महिला कामगारों की नियमित स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जांच करने के लिए ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के सहयोग से एक प्रायोगिक परियोजना - ''स्वास्थ्य एवं पोषण जांच शिविर'' क्रियान्वित की है जिसकी शुरुआत दिनांक 08 मार्च, 2022 को हो गई है। इस शिविर के दौरान महिला कामगारों को वैयक्तिक स्वास्थ्य पासबुक जारी की गईं।

******

WRITTEN ANSWERS TO UNSTARRED QUESTIONS

अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

प्र.सं.1281 और 1282 प्रश्न रद्द किए गए

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1283

जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2022 को दिया जाना है

कुडनकुलम विद्युत संयंत्र के लिए जमीन देने वाले भूस्वामियों को रोजगार

1283 श्री के.आर.एन. राजेश कुमार :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुडनकुलम, तमिलनाडु के लोगों ने कुडनकुलम विद्युत संयंत्र निर्माण हेतु अपनी ज़मीन दी थी;

(ख) क्या भूस्वामियों से वादा किया था कि उन्हें कुडनकुलम विद्युत संयंत्र में नौकरियां दी जाएंगी;

(ग) यदि हाँ, तो लाभार्थियों को अभी तक कितनी नौकरियां दी गई हैं और कितनी नौकरियां अभी दी जानी शेष हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो ये लंबित नौकरियां कब तक दी जाऐंगी?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां।

(ख) से (घ) कूडनकुलम में कोई विस्थापन नहीं किया गया। नौकरियां देने के संबंध में भूस्वामियों को कोई वचन नहीं दिया गया था। तथापि, भूमि और भू-परिसंपत्तियों के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजे का भुगतान भूस्वामियों को किया गया। परियोजना की स्थापना से एनपीसीआईएल में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। केकेएनपीपी में वर्ग 'ग' पदों की भर्तियों में मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपीएस) को आयु और अनिवार्य अर्हता में अंकों के प्रतिशत में छूट प्रदान की जा रही है। अब तक परियोजना से प्रभावित 72 व्यक्तियों को इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया गया है। बड़ी मात्रा में स्थानीय व्यक्तियों को ठेकेदारों द्वारा रोजगार दिया गया है। इसके अतिरिक्त, माल और सेवाओं की आपूर्ति से स्थानीय व्यक्तियों को व्यापार अवसर भी उत्पन्न हुए हैं।

*****

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1284

जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2022 को दिया जाना है

नाभिकीय रिएक्टरों के लिए प्रशासनिक/वित्तीय मंजूरी

1284 श्री वि. विजयसाई रेड्डी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में दस नाभिकीय रिएक्टरों के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति और वित्तीय मंजूरी दी है;

(ख) यदि हाँ, तो निर्माण के लिए प्रस्तावित दसों रिएक्टरों में से प्रत्येक का ब्यौरा क्या है;

(ग) उपरोक्त दस रिएक्टरों से क्षमता में कितनी अनुमानित वृद्धि होगी;

(घ) वे कब तक परिचालित कर दिए जाएंगे; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि सरकार ने पाँच नाभिकीय रिएक्टरों के लिए सैद्धान्तिक रूप से स्वीकृति दे दी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां।

(ख) प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्राप्त और शीघ्रगामी (फ्लीट) मोड में स्थापित करने हेतु योजनाबद्ध नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है :

परियोजना	स्थल और राज्य	क्षमता (मेगावाट)
कैगा-5 तथा 6	कैगा, कर्नाटक	2 X 700
जीएचएवीपी- 3 तथा 4	गोरखपुर, हरियाणा	2 X 700
चुटका-1 तथा 2	चुटका, मध्य प्रदेश	2 X 700
माही बांसवाड़ा-1 से 4	माही बांसवाड़ा, राजस्थान	4 X 700

(ग) उपरोक्त परियोजनाओं के पूर्ण होने पर, 7000 मेगावाट की कुल क्षमता देश की संस्थापित नाभिकीय विद्युत क्षमता में जुड़ जाएगी।

(घ) इन नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के वर्ष 2031 तक क्रमिक रूप से पूरा होने की योजना है।

(ङ) जी, हां। सरकार ने नाभिकीय विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए निम्नलिखित पांच स्थलों को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन भी प्रदान कर दिया है :

स्थल और स्थान	**क्षमता (मेगावाट)**
जैतापुर, महाराष्ट्र	6 x 1650
कोव्वडा, आंध्र प्रदेश	6 x 1208
छाया मिठी विरडी, गुजरात	6 x 1000*
हरिपुर, पश्चिम बंगाल	6 x 1000*
भीमपुर, मध्य प्रदेश	4 x 700

'*' *निम्न क्षमता*

*****

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1285
उत्तर देने की तारीख: गुरूवार, 28 जुलाई , 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)

देश की विरासत का पुनर्निर्माण और नवीनीकरण

1285. श्री के. आर. सुरेश रेड्डी :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि हमारी विरासत का पुनर्निर्माण, पुनर्विकास और नवीकरण एक नए भारत के निर्माण का साक्ष्य प्रस्तुत करता है जहाँ बुनियादी ढांचे और भारतीय संस्कृति का संरक्षण साथ-साथ चलेंगे और एक-दुसरे के संपूरक होंगे;

(ख) यदि हां ,तो इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जाने का विचार है; और ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : प्राचीन स्मारक और स्थल हमारी समृद्ध संस्कृति के द्योतक हैं । अभी तक 3693 स्मारकों/ स्थलों को राष्ट्रीय महत्त्व के रूप में घोषित किया गया है और उनकी देख भाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाती है। राष्ट्रीय संरक्षण नीति 2014 के अनुसार आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यक संरक्षण कार्य किया जाता है । स्मारकों में पर्यटक सुविधाओं सहित स्मारक की आवश्यकता

अनुसार अनिवार्य विकास कार्य किए जाते हैं । राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन ने 16.83 लाख पुरावशेषों और 1.84 लाख निर्मित धरोहरों और स्थलों का डाटा संगृहीत किया है।

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1286

उत्तर देने की तारीख : 28 जुलाई, 2022

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में जनजातियों का आनुवांशिक अध्ययन

1286. श्री तिरुची शिवा :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण (एएनएसआई) ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में कुछ जनजातियों का आनुवांशिक अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इन जनजॉतियों को पूर्व सूचना देकर उनसे सहमति मांगी गई थी; और

(ग) क्या सरकार ने उन जनजातियों की 'नस्लीय शुद्धता' निर्धारण के उद्देश्य से अनुसंधान के लिए एएनएसआई को धन उपलब्ध कराया है?

उत्तर

(जी. किशन रेड्डी)

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) : जी, हां। भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण ने निम्नलिखित समुदायों का आनुवांशिक अध्ययन किया है :-

(i) सामुदायिक आनुवांशिकी और स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत हीमोग्लोबिनोपैथी का पता लगाने के लिए निकोबारी समुदाय।

(ii) समकालीन भारतीय जनसंख्या की डीएनए बहुरूपता परियोजना के अंतर्गत जारवा समुदाय।

(ख) : जी, हां। एएनएसआई द्वारा इन जनजातियों से पूर्व सूचना देकर सहमति प्राप्त कर ली गई है।

(ग) : जी, नहीं। भारतीय मानविवज्ञान सर्वेक्षण ने भारतीय जनसंख्या की 'नस्लीय शुद्धता' के निर्धारण से संबंधित ऐसा कोई अध्ययन कभी नहीं किया है।

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1287
उत्तर देने की तारीख: गुरूवार, 28 जुलाई , 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)
विरासत की वस्तुओं को वापस लाया जाना

128 7. श्री धनंजय भीमराव महादिक:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान विरासत की वस्तुओं को वापस लाने में संतोषजनक वृद्धि हुई है और यदि हां ,तो तत्संबंधी ब्यौर क्या है और हमारी विरासत की शेष वस्तुओं को देश में वापस लेन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ;

(ख) क्या सरकार राष्ट्रीय पुरावशेष रजिस्टर तैयार करने के लिए राष्ट्रीय स्मारक और पुरावशेष मिशन (एनएमएमए) लागू कर रही है ;

(ग) यदि हाँ, तो एनएमएमए की मुख्य विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या एनएमएमए ने वह उद्देश्य प्राप्त कर लिया है जिसके किए इसकी स्थापना की गई थी; और

(ङ) राष्ट्रीय पुरावशेष रजिस्टर किस प्रकार देश की जनता के लिए लाभप्रद होगा ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां। पिछले पांच वर्षों के दौरान विरासत वस्तुओं को वापस लाने की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 तक केवल 13 पुरावस्तुओं को वापस लाया गया था और उसके बाद 2014 और 2022 के बीच आज की तारीख तक 229 पुरावस्तुओं को वापस लाया गया है।

भारत सरकार भारतीय मूल के अवैध रूप से विदेश ले जाए गए पुरावशेषों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। जब कभी भारतीय मूल के ऐसे किसी पुरावशेष के बारे में विदेश में किसी स्थान पर होने का पता चलता है तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण उन्हें वापस लाने के लिए विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेश में दूतावासों/मिशनों के साथ मामले को उठाता है।

(ख) और (ग): जी, हां। भारत सरकार ने स्मारकों और पुरावशेषों का राष्ट्रीय रजिस्टर तैयार करने के लिए वर्ष 2007 में राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन (एनएमएमए) की शुरूआत की थी। प्रलेखित डाटा और अन्य सूचना एनएमएमए की वेबसाइट http//:nmma.nic.in पर उपलब्ध है। एनएमएमए पर एक नोट **अनुबंध -1** में संलग्न है।

(घ) और (ड.): जी, हां। मिशन के अधीन 16.83 लाख पुरावशेषों और 1.84 लाख निर्मित धरोहरों और स्थलों का डाटा संगृहीत किया गया है जो विद्यार्थियों, कालेजों, अनुसंधानकर्त्ताओं, प्रशासनिक कार्मिकों आदि सहित आम जन के लिए लाभकारी हैं। सरकार का प्रयास पुरावशेषों और स्मारकों का वृहत डाटाबेस तैयार करने का है।

अनुबंध ।

राज्य सभा में दिनांक 28.07.2022 को उत्तारार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1287 के भाग (ख) और (ग) **के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध**

राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन, इसकी प्रमुख विशेषताओं, उद्देश्य, अब तक की उपलब्धियों तथा देश में लोगों के लिए लाभकारी होने वाले राष्ट्रीय पुरावशेष रजिस्टर पर विस्तृत नोट

राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन

दिनांक 19 मार्च 2007 को माननीय संस्कृति मंत्री जी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन आरंभ किया गया था:

1. योजनाकारों, शोधकर्ताओं आदि को सूचना और प्रसार के लिए और ऐसे सांस्कृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्राथमिक सर्वेक्षण के माध्यम से निर्मित विरासत और स्थलों पर उपयुक्त डेटाबेस का प्रलेखन और निर्माण।
2. केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों, निजी संग्रहालयों, संग्रहणों और विश्वविद्यालयों इत्यादि के पास पंजीकृत रूप से भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रारूपों में उपलब्ध सभी पुरावशेषों का राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन द्वारा एक एकीकृत रूप में प्रलेखन ।
3. निर्मित विरासत, स्थलों और पुरावशेषों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं के संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और लोगों को संवेदनशील बनाना।
4. संबंधित राज्य विभागों, गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों और संग्रहालयों आदि को प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करना।
5. पारस्परिक सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य विभागों, संबंधित संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों जैसे संस्थानों के बीच तालमेल विकसित करने में मदद करना।
6. प्रकाशन और प्रचार।

पुरावशेषों और निर्मित विरासत और स्थलों (बीएचएस) पर 21 बिंदुओं के साथ बेंचमार्क दस्तावेज पहले ही बनाए जा चुके हैं। ये दस्तावेज राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

पुरावशेषों और निर्मित विरासतों के राष्ट्रीय रजिस्टर, केंद्र में सरकार के साथ-साथ स्थानीय स्तर तक के प्रशासनिक प्राधिकारियों को कई मोर्चों पर मदद करेंगे।

ये पुरावशेषों की आवाजाही और उनकी अवैध तस्करी को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

विरासत और पर्यटन क्षेत्र पर विशेष जोर देने के साथ शहरी बस्तियों की नई योजना और नई संरचनात्मक इमारतों का पुन: अभिविन्यास - जो विदेशी मुद्राओं और राजस्व अर्जित करने के कुछ अवसरों के साथ किसी भी दूरस्थ बस्ती को बढ़ावा दे सकता है।

इससे विषयगत मानचित्र, राज्य-विशिष्ट सांस्कृतिक सूचकांक तैयार किए जाएंगे।

ये आगे और शोध करने और भावी पीढ़ी के लिए कई अनदेखे अवसरों में सहायक साबित होंगे।

निर्मित धरोहर और स्थल

क्र.सं.	**डाटा का स्वरूप**	**संभावित सं. (लाख में) लगभग**	**एनएमएमए के पास उपलब्ध डाटा (लाख में)**
1.	**पुरातत्वीय स्थल और अवशेषों पर डाटा**	**1.0**	**1.8(विभिन्न स्रोतों से)**
2	**निर्मित धरोहर पर डाटा**	**3.0**	
	कुल	**4.0**	**1.8 (एनएमएमए की वेबसाइट पर 11,406 टेम्पलेट प्रकाशित हैं)**

पुरावशेष:

क्रम संख्या	**एजेंसी का नाम**	**अनुमानित संख्या (लाख में) लगभग**	**राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन के पास मौजूद डाटा (लाख में)**
1.	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	15.0	16.83 (विभिन्न स्रोतों से)
2.	राष्ट्रीय / राज्य / सरकारी संग्रहालय	25.0	
3.	विश्वविद्यालय	10.0	
4.	निजी / वैयक्तिक संग्रह आदि	8.0	
	कुल	**58.0**	**16.83** (अब तक प्रकाशित 12,59,912 टेम्पलेट)

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1288

उत्तर देने की तारीख : 28 जुलाई, 2022

भारतीय जनसंख्या समूह की नस्लीय शुद्धता

1288. श्री जॉन ब्रिटास :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय जनसंख्या समूहों के डीएनए प्रोफाइलों में आनुवांशिक समानताओं के अध्ययन हेतु किसी परियोजना को वित्तपोषित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका क्या औचित्य है;

(ग) क्या सरकार ने उन हितधारकों द्वारा उठाई जा रही आशंकाओं और अविश्वासों पर ध्यान दिया है जो इसे खतरनाक और चिंताजनक दोनों ही रुपों में निरुपित कर रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(ड़) इस संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(जी. किशन रेड्डी)

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) और (ख) : जी, नहीं।

(ग) से (ड.) : प्रश्न नहीं उठता।

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1289
उत्तर देने की तारीख: गुरूवार, 28 जुलाई , 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)

संरक्षित स्मारकों की सूची

1289. डा. सी.एम. रमेश :

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से देश भर में संरक्षित स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों के सामान की विस्तृत सूची और स्थिति की पूरी रिपोर्ट तैयार करने का विचार है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एएसआई के द्वारा एकत्र किए जाने वाले सभी विवरणों को स्थायी रिकार्ड रखने के लिए डिजिटल करने की सम्भावना है और जो पुरातत्वविदों और इतिहासकारों के लिए मददगार होंगे; और

(ग) क्या एएसआई को यह कार्य पूर्ण करने हेतु कोई समय सीमा दी गई है , यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी, हां । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मार्च, 2021 में भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान को प्रयोक्ता अनुकूल ' इंडियन हैरिटेज' नाम का मोबाइल ऐप विकसित करने का काम सौंपा है जिसमें देश भर के सभी संरक्षित स्मारकों/ स्थलों के बारे में सूचना उपलब्ध होगी ।

राष्ट्रीय संस्मारक और पुरावशेष मिशन ने 16.83 लाख पुरावशेषों और 1.84 लाख नि□ँर्मित धरोहरों का डाटा संगृहीत किया है।

(ख) और (ग) : जी, हां । इस कार्य को पूरा करने के लिए दो वर्ष की समय सीमा दी गई है।

प्र.सं.1290 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1291
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 28 जुलाई, 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)

तमिलनाडु में और अधिक उत्खनन की सुविधा दिया जाना

1291. श्री वाइको:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु राज्य में हाल ही में हुई खुदाई में पुरातत्ववेत्ताओं को लोहे के ऐसे उपकरण मिले हैं जिनका उपयोग लगभग 4000 वर्ष पूर्व किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार और अधिक अध्ययन हेतु तथा निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए विस्तृत खुदाई की सुविधा प्रदान कर रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उत्खनन में मिली कलाकृतियों और अन्य सामग्रियों को जनता के देखने के लिए संग्रहालय में समुचित रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो सरकार इस प्रकार की जानकारी को लोगों तक पहुंचाना कैसे सुनिश्चित करेगी ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (च): इस संबंध में तथ्यों की जांच की जा रही है।

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1292
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 28 जुलाई, 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)

भारत की विरासत को बढ़ावा देने हेतु ऐतिहासिक भवनों का अभिनिर्धारण

1292. श्री विजय पाल सिंह तोमर:
श्री हरनाथ सिंह यादव:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत वर्षों में, देश में भवनों/मंदिरों आदि सहित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और धार्मिक विरासतों को अभिज्ञात करते हुए भारत की विरासत को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए कोई राष्ट्रीय नीति तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार इन स्थलों कों संग्रहालय या ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करके उन्हें संरक्षित करने का विचार रखती है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): भवन और धार्मिक संरचना सहित कोई प्राचीन स्मारक/स्थल जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय और वास्तुविदीय रूप से महत्वपूर्ण होता है उसे प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 के तहत संरक्षित स्मारक/स्थल के रूप में घोषित किया जाता है। पूरे देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन ऐसे 3693 संरक्षित स्मारक/स्थल हैं जिनमें से 743 उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। इसके अलावा, 'एक धरोहर गोद लेना', प्रसाद और हृदय जैसी विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य भारत के विरासत स्मारकों/स्थलों का संवर्धन तथा विकास करना है।

(ग): ज्यादातर संरक्षित स्मारक लोकप्रिय पर्यटक गंतव्य स्थल हैं जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भ्रमण करने आते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण स्मारकों/स्थलों पर संग्रहालयों सहित, आवश्यकता और व्यवहार्यता के आधार पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण 52 पुरातत्वीय स्थल संग्रहालयों का रख-रखाव करता है जिसमें 2014 के बाद खोले गए नए संग्रहालय अर्थात् 1857-भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम, याद-ए-जलियां, नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा भारतीय राष्ट्रीय आर्मी, आजादी के दीवानें, आगा खां पैलेस,पुणे, ललितपुर में महात्मा गांधी के बारे में संग्रहालय, आभासी अनुभवजन्य संग्रहालय, मान महल और पीपराहवा शामिल हैं।

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1293

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में पर्यटन का विकास

1293. श्री हरनाथ सिंह यादवः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश में पर्यटन के विकास की अत्यधिक संभावनाओं को देखते हुए राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सहित विभिन्न राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय, उत्तर प्रदेश राज्य सहित भारत का संवर्धन समग्र रूप से करता है। ''आतिथ्य सहित घरेलू सवंर्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) तथा ''बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में सवंर्धन और प्रचार'' (ओपीएमडी) नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से मंत्रालय वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के भाग के रूप में ''अतुल्य भारत'' ब्रांड लाइन के तहत देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण और संभावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न गंतव्यों का नियमित रूप से संवर्धन भी किया जाता है ।

इसके अतिरिक्त देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय ''स्वदेश दर्शन'' और ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन'' - प्रशाद योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों के परामर्श से उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है । प्रशाद तथा स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

उत्तर प्रदेश में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 28.07.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1293 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत**	**निर्मुक्त राशि**
1	मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट सर्किट (फेज-II) के रूप में विकास	2014-15	14.93	10.38
2	वृंदावन, मथुरा जिला में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36	9.36
3	वाराणसी चरण-I का विकास	2015-16	20.40	16.32
4	गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन	2017-18	10.72	8.57
5	प्रशाद योजना के तहत वाराणसी चरण II का विकास	2017-18	44.60	31.77
6	गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	39.74	30.97

स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	बौद्ध परिपथ	2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	72.56
2.	रामायण परिपथ	2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	64.09
3.	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डोमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-	71.91	68.32

			शाहजहांपुर का विकास		
4.	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	बिजनौर - मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास	67.51	64.14
5.	विरासत परिपथ	2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.97	32.27
6.	रामायण परिपथ	2017-18	आयोध्या का विकास	127.21	115.46
7.	आध्यात्मिक परिपथ	2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03	9.63
8.	आध्यात्मिक परिपथ	2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वट्वासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	15.76	12.61

*****

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1294
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 28 जुलाई, 2022
06 श्रावण, 1944 (शक)

पुराने गोवा की परिसीमाओं पर अवैध निर्माण

1294. श्री लूइझिनो जोएक्विम फलेरो:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेंट काजेटन चर्च के निकट पुराने गोवा की यूनेस्को संरक्षित विरासत परिसीमाओं पर निर्मित अवैध विला का ब्यौरा क्या है, जो गत छः महीनों से लोगों के आंदोलन का कारण बना हुआ है;

(ख) उपरोक्त निर्माण को ध्वस्त करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) नगरों और गांवों में स्थित विरासत स्थलों और विरासत भवनों के संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 का उल्लंघन करके सेंट काटेजन चर्च के संरक्षित क्षेत्र के भीतर एक भवन का निर्माण किया गया था।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा चूककर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी बीच, एक गैर सरकारी संगठन ने माननीय उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की है और मामला विचाराधीन है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का नियमित रूप से संरक्षण और परिरक्षण करता है। इसके अलावा, सुरक्षा की दृष्टि से नियमित एमटीएस कार्मिक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा निजी सुरक्षा कर्मियों के माध्यम से स्मारकों/स्थलों में पहरा और निगरानी मुहैया करवाई जाती है।

भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1295

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022 (गुरुवार)

06 श्रावण, 1944 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्वी राज्यों के जातीय खानपान को बढ़ावा देना

1295. श्री भुबनेश्वर कालिता:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के जातीय खानपान को देश के अन्य क्षेत्रों में प्रचारित और प्रोत्साहित कर रही है;

(ख) क्या सरकार अन्य क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी राज्यों के जातीय खाद्य महोत्सवों को बढ़ावा देने/आयोजित करने के लिए कोई प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने देश के अन्य क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के जातीय खानपान के विपणन को बढ़ाने के लिए कोई कार्रवाई की है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र के कृषि-बागवानी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड (एनईआरएएमएसी) द्वारा 13 कृषि-बागवानी उत्पादों का भौगोलिक संकेत (जीआई) पंजीकरण करवाया गया है और अंब्रेला ब्रांड 'वन' (ऑर्गेनिक नॉर्थ ईस्ट) और 'एनई फ्रेश' लॉन्च किए गए हैं।

(ख) और (ग) एनईआरएएमएसी और पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के एथनिक खाद्य पदार्थों के विपणन और प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है और भाग लिया है।

*****

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1296
28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

समुद्र यान मिशन

1296. श्री वेंकटारमन राव मोपीदेवी:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) समुद्र के गहरे अन्वेषण और दुर्लभ खनिजों के उत्खनन के लिए मानव को गहरे समुद्र में उतारने के लक्ष्यार्थ समुद्रयान मिशन का ब्यौरा क्या है;
(ख) उपरोक्त के लिए अभिप्रेत लाभ क्या-क्या हैं;
(ग) उपरोक्त के लिए निर्धारित समयसीमा क्या है; और
(घ) गहरे समुद्र के अन्वेषण हेतु इस प्रकार की अन्य परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) समुद्रयान मिशन का उद्देश्य गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिए वैज्ञानिक सेंसर और उपकरणों के एक सैट के साथ समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक 3 मनुष्यों को ले जाने के लिए एक स्व-चालित मानवयुक्त पनडुब्बी विकसित करना है। इसमें 12 घंटे की परिचालन अवधि और आपात स्थिति में 96 घंटे की परिचालन अवधि की क्षमता है।

(ख) मानवयुक्त पनडुब्बी से वैज्ञानिक सीधे हस्तक्षेप के माध्यम से अब तक खोजे न गए गहरे समुद्री क्षेत्रों को देख-समझ सकेंगे। इसके अलावा, यह गहरे समुद्र में मानव रेटेड वाहन विकास की क्षमता को बढ़ाएगा।

(ग) इस मिशन की अनुमानित अवधि 2020-2021 से 2025-2026 तक पांच वर्ष है।

(घ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नई ने गहरे समुद्र की खोज के लिए 6000 मीटर गहराई तक रेटेड रिमोट चालित यान (आरओवी) और विभिन्न अन्य अंतर्जलीय उपकरणों जैसे कि ऑटोनॉमस कोरिंग सिस्टम (एसीएस), ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (एयूवी) तथा डीप सी माइनिंग सिस्टम (डीएसएम) विकसित किए हैं।

*****

प्र.सं.1297 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1298
28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वचालित मौसम कार्यालय

1298. श्री जोस के. मणिः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत पाँच वर्षों में केरल राज्य में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि पर गौर किया है;
(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार की केरल में स्वचालित मौसम कार्यालयों की संख्या को बढ़ाकर 256 तक करने की योजना है, जैसा कि राज्य में आपदा संबंधी तैयारियों में सुधार के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा संस्तुत किया गया है;
(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार ने केरल में स्वचालित मौसम कार्यालयों को शीघ्रता से स्थापित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं जो पहले से ही भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा संस्वीकृत है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी, हां। वर्ष 2001-2021 की अवधि के दौरान के आंकड़ों के अनुसार दक्षिणपश्चिमी मॉनसून मौसम (जून से सितंबर) के दौरान केरल में भारी वर्षा में वृद्धि हुई है।हाल के वर्षों में दक्षिणपश्चिमी मॉनसून मौसम के दौरान भारी वर्षा (64.4 से अधिक तथा 115.5 मिमी से कम), बहुत भारी वर्षा (115.5 से अधिक तथा 204.4 से कम), अत्यधिक भारी वर्षा (204.4 से अधिक) तथा भारी वर्षा एवं उपर्युक्त को एकसाथ **अनुलग्नक I** में दिया गया है। आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि केरल में भारी वर्षा की घटनाओं में एक वृद्धि का ट्रेंड प्रदर्शित होता है।

(ख)-(ग) जी, हां, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के पास केरल राज्य में स्वाचालित मौसम स्टेशनों के नेटवर्क को बढ़ाने की योजना है। भारतीय मानक ब्यूरो-1994 मानकों के अनुसार, केरल में 115 मौसम स्टेशन स्थापित जाने हैं। (**इसका विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है**)

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल में 100 स्वचालित मौसम केन्द्र (AWS) स्थापित करने की योजना बनायी है। इनमें से हाल ही में स्थापित किए गए 77 AWS का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। शेष 23 AWS की स्थापना पर काम किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, केरल में 15 AWS स्टेशनों का विवरण **अनुलग्नक-IV** में दिया गया है, इस प्रकार केरल में कुल 92 स्वचालित मौसम केन्द्र उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य में 10 अपग्रेडेड स्वचालित वर्षा मापी केन्द्र भी हैं।

(घ) उपर्युक्त के अतिरिक्त, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल में स्वीकृत स्वचालित मौसम केन्द्र की स्थापना काम की गति पहले से ही तेज कर दी है।

अनुलग्नक ।



केरल में वर्ष 2001-2021 की अवधि में दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून मौसम के दौरान भारी वर्षा वाली घटनाओं की संख्या

अनुलग्नक-II

भारतीय मानक ब्यूरो मानक के अनुसार केरल में मौसम केन्द्रों की आवश्यकता

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से इस बात की पुष्टि की गई है कि भिन्न टॉपोग्राफी के संदर्भ में प्रत्येक 100 वर्ग किमी पर AWS की संख्या के बारे में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कोई दस्तावेज जारी नहीं किया गया है। तथापि, उन्होंने पुष्टि की है कि नॉन रिकॉर्डिंग / रिकॉर्डिंग रेन गेज प्रति वर्ग किमी की संख्या सम्बन्धी एक दस्तावेज वर्ष 1994 में प्रकाशित किया गया था।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित 1994 के दस्तावेज के अनुसार केरल का क्षेत्रफल 38800 वर्ग किमी है। केरल का 80 प्रतिशत हिस्सा समुद्र तटवर्ती है, तथा शेष 20 प्रतिशत हिस्सा मैदानी एवं पहाड़ी है।

लगभग, 31040 वर्ग किमी क्षेत्रफल में तटीय + मैदानी भूमि है, जिसके लिए 31040/500= 63 वर्षा स्टेशन की जरूरत है तथा 7760 वर्ग किमी पहाड़ी भूभाग 7760/150 वर्ग किमी = के लिए 52 वर्षा स्टेशन की जरूरत है। **इस भारतीय मानक ब्यूरो-1994 के अनुसार कुल 63+52 =115 वर्षा स्टेशनों की आवश्यकता है।**

अनुलग्नक III

केरल में स्थापित किए गए 77 AWS की विस्तृत सूची

100 AWS परियोजना (स्थापित 77 AWS)			
क्र.सं.	राज्य	जिला	स्वचालित मौसम केन्द्र
1	केरल	अलप्पुझा	चेरथला
2	केरल	अलापुझा	कायमकुलम
3	केरल	अलापुझा	नूरानाद
4	केरल	अलापुझा	थाईकैट्टुसेरी
5	केरल	एर्नाकुलम	अडामलायार डैम
6	केरल	एर्नाकुलम	अलुवा
7	केरल	एर्नाकुलम	चूंदी
8	केरल	एर्नाकुलम	कलमसेरी
9	केरल	एर्नाकुलम	मट्टनचेरी
10	केरल	एर्नाकुलम	नॉर्थ_परावुर
11	केरल	एर्नाकुलम	ओडक्कई
12	केरल	इडुक्की	एनारियनकल डैम
13	केरल	इडुक्की	अयप्पाकोविल
14	केरल	इडुक्की	कोविलकडावू
15	केरल	इडुक्की	कुंडला डैम
16	केरल	इडुक्की	मीनकट
17	केरल	इडुक्की	पीरमाडे
18	केरल	इडुक्की	पमपदुमपरा
19	केरल	इडुक्की	सेंगुलम डैम
20	केरल	इडुक्की	अपर पेरिंजमकुट्टी
21	केरल	इडुक्की	उडम्बननूर
22	केरल	इडुक्की	वेल्लाथूवल
23	केरल	कन्नूर	अरालम
24	केरल	कन्नूर	अय्यनकुन्नू
25	केरल	कन्नूर	चेमपेरी
26	केरल	कन्नूर	चेरूवनचेरी
27	केरल	कन्नूर	इरीक्कूर
28	केरल	कन्नूर	कन्नूर सुगरकेन रिसर्च
29	केरल	कन्नूर	पेरिंगोम
30	केरल	कासरगोड	पडन्नक्कड
31	केरल	कासरगोड	मुलियार
32	केरल	कासरगोड	मदिकई
33	केरल	कासरगोड	बयार
34	केरल	कसारगोड	वेल्लरिकुंडू
35	केरल	कोट्टायम	पूंजर
36	केरल	कोट्टायम	वडावट्ठूर
37	केरल	कोट्टायम	वईक्कोम

38	केरल	कोझीकोडे	ककायम
39	केरल	कोझीकोडे	उरिमी
40	केरल	कोझीकोडे	कुन्नामंगलम
41	केरल	कोझीकोडे	वडाकरा
42	केरल	कोल्लम	वेस्ट कल्लाडा
43	केरल	मलप्पुरम	वक्कड
44	केरल	मल्लपुरम	पेरूमल्ला
45	केरल	पलक्कड	अडक्कापुथुर
46	केरल	पलक्कड	ओट्टापालम
47	केरल	पलक्कड	वन्नामडा
48	केरल	पलक्कड	मंगलम डैम
49	केरल	पलक्कड	मन्नारकाड
50	केरल	पलक्कड	कोलेनगोड
51	केरल	पलक्कड	पोठुंडी डैम
52	केरल	पलक्कड	पट्टम्बी
53	केरल	पाथनमथिट्टा	थिरुवल्ला
54	केरल	पाथनमथिट्टा	रन्नी
55	केरल	पाथनमथिट्टा	लाहा
56	केरल	पाथनमथिट्टा	कुन्नमथानम
57	केरल	पाथनमथिट्टा	सीथाथोडे
58	केरल	पाथनमथिट्टा	उलांडू
59	केरल	त्रिसूर	चलक्कुडी
60	केरल	त्रिसूर	पेरींगलकुथू
61	केरल	त्रिसूर	पीची
62	केरल	त्रिसूर	कुन्नमकुलम
63	केरल	त्रिसूर	कन्नमकुझी
64	केरल	त्रिसूर	मोनाकल बीच
65	केरल	तिरुवनंतपुरम	पैलोड
66	केरल	तिरुवनंतपुरम	अरूविक्कारा
67	केरल	तिरुवनंतपुरम	नेयाटिनकारा
68	केरल	तिरुवनंतपुरम	वर्कला
69	केरल	तिरुवनंतपुरम	तिरुवनंतपुरम
70	केरल	तिरुवनंतपुरम	थट्टाटुमाला
71	केरल	तिरुवनंतपुरम	पिरप्पनकोड
72	केरल	वायनाड	कुप्पडी
73	केरल	वायनाड	कबानीगेरी
74	केरल	वायनाड	कारापुझा
75	केरल	वायनाड	कालापेटा
76	केरल	वायनाड	पदमाला
77	केरल	वायनाड	पदिंजारातरा_डैम

अनुलग्नक IV

केरल में पहले से मौजूद AWS केन्द्रों की सूची

क्र.सं.	राज्य	जिला	स्वचालित मौसम केन्द्र
1	केरल	अलप्पुझा	कायमकुलम
2	केरल	इडुक्की	चेरूथोनी
3	केरल	इडुक्की	मुन्नार
4	केरल	कसारगोड	कुडलू
5	केरल	कसारगोड	पीलीकोड
6	केरल	कन्नूर	कन्नूर एयरपोर्ट
7	केरल	कोल्लम	कोट्टारक्कारा
8	केरल	कोट्टायम	कुमारकोम
9	केरल	कोझीकोडे	कोझीकोडे
10	केरल	मलप्पुरम	नीलांबर
11	केरल	मलप्पुरम	थावानुर
12	केरल	पलक्कड	मनकारा
13	केरल	तिरुवनंतपुरम	वेल्लायनि
14	केरल	त्रिसूर	वेल्लानिक्कारा
15	केरल	वायनाड	अम्बालावायल

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1299

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के संस्वीकृत पदों की संख्या को बढ़ाना

1299 श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को वर्ष 2013 में आयोजित मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के संस्वीकृत पदों की संख्या को बढ़ाने संबंधी संकल्प पारित किए जाने की जानकारी है ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार द्वारा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के संस्वीकृत पदों की संख्या को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है ; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? -

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : मुख्य न्यायमूर्तियों और मुख्यमंत्रियों के 07.04.2013 को हुए संयुक्त सम्मेलन में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को 25% बढ़ाने का विनिश्चय किया गया था । तद्नुसार 01.07.2014 से 22.07.2022 की अवधि के दौरान भारत के मुख्य न्यायमूर्ति और संबंधित उच्च न्यायालयों की क्रमशः राज्य सरकारों के अनुमोदन से, सरकार ने उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के पद की स्वीकृत संख्या को 906 से बढ़ाकर 1108 कर दिए गए है, अर्थात् 202 पद बढ़ा दिए गए है ।

****

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1300
28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा गलत पूर्वानुमान

1300 #श्री बृजलाल:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) जम्मू और कश्मीर के संघ राज्य क्षेत्र में स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा के समीप बादल फटने की घटना का सटीक पूर्वानुमान देने में असफल रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और इसके क्या कारण है; और
(ग) क्या इस दिशा में नई प्रौद्योगिकियों के विकास पर कार्य कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ख) जी**,** नहीं। 8 जुलाई को भारतीय मानक समय 1730 और 1830 बजे के दौरान**,** पवित्र गुफा पर**/**उसके पास अत्यधिक वर्षा**/**बौछार हुई थी**,** जो अत्यन्त छोटे क्षेत्र में हुईथी। पवित्र गुफा से 50 मीटर नीचे स्थित भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के स्वचालित मौसम केन्द्र (एडब्ल्यूएस) द्वारा एक घंटे के भीतर 25 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। यह क्षेत्र के ऊपर एक अल्पावधि की**,** तीव्र और अचानक बरसात थी। हालांकि**,** यह बादल फटने के मानदंडों को पूरा नहीं करता है। बादल फटने की घटनाओं को तब माना जाता है जब लगभग 20-30 वर्ग किमी के भौगोलिक क्षेत्र में 10 सेमी/घंटा या उससे अधिक की दर से वर्षा होती है। तथापि, ऊपरी इलाकों में बादल फटने के इस मानदंड को पूरा करने के लिए अधिक वर्षा हो सकती थी, जिसके लिए डेटा उपलब्ध नहीं है। स्वस्थाने मौसम और ऊपरी इलाकों से प्रवाह, दोनों के संयोजन के परिणामस्वरूप पवित्र अमरनाथ गुफा के पास अचानक बाढ़ आ गई।

8 जुलाई को भारतीय मानक समय 0330 बजे से शुरू होने वाली यात्रा की अनुमति भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा दी गई वर्षा गतिविधि के पूर्वानुमान के आधार पर नहीं दी गई थी और वर्षा हुई भी थी। बारिश रुकने के बाद**,** यात्रा प्रबंधक ने आईएमडी के परामर्श के अनुसार भारतीय मानक समय 0500 बजे यात्रा की अनुमति दी थी। ऊपर उल्लिखित अनुसार एक घंटे तक तेज वर्षा आने से पहले तक, मौसम सुहाना था इसलिए यात्रा पूरे दिन अच्छी तरह से चली। हालांकि**,** घटना की अवधि के दौरान क्षेत्र में कम तीव्रता से वर्षा होने का पूर्वानुमान आईएमडी द्वारा किया गया था। बादल फटने की घटना का दुनिया भर में पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है।

(ग) श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर), जम्मू (जम्मू और कश्मीर), लेह (लद्दाख), कुफरी (हिमाचल प्रदेश), मुक्तेश्वर (उत्तराखंड) और सुरखंडा देवी (उत्तराखंड) जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आईएमडी डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) संचालित करता है। एक अन्य डीडब्ल्यूआर बनिहाल टॉप (जम्मू-कश्मीर) में स्थापित किया जा रहा है जो शीघ्र ही चालू हो जाएगा।

इनके अलावा, मुरारी देवी (हिमाचल प्रदेश), जोत (हिमाचल प्रदेश) और लैंसडाउन (उत्तराखंड) में राडार स्थापित करने का कार्य चल रहा है। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ये डॉपलर मौसम रडार तत्काल पूर्वानुमान रेंज (एक से दो घंटे तक) में सटीक मौसम पूर्वानुमान में मदद करते हैं।

आईएमडी एक सहज पूर्वानुमान रणनीति का अनुसरण करता है। जिला और केन्द्र स्तर पर राज्य स्तरीय मौसम विज्ञान केंद्रों (एमसी)/प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्रों (आरएमसी) द्वारा अगले पांच दिनों की वैधता के साथ लघु से मध्यम अवधि के पूर्वानुमान और चेतावनी जारी की जाती है और दिन में दो बार अपडेट किए जाते हैं। लघु से मध्यम अवधि के पूर्वानुमान के बाद सभी जिलों और 1089 शहरों और कस्बों के लिए तीन घंटे (तत्काल पूर्वानुमान) तक प्रतिकूल मौसम के बहुत कम अवधि के पूर्वानुमान जारी किए जातेहैं। ये नाउकास्ट हर तीन घंटे में अपडेट किए जाते हैं।

चेतावनी जारी करते समय, संभावित प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को सामने लाने तथा आपदा प्रबंधन को आसन्न आपदा मौसम घटना के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में संकेत देने के लिए उपयुक्त कलर कोड का उपयोग किया जाता है। हरा रंग किसी चेतावनी का संकेतक नहीं है इसलिए किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है, पीला रंग सतर्क रहने और अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए संकेत है, नारंगी रंग सतर्क रहने और कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने के लिए है जबकि लाल रंग कार्रवाई करने के लिए संकेत देता है।

अत्यधिक वर्षा गतिविधि भूस्खलन, अचानक बाढ़ आदि के कारणों में से एक है। चरम मौसम घटनाओं के कारण ऐसे प्रभावों के समाधान के लिए, भारत मौसम विज्ञान विभाग प्रभाव आधारित पूर्वानुमान लागू कर रहा है जिसमें 'मौसम कैसा रहेगा' के स्थान पर 'मौसम का क्या प्रभाव होगा' का विवरण होता है। इसमें प्रतिकूल मौसम तत्वों से अपेक्षित प्रभावों का विवरण और प्रतिकूल मौसम के संपर्क में आने पर 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में आम जनता के लिए दिशानिर्देश शामिल हैं। इन दिशानिर्देशों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से अंतिम रूप दिया गया है और इन्हें पहले ही चक्रवात, लू, गर्ज के तूफान और भारी वर्षा के लिए सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है।अन्य प्रतिकूल मौमस तत्वों के लिए इसे लागू करने का कार्य चल रहा है।

कम समय में होने वाली जल-मौसम विज्ञान संबंधी घटनाओं की सेवाओं को पूरा करने के लिए, आईएमडी फ्लैशबाद निदेशन (एफएफजी) जारी कर रहा है, जिसके द्वारा बाढ़ चेतावनी सेवाओं में सहायता के लिए जलग्रहण क्षेत्र के मुहाने पर बाढ़ पैदा करने के लिए आवश्यक जलसंभर के भीतर एक नैदानिक मूल्य का अनुमान लगाया जाता है। दैनिक मार्गदर्शन बुलेटिन तैयार किया जाता है और केंद्रीय जल आयोग सहित उपयोगकर्ताओं को नियमित आधार पर हर छह घंटे में प्रसारित किया जाता है। साथ ही आईएमडी बाढ़ की निगरानी में सहायता के लिए विभिन्न कालिक और स्थानिक पैमानों जैसे जिला, राज्यऔर मौसम विज्ञान उपखंड स्तर तथा दैनिक, साप्ताहिक और ऋतुनिष्ठ पैमानों पर वास्तविक वर्षा की जानकारी प्रदान करता है।

एकीकृत हिमालयी मौसम विज्ञान कार्यक्रम (आईएचएमपी) के तहत पर्वतीय क्षेत्र के लिए आईएमडी की चल रही प्रेक्षणात्मक पूर्वानुमान सुविधाएं अनुलग्नक-I में संक्षेप में दी गई हैं।

विशेष रूप से श्री अमरनाथजी यात्रा के लिए आईएमडी द्वारा प्रदान की गई सेवाएं अनुलग्नक-II में दी गई हैं।

अनुलग्नक-I

हिमालयी क्षेत्र के लिए मौसम विज्ञान सेवाओं की वर्तमान स्थिति

1. प्रेक्षण नेटवर्क

हिमालयी क्षेत्र में कुल 158 एडब्ल्यूएस और 243 एआरजी कार्यरत हैं। ये क्षेत्र में कार्यरत विभागीय सतह वेधशालाओं और अंशकालिक वेधशालाओं के अतिरिक्त हैं।

2. रडार नेटवर्क

हिमालयी क्षेत्र में कार्यरत डीडब्ल्यूआर का विवरण नीचे दिया गया है।

हिमालयी क्षेत्र में डॉपलर मौसम रडार		
क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**रडार की अवस्थिति**
1	जम्मू और कश्मीर	जम्मू
2	जम्मू और कश्मीर	लेह
3	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर
4	हिमाचल प्रदेश	कुफरी
5	उत्तराखंड	मुक्तेश्वर
6	असम	मोहनबाड़ी
7	मेघालय	सोहरा
8	त्रिपुरा	अगरतला

3. पूर्वानुमान सेवाएं

क) पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, जिसमें जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश (हाई हिल्स और लोअर हिल्स), उत्तराखंड (गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र) शामिल हैं,के लिए दिन में दो बार पर्वतीय मौसम बुलेटिन जारी किए जाते हैं।

ख) हिमालय की तलहटी वाले उपमंडलों के लिए अगले दो दिनों के आउटलुक के साथ पांच दिनों के लिए जिला स्तरीय पूर्वानुमान संबंधित मौसम विज्ञान केंद्रों द्वारा दैनिक आधार पर जारी किए जाते हैं।

ग) क्षेत्र के लिए जिला स्तर/स्थान विशिष्ट तत्काल पूर्वानुमान भी संबंधित मौसम विज्ञान केंद्रों द्वारा आवश्यकता पड़ने पर जारी किए जाते हैं ।

घ) तलहटी के समानांतर बसे महत्वपूर्ण शहरों के लिए सात दिनों का वर्तमान मौसम प्रेक्षण और पूर्वानुमान प्रतिदिन जारी किया जाता है।

ङ) राजमार्ग पूर्वानुमान रोजाना जारी किया गया और अद्यतन किया गया।

च) संबंधित अवधि के दौरान तीर्थयात्रा के लिए पूर्वानुमान।

छ) आवश्यकता पड़ने पर हिमालय में संभावित प्रतिकूल मौसम के संबंध में विशेष प्रेस विज्ञप्तियां।

ज) भारतीय सेना, आईटीबीपी, भारतीय नौसेना,सीआईएसएफ, एसएसबी, ओएनजीसी, बीएसएफ आदि जैसे अपने उपयोगकर्ताओं के लिए हिमालय की विभिन्न चोटियों (माउंट एवरेस्ट, मकालू, त्रिशूल, सतोपंथ और कई अन्य) के लिए पर्वत अभियान पूर्वानुमान (वर्षा, तापमान, पवन की गति और दिशा के 6 घंटे के पूर्वानुमान के साथ) जारी किए जाते हैं। इसकी उपयोगिता के कारण इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा इसकी अत्यधिक सराहना की गई है।

झ) इनके अलावा, वर्षा, तापमान, पश्चिमी विक्षोभ आदि के बारे में ऐतिहासिक जानकारी; सर्दियों के साथ-साथ मानसून ऋतु में हिमालय के ऊपर अत्यधिक वर्षा की घटनाओंका विस्तृत मौसम विज्ञान संबंधी विश्लेषण और उनका प्रलेखन।

ञ) सभी मौसम प्रणालियों और संबंधित मौसम जैसे शीत लहर, कोहरा, ठंढ आदि के मौसम विज्ञान संबंधी विश्लेषण और अगले 9-10 दिनों के दौरान क्षेत्र में संभावित मौसम सहित शीतकालीन मौसम प्रणालियों पर पूर्वानुमान प्रदर्शन परियोजना से संबंधित बुलेटिन विशेष रूप से वर्ष 2016 से 1 दिसंबर से 28/29 फरवरी के दौरान जारी किए जाते हैं।

***पूर्वानुमान और चेतावनियों को* निम्नलिखित *के माध्यम से प्रसारित किया जाता है*:**

- राष्ट्रीय आईएमडी वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in) और क्षेत्रीय आईएमडी वेबसाइटें।
- सोशल मीडिया: आईएमडी और एनडीएमएके फेसबुक और ट्विटर हैंडलएवं व्हाट्सएप ग्रुप ।
- इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया।
- जागरूकता और शमन उपायों के लिए आम जनता के बीचप्रसारण के लिए मल्टी-मीडिया संदेश तैयार किए जातेहैं।

4. हाइड्रोमेट सेवाएं

हिमालयी क्षेत्र के लिए हाइड्रोमेट सेवाएं

आईएमडी के पास वर्षा निगरानी और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिएएक विशेष हाइड्रोमेट प्रभाग है जो कृषि, जल संसाधन प्रबंधन, आपदा प्रबंधन आदि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करता है। बाढ़ और फ्लैश बाढ पूर्वानुमान के प्रचालनात्मक और अनुसंधान पहलुओं में अन्य संगठनों के साथ एक सहयोगी दृष्टिकोण ने राष्ट्रीय और उप-क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर हितधारकों के लिए एक सुस्थापित समर्थन ढांचा तैयार किया है।

क) वर्षा की निगरानी :

हिमालयी क्षेत्र सहित WMO मानकों के कुल 5211 से अधिक समर्पित केन्द्र वर्षा निगरानी नेटवर्क के अंतर्गत हैं। सभी विभागीय और अंशकालिक वेधशालाओं, राज्यों की वर्षामापी केन्द्रों और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से केन्द्रवार वर्षा के आंकड़े नीचे दी गई तालिका में दी गई श्रेणियों के अनुसार विभिन्न कालिक और स्थानिक डोमेन में वर्षा सांख्यिकी तैयार करने के लिए प्राप्त, संसाधित और संकलित किए जाते हैं: .

उपखंड-वार / देश-वार वर्षा का वर्गीकरण		
श्रेणी	वर्षा का % अंतर	रंग कोड
अत्यधिक (LE या L. अधिक)	**60%**	
अधिक (ई)	**≥ 20% और ≤ 59%**	
सामान्य (एन)	**- 19% और + 19%**	
कमी (डी)	**- 59% और - 20%**	
अत्यधिक कमी (एल. कमी)	**- 99% और - 60%**	
कोई वर्षा नहीं (एनआर)	**= - 100%**	
कोई डेटा नहीं (*)	**डेटा उपलब्ध नहीं**	

पूरे देश, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (37), मौसम विज्ञान उपखंडों (36), जिलों (690), नदी उप-घाटियों और भारत के चार व्यापक समरूप क्षेत्रों अर्थात्उत्तर-पश्चिम भारत, मध्य भारत, दक्षिण प्रायद्वीप और उत्तर पूर्व भारत जैसे स्थानिक क्षेत्रों तथा दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, ऋतुनिष्ठ और वार्षिक जैसे कालिक पैमानों के लिए वर्षा के आँकड़े तैयार किए जाते हैं।

ख नदी की बाढ़ के लिए आईएमडी की बाढ़ मौसम विज्ञान सेवाएं

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बाढ़ प्रवण क्षेत्रों में केंद्रीय जल आयोग को "नदी की बाढ़ की चेतावनी/बाढ़ अलर्ट" जारी करने में सहायता देने के लिए उसके बाढ़ पूर्वानुमान प्रभागों (एफएफडी) को कुल 153 नदी उप-घाटियों के लिए जल-मौसम संबंधी सहायता प्रदान करने की क्षमता वाले 14 विशेष बाढ़ मौसम विज्ञान कार्यालयों (एफएमओ) की स्थापना की है। इनमें से छह (6) एफएमओ नामत: लखनऊ, नई दिल्ली, पटना, श्रीनगर , जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी हिमालयी क्षेत्र की 58 नदी उप-घाटियों के लिए यह सहायता प्रदान करते हैं। सीडब्ल्यूसी की आवश्यकता के अनुसार, आईएमडी निम्नलिखित क्यूपीएफ श्रेणियों के लिए हाइड्रोमेट बुलेटिनों के माध्यम से उप-बेसिन-वार 'मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (क्यूपीएफ) प्रदान कर रहा है।

क्यूपीएफ श्रेणियां (मिमी)	रंग कोड
0	
0.1-10	
11-25	
26-50	
51-100	
>100	

क्यूपीएफ पूर्वानुमान उच्च विभेदन गतिशील मॉडल अर्थात् दिन-1 से दिन-3 के लिए WRF ARW, दिन-1 से दिन-7 के लिए GFS, दिन-1 से दिन-7 के लिए NCUM *का उपयोग करके* 3-7 *दिन पहले सृजित किया जाता है*। निश्चयात्मक पूर्वानुमान के अलावा, आईएमडी 12x12 किलोमीटर के विभेदन के साथ सर्वोत्तम एनसेंबल पूर्वानुमान प्रणालियों में से एक के आधार पर संभाव्य क्यूपीएफ भी सृजित करता है । आईएमडी केंद्रीय जल आयोग को बाढ़ पूर्वानुमान के लिए उनके हाइड्रोलॉजिकल मॉडल चलाने के लिए ग्रिड प्वाइंट मॉडल वर्षा पूर्वानुमान भी प्रदान करता है।

ग दक्षिण एशिया फ्लैश बाढ निदेशन प्रणाली

फ्लैश बाढ निदेशन एक मजबूत प्रणाली है जिसे अधिकांश हिमालयी क्षेत्र सहित फ्लैशबाढ की संभावना वाले दक्षिण एशियाई देशों अर्थात् भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका के लिए 4 किमीx 4 किमी के विभेदन के साथ जलसंभर स्तर पर लगभग 6-24 घंटे पहले फ्लैश बाढों कीचेतावनी देने में सहायता करने के लिए वास्तविक समय में आवश्यक उत्पाद प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फ्लैश बाढ निदेशन एक नैदानिक मूल्य है जो किसी जलग्रहण क्षेत्र में किसी दी हुई अवधि में वर्षा की उस मात्रा का अनुमान लगाता है जो जलग्रहण क्षेत्र/जलसंभर के मुहाने पर बाढ़ पैदा करने के लिए आवश्यक है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के पास कंप्यूटिंग शक्ति, संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान के संबंध में अत्यधिक उन्नत क्षमताएं हैं तथा विशाल प्रेक्षणात्मक नेटवर्क (जमीन, वायु और अंतरिक्ष आधारित) और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित मौसम पूर्वानुमान प्रणाली है। इसलिए, विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भारत को समन्वय, विकास और इसके कार्यान्वयन के लिए दक्षिण एशिया फ्लैश बाढ निदेशन प्रणाली के क्षेत्रीय केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी है।

हिमालयी क्षेत्र के देशों और श्रीलंका में जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए आवश्यक शमन उपाय करने के लिएराष्ट्रीय मौसम विज्ञान और जल विज्ञान सेवाओं, राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों तथा अन्य सभी हितधारकों को क्षेत्रीय केंद्र द्वारा खतरों (6 घंटे पहले) और जोखिमों (24 घंटे पहले) के रूप में आकस्मिक बाढ़ के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। यह सभी सदस्य देशों को निम्नलिखित रंग कोड के अनुसार जलग्रहण और शहर स्तर पर प्रभाव-आधारित फ्लैश बाढ पूर्वानुमान जारी करने में सक्षम बनाता है ।

कम संभावना	फ्लैश बाढ़ आने <30% संभावना	
मध्यम संभावना	अचानक बाढ़ आने की 30 - 60% संभावना	
अधिक संभावना	अचानक बाढ़ आने की >60% संभावना	

5. <u>नए मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना</u>

लद्दाख के प्रशासन और आम लोगों के लिए मौसम सेवाएं प्रदान करने के लिए लद्दाख की राजधानी लेह में एक नया मौसम विज्ञान केंद्र (एमसी) स्थापित किया गया है और इसका उद्घाटन 29 दिसंबर2020 को कर दिया गया है।

एमसी लेह की गतिविधियां निम्नानुसार हैं,

- स्थान विशिष्ट पूर्वानुमान।
- लद्दाख, संघ राज्य क्षेत्र के सभी जिलों के लिए जिला स्तरीय पूर्वानुमान एवं चेतावनी।
- गिलगित, स्कर्दू , चिलास , खरमंग , खापलू , हुंजा , मुजफ्फराबाद, शिगर, घिजेर (घाकुच), एस्टोर, नगर, मीरपुर, कोटली , हटियान (झेलम घाटी), बाग, भीमबार और नीलम,लेह , कारगिल आदिके लिए तत्काल पूर्वानुमान(बहुत कम अवधि का पूर्वानुमान) ।

अनुलग्नक- II

अमरनाथ यात्रा 2022 के लिए मौसम सेवाएं
आईएमडी की तैयारी

वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के सुरक्षित और सुचारू संचालन के लिए मौसम संबंधी प्रेक्षण, पूर्वानुमान और चेतावनी सेवाओं के संबंध में आईएमडी द्वारा की गई तैयारी औरदी जा रही सेवाएं नीचे दी गई हैं:-

प्रेक्षण: (सतह वेधशाला / एडब्ल्यूएस बनाम मैनुअल)

(i) यात्रा के मार्ग में पंद्रह स्वचालित मौसम केन्द्र (एडब्ल्यूएस) और सतह वेधशालाएं (जम्मू-पवित्र गुफा से) जम्मू, उधमपुर (एडब्ल्यूएस), किश्तवाड़ (एडब्ल्यूएस), बटोटे (मैनुअल), रामबन (एडब्ल्यूएस), बनिहाल (मैनुअल), अनंतनाग / काजीगुंड (मैनुअल), कोकरनाग (मैनुअल),पहलगाम (मैनुअल), चंदनवाडी, शेषनाग, पंजतरणी , श्रीनगर, शालीमार और बालटाल (एडब्ल्यूएस)में।

(ii) पवित्र गुफा, बालटाल , पंजतरणी , चंदनवाडी और शेषनाग स्थित एडब्ल्यूएस का यात्रा शुरू होने से पहले पुनरूद्धार किया जाएगा जबकि अन्य एडब्ल्यूएस स्थायी रूप से स्थापित हैं।

उपग्रह प्रेक्षण

(i) आईएमडी द्वारा अमरनाथ यात्रा के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए वेब पेज में हर 15 मिनट में सभी यात्रा मार्गों पर बादलों को दिखाने वाले उपग्रह चित्र और उत्पाद अपलोड किए जाते हैं ।

रडार आधारित: प्रेक्षण

(i) श्रीनगर में100 किमी की सीमावाले डीडब्लूआर के अलावा, अत्याधुनिक एक्स-बैंड डॉपलर मौसम रडार, जो 100 किलोमीटर की परिधि सीमा को कवर करता है, जम्मू में स्थापित किया गया और सितंबर 2021 से प्रचालनरत है। ये रडार ऊंचे पहाड़ों के पीछे आने वाले क्षेत्रों (जैसे शेषनाग, सोनमर्ग, पंजतरणी और पवित्र गुफा)को छोडकर पूरी जम्मू घाटी और इसके मैदानी इलाकों को कवर करते हैं। ये क्षेत्र के लिए तत्काल पूर्वानुमान (3 घंटे तक बहुत कम अवधि का पूर्वानुमान) जारी करने में सहायक है।

(ii) रडार उत्पादों को आईएमडी वेबसाइटों में यात्रा वेबपेज पर उपलब्ध कराया जाता है।

पूर्वानुमान:

(i) मौसम-चित्र के रूप में मार्गवार स्थान विशिष्ट लघु-अवधि पूर्वानुमान आईएमडी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाता है।

(ii) एडब्ल्यूएस और अन्य सतह प्रेक्षणों, रडार और सैटेलाइट डेटा तथा मॉडलों का उपयोग करके, तत्काल पूर्वानुमान हर 3 घंटे के आधार पर जारी किया जाता है।

(iii) 24 घंटे की वैधता अवधि के साथ पूर्वानुमान सुबह करीब 3.30 बजे (यात्रा से पहले) और शाम को रोजाना शाम 5 बजे जारी किए जाते हैं।

(iv) मध्यम अवधि: तैयारियों और योजना बनाने के लिए मार्गमें मौसमकी सामान्य जानकारीदेने के लिए प्रतिदिन 5-दिन का पूर्वानुमान भी जारी किया जाता है।

(v) चेतावनियां: भारी बारिश/हवा आदि जैसे प्रतिकूल मौसम की संभावना होने पर, कम से मध्यम अवधि पैमाने परतत्काल पूर्वानुमान चेतावनी जारी की जाती है।

<u>पूर्वानुमान और चेतावनी प्रसारण:</u>

(i) प्रेक्षण, पूर्वानुमान और चेतावनी के प्रदर्शन के लिए आईएमडी ने तीन (03) एलईडी (6 फीट x 3 फीट) मौसम प्रदर्शन बोर्ड, नुनवान और बालटाल में एक-एक और पवित्र गुफा में एक अन्य स्थापित किया है।

(ii) सभी यात्रा प्रबंधकों (लगभग 250 व्यक्तियों) को एसएमएस/ (ए-यात्रा के लिए व्हाट्सएप ग्रुप) द्वारा 3 घंटे के मौसम का पूर्वानुमान । हर साल एसएएसबी उन अधिकारियों की सूची प्रदान करता है जिन्हें पूर्वानुमान जारी किए जाते हैं, जैसे सीईओ एसएएसबी, संभागीय आयुक्त कश्मीर/जम्मू, सभी शिविर निदेशक, पुलिस, सीआरपीएफ, सेना , मीडिया, आदि।

(iii) मौसम विज्ञान केंद्र (एमसी), श्रीनगर ई-मेल, एसएमएस, यात्रा व्हाट्सएप ग्रुप, टेलीफोन के माध्यम से दैनिक पूर्वानुमान प्रसारित करता है और खराब मौसम की स्थिति में, फैक्स द्वारा पूर्वानुमान भेजा जाता है और सीईओ, अपर सीईओ, डीसी और शिविर निदेशकके साथ फोनसे व्यक्तिगत सम्प्रेषण भी किया जाता है। सूचना प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का उपयोग भी किया जाता है।

(iv) पिछले वर्षों की तरह, एमसी श्रीनगर सभी यात्रा प्रबंधकों को यात्रा अवधि के दौरान प्रतिदिन एसएमएस / (यात्रा के लिए व्हाट्सएप ग्रुप) के माध्यम से रडार और सैटेलाइट आधारित तत्काल पूर्वानुमान (3 घंटेपर) भेजता है। संभावित खतरनाक मौसम की स्थिति में, एमसी श्रीनगर यात्रा प्रबंधकों को मौसम चेतावनी जारी करता है।

<u>समर्पित वेब पेज:</u>

(i) यात्रा की शुरुआत से पहले यात्रा के लिए समर्पित वेब पेज लिंक आईएमडी वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in) और आरएमसी नई दिल्ली वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in/newdelhi/) में पहले से चालू कर दिया गया है।

*****

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1301
28 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

नवीकरणीय ऊर्जा के लिए मौसम पूर्वानुमान केंद्र

1301. श्री वि. विजयसाई रेड्डीः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुकूल मौसम पूर्वानुमान दृष्टिकोण विकसित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आंध्र प्रदेश जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी राज्यों में ऐसे किसी पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ख) जी हाँ । हाल के वर्षों में विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा (RE) (पवन और सौर ऊर्जा) क्षेत्र से मॉडल आधारित मौसम डेटा की मांग बढ़ रही है। भारत में विभिन्न एजेंसियों (निजी/सार्वजनिक एजेंसियों दोनों और सरकारी विभागों) द्वारा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF), भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा संख्यात्मक मॉडल के उपयोग से सृजित मौसम डेटा और उत्पादों का उपयोग अनुप्रयोगों के लिए किया जा रहा है । ये संस्थान पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा के पूर्वानुमान में मौसम डेटा के उपयोग के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के तहत राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (NIWE) तमिलनाडु (स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर) और पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (POSOCO) जैसी अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

(ग) नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए पूर्वानुमान केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****

प्र.सं.1302 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1303

28.07.2022 को उत्तर के लिए

महानगरों में वृक्षारोपण

1303. श्री ईरण्ण कडाडी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का सामाजिक वानिकी योजनाओं के तहत मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से देश के विभिन्न महानगरों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश के विभिन्न महानगरों में वनों के संरक्षण और विकास के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग): पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय विभिन्न महानगरों सहित देश में नगर वन योजना, स्कूल नर्सरी योजना, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन और आयोजना प्राधिकरण (काम्पा), राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी), राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) आदि जैसे कार्यक्रमों और स्कीमों, जो स्थानीय समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों आदि को शामिल करके शहरी वानिकी, खाली पड़ी भूमियों तथा कृषि भूमियों के मेड़ों आदि पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देते हैं, के माध्यम से वृक्षारोपण कार्यकलाप को प्रोत्साहित करता है। शहरी क्षेत्रों के संबंध में, मंत्रालय द्वारा नगर वन योजना कार्यान्वित की जा रही है, जो शहरी क्षेत्रों में नगर वन के सृजन हेतु शुरू की गई स्कीम है।

सरकार द्वारा उठाए गए निम्नलिखित अतिरिक्त कदमों से महानगरों सहित देश में वन क्षेत्रों की सुरक्षा और उनके विकास में योगदान मिलता है:

i. वनों और वन्यजीवों के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980, भारतीय वन अधिनियम, 1927, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 तथा किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर लागू अन्य केंद्रीय/राज्य कानूनों जैसे विभिन्न कानूनों को संबंधित राज्य सरकार/ संघ राज्य

क्षेत्र प्रशासन द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। मंत्रालय द्वारा दावानल से सुरक्षा हेतु दावानल निवारण और प्रबंधन स्कीम के तहत भी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

ii. मंत्रायल द्वारा लोगों की भागीदारी के माध्यम से अवक्रमित वनों में वृक्षारोपण के लिए राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी) कार्यान्वित किया गया है जिसे राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) में विलय कर दिया गया है, जिसके तहत, अन्य उप-मिशनों के अलावा शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में वृक्षावरण में वृद्धि करने हेतु एक विशिष्ट उप-मिशन है। वर्ष 2000 में इसकी शुरूआत से लेकर वर्ष 2021-22 तक, एनएपी के तहत लगभग 3982 करोड़ रूपए के निवेश से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में वनीकरण कार्यकलाप शुरू करने हेतु 2 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को चिह्नित किया गया था। जीआईएम के तहत, वर्ष 2015-16 से वर्ष 2021-22 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लगभग 612 करोड़ रूपए की धनराशि जारी की गई है। एनएपी को जीआईएम के साथ विलय कर दिया गया है और वर्तमान में उसे एकल स्कीम के रूप में कार्यान्वित किया गया है।

iii. शहरी वानिकी प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों के तहत एक अनुमेय कार्यकलाप है। प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 के अनुसार, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कोष से 33 राज्य कोषों को संबंधित राज्यों के हिस्से के रूप में 51768.76 करोड़ रूपए की धनराशि संवितरित की गई है।

iv. इसके अलावा, वृक्षारोपण कार्यकलाप, जो अनेक विभागों और अनेक एजेंसियों द्वारा संचालित किए जाने वाले कार्यकलाप हैं, को अन्य मंत्रालयों/संगठनों के विभिन्न कार्यक्रमों/ निधीयन स्रोतों के तहत विभिन्न सेक्टरों में और राज्य योजना बजट प्रावधानों के माध्यम से भी शुरू किए जाते हैं।

*****

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1304

28.07.2022 को उत्तर के लिए

वर्ष 2020 के लिए वायु गुणवत्ता जनित जीवन सूचकांक

1304. श्री अखिलेश प्रसाद सिंह :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2020 के वायु गुणवत्ता जनित जीवन सूचकांक के निष्कर्षों के अनुसार, वायु प्रदूषण भारतीयों के जीवन के पांच वर्ष कम कर सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रिपोर्ट के अनुसार, यदि प्रदूषण का वर्तमान स्तर बना रहता है, तो उत्तर भारत के लोग औसतन 7.6 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो देंगे;

(ग) क्या 1998 से भारत के औसत वार्षिक कण प्रदूषण में वृद्धि हुई है; और

(घ) सरकार द्वारा स्वच्छ वायु गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): विभिन्न संगठनों द्वारा वायु प्रदूषण के प्रभाव पर विभिन्न कार्य प्रणालियों का उपयोग करते हुए, कई अध्ययन किए गए हैं। हालांकि, केवल वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु/बीमारी/जीवन प्रत्याशा से सीधा संबंध स्थापित करने के लिए कोई निर्णायक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। वायु प्रदूषण श्वसन संबंधी बीमारियों और उनसे संबद्ध रोगों को प्रभावित करने वाले कई कारकों में से एक है। स्वास्थ्य कई कारकों से प्रभावित होता है जिनमें पर्यावरण के अलावा, व्यक्तियों की भोजन की आदतें, व्यावसायिक आदतें, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, पूर्व की स्वास्थ्य की स्थिति, प्रतिरक्षा, आनुवंशिकता आदि शामिल हैं।

(ग): विभिन्न स्रोतों से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों के कारण वायु की गुणवत्ता में लगातार सुधार देखा गया है। निगरानी स्टेशनों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 की तुलना में, वर्ष 2021 में विविक्त कणों की वार्षिक सांद्रता में व्यापक कमी आई है।

(घ): सरकार द्वारा वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें अन्य बातों के साथ-साथ शामिल हैं:

- परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों की अधिसूचना;
- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की शुरूआत;
- औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उत्सर्जन मानकों में समय-समय पर संशोधन;
- परिवेशी वायु गुणवत्ता के आकलन हेतु निगरानी नेटवर्क की स्थापना;
- गैसीय ईंधन (सीएनजी, एलपीजी आदि) जैसे स्वच्छतर/वैकल्पिक ईंधनों की शुरूआत;
- इथेनॉल सम्मिश्रण;
- राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ;
- बीएस-IV से सीधे बीएस-VI ईंधन मानकों को लागू करना;
- निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अधिसूचना;
- बायोमास जलाने पर प्रतिबंध; 'प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र' जारी करने को सुव्यवस्थित करना;
- वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 18(1)(ख) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत निदेश जारी करना;
- प्रमुख उद्योगों द्वारा ऑन-लाइन सतत (24X7) निगरानी उपकरणों की संस्थापना;
- दिल्ली और एनसीआर के लिए ग्रेडेड रिस्पांस कार्य-योजना की अधिसूचना;
- एनसीआर और आस-पास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) का गठन आदि।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1305
28.07.2022 को उत्तर के लिए

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 में संशोधन

1305. श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के मौजूदा उपबंधों को अपराध मुक्त करने का प्रस्ताव किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार मानती है कि अधिनियम के मौजूदा उपबंध पर्यावरण और वन दोनों को बचाने और संरक्षित करने में विफल रहे हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): जी हां। केन्द्रीय सरकार ने, अधिनियम के आपराधिक उपबंधों को लागू करने से पहले भारी जुर्माने तथा अतिरिक्त जुर्माने लगाने के प्रावधानों को लाकर, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 (ईपीए, 1986) के मौजूदा उपबंधों को अपराध मुक्त करने का प्रस्ताव किया है। ईपीए, 1986 के गंभीर उल्लंघन, जिसके परिणामस्वरूप गंभीर जख्म या मौत की घटना हो सकती है, के मामले में लगाए जाने वाले जुर्माने के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 के उपबंध लागू होंगे।

(ग) और (घ): भारी जुर्माने के प्रावधान के साथ इन उपबंधों को अपराध मुक्त करने का प्रस्ताव इस उद्देश्य से किया गया है कि उससे एक ओर कानून का पालन करने वाले नागरिकों तथा उद्यमियों में स्वंय को विनियमित करने का प्रोत्साहन मिले और दूसरी ओर ज्यादा जुर्माने लगाने के साथ-साथ आईपीसी, 1860 के उपबंधों को लागू करके उल्लंघन करने वालों को रोका जा सके। प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य यह भी है कि छोटे- मोटे उल्लंघनों, जिनके परिणामस्वरूप अन्यथा अदालती मामले दर्ज किए जाते और न्यायिक तंत्र पर बोझ बढ़ता, के मामले में कानून का पालन करने वाले नागरिकों/उद्यमियों को अनुचित परेशानी से बचाया जा सके।

****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1306
28.07.2022 को उत्तर के लिए

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

1306. श्री नीरज शेखर :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से देश में 19 सिंगल यूज उत्पादों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सिंगल यूज वाले प्लास्टिक उत्पादों जिनकी अभी भी देश में अनुमति है, का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग): मंत्रालय द्वारा दिनांक 12 अगस्त, 2021 को सा.का.नि.सं. 571 (अ) के तहत भारत के राजपत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें दिनांक 1 जुलाई, 2022 से पॉलिस्टिरीन और विस्तारित पॉलिस्टिरीन सहित निम्नलिखित अभिज्ञात एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं, जिसकी उपयोगिता कम है और जिसमें कचरा फैलाने की क्षमता अधिक है, के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग का निषेध किया गया है:-

(क) प्लास्टिक स्टिक वाले इअर-बड, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आईस-क्रीम स्टिक, सजावट के लिए पॉलिस्टिरीन (थार्मोकोल);

(ख) प्लेट, कप, गिलास, फॉर्क, चम्मच, चाकू जैसे कट्लरी, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बे को लपेटने या पैक करने में प्रयुक्त फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीबीसी बैनर और स्टरर्स।

इस अधिसूचना में, दिनांक 30 सितम्बर, 2021 से पचहतर माइक्रोन से कम मोटाई वाले और दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 से एक सौ बीस माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक कैरी बैगों के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय और उपयोग का भी निषेध किया गया है। दिनांक 30 सितम्बर, 2021 से 60 ग्राम प्रति एसक्यूएम (जीएसएम) से कम के बिना बुने हुए प्लास्टिक कैरी बैगों का भी निषेध किया गया है। इसके अलावा, चौंतीस राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा भी प्लास्टिक कैरी बैगों और/ या अभिज्ञात एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध के संबंध में अलग से अधिसूचनाएं/आदेश जारी किए हैं।

****

प्र.सं.1307 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1308

28.07.2022 को उत्तर के लिए

जलवायु परिवर्तन संबंधी आठ मिशनों की समीक्षा

1308. श्री शक्तिसिंह गोहिल :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पेरिस समझौते के बाद जलवायु परिवर्तन संबंधी आठ मिशनों को अद्यतन किया है और जलवायु परिवर्तन संबंधी इन मिशनों की पिछली बार कब समीक्षा की गई थी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) पेरिस समझौते के बाद राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित जलवायु संबंधी कार्ययोजना (एनडीसी) के अनुसार अपनी राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना को अद्यतन करने वाले राज्यों की संख्या कितनी है और सरकार ने इस कार्ययोजना (एनडीसी) की समीक्षा कब की थी, और क्या उसके बाद राज्यों को कोई सुझाव या निर्देश दिए गए थे?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यकारी समिति (ईसीसीसी) की सभी बैठकों में राष्ट्रीय मिशनों की समीक्षा की गई है। वर्ष 2021 में ईसीसीसी ने एनएपीसीसी के तहत राष्ट्रीय मिशनों में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए पेरिस करार के क्रियान्वयन हेतु शीर्ष समिति (एआईपीए) को अधिदेशित किया। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत आठ (08) राष्ट्रीय मिशनों नामत: - राष्ट्रीय सौर मिशन, राष्ट्रीय संवर्धित ऊर्जा दक्षता मिशन, राष्ट्रीय संधारणीय पर्यावास मिशन, राष्ट्रीय जल मिशन, राष्ट्रीय हिमालयी पारि-प्रणाली संधारणीयता मिशन, राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन रणनीतिक ज्ञान मिशन, राष्ट्रीय हरित भारत मिशन और राष्ट्रीय संधारणीय कृषि मिशन के लिए संशोधित मिशन दस्तावेजों की दिनांक 24 मार्च, 2021 को हुई पेरिस करार के क्रियान्वयन हेतु शीर्ष समिति (एआईपीए) की प्रथम बैठक में समीक्षा की गई थी।

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अपनी-अपनी एसएपीसीसी (राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना) को एनडीसी के तहत की गई प्रतिबद्धताओं के आलोक में संशोधित करने का अनुरोध किया गया था। तमिलनाडु, ओडिशा, त्रिपुरा, गुजरात, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश राज्यों ने अपनी-अपनी संशोधित एसएपीसीसी प्रस्तुत कर दी हैं। भारत के प्रथम एनडीसी में वर्ष 2030 तक की अवधि शामिल है। एनडीसी में हुई प्रगति की उच्च स्तरीय बैठकों में आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है। प्रगति संबंधी गत समीक्षा फरवरी, 2022 में की गई थी।

****

मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1309

28.07.2022 को उत्तर के लिए

कच्छ में चिंकारा के लिए अभयारण्य

1309. श्री शक्तिसिंह गोहिल :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात के कच्छ जिले में चिंकारा के लिए कोई अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान या आरक्षित वन है;

(ख) कच्छ जिले में चिंकारा की आबादी कितनी है;

(ग) क्या सरकार यह जानती है औद्योगिक गतिविधियों की वजह से चिंकारा का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है; और

(घ) यदि हां, तो चिंकारा की आबादी को बचाने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) गुजरात सरकार ने यह सूचित किया है कि गुजरात में लखपत तालुका में चिंकारा अभयारण्य, कच्छ मरुस्थल वन्यजीव अभयारण्य, कच्छ जिले के आरक्षित वनों और अन्य क्षेत्रों में चिंकारा को संरक्षण प्रदान किया जाता है।

(ख) गुजरात सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2015 में की गई पिछली गणना के दौरान कच्छ जिले में 6240 चिंकारा मौजूद होने की सूचना दी गई थी।

(ग) और (घ) मंत्रालय को कच्छ जिले में चिंकारा के अस्तित्व पर वाणिज्यिक कार्यकलापों के प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। चिंकारा के संरक्षण के संबंध में उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं :

i. चिंकारा (गज़ेला बेनेट्टी) को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I में सूचीबद्ध करके शिकार से उच्चतम स्तर की विधिक सुरक्षा प्रदान की गई है।

ii. चिंकारा के महत्वपूर्ण पर्यावासों को बेहतर संरक्षण प्रदान करने के लिए उन्हें वन्यजीव अभयारण्यों के रूप में नामित किया गया है।

iii. मंत्रालय, वन्यजीव पर्यावास के विकास संबंधी केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के अंतर्गत वन्यजीव प्रजातियों और उनके पर्यावास को बेहतर संरक्षण प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

****

प्र.सं.1310 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1311

28.07.2022 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय हरित भारत मिशन

1311. श्री अयोध्या रामी रेड्डी आला:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय हरित भारत मिशन के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या पिछले पांच वर्षों में वन या वृक्षों का आच्छादन बढ़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) राष्ट्रीय हरित भारत मिशन के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या विगत कुछ वर्षों में देश में कार्बन डाईऑक्साइड के वार्षिक संचयन पर कोई अध्ययन कराया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) का उद्देश्य भारत के वन आच्छादन को सुरक्षित, पुनर्बहाल और उसका संवर्धन करना तथा वनीकरण कार्यकलापों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रति कार्रवाई करना है। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) द्वारा वन और वृक्ष आच्छादन का द्विवार्षिक रूप से आकलन किया जाता है। भारत वन स्थिति रिपोर्टों (आईएसएफआर) के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा राष्ट्रीय हरित भारत मिशन सहित विभिन्न स्कीमों के तहत किए जा रहे समग्र वनीकरण कार्यकलापों के फलस्वरूप देश में वन और वृक्ष आच्छादन में 15,292 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2015 की तुलना में 1.89% अधिक है।

(ख) गत पांच वर्षों में वन और वृक्ष आच्छादन की बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई है। गत पांच वर्षों की आईएसएफआर से वन आच्छादन और वृक्ष आच्छादन का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(क्षेत्रफल वर्ग कि.मी. में)

क्र.सं.	आईएसएफआर वर्ष	वन आच्छादन	वृक्ष आच्छादन	वन और वृक्ष आच्छादन
1	2015	7,01,495	95,572	7,94,067
2	2017	7,08,273	93,815	8,02,088
3	2019	7,12,249	95,027	8,07,276
4	2021	7,13,789	95,748	8,09,537

(ग) जीआईएम कार्यकलापों का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2015-16 में शुरू किया गया था और अब तक, 612.20 करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गई है जिसमें से राज्यों द्वारा जीआईएम कार्यकलापों को करने के लिए 451.78 करोड़ रूपये का उपयोग कर लिया गया है।

(घ) एफएसआई द्वारा भारत के वन में कार्बन भंडार का द्विवार्षिक आधार पर आकलन किया जाता है और इसके परिणामों को भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है। गत चार आकलनों में आईएसएफआर से भारत के वन में कार्बन भंडार संबंधी सूचना नीचे दी गई है :

क्र.सं.	**आईएसएफआर वर्ष**	**वन में कार्बन भंडार (मिलियन टन में)**
1	2015	7,044.0
2	2017	7,082.0
3	2019	7124.6
4	2021	7204.0

****

प्र.सं.1312 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1313
28.07.2022 को उत्तर के लिए

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए असंगठित क्षेत्र को शामिल करना

1313. श्री के.आर. सुरेश रेड्डी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि देश में प्लास्टिक कचरे का बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र, जिसमें कचरा बीनने वाले और कचरा बेचने वाले (कबाड़ी वाले) शामिल हैं, द्वारा संभाला जाता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा बुनियादी रूप से रद्दी प्लास्टिक सामग्री को इकट्ठा करने के काम में शामिल लोगों को समग्र प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का हिस्सा बनाने के लिए क्या पहल की गई है/की जा रही है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 में अनौपचारिक अपशिष्ट एकत्रकों या कूड़ा बीनने वालों और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में उनकी भूमिका के संबंध में विशिष्ट उपबंध किए गए हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिनांक 16 फरवरी, 2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत प्लास्टिक पैकेजिंग के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायितव संबंधी दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार, उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं और उपयोग अवधि समाप्त हो चुकी सामग्री का निपटान करने वाली इकाइयों से प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रसंस्करण के प्रमाण पत्रों को उपलब्ध करवाकर अपनी विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व संबंधी बाध्यताओं को पूरा करना अधिदेशित है। प्लास्टिक पैकेजिंग के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व संबंधी इन दिशानिर्देशों के फलस्वरूप अपशिष्ट प्रबंधन का विकास और अपशिष्ट प्रबंधन में शामिल औपचारिक/अनौपचारिक क्षेत्र की संलग्नता संभव हुई है। इन दिशानिर्देशों में उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों के विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के तहत एकत्रित प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट के पुनर्चक्रण के न्यूनतम स्तर की प्रवर्तनीय बाध्यता से प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट की चक्रीय अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो जाएगी।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1314
28.07.2022 को उत्तर के लिए

जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्रवाई के लिए धन

1314. डॉ. अशोक कुमार मित्तल :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 100 बिलियन अमरीकी डालर के जलवायु वित्त लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार की क्या रणनीति है;
(ख) क्या सरकार को जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्रवाई के लिए इसे प्रस्तावित किए जाने के एक वर्ष से धनराशि प्राप्त हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार 100 बिलियन अमरीकी डालर के इस जलवायु संबंधी वित्त के माध्यम से कोई विशेष लक्ष्य प्राप्त करने का विचार रखती है और कितने समय में यह लक्ष्य प्राप्त करने का विचार है; और
(घ) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया हे कि भारत कार्बन डाइऑक्साइड का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक देश है, और इसके CO_2 उत्सर्जन का प्रतिशत दुनिया की तुलना में तेजी से बढ़ा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) : वर्ष 2009 में कोपेनहेगन में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन कार्यढांचा सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के 15वें पक्षकारों के सम्मेलन (सीओपी15) में, विकसित देशों ने विकासशील देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 2020 तक प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर संयुक्त रूप से जुटाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। विकसित देश अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहने के कारण, पेरिस में सीओपी-21 में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष लक्ष्य का विस्तार वर्ष 2025 तक करने का निर्णय लिया गया था।

भारत, यूएनएफसीसीसी और अन्य बहुपक्षीय मंचों पर जलवायु संबंधी वित्त के मुद्दे को उठाने में अग्रणी रहा है। भारत के प्रयासों ने बार-बार विकसित देशों की एजेंसियों के अतिश्योक्ति पूर्ण दावों को गलत साबित किया कि यह लक्ष्य पूरा होने के करीब है तथा यह बताया गया है कि वर्तमान में जुटाया गया जलवायु संबंधी वित्त वास्तव में बहुत कम है। भारत जलवायु संबंधी वित्त की परिभाषा में स्पष्टता लाने और ऐसे वित्त के पैमाने, दायरे और आपूर्ति की गति के महत्व को स्पष्ट करने की मांग करने में भी अग्रणी रहा है। भारत ने हमेशा इस बात पर कायम रहा है कि जलवायु संबंधी वित्त नया और अतिरिक्त (विदेशी विकास सहायता के संबंध में) मुख्य रूप से अनुदान के रूप से होना चाहिए, ऋण के रूप में नहीं, साथ ही यह शमन और अनुकूलन के बीच संतुलित होना चाहिए।

वर्तमान में जलवायु संबंधी वित्त की परिभाषा के संबंध में तथा आकलनों एवं की गई प्रगति की पारदर्शिता के संबंध में अनेक मुद्दे हैं। धन जुटाने के लक्ष्यों को किस हद तक हासिल किया जा सकता है, इसके बहुत अलग-अलग अनुमान हैं। यूएनएफसीसीसी की वित्त संबंधी स्थायी समिति के चतुर्थ द्विवार्षिक आकलन ने वर्ष 2018 तक जलवायु संबंधी वित्त प्रवाह के संबंध में एक अद्यतन समीक्षा और इसके रूझान प्रस्तुत किए हैं। आकलन में बताया गया है कि

अक्तूबर, 2020 में विकसित देशों के पक्षकारों द्वारा रिपोर्ट की गई कुल सार्वजनिक वित्तीय सहायता वर्ष 2017 में 45.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा वर्ष 2018 में 51.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।

एक अभूतपूर्व चरण में, ग्लासगो के सीओपी 26 के अंतिम निर्णय में बड़े अफसोस के साथ यह उल्लेख किया कि सार्थक शमन कार्यों और कार्यान्वयन पर पारदर्शिता के संदर्भ में विकसित देशों के पक्षकारों की यह प्रतिबद्धता अभी तक पूरी नहीं हुई है।

सीओपी 26 के अंतिम निर्णय में, यह सहमति हुई थी कि पेरिस समझौते के पक्षकारों की बैठक के रूप में कार्य कर रहे पक्षकारों के सम्मेलन वर्ष 2025 से पहले विकासशील देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं का ध्यान रखते हुए प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर की न्यूनतम सीमा से एक नया सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) निर्धारित करेगा। एनसीक्यूजी को अधिक पारदर्शी और पूर्वानुमेयता के साथ सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित किया जाना है और विकासशील देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए शमन और अनुकूलन की दिशा में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना है।

भारत की जलवायु संबंधी कार्रवाइयों को अब तक बड़े पैमाने पर घरेलू स्रोतों से वित्त पोषित किया जा रहा है जिसमें बाजार तंत्रों, राजकोषीय लिखतों और नीतिगत हस्तक्षेपों के संयोजन के साथ-साथ सरकारी बजटीय सहायता शामिल है। फरवरी, 2021 में यूनएनएफसीसीसी को दी गई भारत की तीसरी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर) के अनुसार, घरेलू रूप से जुटाया गया वित्त अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण की कुल राशि से काफी अधिक है।

(घ): यूएनएफसीसीसी के एक पक्षकार के रूप में, भारत आवधिक रूप से यूएनएफसीसीसी को अपनी राष्ट्रीय संचार (एनसी) और द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर) प्रस्तुत करता है जिसमें राष्ट्रीय हरित ग्रीन हाउस गैस (सीएचजी) सूची शामिल है। फरवरी, 2021 में यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत की गई भारत की तीसरी बीयूआर के अनुसार वर्ष 2016 के लिए कुल शुद्ध जीएचजी उत्सर्जन 2.5 बिलियन टन CO_{2e} हैं। हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन 1.96 टन CO_2 है जो विश्व के प्रति व्यक्ति जीएचजी उत्सर्जन के एक तिहाई से भी कम है और वर्ष 2016 में हमारा वार्षिक उत्सर्जन वैश्विक उत्सर्जन का केवल लगभग 5 प्रतिशत है। मानव आबादी लगभग छह में से एक हिस्से की आबादी होने के वाबजूद, भारत ने वर्ष 1850 से 2019 तक वैश्विक संचयी उत्सर्जन में केवल 4 प्रतिशत का योगदान दिया है।

जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है जिस पर सामूहिक कार्रवाई अपेक्षित है और जिसे बहुपक्षवाद के माध्यम से हल किया जाना है तथा विश्व के राष्ट्रों को वैश्विक कार्बन बजट के अपने संबंधित उचित हिस्से का उपयोग करना चाहिए। इस मानदंड से, भारत में वैश्विक कार्बन बजट के अपने उचित हिस्से से बहुत कम उपयोग किया गया है।

उत्सर्जन की वृद्धि की वैश्विक दर की तुलना भारत की विकास दर से नहीं की जा सकती। यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते में निहित समानता और सामान्य लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांत के आधार पर, भारत का उत्सर्जन बढ़ सकता है क्योंकि यह एक विकासशील देश है जिसकी प्रमुख प्राथमिकताएं संधारणीय विकास और गरीबी उन्मूलन है। उत्सर्जनों में भारत का उच्चतम स्तर वर्ष वैश्विक उत्सर्जन के उच्चतम वर्ष के बाद हो सकता है और उसके बाद पेरिस समझौते में किए गए प्रावधान अनुसार केवल कमी ही आ सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत का उत्सर्जन वैश्विक औसत की तुलना में न्यूनतम स्तर से पर्याप्त मात्रा में बढ़ता है। किसी भी मामले में, संचयी उत्सर्जनों में हुआ योगदान ही तापमान वृद्धि के लिए अलग-अलग देशों के उत्तरदायित्व का निर्णायक बैचमार्क है न कि विकासदर और पृथक रूप से हुई कमी।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1315
28.07.2022 को उत्तर के लिए

दिल्ली का प्रदूषक सूचकांक

1315. डॉ. वानविरॉय खारलूखी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूरा देश गंभीर प्रदूषण और वायुमंडलीय खतरों से प्रभावित है;
(ख) यदि हां, तो मेट्रो शहर-वार वास्तविक समय वायु गुणवत्ता सूचकांक की औसत छमाही रिपोर्ट क्या है;
(ग) दिल्ली/एनसीआर में गंभीर प्रदूषण के कारणों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने और उसमें विविक्त कणों को कम करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) देश प्रदूषण से प्रभावित है, लेकिन सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता स्टेशनों (सीएक्यूएमएस) द्वारा उत्पन्न वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के डाटा से पता चलता है कि 114 शहरों में से 70 शहरों में अच्छे, मध्यम और संतोषजनक दिनों की संख्या में वृद्धि देखी गई है अत: वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

देश के प्रमुख महानगरों जैसे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद के वास्तविक समय वायु गुणवत्ता सूचकांक पर औसत छमाही रिपोर्ट (जनवरी से जून, 2022) अनुबंध-I में दी गई हैं।

(ग) और (घ) दिल्ली-एनसीआर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रदूषण के मुख्य स्रोतों में पराली जलाना (मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिमी राज्यों में), खुले में नगरीय ठोस कचरे को जलाना, सड़क की धूल, औद्योगिक प्रदूषण, ताप ऊर्जा संयंत्र, वाहनों का प्रदूषण और निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों से निकला धूल शामिल है। मानसून के बाद और सर्दियों के महीनों के दौरान, कम तापमान, कम मिश्रित ऊंचाई, विपरीत प्रवाह की स्थिति और स्थिर हवाओं के कारण प्रदूषक एक स्थान पर जमा हो जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में अत्यधिक प्रदूषण होता है।

दिल्ली के लिए सीएएक्यूएमएस आकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2016 के बाद से पीएम की वार्षिक सांद्रता में धीरे-धीरे कमी आई है। दिल्ली में पीएम$_{10}$ में 38% और पीएम$_{2.5}$ में 30% की कमी के लक्ष्य को प्राप्त किया गया था। इसी प्रकार, दिल्ली में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2021 में पीएम$_{10}$ में 27% और पीएम$_{2.5}$ में 22% की कमी देखी गई।

एनसीआर सहित दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता की निगरानी और प्रबंधन के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। वायु की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध-I

जनवरी से जून 2022 के दौरान प्रमुख महानगरों के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की विभिन्न श्रेणियों में दिनों की संख्या (छमाही की रिपोर्ट)

कोलकाता - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	16	
संतोषजनक	(51-100)	85	
संतुलित	(101-200)	50	151
खराब	(201-300)	25	
बहुत खराब	(301-400)	1	
गंभीर	(>401)	0	26
दिनों की कुल संख्या		177	

हैदराबाद - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	2	
संतोषजनक	(51-100)	79	
संतुलित	(101-200)	96	177
खराब	(201-300)	0	
बहुत खराब	(301-400)	0	
गंभीर	(>401)	0	0
दिनों की कुल संख्या		177	177

मुंबई - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	5	
संतोषजनक	(51-100)	56	
संतुलित	(101-200)	95	156
खराब	(201-300)	20	
बहुत खराब	(301-400)	1	
गंभीर	(>401)	0	21
दिनों की कुल संख्या		177	177

दिल्ली - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	0	
संतोषजनक	(51-100)	7	
संतुलित	(101-200)	47	54
खराब	(201-300)	105	
बहुत खराब	(301-400)	21	
गंभीर	(>401)	1	127
दिनों की कुल संख्या		181	181

बेंगलुरु - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	4	
संतोषजनक	(51-100)	141	
संतुलित	(101-200)	32	177
खराब	(201-300)	0	
बहुत खराब	(301-400)	0	
गंभीर	(>401)	0	0
दिनों की कुल संख्या		177	177

चेन्नई - दिनों की संख्या			
श्रेणी		2022	
अच्छा	(0-50)	44	
संतोषजनक	(51-100)	124	
संतुलित	(101-200)	9	177
खराब	(201-300)	0	
बहुत खराब	(301-400)	0	
गंभीर	(>401)	0	0
दिनों की कुल संख्या		177	177

अनुबंध-II

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई कार्रवाई

एनसीआर सहित दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वायु गुणवत्ता की निगरानी और प्रबंधन हेतु विभिन्न कदम उठाए गए हैं। ये इस प्रकार हैं:

1. बेहतर समन्वय अनुसंधान, वायु गुणवत्ता सूचकांक से संबंधित समस्याओं की पहचान और उनके समाधान के लिए तथा उनसे संबंधित या उनके आनुषंगिक मामलों के निपटान के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग अध्यादेश, 2021 (2021 का 4) की धारा 3 की उपधाराएं (1), (2) और (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 13 जुलाई, 2021 के अध्यादेश द्वारा **एनसीआर और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आयोग (सीएक्यूएम)** का गठन किया गया।

2. फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में, मंत्रालय ने निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए मुख्यमंत्री और मुख्य सचिवों सहित प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकार के विभागों के साथ 12 से अधिक बैठकें बुलाई हैं:

    - आगामी शीत ऋतु में वायु प्रदूषण के कारण से निपटने के लिए तैयारियों का आकलन करना
    - बिजली संयंत्रों, चारे और अन्य पर्यावरण के अनुकूल संसाधनों के रूप में पराली के उपयोग का पता लगाना
    - सिद्ध प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए पराली का स्व-स्थाने जैव-अपघटन के साथ-साथ उस वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित करना।
    - फसल कटाई और बाह्य-स्थाने और स्व-स्थाने पराली की निगरानी और इसके जलने को रोकने के लिए कृषि मंत्रालय में केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना और उसका संचालन।
    - राजस्थान और गुजरात में गैर-बासमती पराली के उपयोग के तरीके और साधनों पर काम करने के लिए टास्क फोर्स का गठन।
    - विद्युत मंत्रालय द्वारा एनसीआर क्षेत्र में ताप विद्युत संयंत्रों की तैयारियों की समीक्षा
    - एनटीपीसी और अन्य संयंत्रों ने कोयला ईंधन के पूरक के रूप में बायोमास पैलेट का उपयोग करना शुरू कर दिया है
    - एनटीपीसी संयंत्रों के लिए बायोमास पैलेट की खरीद और कच्ची सामग्री में 50% धान का भूसा अनिवार्य रूप से शामिल करना।
    - आग की घटनाओं और वायु गुणवत्ता की मौजूदा स्थिति पर माननीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री और सचिव-पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन द्वारा दैनिक समीक्षा

3. सीएक्यूएम का गठन **जीआरएपी को प्रचालित करने के लिए तथा इस आशय के आवश्यक आदेश जारी करने के लिए एक उप-समिति के रूप में** किया गया, जिसके तहत दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के उपशमन के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं और जीआरएपी के तहत आदेश जारी किए जाते हैं। आज की तारीख (12.07.2022) तक 13 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और 8 आदेश जारी किए जा चुके हैं (आदेशों और कार्यवृत्त की प्रतिं www.cpcb.nic.in/winter-action-2021-22/ पर उपलब्ध है)।

4. वायु गुणवत्ता सूचकांक : माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2015 में वायु गुणवत्ता सूचकांक की शुरूआत की, जिसके परिणामस्वरूप वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु जन जागरूकता तथा कार्रवाइयों में बढ़ात्तरी हुई।

5. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा **एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष** संचालित किया जाता है, जिसमें सांद्रता, निगरानी स्टेशनों के वायु गुणवत्ता आंकड़ों और वायु गुणवत्ता सूचकांक का सीधा प्रसारण, दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान (स्रोत: सफर, आईआईटीएम, पुणे) जैसी विभिन्न सूचनाओं की प्रति घंटे-वार ट्रैकिंग उपलब्ध है। अन्य मापदंडों के साथ एक्यूआई की निगरानी की जाती है और विश्लेषण के बाद एक्यूआई बुलेटिन के रूप में वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। सीएक्यूएम को इसका लिंक दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई पर विचार करने और निर्णय लेने के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

6. परिवेशी वायु गुणवत्ता नेटवर्क : दिल्ली-एनसीआर में परिवेशी वायु गुणवत्ता नेटवर्क को सुदृढ़ किया गया है और वर्तमान में उसमें 143 केन्द्र शामिल हैं (81 सतत और 62 मानव- चालित प्रणालियां)। अब और अधिक क्षेत्र को शामिल किया गया है और बेहतर निरूपक डाटा उपलब्ध है।

राज्य	संस्थापित		
	मानव-चालित	**सीएक्यूएम**	**कुल**
दिल्ली	10	40	50
हरियाणा	23	22	45
उत्तर प्रदेश	20	17	37
राजस्थान	9	2	11
कुल	62	81	143

7. वायु गुणवत्ता के संबंध में पूर्वानुमान : अक्तूबर, 2018 से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के सहयोग से, दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता शीघ्र चेतावनी प्रणाली कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें वायु गुणवत्ता, सक्रिय आग की वास्तविक समय निगरानी और 3-दिवसीय पूर्वानुमान से संबंधित सूचना के साथ-साथ एयरोसोल ऑप्टिकल डेप्थ (एओडी) आदि के माध्यम से वायु गुणवत्ता की उपग्रह-आधारित निगरानी शामिल है।

8. वाहन-जनित उत्सर्जनों को नियंत्रित करने के उपाय:

i. एनसीटी दिल्ली में दिनांक 1 अप्रैल, 2018 से और देश के शेष भागों में 1 अप्रैल, 2020 से बीएस-IV से सीधे बीएस-VI ईंधन मानकों को लागू करना।

ii. एनसीआर में 3000 से अधिक पेट्रोल पंपों पर वेपर रिकवरी प्रणालियां संस्थापित की गई हैं।

iii. दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाणिज्यिक वाहनों से टोल और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रभारों की वसूली हेतु दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा आरएफआईडी (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिटी) प्रणाली कार्यान्वित की गई है।

iv. दिल्ली-एनसीआर में 10 वर्ष पुराने सभी डीजल वाहनों और 15 वर्ष पुराने सभी पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध (माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 29.11.2018 के आदेशानुसार)।

v. अप्रैल, 2020 से, पूरे देश में बीएस-VI ईंधन मानक वाले वाहनों की शुरूआत।

vi. भारी उद्योग विभाग भारत में (हाइब्रिड और) विद्युत वाहनों की शीघ्र शुरूआत और विनिर्माण (फेम-II भारत) स्कीम के तहत ई-वाहनों पर सब्सिडी दी जा रही है।

vii. दिल्ली से गैर-लक्षित यातायात विपथन के लिए पूर्वी और पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे राजमार्गों का प्रचालन।

9. औद्योगिक उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु उपाय :

i. एनसीआर में पेट कोक और फर्नेस ऑयल के उपयोग पर प्रतिबंध के साथ केवल सीमेंट संयंत्रों, चूना भट्टों और कैल्शियम कार्बाइड निर्माण इकाइयों में पेट कोक के प्रतिबंधित उपयोग की अनुमति है।

ii. स्वच्छतर/वैकल्पिक ईंधनों जैसे गैसीय ईंधन (सीएजी, एलपीजी आदि), इथेनॉल मिश्रण की शुरूआत करना।

iii. दिल्ली में औद्योगिक ईकाइयों का पीएनजी अपनाना और एनसीआर में सभी औद्योगिक ईकाइयों का पीएनजी/बायोमास अपनाना और दिल्ली-एनसीआर में लाल श्रेणी के उद्योगों में ओसीईएमएस के संस्थापना का कार्य किया जा रहा है।

iv. ताप विद्युत संयंत्रों के लिए SO_2 और NO_x उत्सर्जन मानकों के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। विभिन्न क्षेत्रों के लिए उद्योग-विशिष्ट उत्सर्जन मानकों को विकसित या संशोधित किया गया है। पर्यावरणीय मानदण्डों के प्रवर्तन तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए एसपीसीबी/पीसीसी द्वारा उद्योगों को लाल/नारंगी/हरे/सफेद श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए मानदण्ड अपनाया गया है।

v. बदरपुर थर्मल प्लांट को बंद करना

vi. ताप विद्युत संयंत्रों में विद्युत उत्पादन के लिए कोयले के साथ 5-10 प्रतिशत बायोमास टुकड़ों का प्रयोग करने और वर्ष 2022 तक परिवहन के लिए प्रयुक्त ईंधनों में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का प्रयोग करने जैसी नीतियों को बढ़ावा देना।

vii. विभिन्न क्षेत्रों में कम कार्बन उपयोग की कार्य-नीतियों को विकसित करना, जैसे कोयला आधारित पुराने विद्युत संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करना, मानकों का अनुपालन, शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क, शहरी क्षेत्रों में निर्बाध रूप से विद्युत की आपूर्ति में सुधार पर जोर देना आदि।

viii. दिल्ली और एनसीआर में सभी कार्यरत ईंट-भट्टों को जिग-जैग तकनीक में परिवर्तित करना।

10. निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट, ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, बायोमेडिकल अपशिष्ट और खतरनाक अपशिष्ट से उत्सर्जन के नियंत्रण के उपाय :

क. सीपीसीबी ने निम्नलिखित पर दिशा-निर्देश जारी किए :

- मार्च, 2017 में निर्माण और विध्वंस (सी एंड डी) अपशिष्ट का पर्यावरणीय प्रबंधन
- नवंबर, 2017 में 'निर्माण सामग्री और निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट के हथालन में धूल उपशमन उपायों के संबंध में दिशानिर्देश।
- खुले में लगी आग और खत्ता स्थल की आग की समस्या के समाधान के लिए जैव-खनन और जैव-उपचार द्वारा पुराने अपशिष्ट का निपटान
- 20,000 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्र वाली दिल्ली-एनसीआर में सभी निर्माण परियोजनाओं में बड़े निर्माण परियोजनाओं के स्थलों पर एंटी-स्मॉग गन स्थापित करना

i. भलस्वा, ओखला और गाजीपुर में तीन डंपसाइटों का जैव-खनन किया जा रहा है और प्रगति पर है।

ii. प्लास्टिक और ई-अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर)।

iii. 1 जुलाई, 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध ।

11. पटाखों से उत्पन्न उत्सर्जनों के नियंत्रण के उपाय : कम उत्सर्जनों और कम ध्वनि उत्पन्न करने वाले हरित पटाखों की शुरूआत। हरित पटाखों में पारंपरिक पटाखों की तुलना में विविक्त कण (पीएम) और गैसीय उत्सर्जनों में 30% कमी लाने की क्षमता होती है।

12. पराली जलाने से उत्पन्न उत्सर्जनों के नियंत्रण के उपाय :

क. 'पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश राज्यों और एनसीटी दिल्ली में फसल अवशेष के स्व-स्थाने प्रबंधन हेतु कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा' संबंधी केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीम के तहत, वैयक्तिक किसानों को 50% सब्सिडी तथा कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना हेतु 80% सब्सिडी देकर फसल अवशेष के स्व-स्थाने प्रबंधन के लिए कृषि मशीनों एवं उपकरणों को बढ़ावा दिया जाता है।

ख. केन्द्र सरकार द्वारा 'पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश राज्यों तथा एनसीटी दिल्ली में फसल अवशेष के स्व-स्थाने प्रबंधन हेतु कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा' नामक स्कीम की शुरूआत की गई है।

ग. संपीड़ित बायो-गैस (सीबीजी) उत्पादन संयंत्र स्थापित करने तथा वाहन ईंधनों में प्रयोग हेतु सीबीजी, को बाजार में उपलब्ध कराने हेतु एक पहल के रूप में वहनीय परिवहन के लिए संधारणीय विकल्प (एसएटीएटी) की शुरूआत की गई है।

13. राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम :

i. पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार 10 जनवरी, 2019 से एक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को भारत में शहरी और क्षेत्रीय स्तर पर वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए कार्रवाइयों की रूपरेखा तैयार करके राष्ट्रीय स्तर की कार्यनीति के रूप में लागू कर रही है।

ii. एनसीएपी में देश भर में वर्ष 2024 तक (आधार वर्ष 2019) तक विविक्त कणों की सांद्रता में 20 से 30% की कमी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। एनसीएपी के तहत, जो शहर लगातर 5 वर्षों से राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) से अधिक हैं, उन्हें सीपीसीबी द्वारा मानकों का अनुपालन न करने वाले शहरों के रूप में अभिज्ञात किया जाता है।

iii. इन शहरों की गतिविधियों में परिवेशी वायु गुणवत्ता नेटवर्क को मजबूत करना, स्रोत विभाजन अध्ययन, धूल उपशमन उपकरण, कंपोस्टिंग इकाइयों, गैर-मोटर चालित परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा, असंगठित क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा का अंतरण आदि शामिल हैं।

iv. एनसीएपी विद्युत संयंत्रों, उद्योगों, वाहनों, अपशिष्ट को खुले में जलाने, निर्माण और विध्वंस गतिविधियों आदि सहित प्रदूषण के बहु-क्षेत्रीय स्रोतों; इत्यादि कार्रवाइयों और हस्तक्षेपों के अभिसरण के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय; और नॉलेज पार्टनर के रूप में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ साझेदारी पर केन्द्रित है।

v. एनसीएपी को लक्षित 132 शहरों में लागू किया गया है, एनसीएपी और 15वें वित्त आयोग के तहत शामिल शहर मुख्य रूप से देश भर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए केन्द्रित हैं।

vi. केन्द्र, राज्य और शहरी स्तर पर लक्ष्य केन्द्रित शहरों की निगरानी करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है अर्थात् माननीय मंत्री ईएफसीसी की अध्यक्षता में शीर्ष समिति, सचिव एमओईएफसीसी की अध्यक्षता में संचालन समिति, संयुक्त सचिव (सीपी, एमओईएफ एंड सीसी) की अध्यक्षता में एक निगरानी समिति और अध्यक्ष (सीपीसीबी) के तहत कार्यान्वयन समिति।

vii. एनसीएपी शहरों के साथ सीपीसीबी, एसपीसीबी और यूएलबी के बीच 81 एमओयू और 15वें वित्त आयोग के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राज्य सरकार और शहरी स्थानीय निकायों के बीच 42 एमपीसी पर हस्ताक्षर किए गए।

viii. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्यों में हितधारकों के संवेदीकरण ज्ञान साझाकरण और क्षमता निर्माण के लिए दिल्ली-एनसीआर के वायु गुणवत्ता के मुद्दों पर 'स्वच्छ वायु की दिशा में संवाद' विषय पर दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र को शामिल करते हुए गुरूग्राम, हरियाणा में 7 मार्च और 8 मार्च, 2022 को क्षेत्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस प्रकार की 3 कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं।

ix. श्री भूपेन्द्र यादव, माननीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री जी की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय अभिकरणों के साथ एनसीएपी के सुदृढ़ीकरण के लिए एक परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन 20 जून, 2022 को किया गया था।

14. व्यापक कार्य योजना (सीएपी) - दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएपी, वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कार्रवाई बिंदु अभिज्ञात समय-सीमा के साथ विकसित किए गए हैं और कार्यान्वित किए जा रहे हैं और अब सीएक्यूएम के दायरे में है।

15. अन्य कार्रवाइयां

क. धूल रोधी यंत्र (डस्ट संप्रेसेंट) के अनुप्रयोग का पता लगाया गया है और उच्च उत्सर्जन वाले क्षेत्रों में इस धूल रोधी यंत्र का उपयोग करने के लिए एसपीसीबी को परामर्शिका जारी की गई है।

ख. सीपीसबी द्वारा आईआईटी, एनईईआरआई आदि जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) निधि के तहत अनुसंधान परियोजनाएं चलाई जा रही हैं जो दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार की दिशा में केन्द्रित कार्रवाई करने के लिए वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करती हैं।

ग. दिल्ली-एनसीआर के शहरों में 2017 से सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न संबंधित एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई के मूल्यांकन के लिए और कड़ी सर्तकता के लिए क्षेत्र में सीपीसीबी की टीमों की तैनाती।

घ. उपशमन उपायों के आकलन और वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली एनसीआर के लिए श्रेणीकृत कार्य योजना के संबंध में सरकारी निकायों, सार्वजनिक अभिकरणों, शहरी स्थानीय निकायों की उप-समिति के साथ विचार-विमर्श।

ङ. दिल्ली - एनसीआर (नोएडा, गुरूग्राम, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद) में वायु प्रदूषण के मुद्दों के बारे में सार्वजनिक शिकायतें 'समीर ऐप' और सोशल मीडिया नेटवर्क (फेसबुक और ट्वीटर आदि) के माध्यम से प्राप्त की जाती हैं और इन शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को भेजा जा रहा है।

16. स्वच्छतर ईंधन की ओर परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए उज्ज्वला योजना का विस्तार।

17. स्वच्छ भारत मिशन और अपशिष्ट प्रबंधन पहलें।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1316
28.07.2022 को उत्तर के लिए

नए वन संरक्षण नियम, 2022

1316. श्री जवाहर सरकार :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा नए वन संरक्षण नियम, 2022 के तहत उद्योगों को वनवासियों से परामर्श करने से पहले ही पेड़ों को काटने और वन क्षेत्रों को साफ करने की अनुमति देने का क्या कारण है; और

(ख) क्या नए नियम सरकार को छूट दे रहे हैं और संबंधित राज्य सरकारों को बाद में आदिवासी और अन्य वनवासी समुदायों से सहमति प्राप्त करने के लिए बाध्य कर रहे हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अनुसार, वन (संरक्षण), अधिनियम 1980 के तहत केंद्र सरकार का अनुमोदन केंद्र सरकार की पूर्वानुमोदन प्रक्रिया है जिसका सीधा संबंध गैर-वानिकी उपयोग या वन भूमि के विखंडन से नहीं है। वन भूमि के अपवर्तन के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया राज्य सरकार या संघ राज्य सरकार द्वारा अंतिम आदेश जारी करने के बाद समाप्त होती है, जो अभीष्ट उद्देश्य के लिए वन भूमि के उपयोग को अधिकृत करती है और भूमि को उपयोगकर्ता एजेंसी को सौंप देती है।

नियम 9 के उप नियम 6 के उप खंड बी (ii) के तहत वन (संरक्षण) नियम, 2022 के प्रावधानों में उल्लेख है कि "*राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, जैसा भी मामला हो, 'अधिनियम की धारा 2 के तहत केंद्र सरकार का 'अंतिम' अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् और सभी अधिनियमों और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों को पूरा करने और अनुपालन के बाद, अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 की संख्या 2) के तहत अधिकारों का निर्धारण सुनिश्चित करने सहित यथा लागू, अपवर्तन, पट्टे या अनारक्षण के लिए आदेश जारी करेगा, जैसा भी मामला हो*" *का* यह आशय है कि वन (संरक्षण) नियम, 2022 सभी अधिनियमों और नियमों के प्रावधानों के अनुपालन पर जोर देते हैं।

वन (संरक्षण) नियम, 2022 को केवल वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों को कार्यान्वित करने के लिए प्रवर्तित किया गया है। अधिनियम में परिकल्पित प्रक्रिया और उसके तहत बनाए गए नियम अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं के साथ समानांतर प्रक्रिया है। ये नियम वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, वन अधिकार अधिनियम, 2006, आदि जैसे अन्य कानूनों में परिकल्पित प्रक्रियाओं के प्रारंभ को बाधित नहीं करते हैं। अन्य सांविधिक कानूनों में परिकल्पित प्रावधान संबंधित नोडल कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा एक साथ निष्पादित किए जा सकते हैं। राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र इस तरह के क़ानूनों का अनुपालन बिल्कुल प्रारंभिक या अन्य किसी स्तर पर सुनिश्चित कर

सकते हैं क्योंकि वन (संरक्षण) नियम, 2022 के प्रावधान प्राधिकरणों को ऐसा करने से नहीं रोकते हैं लेकिन किसी भी मामले में, यह प्रयोक्ता एजेंसी को वन भूमि सौंपने से पहले किया जाना चाहिए।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1317
28.07.2022 को उत्तर के लिए

राजस्थान को हरित भारत अभियान हेतु धनराशि

1317. डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान 'हरित भारत अभियान' के अंतर्गत राजस्थान के दौसा, अलवर, सवाई माधोपुर एवं करौली जिलों में कराए गए कार्यों का लागत-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन एजेंसियों अथवा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ), जिसके माध्यम से उक्त कार्य कराये गए हैं, का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त अभियान के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण उपस्कर प्रदान किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो उक्त अभियान के अंतर्गत राजस्थान के दौसा, अलवर, सवाई माधोपुर एवं करौली जिलों में ऐसे बेरोजगार युवाओं, जिनको प्रशिक्षण उपस्कर प्रदान किए, का ब्यौरा क्या है और उनकी लागत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (घ) राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत संचालित आठ मिशनों में एक है। इसका उद्देश्य भारत के वनावरण की सुरक्षा करना, उसे बहाल करना और उसे संवर्धित करना तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं का समाधान करना है। मंत्रालय को हरित भारत मिशन के तहत राजस्थान सरकार से कोई योजना प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि, सहयोगी घटक के रूप में, जीआईएम के तहत कार्यान्वयन करने वाले राज्यों में स्थानीय समुदायों के लिए चूड़ी बनाने, डेयरी फार्मिंग, वर्मी कम्पोस्टिंग, बुनाई, सिलाई, मुर्गी पालन उद्योग इत्यादि जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1318
28.07.2022 को उत्तर के लिए

पेड़ों की कटाई से पर्यावरण का विनाश

1318. श्री विवेक के. तन्खा :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन क्षेत्रों में वृक्षारोपण और इसकी देखभाल के लिए कोई कदम उठाए हैं जहां विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए पेड़ काटे गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की पेड़ों को काटने की बजाय उनकी जड़ों सहित दूसरे स्थान पर ले जाने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) 2017 के बाद से सरकार द्वारा कितने पौधे लगाए गए हैं और उनमें से कितने अभी भी जीवित है; उनका वर्ष-वार और राज्य-वार आंकड़ा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) विकास परियोजनाओं के लिए वन भूमि के अपवर्तन के कारण वन और वृक्षों के आवरण, पारिस्थितिक सेवाओं और जलीय क्षेत्र (हाइड्रोलॉजिकल रिजीम) को हुए नुकसान की प्रतिपूर्ति के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न गतिविधियों में प्रतिपूरक वनीकरण, कृत्रिम पुनर्जनन (वृक्षारोपण), सहायता प्राप्त प्राकृतिक पुनर्जनन, मृदा और नमी संरक्षण कार्य, जलग्रहण क्षेत्र उपचार, दावानल नियंत्रण, वन और वन्यजीवों की सुरक्षा आदि शामिल हैं। प्रतिपूरक वनीकरण योजना संबंधित वन विभाग द्वारा स्थल विशिष्ट की आवश्यकताओं के आधार पर तैयार की जाती है, जो वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत वन भूमि के अपवर्तन के लिए एक आवश्यक शर्त है।

पेड़ों को उनकी जड़ों सहित दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। प्रतिपूरक वनीकरण, केंद्र सरकार द्वारा वन भूमि के अपवर्तन के लिए अनुमोदन के समय पहले से ही चिन्हित स्थलों पर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा की गई निधि से किया जाता है। प्रतिपूरक वनीकरण के तहत वृक्षारोपण के लिए ली गई वृक्ष प्रजातियां ज्यादातर स्थानीय प्रजातियां हैं जो वृक्षारोपण स्थल और मृदीय स्थितियों के लिए उपयुक्त हैं। प्रतिपूरक वनीकरण 10 वर्षों तक पोषित किया जाता है। प्रतिपूरक वनरोपण के तहत वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा लगाए गए पौधों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या, जीवित बचे पौधों की संख्या के साथ जीवित बचे पौधों की संख्या के प्रतिशत का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

'पेड़ों की कटाई से पर्यावरण का विनाश' के संबंध में श्री विवेक के. तन्खा द्वारा दिनांक 28.07.2022 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1318 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

केवल प्रतिपूरक वनीकरण के तहत राज्यवार वृक्षारोपण और संबंधित राज्य काम्पा द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार अभी भी जीवित पौधों की संख्या।

(पौधों की संख्या लाख में)

	वर्ष	**2017-18**			**2018-2019**			**2019-2020**			**2020-2021**		
क्रं. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**लगाए गए पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या का प्रतिशत**	**लगाए गए पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या का प्रतिशत**	**लगाए गए पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या का प्रतिशत**	**लगाए गए पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या**	**जीवित पौधों की संख्या का प्रतिशत**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.006	0.005	90	0.006	0.0051	84	0.0044	0.0043	98	0.11	0.083	79
2	आंध्र प्रदेश	5.10	4.08	80.00	19.97	17.17	86	9.92	8.73	88	4.83	4.35	90
3	अरुणाचल प्रदेश	29.62	20.44	69.00	9.87	5.92	60	4.62	3	65	0	0	0
4	असम	0.00	0.00	0.00	9.35	5.61	60	22.02	16.51	75	0.78	0.67	86
5	बिहार	5.88	5.38	91.00	21.32	19.83	93	5.02	4.86	97	24.21	24.21	100
6	चंडीगढ़	0.10	0.09	92.00	0.09	0.08	91	0.11	0.1	91	0.14	0.13	93.77
7	छत्तीसगढ	8.25	6.41	78.00	45.43	36.79	81	14.78	13.63	92	31.74	30.47	96.01
8	दिल्ली	0.00	0.00	0.00	0	0	0	0	0	0	0.55	0	0
9	गोवा	0.00	0.00	0.00	0.25	0.21	85	0.74	0.67	90	2	1.8	90
10	गुजरात	9.41	6.78	72.00	8.29	5.97	72	21.36	18.15	85	11.33	10.2	90
11	हरियाणा	5.57	4.67	84.00	11.22	8.51	76	2.94	2.04	70	12.4	*	-
12	हिमाचल प्रदेश	22.06	11.47	52.00	10.48	6.39	61	11.15	8.02	72	11.8	9.68	82
13	जम्मू और कश्मीर	15.39	7.54	49.00	6.12	3.12	51	10.94	6.56	60	14.47	8.68	60
14	झारखंड	55.20	47.47	86.00	30.99	29.5	95	45.01	44.11	98	44.87	44.42	99
15	कर्नाटक	22.96	20.66	90.00	3.5	1.92	55	9.53	6.04	63	2.7	2.7	100
16	केरल	0.00	0.00	0.00	1.45	1.16	80	0	0	0	0.23	0.18	78
17	मध्यप्रदेश	121.04	97.70	81.00	48.97	40.68	83	114.71	93.83	82	94.4	87.33	92.51
18	महाराष्ट्र	19.02	11.66	61.00	17.81	12.95	73	31.37	25.5	81	6.53	5.84	89.47
19	मणिपुर	59.97	45.81	76.40	3.58	2.77	77.42	0	0	0	10.67	8.76	82.12
20	मेघालय	0.00	0.00	0.00	2.4	1.68	70	0.05	0.04	75	0.28	0.2	71
21	मिजोरम	0.00	0.00	0.00	3.87	3.17	82	0	0	0	13.6	11.01	81
22	ओडिशा	8.40	5.71	68.00	0	0	0	18.65	13.43	72	19.51	15.99	81.93
23	पंजाब	10.25	8.40	82.00	11.84	9.72	82	13.11	11.14	85	3.12	2.81	90
24	राजस्थान	30.32	20.83	69.00	16.24	11.79	73	18.5	14.59	78	17.06	14.12	82.8
25	सिक्किम	3.74	2.57	68.00	1.39	0.98	70	1.89	1.23	65	1.17	0.82	70.57
26	तमिलनाडु	0.13	0.12	89.00	0.26	0.24	92	0.01	0.01	96	0	0	0
27	तेलंगाना	5.47	4.27	78.00	21.12	17.9	85	42.03	35.84	85	41.03	35.82	87.31
28	त्रिपुरा	6.36	4.00	63.00	1.4	0.87	62	5.38	4.13	77	2.03	1.52	75
29	उत्तर प्रदेश	26.50	22.26	84.00	15	12.9	86	10.25	9.32	91	13.18	12.65	96
30	उत्तराखंड	55.59	25.42	45.41	43.44	20.17	46.45	51.55	-	-	28.57	-	-
31	पश्चिम बंगाल	1.69	1.27	75.00	5.03	4.04	80.39	2.44	1.37	56	2.66	2.51	94.26
	कुल	**528.03**	**385.02**	**72.91**	**370.69**	**282.05**	**76.08**	**468.17**	**342.85**	**73.23**	**415.97**	**336.95**	**77.18**

*****

प्र.सं.1319 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1320

28.07.2022 को उत्तर के लिए

पराली जलाने को कम करने के लिए पंजाब द्वारा प्रस्तुत की गई योजना

1320. श्री प्रकाश जावडेकर :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को पराली जलाने, जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में भारी प्रदूषण होता है, को कम करने के लिए क्या योजना प्रस्तुत की गई है; और

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): पंजाब राज्य सरकार ने पंजाब राज्य में वर्ष 2022 में धान कटाई संबंधी पराली को जलाने पर नियंत्रण के लिए एक राज्य विशिष्ट कार्य योजना प्रस्तुत की है।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान की राज्य सरकारों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को दिनांक 10.06.2021 को निम्नलिखित छह घटकों अर्थात स्व-स्थाने फसल अवशिष्ट प्रबंधन, बाह्य-स्थाने फसल अवशिष्ट प्रबंधन, पराली/फसल अवशिष्ट जलाने पर निषेध, प्रभावी निगरानी/प्रवर्तन, धान के भूसे के सृजन को कम करने के लिए योजनाएं/स्कीमों और कार्य योजना के लिए आईईसी गतिविधियों के आधार पर राज्य विशिष्ट विस्तृत और निगरानी योग्य कार्य योजनाएं तैयार करने और प्रस्तुत करने संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए थे। तदनुसार, पंजाब राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा प्रदान किए गए उपरोक्त ढांचे के आधार पर पराली जलाने के उन्मूलन के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की है।

यह कार्य योजना फसल विविधीकरण, धान अवशिष्ट के स्व-स्थाने के साथ-साथ बाह्य-स्थाने प्रबंधन, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार, एनजीटी के आदेशों के अनुसार प्रवर्तन और विनियमन आदि के लिए विभिन्न हितधारक विभागों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को प्रस्तुत करती है।

इस योजना में विभिन्न गुणात्मक और मात्रात्मक मापदंडों और उनमें से प्रत्येक से सम्बद्ध संबंधित लक्ष्यों के साथ-साथ कार्यान्वयन की समय सीमा का भी उल्लेख है।

फसल अवशिष्ट प्रबंधन योजना के लागू होने पर, अगले 3 वर्षों में निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करने की उम्मीद है:

क्रं.सं	**कार्यनीति**	**धान के भूसा में संचयी कमी (मिलियन टन)**			
		2020-21	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
1.	फसल विविधीकरण	2.57	3.57	4.57	5.22
2.	स्व-स्थाने प्रबंधन	6.45	8.13	9.44	10.70
3.	बाह्य-स्थाने प्रबंधन	0.920	1.217	1.514	4.669
4.	**कुल**	**9.940**	**12.917**	**15.524**	**20.589**

*****

प्र.सं.1321 प्रश्न रद्द किया गया

मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1322

28.07.2022 को उत्तर के लिए

राजस्थान में बघेरों का शिकार

1322. श्री राजेन्द्र गहलोत:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान राज्य में शिकारियों द्वारा बघेरों के शिकार की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इनके शिकार को रोकने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं और क्या राज्य सरकार को इस संबंध में निर्देशित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 या अन्य कानूनों के तहत इन शिकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) राजस्थान सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान राज्य में बघेरों के शिकार की घटनाओं में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर कोई प्रश्न नहीं उठता है।

*****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1323
28.07.2022 को उत्तर के लिए

सुरक्षित (बफर) जोन की घोषणा के लिए स्थानीय लोगों से परामर्श किया जाना

1323. श्री के.सी. वेणुगोपाल:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विभिन्न वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास सुरक्षित (बफर) जोन चिन्हित करने के संबंध में स्थानीय निवासियों की चिंताओं को ध्यान में रखा है; और
(ख) सरकार द्वारा स्थानीय समुदायों की चिंताओं को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएंगे?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (ईएसजेड) की अधिसूचना के लिए बनाई गई प्रक्रिया के अनुसार, ईएसजेड को अंतिम रूप दिए जाने के लिए राज्य सरकारों से प्राप्त मसौदा प्रस्तावों की प्रकाशन से पूर्व मंत्रालय में जांच की जाती है। मसौदा अधिसूचना पर स्थानीय लोगों से प्राप्त दावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम अधिसूचना को प्रकाशित किया जाता है।

*****

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1324

28.07.2022 को उत्तर के लिए

सोन चिरैया की घटती संख्या को बढ़ाना

1324. श्री के.सी वेणुगोपाल:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में, विशेष रूप से राजस्थान राज्य में सोन चिरैया की घटती संख्या को बढ़ाने की कोई योजना है;

(ख) राजस्थान राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर, राजस्थान में गोडावण के यथास्थान संरक्षण के संबंध में प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस प्रस्ताव को कब तक स्वीकार कर लिया जाएगा और परियोजना के कार्यान्वयन के लिए निधि कब तक जारी कर दी जाएगी?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) मंत्रालय ने राजस्थान राज्य सहित देश में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण और सुरक्षा के अनेक कदम उठाए हैं। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के लिए किए गए कुछ उपाय निम्नलिखित है:

i. केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) - वन्यजीव पर्यावास का विकास के 'प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम घटक के तहत संरक्षण प्रयासों के लिए प्रजातियों को अभिज्ञात किया गया है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और इसके पर्यावासों को बेहतर संरक्षण प्रदान करने के लिए योजना के तहत राज्य/संघ शासित सरकारों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

ii. मंत्रालय ने राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के वन विभागों के सहयोग तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून की तकनीकी सहायता से ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के प्रजनन संरक्षण के लिए पहलें की हैं। मंत्रालय ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के पर्यावास सुधार और प्रजनन संरक्षण- एक समग्र दृष्टिकोण' नामक कार्यक्रम के लिए सात वर्षों की अवधि के लिए 33.85 करोड़ रूपये के व्यय को मंजूरी दी हे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की बंदी संख्या को बढ़ाना और

उनकी संख्या को बढ़ाने के लिए चूजों को वनों में छोड़ने तथा प्रजातियों के स्व-स्थाने संरक्षण को बढ़ावा देना है।

iii. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के पर्यावास सुधार तथा प्रजनन संरक्षण- एक समग्र दृष्टिकोण' नामक परियोजना के तहत राजस्थान एवं गुजरात के राज्य वन विभागों, भारतीय वन्यजीव संस्थान और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के परामर्श से राजस्थान के बांरा तथा जैसलमेर जिलों में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और लेसर फ्लोरिकन बर्ड के लिए प्रजनन संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए स्थलों का चयन किया गया हे। वर्तमान में, राजस्थान के सम, जैसलमेर में बंदी पक्षियों के लिए इन्क्यूबेटर, हैचर, चूजों का पालन पोषण और आवास सहित उपग्रह प्रजनन संरक्षण सुविधा की स्थापना की गई है। इस प्रजनन संरक्षण सुविधा में जंगल से एकत्रित किए गए अंडों से कृत्रिम रूप से सेने के बाद उत्पन्न हुए कुल बीस जीआईबी चूजों का पालन पोषण किया जा रहा है।

iv. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के महत्वपूर्ण पर्यावासों को उनके बेहतर संरक्षण के लिए राष्ट्रीय उद्यानों/अभयारण्यों के रूप में नामित किया गया है।

v. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, **1972** की अनुसूची-। में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को सूचीबद्ध किया है जिसके फलस्वरूप इसको शिकार से कानूनी सुरक्षा के लिए उच्चतम स्तर पर दिया गया है।

(ख) और (ग) मंत्रालय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड सहित वन्यजीवों के संरक्षण के लिए वन्यजीव पर्यावासों के विकास की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के स्व-स्थाने संरक्षण के लिए राजस्थान सरकार से मंत्रालय को एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। मंत्रालय ने राजस्थान सरकार को संसूचित किया है कि प्रस्ताव राज्य वन्यजीव बोर्ड द्वारा अनुमोदित होना चाहिए और वित्तीय सहायता के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

*****

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1325

28.07.2022 को उत्तर के लिए

एक किलोमीटर के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र से संबंधित सुरक्षित (बफर) जोन का मामला

1325. श्रीमती जेबी माथेर हीशम:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सभी संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास एक किलोमीटर के पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र से संबंधित सुरक्षित (बफर) जोन के मामले को हल करने के लिए कानून लाएगी; और

(ख) क्या सरकार प्रभावित राज्यों की सर्वदलीय बैठक बुलाने की इच्छुक है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख) मंत्रालय ने अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की अधिसूचना के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की घोषणा के लिए मसौदा प्रस्तावों को राज्य सरकारों द्वारा मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाता है। अधिसूचना के प्रकाशन से पूर्व मंत्रालय में प्रस्तावों की जांच की जाती है। मसौदा अधिसूचना पर स्थानीय लोगों से प्राप्त दावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अंतिम अधिसूचना को प्रकाशित किया जाता है।

****

मूल हिन्दी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1326
28.07.2022 को उत्तर के लिए

पारितंत्र पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

1326. श्री दीपक प्रकाश :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत दो वर्षों के दौरान देश में कृषि सहित विभिन्न पारितंत्रों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या इस जलवायु परिवर्तन के कारण झारखंड राज्य पर भी कोई प्रभाव पड़ा है; और

(ग) क्या सरकार ने अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय करके जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से निपटने के लिए कोई योजना तैयार की है और ऐसी कार्य योजना की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) और (ख): जलवायु परिवर्तन से देश के विविध पारिस्थितिक तंत्रों को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करने की आशंका रहती है। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन संबंधी फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) को प्रस्तुत की गई भारत की तीसरी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (2021) के अनुसार, वनों और जैवविविधता पर अध्ययन से संकेत मिलते हैं कि देश में कई प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र मौजूदा और भविष्य में होने वाले जलवायु परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मॉडलिंग अध्ययन यह भी दर्शाते हैं कि अल्पकालिक (2030) और दीर्घकालिक (2020) अवधि में विभिन्न उत्सर्जन परिदृश्यों के तहत अनुमानित जलवायु परिवर्तन से 18% से 28% तक वन क्षेत्रों के प्रभावित होने की आशंका है। केन्द्रीय भारतीय वनों में मुख्य वृक्ष प्रजातियां, टीक (टेक्टोना ग्रांडिस) और साल (शोरिया रोबॉस्टा), वर्षा की तुलना में तापमान में बदलाव के प्रति अधिक संवेदनशील होंगे, जिनमें साल के वृक्ष न्यूनतम तापमान और टीक अधिकतम तापमान में बदलाव के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। अध्ययन यह भी दर्शाते है कि भारतीय वनों में अभी भी कार्बन को पृथक करने की अधिक संभावनाएं हैं। पश्चिमी घाटों में किए गए अध्ययनों के अनुसार, देश के प्रमुख वन प्रकार, अर्थात् उष्णकटिबंधीय शुष्क वन में, कार्बन को संग्रहीत करने और जलवायु संबंधी आपदाएं जैसे कि सूखा और आग की स्थिति में विविधता बनाए रखने के लिए काफी प्रभावकारी है, हालांकि वृक्ष प्रजातियों की संरचना में परिवर्तन होने की उम्मीद है। अध्ययन विदेशी और देशी लकड़ी के पौधों द्वारा हमलों के जोखिम के साथ जलवायु परिवर्तन के लिए देश के प्राकृतिक घास के मैदानों की संवेदनशीलता को भी सामने लाए हैं। पहले से ही इस बात के संकेत है कि हिमालय जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में जड़ी-बूटी और काष्ठीय दोनों तरह के पौधे अधिक ऊंचाई की ओर बढ़ रहे हैं।

कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के संबंध में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर ने राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि नवाचार (निक्रा) परियोजना के तहत कृषि क्षेत्र पर प्रभाव विश्लेषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का आकलन किया है। चावल, गेहूं, मक्का, मूंगफली, चना और आडू सहित विभिन्न फसलों के उत्पादन के लिए जलवायु परिवर्तन के परिवर्तनशील प्रभाव का अनुमान लगाया गया है। एनआईसीआरए के तहत, विभिन्न फसलों की नई जलवायु -अनुकूल किस्मों को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है; जिसमें गर्मी और सूखा अनुकूल गेहूं, बाढ़ अनुकूल चावल, सूखा अनुकूल दालें और जल जमाव और उच्च तापमान अनुकूल टमाटर शामिल हैं।

एनआईसीआरए परियोजना के भाग के रूप में, अनुकूलन और विकास पहलों की प्राथमिकता और लक्ष्यीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक जिला स्तरीय अरक्षितता मूल्यांकन किया गया था। इस परियोजना में झारखंड सहित सभी राज्यों के लिए भारतीय कृषि का जोखिम और भेद्यता मूल्यांकन किया गया था। झारखंड के 18 ग्रामीण जिलों के लिए विश्लेषण किया गया था और परिणामों से संकेत मिलता है कि 5 जिलों जैसे गढ़वा, गोड्डा, गुमला, पाकुड़ साहिबगंज और पश्चिम सिंहभूमि को उच्च जोखिम संभावित वाले जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

(ग) जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है जिसके लिए सामूहिक कार्रवाई अपेक्षित है। भारत यूएनएफसीसीसी, इसके क्योटो प्रोटोकॉल (केपी) और पेरिस समझौता (पीए) का पक्षकार है। इन संधियों के तहत वर्तमान प्रावधानों के अनुसार भारत कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह से रोकने के लिए बाध्य नही है। यूएनएफसीसीसी ने नोट किया है कि भारत सहित विकासशील देशों में उत्पन्न उत्सर्जन उनकी सामाजिक और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए बढ़ेगा। यूएनएफसीसी के अनुसार, सभी देशों के जलवायु संबंधी कार्य समानता और सामान्य लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों और संबधित क्षमताओं के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए। इस आधार पर, सभी देशों को वैश्विक कार्बन बजट के अपने उचित भाग को और जिम्मेदारी से उपयोग करने का अधिकार है। विश्व के 17% से अधिक जनसंख्या वाले भारत ने वर्ष 1850 और वर्ष 2019 के बीच वैश्विक संचयी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से आर्थिक विकास को उत्तरोत्तर जारी रखा है। अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में निम्न-कार्बन, सतत विकास की दृष्टि से उपशमन के प्रयास किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप, भारत ने वर्ष 2005 और वर्ष 2016 के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता में 24% की कमी हासिल की है।

यूएनएफसीसीसी के पक्षकार के रूप में, भारत आवधिक रूप से अपनी राष्ट्रीय संसूचना (एनसी) और द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर) यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत करता है। भारत सरकार, राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) को कार्यान्वित कर रही है जो उपशमन और अनुकूलन सहित जलवायु संबंधी कार्यकलापों के लिए सर्वव्यापक नीतिगत ढ़ांचा उपलब्ध कराती है, एनएपीसीसी में सौर ऊर्जा, संवर्धित ऊर्जा दक्षता, संधारणीय पर्यावास, जल, संधारणीय हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र, हरित भारत, संधारणीय कृषि और जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यनीतिक जानकारी के विशिष्ट क्षेत्रों में आठ मुख्य मिशन शामिल हैं। 33 राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों ने एनएपीसीसी के उद्देश्यों के अनुरूप राज्य जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना (एसएपीसीसी) तैयार की है।

******

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1327
28.07.2022 को उत्तर के लिए

बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में वृद्धि

1327. श्री विजय पाल सिंह तोमर :
श्री हरनाथ सिंह यादव :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जलवायु परिवर्तन के कारण देश के कई हिस्सों में बाढ़/बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) : भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बादल फटने की घटनाएं अल्पकालिक होती है और अत्यधिक स्थानिक होती हैं। विश्वभर में बादल फटने की घटनाओं का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सका। इसके अलावा, बादल फटने की घटनाओं के बारे मे जानकारी काफी कम है। जब लगभग 20-30 वर्ग किमी. के भौगोलिक क्षेत्र में 10 सेंटीमीटर/घंटा या उससे अधिक की दर से वर्षा होती है, आईएमडी इसे बादल फटना मानते हैं। हालांकि, ऐसे अन्य अध्ययन है जहां बादल फटने की परिभाषा के लिए विभिन्न मानदंड माने जाते हैं। संबंधित प्रमाण यह बताते है कि हाल के वर्षों में भारी वर्षा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है।

भारत में ऐसा कोई प्रमाणित अध्ययन उपलब्ध नहीं है, जो जलवायु परिवर्तन के लिए ऐसे निर्धारित कारणों का उल्लेख करता हो जिससे बाढ़/बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हों। अनेक अध्ययन बाढ़, बादल फटना, सूखा और लू का उल्लेख करते हैं। हालांकि इन परिवर्तनों के लिए विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराने का विज्ञान कही अधिक जटिल है और वर्तमान में एक उभरता विषय है। अभी तक के अधिकतर विषय जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के गणितीय प्रक्रियाओं पर निर्भर थे परंतु उन्हें आनुभविक रूप से सत्यापित किया जाना शेष है।

बाढ़ की घटनाओं को विभिन्न कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जिसमें सामान्य पैटर्न से बार-बार परिवर्तन सहित समय और स्थान दोनों में वर्षा में व्यापक बदलाव, नदियों की अपर्याप्त वहन क्षमता, नदी तटों का क्षरण और नदी-तल की गाद, भूस्खलन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खराब प्राकृतिक जल निकास, हिमपात और हिमनद का आवेग शामिल है।

(ख) और (ग): जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक की समस्या है जिसके लिए सामूहिक कार्रवाई अपेक्षित है। विश्व की जनसंख्या के 17 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले भारत ने वर्ष 1850 तथा 2017 के मध्य वैश्विक संचयी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में केवल 4 प्रतिशत का योगदान दिया है। जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल सहित विभिन्न स्रोतों से रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि वैश्विक तापमान के कारण सामने आने वाली चुनौतियां विकसित देशों के संचयी ऐतिहासिक तथा वर्तमान में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण पैदा हुई है। भारत जलवायु परिवर्तन संबंधी संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसी) और उसके पेरिस समझौते की बहुपक्षीय प्रक्रियाओं के माध्यम से समानता और सामान्य लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं से सिद्धांत के आधार पर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग में दृढ़ता से विश्वास करता है। यूएनएफसीसीसी के अनुसार, विकसित देशों को जलवायु संबंधी कार्यों में अग्रणी होना चाहिए।

यद्यपि भारत समस्या का हिस्सा नही है, लेकिन यह इसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए अपने उचित हिस्से से अधिक किया है। सरकार अपने विभिन्न कार्यक्रमों और स्कीमों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर रही है। इनमें राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) का कार्यान्वयन शामिल है जिसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, जल, कृषि, हिमालयी पारि-प्रणाली, संधारणीय पर्यावास, हरित भारत और जलवायु परिवर्तन संबंधी रणनीतिक ज्ञान के विशिष्ट क्षेत्रों में मिशन शामिल हैं। एनएपीसीसी में सभी जलवायु संबंधी कार्रवाइयों के लिए एक समावेशी कार्यढांचे की व्यवस्था की गई है। तैंतीस राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित अपने राज्य विशिष्ट मुद्दों को ध्यान में रखते हुए एनएपीसीसी की तर्ज पर अपनी-अपनी राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाएं (एसएपीसीसी) तैयार कर ली हैं। इन एसएपीसीसी में अनुकूलन सहित क्षेत्र-विशिष्ट और अंतर-क्षेत्रीय प्राथमिकता वाली कार्रवाइयों की रूपरेखा दी गई है। सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुकूलन उपायों में सहयोग करने के लिए, उन क्षेत्रों में 'जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय अनुकूलन कोष' योजना का कार्यान्वयन भी कर रही है जो जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं।

****

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1328
28.07.2022 को उत्तर के लिए

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल किया जाना

1328. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जलवायु पर कार्य योजनाओं और सीओपी26 के तहत भारत द्वारा हासिल किए जाने वाले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्यों ने हाल ही में आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन में सभी स्तरों पर जलवायु संबंधी भारत की कार्ययोजना को लागू करने के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की तर्ज पर एक अलग परिषद बनाने का प्रस्ताव रखा है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) 'जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों का सामना करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें' पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीवी) का लक्ष्य संख्या 13, जलवायु परिवर्तन से संबंधित है। भारत के वर्ष 2020 से पहले के स्वैच्छिक लक्ष्यों की प्राप्ति और वर्ष 2020 के बाद की अवधि (2021-2030) के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों में एसडीजी लक्ष्य संख्या 13 की प्राप्ति प्रतिबिंबित होगी। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के तहत कोई भी बाध्यकारी दायित्व न होने के बावजूद वर्ष 2009 में भारत ने वर्ष 2020 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 20-25% तक कम करने के अपने स्वैच्छिक लक्ष्य की घोषणा की है। भारत ने वर्ष 2005 से 2016 के बीच अपने जीडीपी की उत्जर्सन तीव्रता में 24 % की कमी का लक्ष्य प्राप्त किया है।

इसके अतिरिक्त पेरिस समझौते के तहत, वर्ष 2005 में भारत ने यूएनएफसीसीसी को वर्ष 2021-2030 की अवधि के लिए आठ लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को प्रस्तुत किया है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं (i) वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू

उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को वर्ष 2005 के स्तर से 33 से 35 प्रतिशत तक कम करना, (ii) वर्ष 2030 तक प्रौद्योगिकी के अंतरण तथा किफायती अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संसाधनों की सहायता से गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा स्त्रोत से लगभग 40 प्रतिशत समेकित विद्युत ऊर्जा की संस्थापित क्षमता हासिल करना और (iii) वर्ष 2030 तक अतिरिक्त वन और वृक्षावरण के माध्यम से 2.5 से 3 बिलियन टन सीओ2 के समतुल्य अतिरिक्त कार्बन सिंक सृजित करना। अन्य लक्ष्य संवहनीय जीवन शैलियों, जलवायु अनुकूल तरीके से विकास, जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन, जलवायु संबंधी वित्त और प्रौद्योगिकी एवं क्षमता निर्माण से संबंधित हैं।

भारत सरकार, राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (एनएपीसीसी) को कार्यान्वित कर रही है जो उपशमन और अनुकूलन सहित जलवायु संबंधी कार्यकलापों के लिए सर्वव्यापक नीतिगत ढ़ांचा उपलब्ध कराती है, एनएपीसीसी में सौर ऊर्जा, संवर्धित ऊर्जा दक्षता, संधारणीय पर्यावास, जल, संधारणीय हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र, हरित भारत, संधारणीय कृषि और जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यनीतिक जानकारी के विशिष्ट क्षेत्रों में आठ मुख्य मिशन शामिल हैं। 33 राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों ने एनएपीसीसी के उद्देश्यों के अनुरूप राज्य जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना (एसएपीसीसी) तैयार की है। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कोष (एनएएफसीसी) के माध्यम से भारत के राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के अनुकूलन कार्यों में सहयोग किया जा रहा है। एनएएफसीसीसी परियोजना के रूप में कार्यान्वित की जाती है और आज की तिथि तक, 27 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में एनएएफसीसीसी के तहत 30 अनुकूलन परियोजनाएं अनुमोदित हो चुकी हैं।

****

प्र.सं.1329 प्रश्न रद्द किया गया

मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1330

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए

हरियाली महोत्सव का ब्यौरा

1330. श्री बृजलाल:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा हाल ही में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 'हरियाली महोत्सव' का आयोजन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) हरियाली महोत्सव के आयोजन के लक्ष्य और उद्देश्य क्या-क्या हैं; और

(घ) सरकार द्वारा देश में वृक्षारोपण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (घ) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वृक्षारोपण उत्सव और 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में स्वतंत्रता के 75 वर्षों का स्मरणोत्सव मनाने के लिए दिनांक 8 जुलाई, 2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में वृक्ष समारोह - ''हरियाली महोत्सव'' का आयोजन किया था। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकारों, दिल्ली की एनसीटी सरकार के पुलिस संस्थानों और दिल्ली के स्कूलों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

दिल्ली के स्कूली छात्रों, पारि-कार्य बल के सदस्यों तथा भागीदार विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित 2500 से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

'हरियाली महोत्सव' के अवसर पर स्कूली बच्चों, एनजीओ, नागरिक समितियों, पुलिस तथा अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए जन भागीदारी के माध्यम से देशभर में 75 नगर वनों में, 75 अवक्रमित वन स्थलों में, कुल 75 कि.मी. सड़क किनारे, दिल्ली के 75 पुलिस स्थापनाओं में और दिल्ली के 75 स्कूलों में इस दौरान वृक्षारोपण किये गये थे।

इस मंत्रालय ने वन/हरियाली महोत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस और विश्व वानिकी दिवस आदि जैसे अवसरों पर विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रमों में लोगों को प्रतिभागिता को बढ़ावा देते हुए उन्हें इन कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए कई परामर्शिकाएं जारी की हैं। राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें, जन प्रतिभागिता के माध्यम से व्यापक वृक्षारोपण अभियान सहित अपने वनीकरण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न वनीकरण अभियान चलाती हैं।

******

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1331

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए

एशियाई शेरों का गिर के जंगल से गुजरने वाली रेल की पटरी को पार करना

1331. श्री परिमल नथवानी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दुर्लभ एशियाई शेर अक्सर गिर के जंगल से गुजरने वाली रेल की पटरियों को पार करते हैं और वहां बैठ जाते हैं;

(ख) गिर के जंगल के उन शेरों की रक्षा के लिए क्या विशेष उपाय किए गए और किए जा रहे हैं जो गिर के जंगल से गुजरने वाली रेल पटरियों को अक्सर पार करते हैं, उसके समीप आ जाते हैं और वहां बैठ जाते हैं;

(ग) क्या सरकार पेंच टाइगर रिजर्व और/या कपिलाश वन्यजीव अभयारण्य आदि की तर्ज पर शेरों को सुरक्षित मार्ग और पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए गिर के जंगल में एक उत्थित रेल गलियारा बनाने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) गुजरात सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, एशियाई शेरों की गिर के वनों से गुजरने वाली रेल की पटरी को पार करने एवं वहां बैठ जाने की घटनाओं को अक्सर सूचित नहीं किया जाता है।

(ख) जैसा कि गुजरात सरकार ने सूचित किया है, एशियाई शेरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम निम्नलिखित हैं :

i. गिर के जंगल से गुजरते हुए ट्रेनों की अधिकतम गति 20 किमी प्रति घंटे तक सीमित है।
ii. गिर के जंगलों से कोई भी रात्रिकालीन ट्रेन नहीं जाती है।
iii. रेडियों कॉलरिंग के द्वारा शेरों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाती है।
iv. वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा शेरों के आने-जाने वाले क्षेत्र में गश्त की जाती है।

(ग) और (घ) मंत्रालय को गिर के जंगल में ऊँचे रेल गलियारे के निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

*****

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1332

28.07.2022 को उत्तर के लिए

पर्यावरणीय उल्लंघन संबंधी अपराध

1332. श्री परमिल नथवानी:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विगत तीन वर्षों में पर्यावरणीय उल्लंघन संबंधी कितने अपराध दर्ज किए गए हैं; तत्संबंधी राज्य-वार और अपराध-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में पर्यावरणीय उल्लंघन संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने के लिए प्रस्तावित हैं; और

(ग) क्या सरकार का इसके लिए एक विशेष कार्य बल गठित करने का विचार है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) 'परिवेश' पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, देशभर में पर्यावरणीय उल्लंघन के 2877 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान, इस तरह के उल्लंघनों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग) केन्द्र सरकार ने देशभर में पर्यावरणीय उल्लंघनों की निगरानी एवं नियंत्रण करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में उठाए गए कदम निम्न प्रकार हैं:

i. पर्यावरणीय परियोजनाओं के निरीक्षण, प्रमुख और गौण पर्यावरणीय उल्लंघनों को दर्ज करने तथा उन पर की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट प्राप्त करने के अधिदेश के साथ देश के विभिन्न भागों में 19 एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (आईआरओ) स्थापित किए गए हैं। इन आईआरओ को भी उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, **1986** (ईपीए 1986) की धारा 19 के तहत प्राधिकृत किया गया है और शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं।

ii. आईआरओ से प्राप्त क्षेत्रीय निरीक्षण रिपोर्टों के आधार पर, मंत्रालय 'कारण बताओं' नोटिस, और यदि आवश्यक हो तो, ईपीए 1986 की धारा 5 के तहत इकाई को बंद करने के साथ अथवा बंद किए बिना अंतिम निर्देश जारी कर सकता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ईपीए, **1986** की धारा 15 और धारा 19 के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। इसके

साथ ही पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, **1986** के तहत राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरणों (एसईआईएए) को, उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली परियोजनाओं और कार्यकलापों को जारी की गई पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) की शर्तों के उल्लंघन के मामले में परियोजना प्रस्तावक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और ऐसी पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) को आस्थगित रखते अथवा मंजूरी वापस लेते हुए, निदेश जारी करने की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं।

iii. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों (एसपीसीबी) को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए); 1986 वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981; और जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1974 के तहत उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए प्राधिकृत किया गया है और उन्हें शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है।

iv. उपर्युक्त के अलावा, केन्द्र सरकार द्वारा दोषी ईकाइयों को विनियामक व्यवस्था के अधीन लाने के लिए विभिन्न प्रकार की नीतिगत पहलें की जा रही हैं। मंत्रालय ने उन परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए, जिन्होंने स्थल पर कार्य किया है, पर्यावरणीय मंजूरी की सीमा से अधिक उत्पादन का विस्तार किया है अथवा उत्पाद के मिश्रण को 'पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना 2006' के प्रावधानों के संदर्भ में बिना ईसी प्राप्त किए बदला है और इसलिए उल्लंघनों की श्रेणी में आती हैं, को सूचित करने के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत दिनांक 14 मार्च 2017 को का.आ. 804 (ई) के द्वारा अधिसूचना जारी की थी। इसी प्रकार ओए सं. 298/2020 में एनजीटी के आदेश दिनांक 03.06.2021 के अनुपालन में, ईआईए अधिसूचना 2006 के तहत उल्लंघन के मामलों की पहचान करने और हथालन के लिए एसओपी 7 जुलाई 2021 को, फिर से दिनांक 28 जनवरी 2022 को दोहराया गया था।

******

अनुबंध

<u>परिवेश पर उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षों में देश में पर्यावरणीय मानदंडों के उल्लंघन के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार मामलों की संख्या।</u>

क्रम सं.	**अधिकार क्षेत्र के तहत राज्य**	**उल्लंघन के मामलों में पहचानी गई परियोजनाओं की संख्या**
1.	तमिलनाडु	663
2.	तेलंगाना	156
3.	पुडुचेरी	1
4.	महाराष्ट्र	126
5.	छत्तीसगढ	18
6.	कर्नाटक	42
7.	गोवा	0
8.	लक्षद्वीप	0
9.	असम	1
10.	अरुणाचल प्रदेश	0
11.	नगालैंड	0
12.	बिहार	4
13.	झारखंड	82
14.	राजस्थान	56
15.	मणिपुर	0
16.	मिजोरम	0
17.	मेघालय	1
18.	त्रिपुरा	0
19.	हिमाचल प्रदेश	8
20.	उत्तराखंड	6
21.	दिल्ली	7
22.	उत्तर प्रदेश	33
23.	पंजाब	18
24.	हरियाणा	52
25.	पश्चिम बंगाल	54
26.	ओडिशा	35
27.	मध्य प्रदेश	83
28.	गुजरात	109
29.	आंध्र प्रदेश	1280
30.	दमन और दीव	2
31.	अंडमान और निकोबार	2
32.	केरल	31
33.	जम्मू और कश्मीर	7
	कुल योग	**2877**

***

प्र.सं.1333 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1334

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

श्रीलंका में भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षा

1334. श्री पी. विल्सन:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्रीलंका में राजनीतिक अस्थिरता के आलोक में भारत और श्रीलंका के बीच हुए व्यापार और द्विपक्षीय समझौतों पर इसके क्या निहितार्थ हैं;

(ख) सरकार श्रीलंका में उन भारतीय नागरिकों के लिए निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाने का विचार कर रही है, जो श्रीलंका में हालिया अशांति के कारण खतरे और कठिनाई का सामना कर रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) सरकार व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र सहित भारत के द्विपक्षीय संबंधों में विकास की लगातार निगरानी करती है। हाल के वर्षों में श्रीलंका के संदर्भ में द्विपक्षीय व्यापार सहभगिता में काफी विस्तार हुआ है तथा भारत और श्रीलंका के बीच विभिन्न व्यापारिक और द्विपक्षीय करार लागू हैं।

(ख) और (ग) भारत सरकार विदेशों में सभी भारतीयों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। श्रीलंका में हमारे मिशन और केंद्र श्रीलंका में भारतीयों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ समग्र कल्याण के लिए समर्पित हैं। भारतीयों की सुरक्षा से संबंधित किसी भी मामले को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के लिए मेजबान सरकार के साथ उठाया जाता है।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1335

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

विदेशी जेलों में बंद मछुआरे

1335. श्री वेंकटारमन राव मोपीदेवी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विदेशों में कैद भारतीय मछुआरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उनके खिलाफ विदेशी अदालतों में कितने मामले दर्ज किए गए हैं;

(ग) उक्त समयावधि में रिहा किए गए मछुआरों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उन मछुआरों की रिहाई के लिए क्या–क्या कदम उठाए गए हैं जो अभी भी जेलों में बंद हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, विदेशी जेलों में कैद भारतीय मछुआरों की संख्या 1087 (2017 में), 446 (2018 में), 504 (2019 में), 519 (2020 में) और 779 (2021 में) थी। तथापि, कई देशों में प्रचलित कड़े निजता संबंधी कानूनों के कारण स्थानीय अधिकारी कैदियों के संबंध में सूचना साझा नहीं करते हैं, जब तक कि संबंधित व्यक्ति ऐसी सूचना के प्रकटीकरण के लिए सहमति नहीं देता। सूचना साझा करने वाले देश भी सामान्यत: कैद किए गए विदेशियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान नहीं करते हैं।

(ख) और (ग) दूसरों देशों द्वारा सामान्यत: भारतीय मछुआरों को उनके समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में पकड़ा जाता है तथा देश विशेष के संबंधित अधिनियमों के तहत अवैध रूप से मछली पकड़ने, अनधिकृत प्रवेश, अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को अवैध रूप से पार करने आदि के संबंध में मामले दर्ज किए जाते हैं। भारतीय मछुआरों द्वारा विदेशी जेलों में विचाराधीन कैदियों के रूप में बिताया गया समय और कारावास की अवधि अलग-अलग देशों में भिन्न होती है तथा कुछ देश गिरफ्तार/कैद किए गए मछुआरों को भारतीय मिशनों/केंद्रों को इस संबंध में सूचित किए बिना रिहा/निर्वासित कर देते हैं।

(घ) सरकार भारतीय मछुआरों की संरक्षा, सुरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है। विदेश स्थित हमारे मिशन और केंद्र कैद किए गए भारतीय मछुआरों को भोजन, वस्त्र, वैयक्तिक स्वच्छता उत्पाद आदि प्रदान करने जैसी हर संभव मदद और सहायता प्रदान करते हैं, जब उन्हें स्थानीय पुलिस/आव्रजन

अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया जाता है या जेल में डाल दिया जाता है। ऐसे व्यक्तियों की राष्ट्रीयता की पुष्टि करने के पश्चात, हमारे मिशन और केंद्र उनकी शीघ्र रिहाई और उनके भारत प्रत्यावर्तन की सुविधा भी प्रदान करते हैं। मिशनों/केंद्रों के कोंसुली अधिकारी वहां बंद भारतीय मछुआरों की स्थिति का पता लगाने के लिए स्थानीय जेलों और बंदीगृहों का नियमित दौरा करते हैं तथा ज़रूरतमंद मामलों में कानूनी सहायता सहित आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान करते हैं।

विदेश स्थित मिशन/केंद्र यथाशीघ्र जांच और न्यायिक कार्यवाही को पूरा करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संपर्क करते हैं। सरकार के प्रयास मछुआरों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहते हैं।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1336

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

पाकिस्तान के साथ व्यापार का पुनरारंभ

1336. श्री निरंजन बिशी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2019 के बाद से पाकिस्तान के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने के संबंध में कोई प्रगति हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और (ख) अगस्त 2019 में पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को स्थगित करने की घोषणा की थी। पाकिस्तान ने सितंबर 2019 में कुछ दवा उत्पादों के लिए व्यापार की अनुमति देकर भारत के साथ व्यापार प्रतिबंधों में आंशिक रूप से ढील दी थी। तब से पाकिस्तान के साथ फिर से व्यापार शुरू करने के संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1337

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

भारत-ईरान जेसीपीओए

1337. श्री निरंजन बिशी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ईरान के विदेश मंत्री की हाल की भारत यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री के साथ हुई चर्चाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) दोनों विदेश मंत्रियों के बीच, विशेष रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के संबंध में, हुई चर्चा का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ईरान के विदेश मंत्री ने पश्चिम के साथ अपने मुद्दों के समाधान और प्रतिबंधों के हटने का किसी तरह से कोई संकेत दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (घ) विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के आमंत्रण पर ईरान इस्लामी गणराज्य के विदेश मंत्री डॉ. हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने 08-10 जून 2022 को भारत की आधिकारिक यात्रा की। यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री डॉ. अमीर अब्दुल्लाहियन ने शिष्टाचार के रूप में प्रधानमंत्री से भेंट की और विदेश मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।

दोनों मंत्रियों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान राजनीतिक, सांस्कृतिक और लोगों के आपसी संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय संपर्क के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व को देखते हुए चाबहार बंदरगाह के शहीद बेहेश्ती टर्मिनल में हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्रियों ने आपसी हित के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्री ने विदेश मंत्री को संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। भारत ने फिर से पुष्टि की कि जेसीपीओए से संबंधित सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्वक हल किया जाना चाहिए।

भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1338
दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

यूक्रेन से लौटने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम

1338. श्री तिरुची शिवा:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रूस-यूक्रेन संकट के कारण, यूक्रेन में पढ़ रहे कई भारतीय विद्यार्थियों को आपात स्थिति में जल्दबाजी में देश छोड़ कर जाना पड़ा;

(ख) यदि हां, तो इन छात्रों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार यूक्रेन सरकार से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने और भारतीय विश्वविद्यालयों में इन विद्यार्थियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम स्थापित करने पर विचार कर रही है;
(घ) यदि हां, तो ये मंजूरी कब तक मिल जाएंगी; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्रीमती मीनाक्षी लेखी)

(क) और (ङ) यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के कारण लगभग 20,000 भारतीय छात्र यूक्रेन से भारत लौट आए हैं। उनकी आगे की पढ़ाई निश्चित रूप से चिंता का विषय है। हम इस संदर्भ में यूक्रेन के शैक्षिक प्राधिकारियों के संपर्क में हैं। यूक्रेन पक्ष ने अनिवार्य रूप से ऑनलाइन पाठ्यक्रम जारी रखने के लिए अपनी इच्छा दोहरायी है। वर्तमान में यूक्रेन का वास्तविक माहौल ऐसा है कि भारतीय छात्र वहां वापस जाने की स्थिति में नहीं हैं। हम इस मामले पर निरंतर रूप से बातचीत कर रहे हैं।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1339

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजा जाना

1339. **श्री इलामारम करीम:**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2017 से अब तक कितने भारतीय नागरिकों को अवैध प्रवासियों के रूप में चिह्नित किया गया और उन्हें विदेशों से भारत वापस भेजा गया, तत्संबंधी देश-वार आंकड़े क्या हैं;

(ख) इस आधार पर विदेशों में कितने भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है और अब तक कितने भारतीयों को रिहा किया गया है;

(ग) क्या सरकार या भारतीय मिशन ने विदेशों में हिरासत में लिए गए ऐसे भारतीयों को रिहा करने के संबंध में हस्तक्षेप किया है; और

(घ) वर्ष 2017 से अब तक अन्य कारणों से कुल कितने भारतीयों को भारत वापस भेजा गया, तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और (ख) कई देश अपने देशों में अवैध प्रवास के बारे में जानकारी प्रदान नहीं करते हैं, जब तक कि उन्हें निर्वासन आदेश न दिया गया हो तथा यात्रा दस्तावेज/राष्ट्रीयता का सत्यापन अपेक्षित न हो। इस प्रकार, हमारे मिशनों और केंद्रों के पास विदेशों में अवैध रूप से रहने वाले या काम करने वाले भारतीयों की संख्या का कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। विदेशी नागरिकों के निर्वासन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया भी एक देश से दूसरे देश में भिन्न होती है। कुछ देश निर्वासित व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करते हैं और निर्वासन तक उन्हें हिरासत/निर्वासन केंद्रों में रखते हैं। इसके अलावा, भारतीय मिशनों/केंद्रों के साथ गिरफ्तारी/हिरासत और निर्वासन के बारे में जानकारी साझा नहीं की जाती है और यदि निर्वासित व्यक्ति के पास वैध यात्रा दस्तावेज है, तो निर्वासन सीधे मेजबान सरकार द्वारा किया जाता है। मेजबान सरकारें हमारे मिशनों/केंद्रों से केवल ऐसे मामलों में संपर्क करती है जहां राष्ट्रीयता सत्यापन और निर्वासित व्यक्ति को आपातकालीन प्रमाणपत्र (ईसी) जारी करना आवश्यक है।

(ग) सरकार विदेशों में भारतीय नागरिकों की वैध यात्रा और प्रवास में सहायता करती है। जब भी किसी भारतीय नागरिक को अप्रवासन कानूनों के उल्लंघन के लिए हिरासत में लिए जाने की सूचना हमें प्राप्त होती है, विदेश स्थित हमारे मिशन/केंद्र कोंसुली सहायता की मांग करते हैं और उन बंदी गृहों की यात्रा करते हैं जहां भारतीय नागरिकों को हिरासत में रखा गया है। भारतीय राष्ट्रीयता की पुष्टि के बाद, विदेश स्थित हमारे मिशन/केंद्र भारतीय नागरिकों, जिनके पास वैध भारतीय पासपोर्ट नहीं हैं, की भारत वापसी सुविधाजनक बनाने के लिए आपातकालीन प्रमाणपत्र जारी करते हैं। विदेश स्थित मिशन/केंद्र के अधिकारी समय-समय पर अप्रवासन कानूनों के उल्लंघन के लिए भारतीय नागरिकों के विरुद्ध श्रम/सामान्य न्यायालय सुनवाई के दौरान भी उपस्थित रहते हैं। विदेश स्थित हमारे कुछ मिशन/केंद्र भारतीय नागरिकों को परामर्शी भी जारी करते हैं जिसमें उन्हें अपने प्रवास के देश में वीज़ा और आवासीय दस्तावेज़ों के नियमितीकरण की सलाह दी जाती है।

(घ) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विदेश स्थित हमारे मिशनों/केंद्रों ने 2017 से, 132456 भारतीय नागरिकों को अवैध प्रवास, निर्धारित अवधि से अधिक प्रवास और छोटे अपराधों सहित विभिन्न कारणों से विदेशों से प्रत्यावर्तन/निर्वासन के लिए आपातकालीन प्रमाण पत्र जारी किए थे।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1340

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

चाबहार पत्तन का निर्माण

1340. श्री विवेक के. तन्खा:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चाबहार पत्तन के निर्माण में सरकारी खजाने पर कुल कितना बोझ पड़ा है और कितनी अवधि में इसकी वसूली हो जाएगी;

(ख) सरकार इस परियोजना से कितना मौद्रिक और गैर-मौद्रिक लाभ प्राप्त करने का विचार कर रही है; और

(ग) पत्तन के निर्माण के विभिन्न चरणों की अंतिम समय-सीमा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (ग) मई 2016 में प्रधान मंत्री की ईरान यात्रा के दौरान भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय परिवहन और पारगमन गलियारों की स्थापना के लिए एक त्रिपक्षीय करार (चाबहार करार) पर हस्ताक्षर किए थे। भारत ईरान इस्लामी गणराज्य की सरकार के सहयोग से शहीद बेहेस्ती टर्मिनल, चाबहार बंदरगाह के पहले चरण के विकास में सहभागिता कर रहा है।

2. भारत ने शहीद बेहेस्ती टर्मिनल, चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए कुल 85 मिलियन अमरीकी डॉलर की अनुदान सहायता और 150 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। भारत ने शहीद बेहेस्ती टर्मिनल, चाबहार पोर्ट के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता के भाग के रूप में 06 मोबाइल हेबर क्रेन (दो 140 टन और चार 100 टन क्षमता वाली) और 25 मिलियन अमेरिकी डालर के अन्य उपकरणों की आपूर्ति की है।

3. भारतीय कंपनी, इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल चाबहार फ्री ज़ोन (आईपीजीसीएफजेड) के माध्यम से 24.12.2018 से चाबहार पोर्ट का संचालन शुरू किया। तब से, इस बंदरगाह पर 215 जहाजों,

16,000 टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स) और 4 मिलियन टन एक बड़े और सामान्य कार्गो की आवाजाही हुई है।

4. चाबहार बंदरगाह ने अफगानिस्तान सहित क्षेत्र के भू-आबद्ध देशों को समुद्र तक अत्यावश्यक पहुंच प्रदान की है और यह इस क्षेत्र के लिए एक वाणिज्यिक पारगमन केंद्र के रूप में उभरा है। यह इस क्षेत्र के भू-आबद्ध देशों के लिए भारत और वैश्विक बाजार तक पहुंचने का एक अधिक किफायती और स्थायी मार्ग है। अब तक चाबहार बंदरगाह के माध्यम से कुल 25 लाख टन गेहूं और दो हजार टन दाल भारत से अफगानिस्तान भेजी जा चुकी है।

5. विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान इस बंदरगाह ने मानवीय सहायता के लिए आपूर्ति को भी सुगम बनाया गया है। भारत ने 2020 में अफगानिस्तान को मानवीय खाद्य सहायता के रूप में 75,000 मीट्रिक टन गेहूं भेजने के लिए चाबहार बंदरगाह का उपयोग किया है। 2021 में, भारत ने टिड्डियों के खतरे से लड़ने के लिए ईरान को 40,000 लीटर पर्यावरण अनुकूल कीटनाशक की आपूर्ति की। बंदरगाह का उपयोग मध्य एशियाई देशों द्वारा वैश्विक बाजार तक पहुंचने के लिए भी किया गया है और इस क्षेत्र के व्यापारियों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों में वृद्धि हुई है।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1341

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

पाकिस्तानी जेलों में बंद भारतीय

1341. श्री राकेश सिन्हा:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तानी जेलों में कितने भारतीय कैद हैं;

(ख) इनमें से कितने कैदी एक दशक से भी अधिक समय से जेलों में बंद हैं;

(ग) क्या वहां उन्हें न्यायिक उपचार मिल रहा है;

(घ) क्या वहां कोई भारतीय महिला कैदी है; और

(ङ) पाकिस्तानी सरकार का इन कैदियों के प्रति क्या रवैया है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ङ) कोंसुलर एक्सेस संबंधी भारत – पाकिस्तान करार के अंतर्गत 1 जुलाई, 2022 को पाकिस्तान के साथ आदान-प्रदान की गई कैदियों की सूची के अनुसार पाकिस्तान ने माना है कि उनकी जेलों में 633 मछुआरे और 49 नागरिक हैं जो भारतीय हैं या जिनके भारतीय होने का विश्वास हैं। इन 682 कैदियों में से चार महिलाएं हैं और 17 कैदी 10 वर्ष से भी अधिक समय से पाकिस्तान की हिरासत में हैं। भारत सरकार पाकिस्तानी प्राधिकारियों के साथ राजनीतिक चैनलों के माध्यमों से लगातार इस मुद्दे को उठाती रही है और सभी भारतीय कैदियों, जिन्होंने अपनी सजा पूर्ण कर ली है, की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग करती रही है।

सरकार पाकिस्तान में भारतीय कैदियों के कल्याण, सलामती और सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देती है। जैसे ही पाकिस्तान द्वारा भारतीयों के हिरासत की सूचना दी जाती है, इस्लामाबाद स्थित भारतीय मिशन द्वारा पाकिस्तान सरकार से कोंसुलर एक्सेस प्राप्त करने की दिशा में तुरंत कदम उठाए जाते हैं। कैदियों को उनकी शीघ्र रिहाई एवं स्वदेश वापसी के लिए कानूनी सहायता के साथ-साथ सभी संभव सहायता प्रदान की

जाती है। सरकार के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 से अब तक 2214 भारतीय कैदियों को पाकिस्तान से स्वदेश लाया जा चुका है।

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1342

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध

1342. डा. फौजिया खान:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत और उसके प्रत्येक पड़ोसी देश के बीच द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) वर्ष 2017 से अब तक भारत और उसके प्रत्येक पड़ोसी देश के बीच हुए समझौतों का उनके परिणाम सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रत्येक पड़ोसी देश ने भारतीय उत्पादों को उनके देश में बढ़ावा देने की अनुमति प्रदान की है;

(घ) क्या भारत सरकार द्वारा इन देशों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ङ)

1. भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' संबंधी नीति स्थिरता और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभप्रद, जनोन्मुख क्षेत्रीय संरचनाओं के निर्माण पर केंद्रित है।

2. भारत अपने पड़ोसी देशों का सक्रिय आर्थिक सहभागी है और इन देशों में चल रही अनेक विकास परियोजनाओं और मानवीय सहायता से जुड़ा हुआ है। हमारा संबंध एक परामर्शी, गैर–पारस्परिक और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण पर आधारित है, जो अधिक से अधिक कनेक्टिविटी, बेहतर अवसंरचना, सुदृढ़ विकास सहयोग और लोगों के व्यापक आपसी संपर्क जैसे लाभ प्रदान करने पर केंद्रित कर रहा है।

3. भारत सरकार ने 2017 से अपने पड़ोसी देशों के साथ कई समझौते किए हैं। हमारे पड़ोसी देशों के साथ संपन्न हुए समझौतों की सूची परिणाम सहित **अनुबंध I** में दी गई है।

4. मेजबान सरकारों के सक्रिय सहयोग से पड़ोसी देशों में व्यापार संवर्धन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

5. पड़ोसी देशों को भारत की वित्तीय सहायता विभिन्न माध्यमों, जैसे ऋण सहायता (एलओसी), सहायता अनुदान, ऋण सुविधा, मुद्रा विनिमय सुविधा और अन्य के माध्यम से प्रदान की जाती है। इनका विवरण निम्नानुसार हैं:

(i) **बांग्लादेश:** भारत ने भारतीय विकास और आर्थिक सहायता योजना (आईडीईएएस) के तहत बांग्लादेश सरकार को 7.862 बिलियन अमेरिकी डॉलर की 4 एलओसी प्रदान की हैं। सरकार सड़क, राजमार्ग, रेलवे, बंदरगाह, विद्युत पारेषण, अपशिष्ट प्रबंधन, आर्थिक क्षेत्र, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा उत्पादन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध कई विकासात्मक और अवसंरचना परियोजनाओं में बांग्लादेश सरकार के प्रयासों को सहयोग प्रदान कर रही है।

(ii) **भूटान:** भारत 1961 में नियोजित विकास प्रक्रिया के आरंभ से, भूटान की शाही सरकार की पंचवर्षीय योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। भारत ने भूटान की शाही सरकार की 12 वीं पंचवर्षीय योजना (नवंबर 2018–अक्टूबर 2023) के लिए 4500 करोड़ रु. की विकास सहायता हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

(iii) **मालदीव:** भारत सरकार ने मालदीव को 1.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के 5 एलओसी प्रदान किए हैं, जिसमें ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना को सहायता शामिल है। भारत ने मालदीव को बजटीय सहायता भी प्रदान की है। सितंबर 2020 में, भारत ने मालदीव की अर्थव्यवस्था पर कोविड–19 के प्रभाव को कम करने के लिए मालदीव को वित्तीय सहायता के रूप में 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए हैं।

(iv) **म्यांमार:** भारत सरकार ने रेलवे, बिजली, दूरसंचार, तेल रिफाइनरियों, सिंचाई और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 475.57 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के 10 एलओसी म्यांमार को प्रदान किए हैं। म्यांमार को भारत की विकास सहायता 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें अधिकांश अवसंरचना परियोजनाएं सहायता अनुदान के तहत कार्यान्वित की जा रही हैं।

(v) **नेपाल:** भारत नेपाल को विकास सहायता प्रदान करता रहा है, जिसमें भारत–नेपाल सीमा पर अवसंरचना का विकास शामिल है अर्थात एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी), रेल लिंक, सड़क, स्कूल भवन, एचआईसीडीपी के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं, उपहार स्वरूप एम्बुलेंस और बसें प्रदान करना, भूकंप के

बाद आवास क्षेत्र में पुनर्निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक विरासत क्षेत्र आदि। विभिन्न अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए कुल 1.65 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के चार (4) एलओसी नेपाल को प्रदान किए गए हैं।

(vi) **श्रीलंका :** श्रीलंका भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विकास सहायता के प्रमुख प्राप्तकर्ताओं में से एक है। श्रीलंका के लिए भारत की समग्र सहायता 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें से लगभग 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर सहायता अनुदान है और शेष रियायती ऋण है। कुल मिलाकर, 2.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर की 13 ऋण सहायता श्रीलंका को प्रदान की गई है।

भारत ने श्रीलंका के आर्थिक विकास में सहायता करना जारी रखा है और साथ ही उसकी आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने में भी सहयोग दिया है। जनवरी 2022 में, भारत ने सार्क फ्रेमवर्क के तहत श्रीलंका को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुद्रा विनिमय प्रदान किया और एशियाई समाशोधन संघ (एसीयू) के क्रमिक समझौतों को 6 जुलाई, 2022 तक स्थगित कर दिया। भारत से ईंधन आयात करने के लिए श्रीलंका को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा, भारत से भोजन, दवाओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए भारत ने 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान की है। लगभग 6 करोड़ रुपये की आवश्यक दवाएं, 15,000 लीटर मिट्टी का तेल तथा यूरिया उर्वरक की खरीद के लिए 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एलओसी प्रदान करके श्रीलंका को मानवीय सहायता प्रदान की गई थी। भारतीय सहायता संबंधी बड़े प्रयास के भाग के रूप में, तमिलनाडु सरकार ने 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के चावल, दूध पाउडर और दवाएं उपलब्ध कराईं।

***

अफगानिस्तान

क्र.सं.	करार /समझौता ज्ञापन का नाम	हस्ताक्षर का वर्ष / तिथि	परिणाम
1.	97.3 डिग्री पर प्रस्तावित 'दक्षिण एशिया उपग्रह' की कक्षा आवृत्ति समन्वय के संबंध में भारत और अफगानिस्तान के बीच द्विपक्षीय समझौता	2017	कार्यान्वयन के तहत
2.	भारत और अफगानिस्तान के बीच यात्री, वैयक्तिक और मालवाहक वाहनों के यातायात के नियमन के लिए मोटर वाहन समझौता	2017	कार्यान्वयन के तहत

बांग्लादेश

क्रम.सं.	समझौते का नाम / समझौता ज्ञापन	हस्ताक्षर करने का वर्ष/तिथि	परिणाम
1.	भारत गणराज्य की सरकार और बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच रक्षा सहयोग संरचना पर समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	दोनों देशों के बीच रक्षा के क्षेत्र में सहयोग
2.	राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और रणनीतिक अध्ययन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, ढाका, बांग्लादेश तथा राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली, भारत के बीच समझौता ज्ञापन ।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	नियमित आदान–प्रदान कार्यक्रमों का संचालन और क्षेत्र में स्थायी तंत्र स्थापित करना
3.	रणनीतिक और प्रचालनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में सैन्य शिक्षा के संबंध में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन (नीलगिरि), तमिलनाडु, भारत तथा रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर, ढाका, बांग्लादेश के बीच समझौता ज्ञापन	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	रणनीतिक और प्रचालनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में सैन्य शिक्षा के संबंध में सहयोग को बढ़ाना
4.	बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार तथा बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच समझौता	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग

	ज्ञापन।		
5.	परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार और बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच समझौता।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर तीसरी संयुक्त समिति (जेसीएम) की बैठक मई 2022 में आयोजित की गई
6.	परमाणु सुरक्षा और विकिरण संरक्षण संबंधी तकनीकी जानकारी के आदान–प्रदान और विनियमन में सहयोग के लिए भारत गणराज्य की सरकार के परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) तथा बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा नियामक प्राधिकरण (बीएईआरए) के बीच व्यवस्था	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	परमाणु सुरक्षा और विकिरण संरक्षण के नियमन में सहयोग
7.	बांग्लादेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजनाओं के संबंध में सहयोग पर ग्लोबल सेंटर फॉर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप (जीसीएनईपी), परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार तथा बांग्लादेश परमाणु ऊर्जा आयोग (बीएईसी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, बांग्लादेश जनवादी गणराज्य सरकार के बीच अंतर–एजेंसी समझौता	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजनाओं के संबंध में सहयोग जारी है।
8.	सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सहयोग पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा बांग्लादेश जनवादी गणराज्य के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रभाग के बीच समझौता ज्ञापन ।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सहयोग
9.	साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन रेसपोंस टीम (सीईआरटी–इन), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत गणराज्य तथा बांग्लादेश सरकार कंप्यूटर इंसीडेंट रेसपोंस टीम (बीजीडी ई–जीओवी सीआईआरटी), बांग्लादेश कंप्यूटर काउंसिल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी प्रभाग, डाक , दूरसंचार और आईटी मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सूचनाओं का आदान–प्रदान

10.	भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर सीमा हाट स्थापित करने के संबंध में भारत गणराज्य की सरकार तथा बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर सीमावर्ती हाटों की स्थापना ने सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है
11.	द्विपक्षीय न्यायिक क्षेत्र सहयोग पर भारत गणराज्य की सरकार तथा बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	द्विपक्षीय न्यायिक क्षेत्र सहयोग
12.	भारत में बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भारत तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय के बीच समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	भारत में बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम
13.	प्रकाशस्तंभ और प्रकाश पोत महानिदेशालय (डीजीएलएल), पोत परिवहन मंत्रालय, भारत गणराज्य की सरकार और नौवहन विभाग, नौवहन मंत्रालय, बांग्लादेश जनवादी गणराज्य की सरकार के बीच नौसंचालन के लिए सहायता पर सहयोग के संबंध में समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	नौसंचालन में सहायता पर सहयोग
14.	अनुसंधान और विकास के लिए पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में पारस्परिक वैज्ञानिक सहयोग पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और बांग्लादेश के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसबी) के बीच समझौता ज्ञापन।	8 अप्रैल 2017 नई दिल्ली, भारत	अनुसंधान और विकास के लिए पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग
(घ) पीओपीएसके को राज्यों की राजधानियों से दूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूरस्थ स्थानों और छोटे शहरों में खोला जाता है ताकि पासपोर्ट सेवाओं को नागरिकों के करीब लाया जा सके और नागरिकों के लिए

पासपोर्ट प्राप्त करना आसान हो जाए। सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में देश भर में अच्छी सुविधाओं के साथ स्थापित पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) / डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) से लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस प्रणाली के तहत, आवेदकों को अपने पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है, डेबिट/क्रेडिट/रूपे कार्ड, नेट बैंकिंग/एसबीआई चालान और यूपीआई आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होता है, मुलाक़ात का समय निर्धारित करना होता है और फिर नामित पीएसके/पीओपीएसके पर जाना होता है। एक उपयोगकर्ता अनुकूल पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। जब कोई आवेदक पीएसके/पीओपीएसके पहुंचता है, तो आवेदकों की आवाजही की निगरानी के लिए सभी पीएसके/पीओपीएसके में फर्स्ट-इन फर्स्ट-आउट सिद्धांत पर काम करने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक क्यू मैनेजमेंट सिस्टम (ईक्यूएमएस) उपलब्ध होता है। आवेदक अपने आवेदनों की स्थिति को पोर्टल के माध्यम से और एसएमएस सेवाओं के माध्यम से भी ट्रैक कर सकते हैं।

******

प्र.सं.1345 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1346

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

क्वाड फैलोशिप

1346. डा. प्रशांत नन्दा:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अर्थशास्त्र और व्यवहार विज्ञान जैसे विषय जो आमतौर पर अमेरिका में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित (एसटीईएम) विषयों के अंतर्गत माने जाते हैं, क्वाड फैलोशिप के लिए पात्र हैं क्योंकि उन्हें भारत में एसटीईएम विषयों में नहीं गिना जाता है; और

(ख) भारत और अमेरिका में एसटीईएम के रूप में वर्गीकृत विषयों के प्रकार को समझने में विसंगति होने की स्थिति में सरकार द्वारा किये जाने वाले उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) अग्रणी अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में स्नातक या डॉक्टरेट की पढ़ाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के छात्रों हेतु 25-25 छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए 24 मई 2022 को टोक्यो में क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में क्वाड एसटीईएम फैलोशिप शुरू की गई थी।

क्वाड फैलोशिप के तहत शामिल किए गए क्षेत्रों का आधार व्यापक है और इसमें विज्ञान के पारंपरिक क्षेत्रों में जैविक विज्ञान, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान, भूविज्ञान और शारीरिकी; प्रोद्योगिकी; इंजीनियरिंग और गणित के अलावा समाजशास्त्र, मानवविज्ञान और मनोविज्ञान जैसे व्यवहार विज्ञान शामिल हैं।

(ख) क्वाड एसटीईएम फैलोशिप में शामिल किए गए विषयों को एसटीईएम के रूप में वर्गीकृत विषयों की हमारी समझ के अनुरूप तैयार किए गए है।

*****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1347

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

न्यायिक अवसंरचना का विकास

1347 श्री ईरण्ण कडाडी :

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) न्यायपालिका में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं के विकास हेतु केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस योजना के अंतर्गत कितने अधीनस्थ न्यायालय शामिल किये गए हैं और कितनों को शामिल किये जाने की संभावना है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) वर्तमान वर्ष सहित विगत तीन वर्षों में प्रत्येक के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य-वार, विशेष रूप से कर्नाटक में, कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई है और इसके क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ख) : न्यायपालिका के लिए अवसंरचना सुविधाओं के विकास का प्राथमिक उत्तदायित्व राज्य सरकारों में निहित हैं । राज्य सरकारों के संसाधनों को बढ़ाने के लिए संघ सरकार ने केंद्र और राज्यों के बीच विहित निधि सहभाजन पैटर्न में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने द्वारा न्यायपालिका हेतु अवसंरचना सुविधाओं के विकास के लिए एक केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम का कार्यान्वयन किया है । स्कीम 1993-94 से कार्यान्वित की जा रही है| इसके अंतर्गत जिला और अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के लिए न्यायालय भवनों और आवासीय निवासों के संनिर्माण आते है । स्कीम 9,000 करोड़ रु. जिसके अंतर्गत 5,307 करोड़ रु. का केन्द्रीय अंश शामिल है, की बजट लागत के साथ वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक विस्तारित की गई है । न्यायालय हालों और आवास गृह के

संनिर्माण के अतिरिक्त स्कीम में अब जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में अधिवक्ता हॉल, डिजिटल कम्प्यूटर कमरें और प्रसाधन परिसरों के संनिर्माण भी आते हैं । स्कीम के अधीन इसके प्रारंभ से अब तक 9,013 करोड़ रु. की राशि जारी की जा चुकी है, जिसमें से 2014-2015 से अब तक 5,569 करोड़ रु. (61.78%) जारी किये जा चुके है । स्कीम का उद्देश्य राज्य सरकारों के संसाधनों को पूरा करना है । स्कीम के अधीन परियोजना-वार आबंटन नहीं किया गया है । तथापि, न्याय विकास पोर्टल पर राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराएं गए रिकार्ड के अनुसार 30.06.2022 तक 2677 न्यायालय हॉल और 1659 आवासीय इकाइयां संनिर्माणाधीन है और 431 न्यायालय हॉल और 541 आवासीय इकाइयां संनिर्माण के लिए प्रस्तावित है । स्कीम के प्रारंभ से और 2014-2015 तक, 15818 न्यायालय हॉल और 10211 आवासीय इकाइयों की कुल संख्या उपलब्ध थी । तथापि, 30.06.2022 तक 20993 न्यायालय हॉल और 18502 आवासीय इकाइयों की कुल संख्या उपलब्ध है ।

(ग) : उच्च न्यायालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार पूरे किए गए न्यायालय हॉल और आवासीय इकाइयों की संख्या के सामने पिछले तीन वित्तीय वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सभी राज्यों जिसके अंतर्गत कर्नाटक राज्य भी है को जारी की गई निधियों का विवरण **उपाबंध** पर है । यह देखा जा सकता है कि कर्नाटक राज्य के लिए 100.76 करोड़ रु. की निधियां जारी की गई थी जिसके विरूद्ध पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान 331 न्यायालय हॉल और 119 आवासीय इकाइयां पूरी की गई थी ।

****

उपाबंध

न्यायिक अवसंरचना का विकास के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं0 1347 जिसका उत्तर 28.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

क्र.सं0	राज्य	2019-20 में जारी	019-20 में पूरे किए गए न्यायालय हॉल	019-20 में पूरी की गई आवासीय इकाइयां	2020-21 में जारी	2020-21 में पूरे किए गए न्यायालय हॉल	2020-21 में पूरी की गई आवासीय इकाइयां	2021-22 में जारी	2021-22 में पूरे किए गए न्यायालय हॉल	2021-22 में पूरी की गई आवासीय इकाइयां	2022-23 में जारी	2022-23 में पूरे किए गए न्यायालय हॉल	2022-23 में पूरी की गई आवासीय इकाइयां
1.	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	0.17	2	0	0.35	0	0	0.00	0	0		0	0
2.	आंध्र प्रदेश	20.00	3	0	10.28	0	2	0.00	3	2		4	2
3.	अरुणाचल प्रदेश	2.69	0	0	5.00	0	0	4.09	0	0		0	0
4.	असम	36.54	18	11	25.00	0	0	27.40	0	0		0	0
5.	बिहार	87.62	51	24	65.72	24	12	0.00	31	36		0	0
6.	चंडीगढ़	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0		0	0
7.	छतीसगढ़	19.83	0	8	7.84	18	2	0.00	8	22		2	11
8.	दादरा और नागर हवेली	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0		0	0
9.	दमन और दीव	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0		0	0
10.	दिल्ली	48.52	54	0	45.00	24	0	30.00	0	0		44	0
11.	गोवा	4.06	28	0	3.80	0	0	3.20	0	0		0	0
12.	गुजरात	16.49	0	0	13.50	0	0	0.00	0	0		0	0
13.	हरियाणा	14.06	0	0	22.00	8	0	0.00	14	4		0	56
14.	हिमाचल प्रदेश	5.72	0	0	5.50	0	0	0.00	3	0		0	0
15.	जम्मू - कश्मीर	10.00	5	5	[redacted]	1	1	[redacted]	0	0	[redacted]	0	0
16.	जम्मू - कश्मीर (संघ राज्यक्षेत्र)	5.00			6.65			20.00					
17.	झारखंड	13.74	39	0	9.05	0	0	6.00	0	0		0	0
18.	कर्नाटक	44.04	154	82	29.72	65	21	27.00	87	9		25	7
19.	केरल	15.82	0	0	13.00	15	0	50.00	0	0		0	0
20.	लद्दाख	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0		0	0
21.	लक्षद्वीप	0.00	0	0	0.00	0	0	0.00	0	0		0	0
22.	मध्य प्रदेश	66.90	32	73	45.60	34	104	55.00	22	20		0	22

23.	महाराष्ट्र	61.09	182	24	23.11	0	0	18.00	0	1		0	0
24.	मणिपुर	9.66	0	0	5.00	0	0	0.00	0	0		0	0
25.	मेघालय	22.85	0	0	7.71	0	0	28.02	0	0		0	0
26.	मिजोरम	5.24	0	2	5.00	0	0	9.50	0	0		0	0
27.	नागालैंड	3.42	0	1	5.00	0	0	13.27	0	0		0	0
28.	ओडिशा	35.69	53	24	0.00	35	14	0.00	51	25		0	2
29.	पुडुचेरी	3.31	0	0	0.00	7	6	0.00	0	0		0	0
30.	पंजाब	39.78	34	0	16.48	7	9	16.50	0	0		0	0
31.	राजस्थान	64.21	70	28	29.90	43	7	41.50	15	18		1	6
32.	सिक्किम	2.78	1	0	2.95	0	0	0.00	0	0		0	0
33.	तमिलनाडु	38.71	42	24	18.17	50	10	35.66	8	6		23	17
34.	तेलंगाना	5.65	10	1	16.00	12	0	0.00	12	0		0	0
35.	त्रिपुरा	18.82	0	0	7.74	0	0	0.00	10	0		0	0
36.	उत्तर प्रदेश	169.66	55	21	111.00	0	0	219.00	150	75		10	0
37.	उत्तराखंड	28.50	0	0	5.86	0	0	80.00	6	7		0	0
38.	पश्चिमी बंगाल	61.43	8	17	31.07	0	0	0.00	0	0		0	0
	योग	**982.00**	**841**	**345**	**593.00**	**343**	**188**	**684.14**	**420**	**225**	**109**	**109**	**123**

****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1348

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

विशाखापट्टणम में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय

1348. श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्रों की सूची क्या है;

(ख) क्या उपर्युक्त पासपोर्ट सेवा केन्द्रों में अलग-अलग क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) नियुक्ता किए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या विशाखापट्टणम के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में कोई पूर्ण-कालिक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी नियुक्त नहीं है, यदि हां, तो कब से और इसके क्या कारण हैं;

(घ) विशाखापट्टणम आरपीओ में श्रेणी-वार संस्वीकृत पद तथा कर्मचारियों की वास्तविक संख्या कितनी है और रिक्तियों के क्या कारण हैं;

(ङ) विशाखापट्टणम में सामान्य और तत्काल पासपोर्ट जारी करने में लगने वाले दिनों की वास्ताविक औसत संख्या कितनी है; और

(च) वर्तमान में लंबित पासपोर्ट आवेदनों की संख्या कितनी है तथा उन्हें समय से जारी करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) आंध्र प्रदेश में चार पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) कार्य कर रहे हैं। आरपीओ वार पीएसके की सूची इस प्रकार है:

क्र सं.	आरपीओ विशाखापत्तनम	आरपीओ विजयवाड़ा
1.	पासपोर्ट सेवा केंद्र, मुरली नगर, विशाखापत्तनम	पासपोर्ट सेवा केंद्र, विजयवाड़ा
2.	पासपोर्ट सेवा केंद्र, भीमावरम	पासपोर्ट सेवा केंद्र, तिरुपति

(ख) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का प्रमुख होता है, जिसके तहत कई पासपोर्ट सेवा केंद्र हो सकते हैं, जिनमें प्रमुख उपयुक्त स्तर के अधिकारी होते हैं।

(ग) विशाखापत्तनम के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी की नियुक्ति हाल ही में की गई है।

(घ) क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, विशाखापत्तनम में श्रेणीवार संस्वीकृत पद निम्नलिखित हैं:

क्र सं	पदनाम	संस्वीकृत पद संख्या	कार्यरत पद संख्या
1.	उप पासपोर्ट अधिकारी (कार्यालय प्रमुख/आरपीओ)	1	1 (हाल ही में नियुक्त किए गए)
2.	सहायक पासपोर्ट अधिकारी	2	3
3.	वरिष्ठ अधीक्षक	6	2
4.	अधीक्षक	4	2
5.	सहायक अधीक्षक	7	0
6.	वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक	11	19
7.	कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक	11	10
8.	कार्यालय सहायक	4	3
9.	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	1	1
10.	आशुलिपिक	1	1
11.	कुल	**48**	**42**

केंद्रीय पासपोर्ट संगठन में कर्मचारियों की समग्र कमी के कारण पद रिक्त हैं। मंत्रालय रिक्तियों के अनुसार कार्यालय सहायक, कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक और सहायक अधीक्षक के ग्रेड में भर्ती के लिए कर्मचारी चयन आयोग को नियमित रूप से अपनी मांग भेज रहा है।

(ड.) सामान्य श्रेणी के तहत आरपीओ, विशाखापत्तनम में पासपोर्ट जारी करने का औसत समय 15-20 कार्य दिवस है और तत्काल श्रेणी के संबंध में यह समय 05 कार्य दिवस है। इसके अतिरिक्त, पासपोर्ट जारी करना पुलिस सत्यापन रिपोर्ट की प्राप्ति/आवेदकों द्वारा दस्तावेज जमा करने आदि के अध्यधीन है।

(च) दिनांक 18.07.2022 की स्थिति के अनुसार, आरपीओ विशाखापत्तनम के तहत 1926 मामले लंबित है। इनमें से 1283 आवेदन पिछले 7 दिनों के अंदर प्राप्त हुए थे। आवश्यकता पड़ने पर छुट्टियों के दिनों में काम करते हुए पासपोर्ट समय पर जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1349

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

यूक्रेन संकट पर भारत का रूख

1349. श्री लूइझिनो जोएक्विम फलेरो:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन संकट के संबंध में सरकार का क्या रूख रहा है;

(ख) सरकार द्वारा युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति-स्थापना संबंधी क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) यूक्रेन पर रूस द्वारा हमला करने से लेकर अब तक यूक्रेन सरकार को कितने विदेशी सहायता और दवाइयों की आपूर्ति की गई है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) विदेश मंत्री द्वारा 15 मार्च 2022 को राज्य सभा में अपनी ओर से दिए गए वक्तव्य में यूक्रेन की स्थिति के संबंध में सरकार के रुख का उल्लेख किया था। वक्तव्य की प्रति अनुबंध- I में दी गई है।

(ख) यूक्रेन में युद्ध की शुरुआत से ही, भारत ने लगातार युद्ध को तत्काल समाप्त करने और हिंसा को रोकने का आह्वान किया है। भारत ने दोनों पक्षों से कूटनीति और बातचीत के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है और युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी राजनयिक प्रयासों के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कई अवसरों पर यूक्रेन और रूस के राष्ट्रपतियों से बात की है और भारत के रुख को दोहराया है।

(ग) यूक्रेन सरकार को दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों, टेंट, सर्जिकल दस्ताने, सुरक्षात्मक चश्मे, तिरपाल, कंबल, सोलर लैंप, डिग्निटी किट और स्लीपिंग मैट के रूप में लगभग 70 टन सामग्री सहायता स्वरूप भेजी गई है।

अनुबंध-I

"यूक्रेन में स्थिति" के संबंध में विदेश मंत्री, डॉ. एस. जयशंकर द्वारा राज्य सभा मे अपनी ओर से दिया गया वक्तव्य

15 मार्च, 2022

माननीय अध्यक्ष महोदय,

मैं गरिमामयी सदन में यूक्रेन की स्थिति और इसके कारण वहां रहने वाले हमारे नागरिकों सहित भारत पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में वक्तव्य देना चाहूंगा। वर्तमान में चल रहे इस संघर्ष के कारण उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, हमने लगभग 22500 नागरिकों की सुरक्षित देश वापसी सुनिश्चित की है। यह सदन नागरिकों की वापसी को संभव बनाने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों की जटिलता को समझता है। मैं इनका विवरण साझा करने की अनुमति चाहूंगा।

2. माननीय सदस्यों को जानकारी है कि रूस और यूक्रेन के बीच तनावपूर्ण स्थिति 24 फरवरी 2022 को युद्ध में बदल गई। इसके मूल कारण जटिल हैं, जिनमें विगत मे सुरक्षा ढाँचे, राजनीतिक शासन व्यवस्था और अंतर-राष्ट्रीय राजनीति सहित कई मुद्दे शामिल हैं। इनके साथ पहले से किए गए समझौतों को लागू करने की चुनौतियाँ भी जुड़ गईं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि इस युद्ध से 20000 से अधिक भारतीय सीधे खतरे में पड़ गए। हालांकि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस उभरती हुई स्थिति के संबंध मे वैश्विक चर्चा में भाग ले रहे थे, तथापि हमारे नागरिकों की सुरक्षा और यह सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती थी कि उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे।

3. प्रधानमंत्री के निर्देश पर, हमने ऑपरेशन गंगा की शुरुआत की, जिसके तहत वर्तमान युद्ध की स्थिति में एक चुनौतीपूर्ण निकासी अभियान चलाया गया। माननीय सदस्यों को अवगत कराना चाहूंगा कि हमारा समुदाय पूरे यूक्रेन में फैला हुआ है जिसके कारण विशिष्ट प्रकार की संभारतंत्रीय चुनौतियां सामने आती हैं। यह अभियान ऐसे समय में चलाया गया था जब हवाई हमले तथा गोलाबारी सहित सैन्य कार्रवाई चल रही थी। इसके लिए एक बड़े देश में युद्ध की स्थिति में कई बार 1000 किलोमीटर तक आने-जाने की आवश्यकता थी और इसके लिए सीमा चौकियों से बाहर निकलने की आवश्यकता थी जहां लगभग 26 लाख शरणार्थी

4. इस पूरी कवायद में 'सरकार का समग्र दृष्टिकोण' शामिल था, जिसमें प्रधानमंत्री स्वयं लगभग दैनिक आधार पर समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते थे। विदेश मंत्रालय में भी, हमने दिन रात बचाव कार्यों की निगरानी की। हमें नागर विमानन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा कारवाई बल, भारतीय वायु सेना और निजी एयरलाइंस सहित सभी संबंधित मंत्रालयों और संगठनों से उत्कृष्ट समर्थन मिला। दिल्ली और मुंबई पहुंचने वाले भारतीय छात्रों को उनके संबंधित राज्यों में भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ प्रभावी समन्वय किया गया।

अध्यक्ष महोदय,

5. मैं सदस्यों को वास्तविक संघर्ष की स्थिति से पहले उठाए गए कदमों से अवगत कराना चाहूँगा। तनाव बढ़ने पर, यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने जनवरी 2022 में भारतीय नागरिकों के लिए पंजीकरण अभियान शुरू किया। इसके परिणामस्वरूप, कीव स्थित हमारे दूतावास मे लगभग 20,000 भारतीय

नागरिक पंजीकृत किए गए, जिनमे अधिकांश छात्र थे जो पूरे देश में फैले यूक्रेनी विश्वविद्यालयों में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। आधे से अधिक छात्र पूर्वी यूक्रेन के विश्वविद्यालयों में थे जो रूस की सीमा पर स्थित है और अब तक संघर्ष का केंद्र रहा है। ये छात्र भारत के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए थे जिनमें केरल, यूपी, हरियाणा, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और राजस्थान जैसे प्रत्येक राज्य के 1000 से अधिक छात्र थे।

6. फरवरी में लगातार बढ़ते तनाव को देखते हुए, भारतीय दूतावास ने 15 फरवरी, 2022 को एक एडवाइज़री जारी की, जिसमें यूक्रेन में रह रहे ऐसे भारतीय नागरिकों को अस्थायी रूप से देश छोड़ने की सलाह दी गई, वहां जिनका प्रवास आवश्यक नहीं था। इसमें भारतीय नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा न करने एवम यूक्रेन के भीतर गैर-ज़रूरी आवाजाही न करने की सलाह भी दी गई। माननीय सदस्य इस बात को समझते हैं कि इस प्रकार की एडवाइज़री बेहद असामान्य होती हैं और उन्हें जारी करना अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। 20 फरवरी और 22 फरवरी को और एडवाइज़री भी जारी की गईं जिनमें भारतीय छात्रों को यूक्रेन छोड़ने पर ज़ोर दिया गया था। सीधी उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए, यूक्रेन के पक्षकारों के साथ परामर्श करके उस समय लागू एयर-बबल प्रतिबंधों को तुरंत हटा लिया गया था। इसके परिणामस्वरूप, 23 फरवरी 2022 तक लगभग 4000 भारतीय नागरिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उड़ानों द्वारा यूक्रेन छोड़ चुके थे।

7. तथापि, हमारे प्रयासों के बावजूद, बड़ी संख्या में छात्रों ने यूक्रेन में प्रवास जारी रखने का विकल्प चुना। हमें इस संबंध में उनकी मनोदशा को समझना होगा। उनमें शैक्षणिक संस्थानों को छोड़ने और अपनी पढ़ाई को प्रभावित करने के संबंध में स्वाभाविक अनिच्छा थी। कुछ विश्वविद्यालयों ने ऑनलाइन अध्ययन के लिए हतोत्साहित किया और मना कर दिया। उनमें से कइयों को सुरक्षा के संबंध में परस्पर विरोधी सलाह मिली। वापसी यात्रा की चुनौतियाँ भी एक कारक रही होंगी। 24 फरवरी तक की अवधि में, राजनीतिक संकेत भी भ्रामक थे। अनावश्यक चेतावनी से न घबराने के सार्वजनिक आग्रहों तथा सैन्य बलों की वापसी की रिपोर्टों ने एक भ्रामक तस्वीर सामने रखी। इसका अंतिम परिणाम यह हुआ कि जब यह संघर्ष शुरू हुआ तो लगभग 18000 भारतीय नागरिक इसमें फंस गए।

8. मंत्रालय ने एक कठिन परिस्थिति के पूर्वानुमान में यूक्रेन में स्थित हमारे मिशन में और कर्मचारी भेजना शुरू कर दिया था। 22 फरवरी को कीव में हमारे दूतावास में रूसी भाषा बोलने वाले अतिरिक्त अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया। यूक्रेन में फँसे संकटग्रस्त भारतीय नागरिकों और भारत में उनके परिवारों के साथ लगातार संपर्क में रहने के लिए 16 फरवरी को दिल्ली में एक सिचुएशन रूम की स्थापना की गई। दूतावास में भी ऐसे ही उपाय किए गए। विदेश मंत्रालय के सिचुएशन रूम में सौ से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया था, जिससे वे अब तक 13000 से अधिक कॉल और 9000 से अधिक ईमेल का जवाब देने में सफल हुए हैं।

9. यूक्रेन के पश्चिमी पड़ोसी देशों - पोलैंड, स्लोवाक गणराज्य, हंगरी, रोमानिया और मोल्दोवा से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की रणनीति तैयार की गई थी। 24 फरवरी को यूक्रेनी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण यह आवश्यक था। इस कार्य को करने के लिए हमें इन देशों में मौजूद अपने मिशनों को मजबूत बनाने की आवश्यकता थी ताकि वे सीमा चौकियों पर टीमों को तैनात करने, ट्रांजिट शिविर स्थापित करने, कारगर नियंत्रण कक्ष संचालित करने और बड़ी संख्या में हवाई उड़ानों की सुविधा प्रदान करने जैसे कार्य कर

सकें। इसके साथ ही इन मिशनों को वहां मानवीय सहायता संबंधित कार्य भी संभालना था। इन उद्देश्यों को सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय के 47 अतिरिक्त अधिकारियों को वहां भेजा गया था, जो दूतावास में पहले से ही मौजूद 58 कार्मिकों के अतिरिक्त थे।

10. माननीय सदस्यों को इस बात की सराहना करनी चाहिए कि इन कार्मिकों ने हमारे दूतावास कर्मियों के साथ मिलकर ऑपरेशन गंगा को सफल बनाने के लिए कठिन परिस्थितियों में कार्य किया है। सीमा चौकियों पर उनके निरंतर हस्तक्षेप से ही भीड़ -भाड़ के कारण वहां उत्पन्न गंभीर चुनौतियों से निपटने में सहायता मिली है। स्थानीय सरकारों और सामुदायिक संगठनों के साथ उनके संपर्क से ही वहां से सुरक्षित निकाले जाने वाले यात्रियों के लिए आवास, भोजन और चिकित्सा देखभाल की जा सकी तथा निश्चय ही उन्होंने उड़ान संचालन की जटिलता को संभाला ताकि घर वापसी की प्रक्रिया आसान हो सके।

11. ऑपरेशन गंगा के तहत, 90 उड़ानें संचालित की गई हैं, जिनमें से 76 नागरिक उड़ानें और 14 भारतीय वायु सेना की उड़ानें थीं। निकासी उड़ानें रोमानिया, पोलैंड, हंगरी और स्लोवाकिया से संचालित की गई। भारतीय वायु सेना ने भी इस अवसर पर सहयोग दिया, जबकि अधिकांश निजी एयर-लाइनें, जिसमें एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो, स्पाइस जेट, विस्तारा, गो-एयर और एयर एशिया सहित निजी एयरलाइनों ने भी इसमें उत्साहपूर्वक कार्य किया।

12. इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई बार रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों से बात की। उन्होंने विशेष रूप से खार्किव और सुमी से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री ने रोमानिया, स्लोवाक गणराज्य, हंगरी के प्रधानमंत्रियों और पोलैंड के राष्ट्रपति से भी अपने देशों में भारतीय नागरिकों को प्रवेश देने के लिए उनसे सहयोग मांगा। मैं संकट के समय में हमारे नागरिकों के लिए अपने देश में प्रवेश की अनुमति देने और उनकी सहायता करने के लिए इन साझेदार देशों का हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

अध्यक्ष महोदय,

13. मैं इन्हीं कारणों से यूक्रेन, रूस, पोलैंड, रोमानिया, हंगरी, स्लोवाकिया और मोल्दोवा के अपने समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में था। विदेश सचिव ने नई दिल्ली में मौजूद यूक्रेन और रूस के राजदूतों के साथ संपर्क बनाए रखा, जबकि कीव और मॉस्को में मौजूद हमारे राजदूतों ने संबंधित राजधानियों में अनुवर्ती कार्रवाई की।

14. प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन गंगा को सुकर बनाने के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों को विशेष दूत के रूप में रोमानिया, हंगरी, स्लोवाक गणराज्य और पोलैंड भेजा। इसमें श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को रोमानिया, श्री किरेन रिजिजू को स्लोवाक गणराज्य, श्री हरदीप सिंह पुरी को हंगरी और जनरल (सेवानिवृत्त) श्री वी.के. सिंह को पोलैंड भेजा गया। उनकी व्यक्तिगत देख-रेख में नागरिकों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया से वहां नागरिकों को सीमा पार करने में आसानी हुई और उसके बाद उनकी देखभाल बेहतर ढंग से हो सकी।

15. खार्किव और सूमी से भारतीय नागरिकों को निकालने निकासी प्रक्रिया का सबसे चुनौतीपूर्ण भाग था। दोनों जगहों पर भारी गोलाबारी और हवाई हमले हो रहे थे। बसों और ट्रेनों के माध्यम से छात्रों को निकालने के लिए कई तरीकों पर काम किया गया। बेलगोरोद और कुर्स्क के रास्ते से भारतीय छात्रों की संभावित निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए हमारे दूतावास से एक टीम भी रूस-यूक्रेन सीमा पर भेजी

गयी। घमासान युद्ध की संभावना को देखते हुए खार्किव से कई छात्रों को पेसोचिन ले जाया गया। हमने अपने प्रयासों से उन्हें गंभीर परिस्थितियों से निकालकर सुरक्षित क्षेत्र में पंहुचाया, सुरक्षित तथा बसों के द्वारा उन्हें पश्चिमी सीमाओं तक लाया गया। सूमी से निकासी, जो बड़े स्तर पर अंतिम निकासी थी, बेहद जटिल थी क्योंकि इसमें हमारे छात्रों को मुठभेड़ में घिर जाने की संभावना का सामना करना पड़ सकता था। मौजूदा स्थिति में शहर से उनकी निकासी भयभीत कर देने वाली एक बड़ी चुनौती थी जिसके लिए पूरी तरह युद्धविराम की आवश्यकता थी। अंततः अध्यक्ष महोदय यह यूक्रेन और रूस के राष्ट्रपतियों के साथ स्वयं प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण ऐसा संभव हुआ। अपने समक्ष असाधारण चुनौतियों को देखते हुए, हमने वरिष्ठ अधिकारियों के एक विशेष दल को सूमी के आसपास के क्षेत्र में भी भेजा। वहां तैनात सैन्य बलों, आईसीआरसी के साथ उनके समन्वय और संभारतंत्र की व्यवस्था के कारण ही यह अंतिम परिणाम प्राप्त हुए।

16. सम्पूर्ण अवधि के दौरान, यूक्रेन में हमारा दूतावास भारतीय नागरिकों से संपर्क करने, परिवहन की व्यवस्था करने और सुविधाजनक बनाने, स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने, भोजन आदि उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बचाव अभियान के दौरान हमारा दूतावास लगातार यूक्रेन के प्राधिकारियों के संपर्क में था। हम इस दौरान हमारे अनुरोधों पर उनकी सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना करते हैं। उनके हस्तक्षेप के कारण निकासी प्रक्रिया में आवश्यक अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गईं। भारतीय नागरिकों के पासपोर्ट खोने के मामले में दूतावास ने कम समय में यात्रा दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। उन्होंने सीमा पर चुनौतीपूर्ण स्थितियों को हल करने के लिए पड़ोसी दूतावासों का भी सहयोग लिया। देश के पश्चिमी हिस्सों में हमलों सहित यूक्रेन में तेजी से बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए 13 मार्च को यूक्रेन में भारतीय दूतावास को अस्थायी रूप से पोलैंड में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। आगे के घटनाक्रम को देखते हुए स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

17. माननीय सदस्यों को गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों द्वारा निकासी प्रक्रिया में किए गए महान योगदान को भी पहचानना चाहिए। वास्तव में, यूक्रेन समेत, यूक्रेन के पड़ोसी देशों में सामुदायिक संगठनो और भारतीय व्यवसायिकों के प्रयास समान रूप से सराहनीय थेI उन्होंने कई प्रकार से, निकाले जा रहे छात्रों के परिवहन, आश्रय और भरण-पोषण में सहायता की। उन्होंने सुनिश्चित किया की हमारे नागरिक यूक्रेन के पड़ोसी देशों पर बोझ न बने जो उस समय कई अन्य शरणार्थियों को भी आश्रय दे रहे थे। देश उनका आभारी रहेगा।

18. भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम'के सिद्धांत के अनुरूप, विदेशी नागरिकों को भी संघर्षपूर्ण क्षेत्रों से निकाला गया और भारत लाया गया। उनमें 18 देशों के लगभग 150, सटीक रूप से 147, नागरिक शामिल थे, जिनमें बांग्लादेश और नेपाल जैसे हमारे निकटतम पड़ोसी भी हैं। कई यूक्रेनी नागरिक जो भारतीय नागरिकों के परिवार के सदस्य हैं, उन्हें भी भारत वापस लाया गया हैI हमने अपनी निकासी उड़ानों में भारत से पोलैंड के लिए यूक्रेनी नागरिकों को मुफ्त यात्रा भी प्रदान की।

19. उभरती मानवीय स्थिति की प्रतिक्रिया में भारत ने यूक्रेन और उसके पड़ोसी देशों को राहत सामग्री प्रदान की है। कुल 90 टन की राहत सामग्री प्रदान की गई जिसमें दवाएं, तंबू, कंबल, स्लीपिंग मैट, तिरपाल, सर्जिकल दस्ताने, बचावकारी चश्मे आदि शामिल हैं।

20. माननीय सदस्यों को इस बात की जानकारी हैं कि खार्किव में, खार्किव चिकित्सा विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के मेडिकल छात्र नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदर की मृत्यु हो गई। दुकान से किराने का सामान लाते समय चोट लगने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। हम उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। हमारी प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। यूक्रेन स्थित हमारा राजदूतावास उनके पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए अथक रूप से प्रयासरत है।

21. मैं एक अन्य भारतीय नागरिक हरजोत सिंह को हमारे दूतावास द्वारा प्रदान की गई सहायता का भी उल्लेख करना चाहूंगा, जो कीव से बाहर जाते समय गोली लगने के कारण घायल हो गए थे। उनकी चिकित्सा पर होने वाले खर्च का ध्यान रखा गया और कीव से पोलिश सीमा तक उनके जाने की व्यवस्था की गई। जिन्हें भारतीय वायु सेना की उड़ान से एक डॉक्टर सहित भारत लाया गया था जिसकी व्यवस्था पोलैंड में हमारे मिशन द्वारा की गई थी।

अध्यक्ष महोदय,

22. यूक्रेन में हो रहे घटनाक्रम का प्रभाव संयुक्त राष्ट्र, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर भी पड़ा है, जिसका वर्तमान में भारत एक अस्थायी सदस्य है। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ और सुसंगत रही है। हमने बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है और हिंसा को रोकने तथा युद्ध को समाप्त करने का आह्वान किया है। सुरक्षा परिषद और आम सभा में हमारे वक्तव्य में हमने तत्काल युद्धविराम और फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षित निकालने का आग्रह किया है। हमने संकट की इस घड़ी में भारत द्वारा यूक्रेन और उसके पड़ोसी देशों को दी गई मानवीय सहायता पर भी प्रकाश डाला है।

23. हमने सभी संबंधित पक्षकारों को अपने नेतृत्व के उच्चतम स्तर पर यह दोहराया है कि कूटनीति और बातचीत के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। हमने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य राष्ट्रों से इस बात पर जोर दिया है कि वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रों की संप्रभुता के प्रति सम्मान पर आधारित है।

24. यूक्रेन संघर्ष के बड़े आर्थिक निहितार्थ हैं। ऊर्जा और सामान की कीमतों पर इसका असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ा व्यवधान हो सकता है। भारत, रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बड़े स्तर पर डील करता है। सरकार, इस संबंध में आकलन कर रही है। हालाँकि, सदन इस बात को मानेगा कि अब 'आत्मनिर्भर भारत' की अधिक आवश्यकता है।

25. ऑपरेशन गंगा हमारी इस प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करने का प्रमाण है कि विदेशों में संकट में फंसे भारतीय नागरिक अपनी सरकार पर भरोसा कर सकते हैं। हमने इसके पहले भी कई मौकों पर ऐसा किया है, लेकिन शायद ही कोई यूक्रेन में चल रहे इस संघर्ष जितना चुनौतीपूर्ण रहा हो।

26. मुझे विश्वास है कि इस सदन के माननीय सदस्य भारत सरकार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों, विशेष रूप से संबंधित दूतावासों, नागर विमानन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, एनडीआरएफ, भारतीय वायु सेना, निजी एयरलाइंस तथा यूक्रेन से हमारे नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए अथक और निस्वार्थ भाव से

कार्य करने वाले सभी लोगों के प्रयासों की सराहना करेंगे। मैं इन देशों में स्थानीय भारतीय समुदाय, सिविल सोसाइटी, स्वयंसेवी संगठनों आदि के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहूंगा। हालांकि, यहाँ यूक्रेन में हमारे युवा छात्रों का साहस और दृढ़ संकल्प सबसे उल्लेखनीय है जिनमें से कुछ छात्रों को सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्रों में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था।

27. माननीय सदस्यगण, यह निर्विवाद रूप से चुनौतीपूर्ण समय है। लेकिन सदन इस बात से आश्वस्त रहे कि चाहे यह राजनीतिक स्थिति के प्रति हमारा दृष्टिकोण हो, अर्थव्यवस्था के लिए निहितार्थ या विदेशों में रहने वाले भारतीयों का कल्याण,हमारी सरकार आत्मविश्वास, परिश्रम और जिम्मेदारी से कार्रवाई करती रहेगी जो हमेशा से हमारी पहचान रही है।

धन्यवाद!

*****

भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1350

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए

विदेशों में कार्यरत भारतीयों का उत्पीड़न

1350. श्री एस. सेल्वागनबेथी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि विदेशों में काम करने वाले भारतीय युवाओं को उन देशों के नियमों और विनियमों से संबंधित जानकारी की कमी होने और कुछ अन्य कारणों से उत्पीड़न झेलना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो भारतीय दूतावासों द्वारा उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए किए गए उपायों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि खाड़ी देशों सहित विभिन्न देशों की जेलों में भारतीय बड़ी संख्या में कैद हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और (ख) कामकाज के लिए विदेश जाने वाले भारतीय युवकों की बड़ी संख्या को देखते हुए सरकार को जानकारी है कि उनमें से कुछ को उस देश के नियमों और विनियमों की जानकारी न होने के कारण या कुछ अन्य कारणों से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विदेश में मौजूद भारतीयों की सलामती और कल्याण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारतीय मिशन और केंद्र, विदेश में रहने वाले भारतीयों को स्वयं को कोंसली और सामुदायिक कल्याण अनुभागों के पास अपना विवरण पंजीकृत करने की सलाह देते हैं। मिशन और केंद्र विदेश में रहने वाले भारतीयों की जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न मामलों से संबंधित प्रमुख जानकारी का वेबसाईट, सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार करते हैं, जिसमें मेजबान देशों से संबंधित जानकारी भी शामिल है।

उत्प्रवासन जाँच अपेक्षित (ई सी आर) देशों में कार्य करने के इच्छुक भारतीयों की जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सहयोग से प्रस्थान पूर्व अनुकूलन प्रशिक्षण (पीडीओटी) कार्यक्रम नामक एक कार्यक्रम चलाता है। पीडीओटी कार्यक्रमों का उद्देश्य गंतव्य देश

की संस्कृति, भाषा, परंपरा, स्थानीय नियमों और विनियमों के अनुसार हमारे प्रवासी कामगारों की सॉफ्ट स्किल्स को बढ़ाना, प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षित और कानूनी प्रवास के तौर- तरीके के बारे में संवेदनशील बनाना तथा उनकी सलामती और सुरक्षा के लिए विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों जैसे भारतीय सामुदायिक कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ), प्रवासी भारतीय बीमा योजना (पीबीबीवाई), ई-माइग्रेट पोर्टल, मदद पोर्टल, प्रवासी भारतीय सहायता केंद्र (पीबीएसके), भारतीय दूतावासों और कोंसलवासों आदि में 24x7 हेल्पलाइन के विषय में जागरूक करना है। 30 जनवरी 2022 तक, 1,15,056 श्रमिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रवासी कामगारों के लिए पहला ऑनलाइन पूर्व प्रस्थान अनुकूलन प्रशिक्षण (पीडीओटी) कार्यक्रम अप्रैल 2021 में शुरू किया गया था। वर्तमान में देश भर में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले 32 पीडीओटी केंद्र हैं।

(ग) और (घ) मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्तमान में विदेशी जेलों में विचाराधीन कैदियों सहित भारतीय कैदियों की संख्या 7710 है। देश-वार सूची अनुबंध- I में दी गई है। यद्यपि कई देशों में प्रचलित सख्त गोपनीयता कानून के कारण, स्थानीय अधिकारी कैदियों के बारे में तब तक जानकारी साझा नहीं करते हैं जब तक संबंधित व्यक्ति ऐसी जानकारी के प्रकटीकरण के लिए सहमति नहीं देता है। यहां तक ऐसे देश जो जानकारी साझा करते हैं, वे भी आमतौर पर विदेशी कैदियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देते हैं।

*****

अनुबंध I

क्र. सं.	देश	विदेशी जेलों में बंद भारतीयों की संख्या
1	अल्बानिया	1
2	अंगोला	2
3	अर्जेंटीना	1
4	आर्मीनिया	1
5	ऑस्ट्रेलिया	86
6	ऑस्ट्रिया	6
7	अजरबेजान	4
8	बहरीन	97
9	बांग्लादेश	59
10	बेलारूस	2
1 1	बेल्जियम	7
12	भूटान	67
13	कंबोडिया	4
14	कैमरून	1
15	कनाडा	23
16	चिली	1
17	चीन	195
18	कोलंबिया	3
19	कांगो	4
20	कोट डी आइवर	5

21	क्यूबा	1
22	साइप्रस	20
23	डेनमार्क	4
24	मिस्र	1
25	इथियोपिया	1
26	फ़िजी	1
27	फ्रांस	29
28	जॉर्जिया	1 1
29	जर्मनी	93
30	घाना	1
31	यूनान	22
32	ग्वाटेमाला	1
33	इंडोनेशिया	24
34	ईरान	17
35	इराक	3
36	इजराइल	4
37	इटली	233
38	जापान	6
39	जॉर्डन	21
40	कुवैत	458
41	किर्गिज़स्तान	2
42	लाओस	2

43	लेबनान	5
44	मेडागास्कर	5
45	मलावी	1
46	मलेशिया	235
47	मालदीव	14
48	मॉरीशस	10
49	मेक्सिको	1
50	मोरक्को	2
51	मोजाम्बिक	6
52	म्यांमार	44
53	नेपाल	1134
54	न्यूजीलैंड	13
55	उत्तर मैसेडोनिया	3
56	ओमान	55
57	पाकिस्तान	585
58	पराग्वे	1
59	फिलीपींस	36
60	पोलैंड	8
61	पुर्तगाल	10
62	कतर	485
63	कोरिया गणराज्य	3
64	रोमानिया	6

65	रूस	1 1
66	रवांडा	4
67	सऊदी अरब	1167
68	सेनेगल	4
69	सर्बिया	2
70	सिंगापुर	75
71	स्लोवाकिया	1
72	दक्षिण अफ्रीका	4
73	स्पेन	40
74	श्री लंका	16
75	सूडान	1
76	स्वीडन	1
77	तंजानिया	2
78	थाईलैंड	14
79	त्रिनिदाद और टोबैगो	2
80	युगांडा	3
81	संयुक्त अरब अमीरात	1535
82	यूनाइटेड किंगडम	381
83	अमेरिका	258
84	उज़्बेकिस्तान	1
85	वियतनाम	1
86	यमन	1

	कुल	**7710**

*****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1351
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

कोविड 19 महामारी के कारण पत्रिकाओं का बंद होना

1351. श्री नारण भाई जे. राठवाः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि कोविड-19 महामारी के कारण कई पत्रिकाएं छपना बंद हो गई हैं क्योंकी उन प्रकाशनों ने वार्षिक विवरणी दर्ज करने संबंधी नियमों का पालन नहीं किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है; और

(ग) छोटे प्रकाशनों द्वारा वार्षिक विवरणी दर्ज नहीं करने पर प्रति वर्ष कितना जुर्माना लगाया जाता है और क्या समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा इन्हें बहाल किया जा सकता है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय (आरएनआई) ने कोविड-19 महामारी के दौरान वार्षिक विवरणी दाखिल न करने के कारण किसी प्रकाशन को बंद नहीं किया है। प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (पीआरबी), 1867 के अनुसार प्रकाशकों को वार्षिक विवरणी दाखिल न करने पर प्रति वर्ष 1000/- रु. का जुर्माना भरना होता है।

******

प्र.सं.1352 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1353
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग का वित्तीय प्रभाव

1353. श्री मुजीबुल्ला खानः
श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूर्व में विदेशी फिल्मों की भारत में शूटिंग से पड़े वित्तीय प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत पाँच वर्षों के दौरान तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) ऑडियो-वीडियो सह-निर्माण हेतु प्रोत्साहन योजना और भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग हेतु प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जारी की गई निधि के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान देश के फिल्म उद्योग की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग के वित्तीय प्रभाव का कोई औपचारिक मूल्यांकन नहीं किया गया है। तथापि, 2016 के बाद से भारत में फिल्म बनाने की अनुमति प्राप्त 141 अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में से पूरी की गई 82 परियोजनाओं में से 69 पर खर्च की गई धनराशि पर प्राप्त अनौपचारिक इनपुट के आधार पर, यह अनुमान है कि इन 69 परियोजनाओं द्वारा भारत में लगभग 412.49 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और इन निर्माणों में लगभग कुल 29,000 लोग कार्यरत थे।

(ग): भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग के लिए ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण और प्रोत्साहन योजना के लिए प्रोत्साहन योजना की घोषणा 18 मई, 2022 को की गई थी। इस योजना के तहत अभी तक कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

(घ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत में फिल्मांकन (जो अप्रत्यक्ष रूप से आतिथ्य, पर्यटन आदि जैसे संबद्ध क्षेत्रों को बढ़ावा देता है) की आसानी के लिए राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में एक वेब पोर्टल (https://www.ffo.gov.in) विकसित किया है जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, दोनों के लिए भारत में फिल्म की शूटिंग के लिए ऑनलाइन अनुमति देने के लिए सिंगल विंडो सुविधा तंत्र के रूप में कार्य करता है। एफएफओ वेब पोर्टल भारत में फिल्मी संसाधनों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करता है, जिसमें ट्रेड एसोसिएशन, लाइन प्रोड्यूसर्स, एनिमेशन, वीएफएक्स और पोस्ट-प्रोडक्शन हाउस के लोकेशन और डायरेक्टरी शामिल हैं। भारत में शूटिंग संबंधी अनुमति की सुगम सुविधा के लिए एफएफओ वेब पोर्टल को विदेश मंत्रालय, रेल मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय सहित केंद्र सरकार के प्रमुख मंत्रालयों/विभागों और राष्ट्रीय सिंगल विंडो प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) तथा विभिन्न राज्य सरकारों के साथ एकीकृत किया गया है।

भारत में फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और कर्मीदल के लिए 2017 से 1 वर्ष के लिए वैध मल्टीपल एंट्री की सुविधा वाला फिल्म वीजा शुरू किया गया है।

यह मंत्रालय विशेष रूप से उन फिल्म निर्माताओं, जिनकी फिल्मों को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों/अकादमी पुरस्कारों में चुना गया है, के लिए फिल्म प्रोत्साहन निधि कार्यकलाप के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

भारतीय फिल्म निर्माताओं और विदेशी फिल्म निर्माताओं के बीच फिल्मों के सह-निर्माण को बढ़ावा देने के लिए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आडियो-विजुअल सह-निर्माण करार किए हैं। 2017 से, भारत ने 4 देशों के साथ ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण करार किया है और 13 फिल्मों को आधिकारिक सह-निर्माण का दर्जा प्रदान किया है।

******

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1354
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

प्रसार भारती में शीर्ष रिक्तियाँ

1354. श्री जवाहर सरकारः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रसार भारती में अध्यक्ष के पद को डेढ़ वर्ष तक रिक्त रखने के क्या कारण हैं, यह भली-भांति जानते हुए भी कि इससे यह स्वायत्त संगठन कमजोर हो जाएगा;

(ख) क्या नवम्बर, 2016 से पूर्णकालिक कार्मिक सदस्य के सर्वोच्च पद को 6 वर्ष 8 माह तक रिक्त रखना भी इस कदम का हिस्सा है; और

(ग) अक्टूबर, 2019 से आकाशवाणी और दूरदर्शन में महानिदेशक के दो पूर्ण-कालिक पदों को रिक्त रखे जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 की धारा 8 के अनुसार बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। सदस्य (कार्मिक) के पद हेतु विज्ञापन दिया गया था और आवेदन प्राप्त हुए हैं।

(ग): महानिदेशक, दूरदर्शन और महानिदेशक, आकाशवाणी के पद क्रमश: सितंबर, 2019 और दिसंबर, 2019 से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को दिनांक 04.09.2019 और 23.01.2020 को परिचालित किया गया था। इन पदों को उपयुक्त उम्मीदवारों के अभाव में भरा नहीं जा सका। महानिदेशक, डीडी न्यूज को महानिदेशक, दूरदर्शन के पद का अतिरिक्त कार्य-भार सौंपा गया है और प्रधान महानिदेशक, एनएसडी को महानिदेशक, आकाशवाणी के पद का अतिरिक्त कार्य-भार सौंपा गया है।

****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1355
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

केरल में मीडिया घरानों की बैठक

1355. श्री इलामारम करीमः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में केरल में मीडिया घरानों की एक बैठक बुलाई थी;

(ख) इस प्रकार की बैठक बुलाने के क्या कारण हैं तथा क्या केरल के सभी मीडिया समूहों ने इस बैठक में भाग लिया था;

(ग) उक्त बैठक में भाग लेने के लिए मीडिया समूहों के चयन के मापदंड क्या थे तथा बैठक में शामिल नहीं किये गए मीडिया समूहों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस बैठक में मलयालम मीडिया के एक खास वर्ग को जानबूझ कर शामिल नहीं किये जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): विभिन्न केंद्रीय सरकारी स्कीमों और कार्यक्रमों के संबंध में जागरूकता के लिए केरल के विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समूहों के प्रमुखों/प्रतिनिधियों के साथ जुलाई 2022 में कोझीकोड़ में एक वार्ता आयोजित की गई थी।

****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1356
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

पैसे देकर प्रसारित-करायें गए समाचारों से संबंधित शिकायतें

1356. श्री राघव चड्ढाः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में विभिन्न समाचार चैनलों द्वारा फर्जी समाचारों के प्रसारण और समाचारों को सनसनीखेज बनाने पर ध्यान दिया है और यदि हाँ, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ख) क्या सरकार के पास विभिन्न समाचार चैनलों द्वारा प्रसारित किये जा रहे समाचारों की विषय-वस्तु की निगरानी करने के लिए कोई तंत्र उपलब्ध है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया द्वारा पैसे लेकर समाचार छापने के संबंध में प्राप्त शिकायतों और भारतीय प्रेस परिषद द्वारा स्व-संज्ञान लेते हुए दर्ज की गई शिकायतों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या पेड-न्यूज के संबंध में किसी विशेष कानून के नहीं होने के कारण इस प्रवृत्ति को रोकना संभव नहीं हो सका है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): सभी प्राइवेट टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत कार्यक्रम संहिता का पालन करना आवश्यक है जिसमें यह शामिल है कि कार्यक्रमों में कुछ भी अश्लील, अपमानसूचक, मिथ्या और विचारोत्तेजक संकेत और अर्धसत्य सामग्री न हो। सरकार ने दिनांक 17.06.2021 की अधिसूचना द्वारा कार्यक्रम संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों/परिवादों के निवारण के लिए एक सांविधिक तंत्र प्रदान करने हेतु केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में संशोधन किया है। संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाती है। मंत्रालय कार्यक्रम संहिता का पालन करने के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों को समय-समय पर एडवाइजरी भी जारी करता है।

फर्जी समाचारों से निपटने के लिए 2019 में पत्र सूचना कार्यालय के तहत एक फैक्ट चेक यूनिट भी स्थापित की गई है।

(ग) और (घ): प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के तहत स्थापित एक सांविधिक स्वायत्त निकाय, भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) ने प्रिंट मीडिया द्वारा अनुपालन के लिए पत्रकारिता आचरण के मानकों के तहत "पेड न्यूज" और "पेड समाचारों की पहचान करने के लिए निर्धारित सिद्धांत" संबंधी मानक तैयार किए हैं। पेड न्यूज से संबंधित मामलों का निपटान पीसीआई द्वारा प्रेस परिषद (जांच के लिए प्रक्रिया) विनियमन, 1979 के अनुसार किया जाता है।

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का 'पेड समाचार' से संबंधित शिकायतें प्राप्त करने और आवश्यक उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर एक सुव्यवस्थित तंत्र है। इन मामलों में होने वाला व्यय उन उम्मीदवारों के चुनावी खर्च में शामिल किया जाता है जिनके विरुद्ध पेड समाचारों के मामलों की पुष्टि हो जाती है।

****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1357
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

वाणिज्यिक फिल्मों की पायरेसी

1357. श्री संजय राउतः
श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश में वाणिज्यिक फिल्मों की अत्यधिक पायरेसी की जानकारी है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वर्तमान वर्ष सहित विगत तीन वर्षों में प्रत्येक के दौरान अपनी रिलीज की तारीख से पहले कई फिल्में लीक हो गई थी;

(ग) क्या प्रतिलिप्यधिकार प्रवर्तन सलाहकार परिषद (सीईएसी) द्वारा प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा देश में वाणिज्यिक फिल्मों की पायरेसी को रोक कर भारतीय फिल्म उद्योग को सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): सरकार फिल्मों की पायरेसी से उत्पन्न होने वाले मुद्दों से अवगत है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय न्यायालय का आदेश प्राप्त होने पर वाणिज्यिक फिल्मों की पायरेसी को रोकने के लिए वेबसाइटों को ब्लॉक करता है। फिल्मों की रिलीज की तारीख से पहले उनके लीक होने के संबंध में कोई निश्चित वर्ष-वार डेटा उपलब्ध नहीं है।

प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957, 2012 में यथासंशोधित, प्रतिलिप्यधिकार धारक को नागरिक उपचार के साथ-साथ आपराधिक उपचार प्रदान करता है। प्रतिलिप्यधिकार नियम, 2013 के साथ पठित, प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 मीडिया और मनोरंजन उद्योग में पायरेसी के खतरे से निपटता है। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 के तहत अधिसूचित सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश) नियम 2011, अन्य बातों के साथ-साथ, यह निर्दिष्ट करते हैं कि मध्यस्थ सम्यक तत्परता का पालन करेंगे और कंप्यूटर संसाधित के उपयोक्ताओं को सूचित करेंगे कि वे किसी ऐसी सूचना को होस्ट, प्रदर्शन, अपलोड, उपांतरित, प्रकाशित, पारेषित, अद्यतन या साझा नहीं करेंगे, जो किसी पेटेंट, व्यापार चिह्न, प्रतिलिप्यधिकार या अन्य सांपातिक अधिकारों का अतिलंघन करती हो।

पायरेसी के खतरे के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए लघु फिल्मों सहित निरंतर सोशल मीडिया अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि उपयोक्ताओं को जागरूक और शिक्षित किया जा सके और उन्हें मूल और पायरेटेड उत्पादों के बीच अंतर करने में सहायता की जा सके। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

*****

प्र.सं.1358 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1359
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारतीय प्रेस मीडिया का स्थान

1359. श्री वाइको:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 180 देशों में से निम्न 30 देशों में से एक है जैसा कि मीडिया वॉचडॉग द्वारा उल्लिखित किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो प्रेस की स्वतंत्रता के संबंध में निम्न स्थान प्राप्त करने के विस्तृत कारण क्या हैं;

(ग) क्या कार्यपालिका राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, भारतीय दंड संहिता के राजद्रोह कानून, विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम आदि जैसे विभिन्न कानूनों के माध्यम से निरंकुश शक्तियों का उपयोग कर पत्रकारों की स्वतंत्रता छीन रही है और उन्हें धमकी दे रही है;

(घ) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार और भारतीय प्रेस परिषद को कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ड.) इन शिकायतों पर की गई कार्रवाईयों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक एक विदेशी गैर-सरकारी संगठन, "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स" द्वारा प्रकाशित किया जाता है। सरकार इसके विचारों और देश की रैंकिंग का समर्थन नहीं करती है और अनेक कारणों से इस संगठन के निष्कर्षों से सहमत नहीं है, जिसमें नमूने का बहुत छोटा आकार, लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को बहुत कम या कोई महत्व नहीं देना, संदिग्ध और अपारदर्शी कार्यप्रणाली को अपनाना आदि शामिल हैं।

(ग) से (ङ): प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने की अपनी नीति के अनुसरण में, सरकार प्रेस के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करती है। प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के तहत एक सांविधिक स्वायत्त निकाय, भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) की स्थापना मुख्य रूप से प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और देश में समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के मानकों में सुधार करने के लिए की गई है। पीसीआई, प्रेस की स्वतंत्रता में कमी, पत्रकारों पर शारीरिक हमले/आक्रमण आदि से संबंधित 'प्रेस द्वारा दायर' शिकायतों पर प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 की धारा 13 के तहत विचार करता है और प्रेस परिषद (जांच के लिए प्रक्रिया) विनियम, 1979 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करता है। वर्ष 2018-19 और 2020-21 के बीच प्रेस परिषद ने 66 मामलों में कार्रवाई की है।

केंद्र सरकार पत्रकारों सहित देश के सभी निवासियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च महत्व देती है। गृह मंत्रालय ने समय-समय पर राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए एडवाइजरी जारी की हैं कि कोई भी व्यक्ति, जो कानून को अपने हाथ में लेता है, उसे कानून के अनुसार दंडित करना सुनिश्चित किया जाए। पत्रकारों की सुरक्षा पर विशेष रूप से 20 अक्तूबर, 2017 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक एडवाइजरी जारी की गई थी जिसमें उनसे पत्रकारों/मीडियाकर्मियों आदि की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून को सख्ती से लागू करने का अनुरोध किया गया था।

*****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1360
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

अवैध समाचार-पत्रों पर रोक

1360. श्री नीरज डांगी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान अवैध रूप से कार्य कर रहे समाचार-पत्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन समाचार-पत्रों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है, और ऐसे कितने मामले संज्ञान में हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस प्रकार के परिचालन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई) अवैध समाचारपत्रों का रिकार्ड नहीं रखता है। तथापि, भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय को अवैध समाचारपत्रों संबंधी प्राप्त किसी भी शिकायत को संबंधित जिला प्राधिकारी को अग्रेषित कर दिया जाता है या शिकायतकर्ता को संबंधित जिला प्राधिकारी से सीधा संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

*****

भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1361
(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

अखबारी कागज का आयात

1361. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत अपना 45 प्रतिशत अखबारी कागज रूस से आयात करता है;

(ख) रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने का भारत के लिए अखबारी कागज पर क्या प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या रूस के बैंकों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अखबारी कागज संबंधी समस्याएं भी पैदा हुई हैं;

(घ) यदि हाँ, तो सरकार इसका समाधान किस प्रकार करने की योजना बना रही है और देश में प्रिंट मीडिया और अन्य को अखबारी कागज की आपूर्ति करने के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं; और

(ङ) फिनलैंड जहाँ से भारत बड़ी मात्रा मे चमकदार अखबारी कागज आयात करता है, वहाँ हड़ताल के कारण देश में अखबारी कागज की उपलब्धता पर किस हद तक प्रभाव पड़ रहा है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने सूचित किया है कि व्यापार के आयात संबंधी आंकड़ों के अनुसार, विगत तीन वर्षों में रूस से अखबारी कागज का आयात 34-39 प्रतिशत के बीच रहा है। रूस से किए जा रहे आयात की प्रतिशतता के संदर्भ में वास्तव में वर्ष 2020-21 और 2021-22 में मामूली वृद्धि हुई है। अत: भारत में अखबारी कागज की कुल मांग की तुलना में, रूस से भारत को अखबारी कागज की आपूर्ति पर अधिक प्रभाव नहीं दिख रहा है। व्यापार के आयात संबंधी आंकड़ों के अनुसार, फिनलैंड से चमकदार अखबारी कागज के आयात की मात्रा ज्यादा नहीं है।

****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1362
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

बेरोजगारी दर में वृद्धि

1362. श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में आर्थिक शोध संस्थान सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ो के अनुसार देश में बेरोजगारी दर बढ़ गई है;

(ख) यदि हाँ, तो पहले की तुलना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में कितनी वृद्धि हुई है और इसके मुख्य कारण क्या हैं; और

(ग) सरकार द्वारा बेरोजगारी दर को पटरी पर वापस लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): कई निजी कंपनियां/निकाय/अनुसंधान संगठन अपनी कार्यप्रणाली के आधार पर अलग-अलग सर्वेक्षण करते हैं, सीएमआईई उनमें से एक है। रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से है। पीएलएफएस की सर्वेक्षण अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान निम्नानुसार हैः

वर्ष	बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)
ग्रामीण	
2018-19	5.0
2019-20	3.9
2020-21	3.3
शहरी	
2018-19	7.6
2019-20	6.9
2020-21	6.7
अखिल भारत	
2018-19	5.8
2019-20	4.8
2020-21	4.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

पीएलएफएस आंकड़ें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर पर बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाते है।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करने और कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, सरकार सत्ताईस लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस पैकेज में, देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगार का सृजन करने हेतु रोजगार देने वालों को प्रोत्साहित करने तथा कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार की हुई हानि के प्रतिस्थापन हेतु दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2022 थी। दिनांक 13.07.2022 तक 59.54 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है।

स्व-रोजगार को सरल बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा इसमें और विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत दिनांक 08.07.2022 तक 35.94 करोड़ ऋण संस्वीकृत किए गए।

बजट 2021-22 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2021-22 से शुरू होकर 5 वर्ष की अवधि के लिए उत्पादन-संबंद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही पीएलआई योजनाओं में 60 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। इन सभी प्रयासों से गुणक-प्रभावों के माध्यम से, सामूहिक रूप से रोजगार का सृजन करने तथा मध्यम से लंबी अवधि में उत्पादन को बढ़ावा मिलने की आशा है।

पीएम गतिशक्ति, आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी एपरोच है। यह एपरोच सात घटकों नामतः सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित हैं। यह एपरोच, स्वच्छ ऊर्जा और सबके प्रयास द्वारा संचालित है जिससे सभी के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अत्यधिक अवसर पैदा होंगें।

सरकार दिनांक 01 जून, 2020 से प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि योजना) का कार्यान्वयन कर रही है ताकि कोविड -19 महामारी के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए स्ट्रीट वेंडर वालों को उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए जमानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल सके। दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक, इस योजना के तहत 30.26 लाख लाभार्थियों को ₹3,615 करोड़ की राशि के 33.34 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

भारत सरकार, पर्याप्त निवेश और सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जिसमें रोजगार सृजन हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), और दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

इसके साथ-साथ, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) और प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है।

इन प्रयासों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन, सब के लिए आवास जैसे सरकार के विभिन्न फ्लैगशीप कार्यक्रम भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए है।

*****

प्र.सं.1363 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1364
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

नौकरियाँ छूट जाना

1364. श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिलः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केन्द्र (सीएमआईई) की रिपोर्ट के अनुसार, मई से जून, 2022 तक 1.4 करोड़ भारतीयों ने अपनी नौकरियाँ गंवा दी हैं;

(ख) क्या जून 2022 में रोजगार पिछले 12 महीनों में सबसे कम रहा है;

(ग) क्या जून 2022 में वेतनभोगी कर्मचारियों के बीच 2.5 मिलियन नौकरियों की कमी हुई है;

(घ) क्या बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने हेतु 'मेक इन इंडिया' योजना पर्याप्त रोजगार सृजित करने में सक्षम रही है; और

(ङ) यदि हाँ, तो 'मेक इन इंडिया' योजना की शुरुआत से अब तक सृजित रोजगार का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): कई निजी कंपनियां/निकाय/अनुसंधान संगठन अपनी कार्यप्रणाली के आधार पर अलग-अलग सर्वेक्षण करते हैं, सीएमआईई उनमें से एक है। रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से है। पीएलएफएस की सर्वेक्षण अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) एवं कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान निम्नानुसार हैः

वर्ष	बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)	कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) (% में)
2018-19	5.8	47.3
2019-20	4.8	50.9
2020-21	4.2	52.6

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

पीएलएफएस आंकड़ें, बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति और कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में वृद्धि की प्रवृत्ति को दर्शाता है। जिससे पता चलता है कि लोगों को रोजगार मिल रहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) आंकड़े, औपचारिक क्षेत्र के मध्यम और बड़े प्रतिष्ठानों में कम वेतन पाने वाले कामगार को कवर करता है। ईपीएफओ अंशदाताओं में शुद्ध वृद्धि, रोजगार सृजन/औपचारिक रोजगार बाजार की सीमा और संगठित/अर्ध-संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों के कवरेज का एक संकेतक है। ईपीएफ अंशदाताओं में अप्रैल 2022 में 15.4 लाख की तुलना में मई 2022 के दौरान इसमें शुद्ध वृद्धि 16.8 लाख हो गई थी।

(घ) और (ङ): 'मेक इन इंडिया' पहल, 25 सितंबर, 2014 को निवेश की सुविधा, नवाचार को बढ़ावा देने, श्रेणी के बुनियादी ढांचे में सर्वश्रेष्ठ निर्माण और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार के लिए एक केंद्र बनाने के लिए शुरू की गई थी। यह अनूठी 'वोकल फॉर लोकल' पहलों में से एक है जिसने भारत के विनिर्माण क्षेत्र को दुनिया में बढ़ावा दिया है। 'मेक इन इंडिया' पहल ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हांसिल की हैं और वर्तमान में मेक इन इंडिया 2.0 के तहत 27 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), 15 विनिर्माण क्षेत्रों के लिए कार्य योजनाओं का समन्वय करता है, जबकि वाणिज्य विभाग 12 सेवा क्षेत्र की योजनाओं का समन्वय करता है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, कोविड से संबंधित व्यवधानों के बावजूद, विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) के सकारात्मक समग्र विकास की प्रवृत्ति रही है। इस क्षेत्र में कुल रोजगार वर्ष 2017-18 में 5.7 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 6.24 करोड़ हो गया है।

*****

प्र.सं.1365 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1366

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 / 06 श्रावण, 1944 (शक)

'समाधान' के संबंध में अद्यतन जानकारी

1366. श्री पी. विल्सन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रायोगिक आधार पर एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्यम से औद्योगिक विवादों के समझौते, मध्यस्थता और न्याय निर्णयन के लिए स्थापित किए गए सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन फॉर मॉनीटरिंग एण्ड डिस्पोजल, हैंडलिंग ऑफ इंडस्ट्रीयल डिस्प्यूट्स (समाधान) को जारी रखने का निर्णय लिया है;

(ख) 'समाधान' के माध्यम से हल किए गए औद्योगिक विवादों के संबंध में आंकड़ा क्या है और समाधान की शुरूआत के पश्चात कितनी नौकरियां पुन: बहाल की गई है;

(ग) विशेष रूप से मौजूदा ई-न्याय निर्णयन के युग में 'समाधान' को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क): औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत ऑनलाइन औद्योगिक विवाद सुविधाजनक बनाने हेतु समाधान पोर्टल विकसित किया गया है तथा दिनांक 6 फरवरी, 2019 को कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में इसे प्रायोगिक आधार पर आरंभ किया गया था। तत्पश्चात, सितंबर, 2020 में इसका विस्तार पूरे देश में किया गया था।

(ख): दिनांक 26.07.2022 तक समाधान पोर्टल के माध्यम से कुल 14,414 औद्योगिक विवाद उठाए गए थे जिनमें से 3418 रोजगार की समाप्ति से संबंधित थे। इनमें से रोजगार की समाप्ति से संबंधित 580 विवाद निपटा दिए गए थे और कुल 804 नौकरियां बहाल कर दी गई हैं।

(ग) और (घ): समाधान पोर्टल की प्रभावशीलता को और बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

इनमे शामिल हैं:

1) दावों व शिकायतों को भी दाखिल करने हेतु अतिरिक्त क्रियात्मकता का विकास।

2) संदेश एप्लीकेशन से समाधान पोर्टल को जोड़ना।

3) सामान्य सेवा केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से कामगारों के लिए समाधान पोर्टल पर औद्योगिक विवाद दाखिल करना सुसाध्य बनाना।

****

प्र.सं.1367 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1368

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 /06 श्रावण, 1944 (शक)

बीड़ी मजदूरों की दुर्दशा

1368. श्रीमती वंदना चव्हाण:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के विभिन्न भागों में बीड़ी मजदूर कथित तौर पर अमानवीय और दयनीय परिस्थितियों में काम कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार ने विशेष रूप से इन मजदूरों और उनके परिवार के उत्थान और कल्याण के लिए कोई योजना लागू की है; और

(घ) यदि हां, तो विगत दो वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत इस प्रयोजनार्थ आवंटित और उपयोग की गई धनराशि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): एक श्रम कल्याण योजना है, जिसके अंतर्गत बीड़ी कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों के उत्थान एवं कल्याण के लिए तीन घटक (अर्थात स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति और आवास) हैं, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(i) स्वास्थ्य: देश भर में स्थित 285 औषधालयों और 10 अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से बीड़ी कामगारों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की देखभाल की सुविधा प्रदान की जाती है और गंभीर बीमारियों अर्थात कैंसर, तपेदिक, हृदय रोगों, गुर्दा प्रत्यारोपण, हर्निया, एपेंडेक्टोमी, अल्सर स्त्री रोग और प्रोस्टेट रोग आदि संबंधी रोगों के मामले में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पतालों में विशेष उपचार के लिए लाभार्थियों के खर्च की प्रतिपूर्ति भी की जाती है।

(ii) छात्रवृत्ति: कक्षा/पाठ्यक्रम के आधार पर बीड़ी कामगारों के बच्चों को कक्षा-। से लेकर कॉलेज/विश्वविद्यालय तक की शिक्षा के लिए 1000/- रुपये से लेकर 25,000/- रुपए प्रति छात्र प्रति वर्ष वित्तीय सहायता दी जाती हैं।

(iii) आवास: संशोधित एकीकृत आवास योजना (आरआईएचएस) 2016 के अंतर्गत पक्के मकानों के निर्माण के लिए 1,50,000/- रुपए (प्रति लाभार्थी) की तीन (03) किस्तों में 25:60:15 के अनुपात में, अर्थात्, क्रमश: 37,500 रुपये, 90,000 रुपये और 22,500 रुपये की सब्सिडी दी जाती है। संशोधित एकीकृत आवास योजना को अब प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ मिला दिया गया है।

अपेक्षित अवधि के लिए श्रम कल्याण योजना (अर्थात् स्वास्थ्य, छात्रवृत्ति और आवास) के अंतर्गत आबंटित की गई और प्रयोग की गई धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपये में)

योजना	**वर्ष**	**आबंटित बजट**	**उपयोग किया गया बजट/वास्तविक व्यय**
स्वास्थ्य	2020-21	17.31	10.57
	2021-22	11.90	10.04
	2022-23(दिनांक 22.07.22 तक)	15.63	0.62
छात्रवृत्ति	2020-21	35.85	29.74
	2021-22	47.66	37.19
	2022-23 (दिनांक 22.07.22 तक)	61.42	0.02
आरआईएचएस	2020-21	92.84	45.95
	2021-22	89.94	16.64
	2022-23 (दिनांक 22.07.22 तक)	42.95	5.61

****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1369

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 / 06 श्रावण, 1944 (शक)

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के उपभोक्ता और लाभार्थी

1369. श्री बिकास रंजन भट्टाचार्य:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020, वर्ष 2021 और वर्ष 2022 के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) योजना के उपभोक्ताओं और लाभार्थियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है और पीएम-एसवाईएम के लिए आवंटित और उपयोग की गई तथा जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और
(ख) पीएम-एसवाईएम के माध्यम से इकट्ठा की गई निधि का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम - एसवाईएम) योजना के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों का राज्य-वार व वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

योजना के अंतर्गत आवंटित व उपयोग की गई धनराशि निम्नानुसार है;

(करोड़ में रु.)

वर्ष	आबंटित धनराशि	व्यय
2019-20	408.00	359.95
2020-21	330.00	319.71
2021-22	350.00	324.23

(ख) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) योजना का निधि प्रबंधक है तथा योजना की राशि आईआरडीएआई (निवेश) विनियम/वित्त मंत्रालय के अनुसार समय समय पर यथासंशोधित निवेश किया जा रहा है।

* *******

अनुबंध

"प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के उपभोक्ता और लाभार्थी" के संबंध में श्री बिकाश रंजन भट्टाचार्य द्वारा पूछा गया दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1369 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र सं.	राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र का नाम	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक)
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	822	277	175	71
2	आंध्र प्रदेश	107248	6201	1568	2885
3	अरुणाचल प्रदेश	1589	77	203	371
4	असम	7563	3876	6343	8068
5	बिहार	74782	16924	9472	5891
6	चंडीगढ़	3738	361	90	32
7	छत्तीसगढ़	111930	3857	5011	5033
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	575	37	21	23
9	दिल्ली	2711	608	1575	776
10	गोवा	728	35	27	358
11	गुजरात	31407	2050	2432	4650
12	हरियाणा	314740	26049	10216	801
13	हिमाचल प्रदेश	26033	1362	2643	2170
14	जम्मू और कश्मीर	27056	6643	3138	2156
15	झारखंड	29266	2326	1642	1760
16	कर्नाटक	51925	8769	16267	28737
17	केरल	2398	1136	1893	1082
18	लद्दाख	563	10	7	18
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	39089	5139	7509	27262
21	महाराष्ट्र	61984	9541	6980	4903
22	मणिपुर	1310	237	335	261
23	मेघालय	1162	811	410	984
24	मिजोरम	120	58	60	33
25	नागालैंड	2547	739	138	293
26	ओडिशा	50621	9107	7128	4454
27	पुडुचेरी	322	82	72	51
28	पंजाब	9891	1718	1575	4780
29	राजस्थान	216675	3303	2582	23685
30	सिक्किम	43	21	17	12
31	तमिलनाडु	14016	2381	2317	2398
32	तेलंगाना	18455	2612	1715	755
33	त्रिपुरा	12184	3113	1337	1528
34	उत्तर प्रदेश	349720	38701	13361	11347
35	उत्तराखंड	14622	1291	493	1141
36	पश्चिम बंगाल	24055	12559	20178	13926
कुल		1611890	172011	128930	162695

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1370
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

भारत में बेरोजगारी दर

1370. श्री बिकास रंजन भट्टाचार्यः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केन्द्र (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए मासिक बेरोजगारी आंकड़ो के अनुसार देश में शहरी बेरोजगारी की दर कितनी है, वर्ष 2020, वर्ष 2021 और वर्ष 2022 (30.06.2022 तक) के लिए तत्संबंधी मासिक ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा बेरोजगारी दर को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में बेरोजगार मजदूरों को वैकल्पिक रोजगार प्रदान करने के लिए कोई योजना या कार्यक्रम शुरू किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): कई निजी कंपनियां/निकाय/अनुसंधान संगठन अपनी कार्यप्रणाली के आधार पर अलग-अलग सर्वेक्षण करते हैं, सीएमआईई उनमें से एक है। रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से है। पीएलएफएस की सर्वेक्षण अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दौरान क्रमश: 6.9% एवं 6.7% थी। पीएलएफएस आंकड़े माह-वार जारी नहीं किए जाते हैं।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करने और कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, सरकार सत्ताईस लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस पैकेज में, देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगार का सृजन करने हेतु रोजगार देने वालों को प्रोत्साहित करने तथा कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार की हुई हानि के प्रतिस्थापन हेतु दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2022 थी। दिनांक 13.07.2022 तक 59.54 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है।

स्व-रोजगार को सरल बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा इसमें और विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत दिनांक 08.07.2022 तक 35.94 करोड़ ऋण संस्वीकृत किए गए।

बजट 2021-22 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2021-22 से शुरू होकर 5 वर्ष की अवधि के लिए उत्पादन-संबंद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही पीएलआई योजनाओं में 60 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। इन सभी प्रयासों से गुणक-प्रभावों के माध्यम से, सामूहिक रूप से रोजगार का सृजन करने तथा मध्यम से लंबी अवधि में उत्पादन को बढ़ावा मिलने की आशा है।

पीएम गतिशक्ति, आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी एपरोच है। यह एपरोच सात घटकों नामतः सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित हैं। यह एपरोच, स्वच्छ ऊर्जा और सबके प्रयास द्वारा संचालित है जिससे सभी के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अत्यधिक अवसर पैदा होंगें।

सरकार दिनांक 01 जून, 2020 से प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि योजना) का कार्यान्वयन कर रही है ताकि कोविड -19 महामारी के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए स्ट्रीट वेंडर वालों को उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए जमानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल सके। दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक, इस योजना के तहत 30.26 लाख लाभार्थियों को ₹3,615 करोड़ की राशि के 33.34 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

भारत सरकार, पर्याप्त निवेश और सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जिसमें रोजगार सृजन हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), और दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

इसके साथ-साथ, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) और प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है।

इन प्रयासों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन, सब के लिए आवास जैसे सरकार के विभिन्न फ्लैगशीप कार्यक्रम भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए है।

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1371

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

देश में श्रम बल भागीदारी दर

1371. श्री सुजीत कुमारः
श्री तिरुची शिवाः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में अत्यधिक कम श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत पांच वर्षों के शहरी/ग्रामीण-वार और स्त्री-पुरुष-वार आंकड़ो सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की इसके पीछे के कारणों और महामारी के कारण श्रम बाज़ार में अवसंरचनात्मक परिवर्तनों पर हुए दुष्प्रभावों की पहचान करने के लिए कोई विशेष और व्यापक अध्ययन कराने की योजना है; और

(घ) सरकार द्वारा एलएफपीआर को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं साथ ही श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी पर सरकारी आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2017-18 से 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों की वर्ष-वार श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) निम्नानुसार हैः

वर्ष	पुरुष	महिला	योग
	ग्रामीण		
2017-18	76.4	24.6	**50.7**
2018-19	76.4	26.4	**51.5**
2019-20	77.9	33.0	**55.5**
2020-21	78.1	36.5	**57.4**
	शहरी		
2017-18	74.5	20.4	**47.6**
2018-19	73.7	20.4	**47.5**
2019-20	74.6	23.3	**49.3**
2020-21	74.6	23.2	**49.1**
	अखिल भारत		
2017-18	75.8	23.3	**49.8**
2018-19	75.5	24.5	**50.2**
2019-20	76.8	30.0	**53.5**
2020-21	77.0	32.5	**54.9**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

पीएलएफएस आंकड़े सामान्तया श्रम बल भागीदारी दर में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति को दर्शाता है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी शहरी क्षेत्र के लिए त्रैमासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी के दौरान, शहरी श्रम बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अप्रैल-जून, 2020 के दौरान शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर बढ़कर 20.8% हो गई। वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 की बाद की तिमाहियों में अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के साथ श्रम बाजार के संकेतकों में तेजी से सुधार दिखाई दिया। शहरी क्षेत्र के लिए पीएलएफएस (जनवरी-मार्च, 2022) की नवीनतम तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, चालू सप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बेरोजगारी दर घटकर 8.2% हो गई जो अर्थव्यवस्था में सुधार को दर्शाता है।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करने और कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, सरकार सत्ताईस लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस पैकेज में, देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगार का सृजन करने हेतु रोजगार देने वालों को प्रोत्साहित करने तथा कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार की हुई हानि के प्रतिस्थापन हेतु दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2022 थी। दिनांक 13.07.2022 तक 59.54 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है।

स्व-रोजगार को सरल बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा इसमें और विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत दिनांक 08.07.2022 तक 35.94 करोड़ ऋण संस्वीकृत किए गए।

बजट 2021-22 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2021-22 से शुरू होकर 5 वर्ष की अवधि के लिए उत्पादन-संबंद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही पीएलआई योजनाओं में 60 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। इन सभी प्रयासों से गुणक-प्रभावों के माध्यम से, सामूहिक रूप से रोजगार का सृजन करने तथा मध्यम से लंबी अवधि में उत्पादन को बढ़ावा मिलने की आशा है।

पीएम गतिशक्ति, आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी एपरोच है। यह एपरोच सात घटकों नामतः सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित हैं। यह एपरोच, स्वच्छ ऊर्जा और सबके प्रयास द्वारा संचालित है जिससे सभी के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अत्यधिक अवसर पैदा होंगें।

सरकार दिनांक 01 जून, 2020 से प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि योजना) का कार्यान्वयन कर रही है ताकि कोविड -19 महामारी के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए रेहड़ी-पटरी वालों को उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए जमानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल सके। दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक, इस योजना के तहत 30.26 लाख लाभार्थियों को ₹3,615 करोड़ की राशि के 33.34 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

भारत सरकार, पर्याप्त निवेश और सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जिसमें रोजगार सृजन हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), और दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

इसके साथ-साथ, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) और प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है।

इन प्रयासों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन, सब के लिए आवास जैसे सरकार के विभिन्न फ्लैगशीप कार्यक्रम भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए है।

एक विषय के रूप में "श्रम" भारत के संविधान की समवर्ती सूची में है और चार श्रम संहिताओं- वेतन संहिता, 2019; औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (आईआर कोड); सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (एसएस कोड) और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यकारी दशाएं संहिता, 2020 (ओएसएच कोड),के तहत, नियम बनाने की शक्ति, यथोचित केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों के पास निहित है। चार श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की दिशा में एक कदम बढाते हुए, केंद्र सरकार ने मसौदा नियमों को पूर्व-प्रकाशित किया है।

*****

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1372
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

रोजगार अवसरों संबंधी आंकड़े

1372. श्री राघव चड्ढाः
श्रीमती जेबी माथेर हीशमः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017 से अब तक देश के संगठित और असंगठित क्षेत्रों में कुल कितने रोजगार अवसरों का सृजन हुआ है, तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश के संगठित और असंगठित क्षेत्रों में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने लोगों को रोजगार प्रदान किए गए हैं;

(ग) देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं का प्रतिशत कितना-कितना है; और

(घ) सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं या उठाए जाने प्रस्तावित हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की रिपोर्ट के आधार पर, आर्थिक सर्वेक्षण में संगठित और असंगठित क्षेत्र में सामान्य स्थिति के आधार पर रोजगार का अनुमान निम्नानुसार लगाया गया है:

वर्ष	संगठित	असंगठित	योग
2017-18	9.05	38.07	47.13
2018-19	9.46	39.32	48.78
2019-20	9.55	43.99	53.53

स्रोत: आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22

उपलब्ध पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2017-18 से वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) अनुलग्नक में दिया गया है।

वर्ष 2017-18 से वर्ष 2020-21 के दौरान, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष और महिला के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) नीचे दी गई है:

वर्ष	पुरुष बेरोजगारी दर (यूआर) (में %)	महिला बेरोजगारी दर (यूआर) (में %)
ग्रामीण		
2017-18	5.7	3.8
2018-19	5.5	3.5
2019-20	4.5	2.6
2020-21	3.8	2.1
शहरी		
2017-18	6.9	10.8
2018-19	7.0	9.8
2019-20	6.4	8.9
2020-21	6.1	8.6
अखिल भारत		
2017-18	6.1	5.6
2018-19	6.0	5.1
2019-20	5.0	4.2
2020-21	4.5	3.5

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

(घ): असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 के अनुसार, सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि जीवन और विकलांगता कवर, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा आदि से संबंधित मामलों पर उचित कल्याणकारी योजनाएं बनाकर, असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करे और उनका कल्याण करे। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विवरण इस प्रकार है: **(i)** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से जीवन और विकलांगता कवर प्रदान किया जाता है। दिनांक 31.05.2022 तक, पीएमजेजेबीवाई के तहत कुल 12.89 करोड़ लाभार्थियों को नामांकित किया गया है।

आयुष्मान भारत-प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएमजेएवाई) के तहत 27 स्पेशल्टीज़ में 1949 उपचार प्रक्रियाओं के लिए माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के संबंध में अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति पात्र परिवार 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है। दिनांक 12.07.2022 तक, कुल 18.47 करोड़ व्यक्तियों का सत्यापन किया गया और उन्हें आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए।

वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिए, भारत सरकार ने वर्ष 2019 में प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना शुरू की थी। योजना के तहत, 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद 3000/- रुपये की मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। दिनांक 11.07.2022 तक, कुल 48.19 लाख से अधिक कामगारों को पीएमएसवाईएम योजना के तहत नामांकित किया गया है।

उपरोक्त के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण रोजगार अभियान, महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, पीएमस्वनिधी, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना आदि जैसी अन्य स्कीमें भी असंगठित कामगारों के लिए उनकी पात्रता मानदंड के आधार पर उपलब्ध हैं।

****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 28.07.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1372 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सामान्य स्थिति के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार	कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)			
	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
आंध्र प्रदेश	57.2	54.8	55.5	58.6
अरुणाचल प्रदेश	42.3	40.9	44.3	48.5
असम	43.7	43.4	43.2	50.5
बिहार	35.5	36.4	39.7	39.9
छत्तीसगढ	62.4	61.2	65.4	63.6
दिल्ली	42.7	44.5	43.3	42.7
गोवा	42.9	45.9	47.3	43.4
गुजरात	47.4	49.7	54.7	55.0
हरियाणा	41.7	41.9	42.9	44.0
हिमाचल प्रदेश	58.9	63.9	70.5	69.5
जम्मू और कश्मीर	51.0	52.9	52.5	55.5
झारखंड	41.7	44.9	53.6	59.6
कर्नाटक	49.1	49.3	53.1	55.3
केरल	41.2	44.9	45.3	46.1
मध्य प्रदेश	54.3	52.3	57.7	60.2
महाराष्ट्र	50.5	50.6	55.7	53.9
मणिपुर	42.5	44.3	45.5	41.0
मेघालय	62.3	61.8	58.6	62.0
मिजोरम	46.4	45.6	50.7	54.5
नागालैंड	32.8	38.1	44.8	49.5
ओड़िशा	44.9	47.6	51.9	53.5
पंजाब	42.9	44.2	47.8	47.2
राजस्थान	48.2	50.0	55.0	55.3
सिक्किम	58.7	61.1	68.8	71.3
तमिलनाडु	51.0	51.4	55.3	56.9
तेलंगाना	49.8	50.6	55.7	57.8
त्रिपुरा	42.0	41.9	49.6	53.8
उत्तराखंड	40.6	41.4	49.5	48.7
उत्तर प्रदेश	41.8	40.8	45.1	48.0
पश्चिम बंगाल	47.8	49.7	49.7	53.0
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	48.7	49.1	49.8	58.2
चंडीगढ़	46.9	47.3	45.5	43.1
दादरा और नगर हवेली	66.3	68.6	72.2	54.0
दमन और दीव समूह	63.2	55.1	64.5	
लक्षद्वीप	34.4	29.5	48.0	40.1
पुडुचेरी	37.8	47.8	47.7	48.1
लद्दाख	-	-	62.7	69.1
अखिल भारत	46.8	47.3	50.9	52.6

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1373
गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/6 श्रावण, 1944 (शक)

देश की बेरोजगारी दर

1373. डा. अमी याज्ञिकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार जून में देश की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.80 प्रतिशत हो गई है, जिसमें मुख्य रूप से 13 मिलियन रोजगार कृषि क्षेत्र में गए हैं;

(ख) क्या उच्च बेरोजगारी दर के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है;

(ग) बेरोजगारी दर का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या गैर-लॉकडाउन वाले महीनों के दौरान रोजगार में यह सबसे बड़ी गिरावट है; और

(ङ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इसके समाधान हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ): कई निजी कंपनियां/निकाय/अनुसंधान संगठन अपनी कार्यप्रणाली के आधार पर अलग-अलग सर्वेक्षण करते हैं, सीएमआईई उनमें से एक है। रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा स्रोत, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से है। पीएलएफएस की सर्वेक्षण अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान क्रमश: 5.8%, 4.8% और 4.2% थी। यह बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृति को दर्शाती है।

वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान कृषि क्षेत्रों में कामगारों का अनुमानित प्रतिशत क्रमशः 42.5%, 45.6% और 46.5% था, जो कृषि क्षेत्र में कामगारों की बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है। .

वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) और कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार हैं:

वर्ष	ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)	ग्रामीण में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) (% में)
2018-19	5.0	48.9
2019-20	3.9	53.3
2020-21	3.3	55.5

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त तालिका के आंकड़े ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति और दूसरी ओर, कामगार जनसंख्या अनुपात में वृद्धि की प्रवृत्ति को दर्शाता है, जो रोजगार में वृद्धि का संकेत देती है।

वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) का विवरण अनुबंध में है।

वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) क्रमशः 47.3%, 50.9% और 52.6% था, यह रोजगार में बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है।

नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। तदनुसार, भारत सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। भारत सरकार ने व्यवसाय को प्रोत्साहन प्रदान करने और कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत, सरकार सत्ताईस लाख करोड़ रुपए से अधिक का राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस पैकेज में, देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां शामिल हैं।

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई), नए रोजगार का सृजन करने हेतु रोजगार देने वालों को प्रोत्साहित करने तथा कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार की हुई हानि के प्रतिस्थापन हेतु दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 से प्रारंभ की गई थी। लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31.03.2022 थी। दिनांक 13.07.2022 तक 59.54 लाख लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है।

स्व-रोजगार को सरल बनाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) कार्यान्वित की जा रही है। पीएमएमवाई के अंतर्गत सूक्ष्म/लघु व्यापारिक उद्यमों तथा व्यक्तियों को अपने व्यापारिक कार्यकलापों को स्थापित करने अथवा इसमें और विस्तार करने में समर्थ बनाने के लिए 10 लाख रुपए तक का जमानत मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत दिनांक 08.07.2022 तक 35.94 करोड़ ऋण संस्वीकृत किए गए।

बजट 2021-22 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2021-22 से शुरू होकर 5 वर्ष की अवधि के लिए उत्पादन-संबंद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही पीएलआई योजनाओं में 60 लाख नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। इन सभी प्रयासों से गुणक-प्रभावों के माध्यम से, सामूहिक रूप से रोजगार का सृजन करने तथा मध्यम से लंबी अवधि में उत्पादन को बढ़ावा मिलने की आशा है।

पीएम गतिशक्ति, आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी एपरोच है। यह एपरोच सात घटकों नामतः सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और रसद बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित हैं। यह एपरोच, स्वच्छ ऊर्जा और सबके प्रयास द्वारा संचालित है जिससे सभी के लिए रोजगार और उद्यमशीलता के अत्यधिक अवसर पैदा होंगें।

सरकार दिनांक 01 जून, 2020 से प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि योजना) का कार्यान्वयन कर रही है ताकि कोविड -19 महामारी के दौरान प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए रेहड़ी-पटरी वालों को उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए जमानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा मिल सके। दिनांक 11 जुलाई, 2022 तक, इस योजना के तहत 30.26 लाख लाभार्थियों को ₹3,615 करोड़ की राशि के 33.34 लाख ऋण वितरित किए जा चुके हैं।

भारत सरकार, पर्याप्त निवेश और सार्वजनिक व्यय वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जिसमें रोजगार सृजन हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), और दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

इसके साथ-साथ, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई), युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) और प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है।

इन प्रयासों के अतिरिक्त, मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन, सब के लिए आवास जैसे सरकार के विभिन्न फ्लैगशीप कार्यक्रम भी रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए है।

*****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 28.07.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1373 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2020-21 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर (यूआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार	बेरोजगारी दर (% में)
आंध्र प्रदेश	4.1
अरुणाचल प्रदेश	5.7
असम	4.1
बिहार	4.6
छत्तीसगढ	2.5
दिल्ली	6.3
गोवा	10.5
गुजरात	2.2
हरियाणा	6.3
हिमाचल प्रदेश	3.3
झारखंड	3.1
कर्नाटक	2.7
केरल	10.1
मध्य प्रदेश	1.9
महाराष्ट्र	3.7
मणिपुर	5.6
मेघालय	1.7
मिजोरम	3.5
नागालैंड	19.2
ओड़िशा	5.3
पंजाब	6.2
राजस्थान	4.7
सिक्किम	1.1
तमिलनाडु	5.2
तेलंगाना	4.9
त्रिपुरा	3.2
उत्तराखंड	6.9
उत्तर प्रदेस	4.2
पश्चिम बंगाल	3.5
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	9.1
चंडीगढ़	7.1
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	4.2
जम्मू और कश्मीर	5.9
लद्दाख	2.9
लक्षद्वीप	13.4
पुडुचेरी	6.7
अखिल भारत	**4.2**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

प्र.सं.1374 और 1375 प्रश्न रद्द किए गए

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1376

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में आलप्पुझा पर्यटन गंतव्य के मॉडल के रूप में

1376. श्रीमती जेबी माथेर हीशमः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार वैश्विक बैकवाटर हब 'आलप्पुझा केरल-पूर्व का वेनिस' को अपनाने और उसे दुनिया के लिए एक मॉडल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की इच्छुक है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने 'एक विरासत अपनाएं: अपनी धरोहर, अपनी पहचान'' परियोजना शुरू की है। यह पर्यटन के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों का एक संयुक्त प्रयास है। इसका लक्ष्य पूरे भारत में फैले विरासत/प्राकृतिक/पर्यटन स्थलों को पर्यटन के अनुकूल बनाने के लिए योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से सुविधाएं विकसित करना है।

इस परियोजना का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र की कंपनियों, कॉर्पोरेट नागरिकों, गैर-सरकारी संगठनों, व्यक्तियों और अन्य हितधारकों को 'स्मारक मित्र' बनने और सीएसआर के तहत एक स्थाई निवेश मॉडल के रूप में उनकी रुचि तथा व्यवहार्यता के अनुसार इन स्थलों पर मूलभूत और उन्नत पर्यटक सुविधाओं के विकास और उन्नयन की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्हें इनके प्रचालन और रखरखाव का कार्य भी करना होगा।

अब तक, एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत अलप्पुझा, केरल में सुविधाओं के विकास, उन्नयन और रख-रखाव के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। सम्भावित स्मारक मित्र से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त होने पर मूलभूत तथा उन्नत सुविधाओं पर विचार किया जाएगा।

अभी यह निर्णय लिया गया है कि एक विरासत अपनाएं परियोजना के तहत अपनाए गए केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों को संस्कृति मंत्रालय/भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को हस्तांतरित किया जाएगा । पर्यटन मंत्रालय राज्य द्वारा संरक्षित स्मारकों अन्य मूर्त तथा अमूर्त पर्यटन परिसंपत्तियों के लिए इस परियोजना को जारी रखेगा ।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1377

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण 1944 (शक)

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत शामिल श्रमिक

1377 श्री हरनाथ सिंह यादव:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत कितने श्रमिक शामिल हैं;

(ख) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनों के लाभ प्रदान करने के लिए पात्रता और दिशा-निर्देश क्या-क्या हैं;

(ग) क्या सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत शामिल करने के लिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की कोई पहचान और पंजीकरण किया जाना है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे श्रमिकों जिनकी पहचान की गई है और पंजीकरण किया गया है, का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): सरकार को असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए (i) जीवन और अशक्तता कवर (ii) स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, (ii) वृद्धावस्था संरक्षण और (iv) केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किए जा सकने वाले अन्य किसी लाभ से संबंधित मामलों पर उपयुक्त कल्याणकारी योजनाएं तैयार कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का अधिदेश प्राप्त है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के माध्यम से जीवन और अशक्तता कवर प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) 18 से 50 वर्ष की आयु के उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिनके पास बैंक/डाकघर खाता है और जो ऑटो डेबिट से जोड़ने/सक्षम करने के लिए अपनी सहमति देते हैं। इस योजना के तहत, किसी भी कारण से बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में 436/- रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर 2.00 लाख रुपये का जोखिम कवरेज उपलब्ध है, जिसे ग्राहक के बैंक/डाकघर खाते से ऑटो-डेबिट किया जाना है। दिनांक 29.06.2022 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सहित कुल 13.10 करोड़ लाभार्थियों को पीएमजेजेबीवाई के तहत नामांकित किया गया है। प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) 18 से 70 वर्ष की आयु के उन लोगों के लिए भी उपलब्ध है, जिनके पास बैंक/डाकघर

खाता है और जो ऑटो डेबिट से जोड़ने /सक्षम करने के लिए अपनी सहमति देते हैं। इस योजना के तहत दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु या पूर्ण स्थायी अशक्तता के मामले में 20/- रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर जिसे खाताधारक के बैंक/डाकघर खाते से 'ऑटो-डेबिट' के माध्यम से काटा जाना है, 2.00 लाख रुपये का जोखिम कवरेज और आंशिक स्थायी अशक्तता के लिए 1.00 लाख रुपये प्रदान किया जाता है। दिनांक 29.06.2022 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सहित कुल 29.01 करोड़ लाभार्थियों को पीएमएसबीवाई के तहत नामांकित किया गया है।

आयुष्मान भारत-प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के माध्यम से 27 विशिष्टताओं वाली 1949 उपचार प्रक्रियाओं के अनुरूप द्वितीयक और तृतीयक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति पात्र परिवार 5 लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया जाता है। यह पूरी तरह से नकद रहित और कागज रहित योजना है। एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थी परिवारों की पहचान 2011 की सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 6 अभावग्रस्त और 11 व्यावसायिक मानदंडों के आधार पर की गई है। दिनांक 12.07.2022 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सहित कुल 18.47 करोड़ व्यक्तियों का सत्यापन किया गया है और उन्हें आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं।

भारत सरकार ने वर्ष 2019 में वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना शुरू की। इसमें 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद 3000/- रुपये की मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। 18-40 वर्ष के आयु वर्ग के कामगार जिनकी मासिक आय 15000/- रुपये या उससे कम है और जो ईपीएफओ/ईएसआईसी/एनपीएस (सरकार द्वारा वित्त पोषित) के सदस्य नहीं हैं, पीएम-एसवाईएम योजना में शामिल हो सकते हैं। इस योजना के तहत लाभार्थी द्वारा 50% मासिक अंशदान देय है और केंद्र सरकार द्वारा समान अंशदान का भुगतान किया जाता है। इस योजना के तहत, एलआईसी को फंड मैनेजर होने के नाते सरकार के अंशदान के लिए धनराशि प्रदान की जाती है। दिनांक 22.07.2022 की स्थिति के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सहित कुल 48.56 लाख से अधिक कामगारों को योजना के तहत नामांकित किया गया है।

इन योजनाओं के अतिरिक्त, असंगठित कामगारों के लिए उनकी पात्रता मानदंड के आधार पर अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, गरीब कल्याण रोजगार योजना, महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना, दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, पीएम स्व-निधि, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी उपलब्ध है।

(ग) और (घ): सरकार ने असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने और असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं/कल्याणकारी योजनाओं की प्रदायगी की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अगस्त, 2021 में ई-श्रम पोर्टल आरंभ किया है। दिनांक 25.07.2022 की स्थिति के अनुसार, 28 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है।

प्र.सं.1378 और 1379 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 /06 श्रावण, 1944 (शक) **अतारांकित प्रश्न संख्या 1380**

आंध प्रदेश में ई-श्रम और मानधन पंजीकरण

1380. श्री जी.वी.एल. नरसिंहा राव:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के कितने श्रमिक ई-श्रम पंजीकरण क्षेत्र के लिए पात्र हैं;
(ख) असंगठित क्षेत्र विशेष रूप से विशाखापट्टणम महानगरीय क्षेत्र के ई-श्रम पंजीकरण के लिए पात्र श्रमिकों की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ग) आंध्र प्रदेश में विशेष रूप से, विशाखापट्टणम महानगरीय क्षेत्र में ई-श्रम पंजीकरण की जिला-वार वास्तविक संख्या कितनी है;
(घ) ई-श्रम योजना के लिए आवंटित धनराशि और अब तक खर्च की गई धनराशि कितनी -कितनी हैं;
(ड.) ई-श्रम पंजीकरण वाले ऐसे कितने व्यक्ति हैं जो प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना और एनपीएस ट्रेडर्स पेंशन स्कीम के अंतर्गत भी पंजीकृत हैं; और
(च) विशेष रूप से विशाखापट्टणम महानगरीय क्षेत्र में मान-धन में पंजीकृत श्रमिकों और एनपीएस-पेंशन में पंजीकृत व्यक्तियों की जिला-वार संख्या कितनी-कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (च): आंध्र प्रदेश राज्य में असंगठित कामगारों की अनुमानित संख्या 1,50,92,950 है। दिनांक 21.07.2022 की स्थिति के अनुसार, विशाखापट्टणम जिला सहित आंध्र प्रदेश राज्य में असंगठित कामगारों का जिला-वार पंजीकरण अनुबंध-I में है।

असंगठित कामगार परियोजना के लिए ई श्रम/राष्ट्रीय डेटाबेस पर वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए आवंटित धनराशि 50 करोड़ रुपये और 280 करोड़ रुपये में से, वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमशः 45.49 करोड़ रुपये 255.86 करोड़ रुपये जारी/उपयोग किया गया। वर्तमान वर्ष 2022-23 के दौरान, 500 करोड़ रुपये की आवंटित राशि में से अब तक 105.97 करोड़ रुपये जारी/उपयोग किया जा चुका है।

ई-श्रम में पंजीकृत कामगार, प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम) और व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस-व्यापारी) जैसी पेंशन योजनाओं का भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 25.07.2022 की स्थिति के अनुसार, विशाखापट्टनम जिला सहित आंध्र प्रदेश राज्य में पीएम-एसवाईएम और एनपीएस-ट्रेडर्स पेंशन योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध जिले-वार पंजीकरण अनुबंध- II में हैं।

** *****

अनुबंध-I

"आंध प्रदेश में ई-श्रम और मानधन पंजीकरण" के संबंध में श्री जी.वी.एल.नरसिंहा राव द्वारा दिनांक 28.07.2022 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1380 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

आंध्र प्रदेश में ई श्रम पोर्टल पर किए गए पंजीकरणों (21.07.2022 की स्थिति के अनुसार) की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य	पंजीकरण
1	अल्लूरी सीताराम राजू	14,113
2	अनकपल्ली	17,510
3	अनंतपुर	6,96,871
4	अन्नमय्या	74,074
5	बापटला	94,103
6	चित्तूर	4,16,872
7	पूर्वी गोदावरी	6,64,620
8	एलुरु	91,085
9	गुंटूर	6,04,750
10	काकीनाडा	17,074
11	कोनासीमा	12,903
12	कृष्णा	6,46,293
13	कुरनूल	5,07,117
14	नांदयाल	26,008
15	एनटीआर	11,050
16	पालनाडु	28,327
17	पार्वतीपुरम मन्यम	16,088
18	प्रकाशम	3,47,590
19	एसपीएसआर नेल्लोर	4,06,358
20	श्री सत्य साईं	22,142
21	श्रीकाकुलम	4,76,551
22	तिरुपति	24,049
23	विशाखापट्टणम	5,45,236
24	विजयनगरम	3,72,717
25	पश्चिम गोदावरी	5,83,228
26	वाई. एस. आर.	3,33,832
कुल		**70,50,561**

अनुबंध-II

"आंध्र प्रदेश में ई-श्रम और मानधन पंजीकरण" के संबंध में श्री जी.वी.एल.नरसिंहा राव द्वारा दिनांक 28.07.2022 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1380 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पीएम-एसवाईएम तथा एनपीएस-व्यपारी पेंशन योजना के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में किए गए जिला-वार पंजीकरण (25.07.2022 की स्थिति के अनुसार)

(पूर्ववर्ती जिले)

क्रं.सं.	राज्य	पीएम एसवाईएम	एनपीएस व्यापारी
1	अनंतपुर	8,301	99
2	चित्तूर	8,717	103
3	पूर्वी गोदावरी	9,773	140
4	गुंटूर	19,064	688
5	कृष्णा	9,915	67
6	कुरनूल	14,752	66
7	प्रकाशम	17,514	3,246
8	एसपीएसआर नेल्लोर	10,495	79
9	श्रीकाकुलम	24,954	371
10	विशाखापट्टणम	15,989	115
11	विजयनगरम	9,344	834
12	पश्चिम गोदावरी	7,589	45
13	वाई.एस.आर.	5,325	37
कुल		1,61,732	5,890

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1381

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 / 06 श्रावण, 1944 (शक)

पुरुषों और महिलाओं के पारिश्रमिकों में असमानता

1381. श्री देरेक ओब्राईन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनौपचारिक क्षेत्र के कामगारों के लिए समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 को लागू करना सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं क्योंकि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण में नैमित्तिक श्रमिकों के बीच पुरुषों और महिलाओं को किए जाने वाले दैनिक पारिश्रमिक के भुगतान में असमानता पाई गई है;

(ख) औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र में पुरुष और महिला कामगारों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक में अंतर पर कोविड-19 महामारी का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) पारिश्रमिक में अंतर से प्रभावित महिला कामगारों को निवारण संबंधी विधियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाए किए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): "समान पारिश्रमिक अधिनियम**,** 1976" में बिना किसी भेदभाव के समान कार्य या समान प्रकृति के कार्य के लिए पुरुष और महिला कामगारां को समान पारिश्रमिक के भुगतान का उपबंध है और यह अधिनियम समान कार्य या समान प्रकृति के कार्य के लिए भर्ती करते समय या भर्ती के बाद सेवा की किसी भी स्थिति में जैसे पदोन्नति, प्रशिक्षण या स्थानांतरण के मामले में महिला कर्मचारियों के साथ भेदभाव को भी रोकता है। अधिनियम के उपबंधों को सभी श्रेणियों के रोजगार के लिए विस्तारित किया गया है।

यह अधिनियम दो स्तरों अर्थात केंद्रीय और राज्य स्तर पर कार्यान्वित किया जाता है। केंद्रीय क्षेत्र में, अधिनियम के प्रवर्तन का दायित्व मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को सौंपा गया है, जो केंद्रीय क्षेत्र में आने वाले प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण करता है।

इसके अलावा, मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936 और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के उपबंधों के अंतर्गत समुचित सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी पुरुष और महिला दोनों कामगारों को समान रूप से देय है और अधिनियम में लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान, या किसी महिला कर्मचारी से प्राप्त शिकायत के आधार पर, कोविड महामारी के समय सहित किसी भी समय यदि इन अधिनियमों का कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो समुचित सरकार उक्त अधिनियमों के तहत कार्रवाई करती है।

*****

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1382

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022 / 06 श्रावण, 1944 (शक)

खानों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा

1382. श्री देरेक ओब्राईन:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक राज्य में खनन स्थलों पर कितने श्रमिक जख्मी हुए हैं;
(ख) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक राज्य में खनन स्थलों पर कितने श्रमिकों की मौतें हुई हैं;
(ग) विगत पांच वर्षों में प्रत्येक राज्य में खनन दुर्घटनाओं के एवज में कितनी अनुग्रह राशि और अन्य मुआवजे का भुगतान किया गया है; और
(घ) सम्पूर्ण भारत में खानों की सुरक्षा संबंधी मानकों में सुधार करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): विगत पाँच वर्षों के दौरान खनन स्थलों पर चोट लगने एवं मृत्यु होने की घटनाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध पर है।

(ग): खानों में लगी चोटों और मौतों के लिए कामगारों को मुआवजा संबंधित खान प्रबंधन द्वारा कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, 1923 के संबंधित उपबंधों के अनुसार प्रदान किया जाता है।

(घ): देशभर में खानों की सुरक्षा में सुधार लाने के लिए खान अधिनियम, 1952 और उसके तहत बनाए गए नियमों तथा विनियमों के तहत निम्ननिखित कदम उठाए गए हैं:

i. **विधायी उपायः**

(क) कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए दुर्घटना और खतरनाक घटनाओं की जांच करना, जिनके कारण दुर्घटना हुई और खान प्रबंधन को उपयुक्त उपचारात्मक उपाय सुझाना।

(ख) **खानों का निरीक्षण:** किसी खदान या उसके किसी भाग पर अस्थायी रोक लगाना; निरीक्षण के दौरान पाए गए क़ानून के उल्लंघनों को सुधारने के लिए सुधार नोटिस और निषेधात्मक आदेश देना।

पृष्ठ 2/- पर जारी.....

ii. **विकासात्मक उपाय** जैसे मानक निर्धारण, आईएलओ अभिसमयों की विभिन्न सिफारिशों को अपनाना।
iii. **संवर्धनात्मक उपाय** जैसे खानों में सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना, राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (खान) आयोजित करना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अन्य प्रशिक्षण प्रदान करना, सुरक्षा सप्ताह मनाना और सुरक्षा अभियान चलाना, बचाव प्रतियोगिता आयोजित करना, सुरक्षा प्रबंधन, जागरूकता और सूचना के प्रचार-प्रसार में कामगार की भागीदारी को बढ़ावा देना।

iv. **तकनीकी उपाय** जैसे जोखिम आकलन तकनीकी को आरंभ करना और सुरक्षा प्रबंधन योजना तैयार करना, जिसका लक्ष्य जोखिमों को कम करना और कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, खानों में असुरक्षित प्रथाओं से बचने के लिए मानक कार्य प्रक्रियाओं की शुरूआत करना, समय-समय पर चिन्हित क्षेत्रों में सुरक्षित संचालन के लिए दिशानिर्देशों के रूप में परिपत्र जारी करना।

* *****

अनुबंध

'खानों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा' के संबंध में पूछे गए दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1382 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

विगत पाँच वर्षों और वर्तमान वर्ष (दिनांक 30 जून, 2022 तक) के दौरान, खनन स्थलों पर चोट लगने और मृत्यु होने की संख्या की घटनाओं का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

राज्य	2017		2018		2019		2020		2021	
	चोटग्रस्त	मृत	चोटग्रस्त	मृत	चोटग्रस्त	मृत	चोटग्रस्त	मृत	चोटग्रस्त	मृत
आंध्र प्रदेश	0	16	3	10	2	7	3	5	3	16
असम	9	0	2	2	7	0	2	4	0	2
छत्तीसगढ़	18	7	13	15	15	9	7	13	11	6
गोवा	0	1	-	-	-	-	-	-	-	-
गुजरात	5	1	1	2	2	9	3	2	2	3
हरियाणा	0	1	-	-	0	1	0	1	-	-
झारखंड	15	14	23	23	16	17	19	16	20	11
कर्नाटक	1	5	4	3	6	4	2	2	7	4
केरल	2	0	1	1	-	-	0	3	-	-
मध्य प्रदेश	12	9	20	12	10	9	8	7	20	9
महाराष्ट्र	9	6	12	3	13	5	4	6	6	4
ओडिशा	4	9	8	9	8	12	5	9	14	6
राजस्थान	3	24	9	19	32	9	10	7	18	10
तमिलनाडु	4	10	0	1	1	4	2	4	2	3
तेलंगाना	225	14	209	10	144	11	87	12	129	13
उत्तर प्रदेश	1	1	1	2	4	4	5	5	3	3
पश्चिम बंगाल	7	11	9	2	15	8	14	6	12	11
हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	0	1	-	-	-	-
बिहार	-	-	-	-	-	-	1	1	-	-
कुल	**315**	**129**	**315**	**114**	**275**	**110**	**172**	**103**	**247**	**101**

*****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधायी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1383

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

राजनैतिक दलों द्वारा वार्षिक लेखापरीक्षा

1383 श्री समीर उरांव :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि कई राजनैतिक दलों द्वारा वार्षिक लेखापरीक्षा नहीं कराया जाता है, और क्या जिन राजनैतिक दलों ने लेखापरीक्षा कराया है उनमें विसंगतियां पाई गई हैं ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या ऐसी भी राजनैतिक पार्टियाँ हैं जो चुनाव में किए गए खर्च का ब्यौरा नहीं दे पा रही हैं ;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या निर्वाचन आयोग ने ऐसे राजनैतिक दलों की सूची तैयार की है जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का अनुपालन नहीं करती है ; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (च) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधायी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1384

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

समान नागरिक संहिता

1384 # श्री अजय प्रताप सिंह :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सरकार कोई समिति गठित करने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समिति का गठन कब तक किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : जी नहीं ।

(ख) : सरकार ने भारतीय विधि आयोग से समान सिविल संहिता से संबंधित विभिन्न मुद्दों की परीक्षा करने और उस पर सिफारिश करने का अनुरोध किया है ।

****

प्र.सं.1385 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1386

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

फास्ट ट्रैक न्यायालयों की स्थापना

1386 डा. अशोक कुमार मित्तल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में पंजाब राज्य में स्थापित फास्ट ट्रैक न्यायालयों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या फास्ट ट्रैक न्यायालयों के समुचित संचालन के लिए धनराशि जारी नहीं की जा रही है और इस संबंध में सरकार ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की है ; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पंजाब राज्य को उक्त उद्देश्य के लिए कितनी धनराशि जारी की गई है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : उन त्वरित निपटान न्यायालयों (एफटीसी) के ब्यौरे, जो पिछले पांच वर्षों में पंजाब राज्य में स्थापित किए गए हैं, उपाबंध पर दिए गए हैं ।

(ख) और (ग) : त्वरित निपटान न्यायालयों की स्थापना करना और निधियों का आवंटन उन राज्यों सरकारों के क्षेत्राधिकार के भीतर स्थित हैं, जो संबंधित उच्च न्यायालयों के परामर्श से अपनी आवश्यकता और संसाधनों के अनुसार ऐसे न्यायालयों की स्थापना करते हैं । 14वें वित्त आयोग (एफसी) ने जघन्य प्रकृति, महिलाओं, बालकों, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ऐसे व्यक्ति जो आवधिक बीमारी आदि से संक्रमित हैं, के विनिर्दिष्ट मामलों और पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित संपत्ति संबंधी मामलों के विचारण के लिए 2015-2020 के दौरान कुल 1800 त्वरित निपटान न्यायालयों की स्थापना करने की सिफारिश की हैं । इसके अतिरिक्त, वित्त आयोग ने इस प्रयोजन के लिए कर न्यागमन (32% से 42%) के माध्यम से उपलब्ध वृद्धित वित्तीय अंतरालों का उपयोग करने के लिए राज्य सरकारों से आग्रह किया हैं । इसके अतिरिक्त, संघ सरकार ने भी वित्तीय वर्ष 2015-16 से त्वरित निपटान न्यायालय की स्थापना करने के लिए निधियों को आवंटित करने के लिए राज्य सरकारों से आग्रह किया हैं ।

****

उपाबंध

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1386 में दिया गया उपाबंध

पिछले पांच वर्षों के दौरान पंजाब राज्य में कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालयों (एफटीसीएस) की प्रास्थिति

(मई, 2022 तक)

31.12.2018 तक कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालय	31.12.2019 तक कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालय	31.12.2020 तक कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालय	31.12.2021 तक कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालय	31.12.2022 तक कार्यरत त्वरित निपटान न्यायालय
0	0	07	07	07

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1387

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

भारतीय न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व

1387 डा. अमी याज्ञिक :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व निराशाजनक है और उच्चतम न्यायालय में वर्ष 1950 में इसकी स्थापना के बाद से केवल 11 महिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है ;

(ख) क्या यह न्यायपालिका में महिलाओं के अल्प प्रतिनिधित्व को उजागर नहीं कर रहा है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ;

(घ) भारतीय न्यायपालिका में महिला न्यायाधीशों का राज्य-वार और न्यायालय-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) उन न्यायालयों का ब्यौरा क्या है जहां महिला न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व शून्य है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ङ) : तारीख 25.07.2022 तक, उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत पद संख्या 34 के समक्ष 04 महिला न्यायाधीश कार्यरत है और देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत पद संख्या 1108 के समक्ष 96 महिला न्यायाधीश कार्यरत है । तारीख 25.07.2022 तक, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में कार्यरत महिला न्यायाधीशों की संख्या दर्शाने वाला विवरण

उपाबंध-1 पर है । तारीख 25.07.2022 तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत महिला न्यायाधीशों की संख्या **उपाबंध-2** पर है ।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 124, अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 224 के अधीन की जाती है । जो किसी जाति या वर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षण का उपबंध नहीं करता है। तथापि, सरकार द्वारा उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायमूर्तियों से यह अनुरोध किया जाता रहा है कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजते समय, न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों से संबंधित उपयुक्त अभ्यर्थियों पर सम्यक् रूप से विचार किया जाए ।

संवैधानिक ढांचे के अनुसार अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों के चयन और नियुक्ति का दायित्व संबंधित उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों का होता है ।

****

उपाबंध-1

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	25.07.2022 तक महिला न्यायाधीशों की कार्यरत पद संख्या
क	भारत का उच्चतम न्यायालय	04
ख	उच्च न्यायालय	
1	इलाहाबाद	05
2	आंध्र प्रदेश	04
3	बॉम्बे	08
4	कलकत्ता	07
5	छत्तीसगढ	01
6	दिल्ली	12
7	गुवाहाटी	02
8	गुजरात	06
9	हिमाचल प्रदेश	02
10	जम्मू - कश्मीर और लद्दाख	02
1 1	झारखंड	01
12	कर्नाटक	05
13	केरल	06
14	मध्य प्रदेश	03
15	मद्रास	12
16	मणिपुर	00
17	मेघालय	00
18	उड़ीसा	01
19	पटना	00
20	पंजाब और हरियाणा	07
21	राजस्थान	02
22	सिक्किम	01
23	तेलंगाना	09
24	त्रिपुरा	00
25	उत्तराखंड	00
कुल		96

उपाबंध-2

25.07.2022 तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की राज्य-वार कार्यरत पद संख्या

क्र.स..	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ)	सिविल न्यायाधीश (ज्येष्ठ)	जिला न्यायाधीश
1	आंध्र प्रदेश	123	55	45
2	अरुणाचल प्रदेश	7	4	1
3	दिल्ली	166	20	95
4	कर्नाटक	149	120	89
5	पुडुचेरी	2	0	3
6	राजस्थान	260	121	126
7	तमिलनाडु	216	100	112
8	नागालैंड	6	2	7
9	तेलंगाना	131	36	50
10	दादरा और हवेली	0	0	0
11	दमण और दीव	0	0	0
12	गोवा	15	8	5
13	महाराष्ट्र	346	139	112
14	सिक्किम	0	0	0
15	मेघालय	14	9	9
16	मणिपुर	5	10	4
17	मिजोरम	13	2	6
18	असम	120	61	21
19	बिहार	256	33	38
20	चंडीगढ़	7	0	4
21	छतीसगढ़	99	40	44
22	गुजरात	104	74	50
23	हरियाणा	70	59	52
24	हिमाचल प्रदेश	36	11	8
25	जम्मू - कश्मीर	37	24	8
26	केरल	125	39	42
27	लद्दाख	1	2	0
28	लक्षद्वीप	0	0	0
29	मध्य प्रदेश	300	133	103
30	ओडिशा	185	114	45
31	पंजाब	156	59	60
32	त्रिपुरा	20	14	4
33	उत्तर प्रदेश	404	170	220
34	उत्तराखंड	51	33	22
35	झारखंड	85	39	10
36	अंडमान और निकोबार	0	0	0
37	पश्चिमी बंगाल	210	80	40
कुल		**3719**	**1611**	**1435**

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधायी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1388

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

1388 डा. फौजिया खान :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का मौजूदा प्रतिशत संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इंगलैंड, डेनमार्क और आयरलैंड जैसे लोकतांत्रिक देशों और देश में इनकी आबादी की तुलना में बहुत ही कम है ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण है ;

(ग) देश में विभिन्न राज्य विधानसभाओं और स्थानीय स्वशासनों में राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार महिला प्रतिनिधियों की संख्या कितनी है ; और

(घ) क्या सरकार का इरादा संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने संबंधी कानून लाने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1389

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

मुकदमों के बैकलॉग में वृद्धि

1389 डा. सी. एम. रमेश :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में मुकदमों के बैकलॉग में वृद्धि हुई है, तत्संबंधी उच्च न्यायालय-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा न्यायपालिका की राय लेकर बनाई गई नीति और किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या उच्च न्यायालयों द्वारा मामलों की आभासी सुनवाई करना मुकदमों के बैकलॉग का तेजी से निपटान करने संबंधी समाधानों में से एक है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : तारीख 22.07.2022 तक देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायालय-वार लंबित मामलों के ब्यौरे **उपाबंध** में है ।

(ख) : न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटान न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। संबंधित न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटान के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। न्यायालयों में मामलों के निपटारे में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती है। न्यायालयों में मामलों का समय पर निपटान कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की उपलब्धता, सहायक न्यायालय कर्मचारिवृंद और भौतिक अवसंरचना, अंतर्वलित तथ्यों की जटिलता, साक्ष्य की प्रकृति, पणधारियों का सहयोग अर्थात बार, अन्वेषण अभिकरण,साक्षियों और वादियों और नियमों और प्रक्रियाओं का उचित अनुप्रयोग सम्मिलित हैं। कई अन्य कारक हैं जो मामलों के

निपटान में देरी का कारण बन सकते हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ, न्यायाधीशों की रिक्तियां, बार-बार स्थगन और सुनवाई के लिए निगरानी, ट्रैक और बहु मामलों की पर्याप्त व्यवस्था की कमी सम्मिलित हैं। केंद्रीय सरकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार मामलों के त्वरित निपटान और लंबित मामलों को कम करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सरकार ने न्यायपालिका द्वारा मामलों के तेजी से निपटान के लिए एक ईको प्रणाली प्रदान करने के लिए कई पहलों को अपनाया है।

राष्ट्रीय न्याय परिदान और विधिक सुधार मिशन की स्थापना अगस्त, 2011 में प्रणाली में विलंब और बकाया में कमी करके पहुंच में वृद्धि करने और निष्पादन मानकों और क्षमताओं को स्थापित करने के द्वारा और संरचना परिवर्तन के माध्यम से जवाबदेहीता को बढाने के दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थी । मिशन न्यायिक प्रशासन में बकाया और लंबित मामलों के चरणबद्ध समापन के लिए एक समन्वय दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ, न्यायालयों की बेहतर अवसंरचना अंतर्वलित है जिसके अंतर्गत कम्प्यूटरीकरण, अधीनस्थ न्यायपालिका की पद संख्या में वृद्धि, अत्यधिक मुकदमेंबाजी वाले क्षेत्रों में नीति और विधायी उपाय, मामलों के शीघ्र निपटान के लिए न्यायिक प्रक्रिया का पुर्नगठन और मानव संसाधन विकास पर जोर देना भी सम्मिलित है ।

विभिन्न पहलों के अधीन पिछले आठ वर्षों के दौरान मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं–

(i) <u>जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों के लिए अवसंरचना में सुधार:-</u> 1993-94 में न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक प्रसुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम (सीएसएस) के प्रारंभ से आज की तारीख तक 9013.21 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं । इस स्कीम के अधीन न्यायालय हालों की संख्या 30.06.2014 को 15,818 से तारीख 30.06.2022 तक बढ़कर 20,993 हो चुकी है और तारीख 30.06.2014 को आवासीय इकाईयों की संख्या 10,211 से बढ़कर तारीख 30.06.2022 तक 18,502 हो चुकी है । इसके अतिरिक्त 2,777 न्यायालय हाल और 1,659 आवासी इकाईयां(एम आई एस डाटा के अनुसार) निर्माणाधीन हैं । न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक प्रसुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम को 9,000 करोड़ रु.की कुल लागत पर 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है, जिसमें से केंद्रीय हिस्सा 5,307 करोड़ रु. होगा । न्यायालय हॉल और आवासीय इकाइयों के निर्माण के अतिरिक्त, इसमें वकील हॉल, शौचालय परिसर और डिजिटल कंप्यूटर रूम का निर्माण भी सम्मिलित होगा।

(ii) <u>सुधार की गई न्याय के परिदान के लिए सूचना, संचार और प्रौद्योगिकी (आई सी टी) का प्रभावन</u> :- सरकार ने जिला औऱ अधीनस्थ न्यायालयों को परिचालन योग्य बनाने के लिए सूचना और संसूचना प्रौद्योगिकी के लिए संपूर्ण देश में ई-न्यायालय मिशन पद्धति परियोजना को क्रियान्वित किया है। अब तक कम्प्यूटरीकृत जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों की संख्या बढ़कर 18,735 हो गई है। 99.3% न्यायालय परिसरों को वैन की संयोजिता प्रदान की गई है। मामला सूचना सॉफ्टवेयर के नए और प्रयोक्ता-अनुकूलन पार्ट को विकसित किया गया है और सभी कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में नियोजित किया गया है । सभी पणधारी जिसके अंतर्गत न्यायिक अधिकारी भी है, राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) कंम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों तथा उच्च न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाहियों/विनिश्चयों से संबंधी जानकारी तक पहुंच बना सकते हैं । 04.07.2022 तक, वादकारी इन न्यायालयों से संबंधित 20.86 करोड़ से अधिक मामलों की प्रास्थिति और 18.02 करोड़ आदेश/निर्णय तक पहुँच बना सकते हैं। ई-न्यायालय सेवाएं, जैसे वादकारीयों और अधिवक्ताओं के लिए सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों में ई-न्यायालय मोबाइल एप, ई-मेल सेवा, एसएमएस पुश एण्ड पुल सर्विस में ई न्यायालय पोर्टल, न्यायिक सेवा केन्द्रों (जेएससी) के माध्यम से ई-न्यायालय सेवाऐं, जैसे मामला रजिस्टर करने, मामला सूची, मामले की प्रास्थिति, दैनिक आदेशों और अंतिम निर्णयों के ब्यौरे उपलब्ध हैं । वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सुविधा के माध्यम से 3240 न्यायालय परिसर तथा 1272 तत्स्थानी कारावासों को समर्थ बनाया गया है। कोविड- 19 चुनौतियों को बेहतर तरीके से संभालने और वर्चुअल सुनवाई को सुचारू बनाने के उद्देश्य से, निर्णय/आदेश प्राप्त करने ,जानकारी और ई फाइलिंग प्रसुविधा से संबंधित न्यायालय/मामले प्राप्त करने से सहायता की आवश्यकता के लिए वकीलों और वादकारियों को न्यायालय परिसरों में 500 ई-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है ।वर्चुअल सुनवाई को सुकर बनाने के लिए विभिन्न न्यायालय परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग केबिन में उपस्कर प्रदान करने के लिए 5.01रु. करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। विभिन्न न्यायालय परिसरों में ई फाइलिंग के लिए 1732 हेल्प डेस्क काउंटरों को 12.12 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

16 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों अर्थात दिल्ली (2), हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल (2), महाराष्ट्र (2), असम, छत्तीसगढ़, जम्मू - कश्मीर (2), उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में यातायात अपराधों को कम करने की कोशिश करने के लिए बीस वर्चुअल न्यायालय स्थापित किए गए

हैं। 03.03.2022 तक, इन न्यायालयों ने 1.69 करोड़ से अधिक मामलों को संभाला है और 271.48 करोड़ रुपए के जुर्माना से अधिक की वसूली की है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोविड लॉकडाउन अवधि के दौरान न्यायालयों के मुख्य आधार के रूप में उभरा क्योंकि भौतिक सुनवाई और सामूहिक मोड में सामान्य न्यायालय की कार्यवाही संभव नहीं थी। जब से कोविड लॉकडाउन शुरू हुआ, तब से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करके 30.04.2022 तक जिला न्यायालयों ने 1,28,76,549 मामलों की, जबकि उच्च न्यायालय ने 63,76,561 मामलों (कुल 1.92 करोड़) की सुनवाई की। लॉकडाउन के प्रारंभ से 13.06.2022 तक उच्चतम न्यायालय ने 2,61,338 सुनवाई की है।

(iii) <u>उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों तथा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में रिक्त पदों को भरना</u> :- 01.05.2014 से 15.07.2022 तक उच्चतम न्यायालय में 46 न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई थी । उच्च न्यायालयों में 769 नए न्यायाधीश नियुक्त किए गए तथा 619 अतिरिक्त न्यायाधीश स्थायी किए गए। मई 2014 में उच्च न्यायालयों की स्वीकृत संख्या 906 से वर्तमान में बढ़कर 1108 हो गई । जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत और कार्यरत पद संख्या में निम्नानुसार वृद्धि की गई है :

निम्नलिखित तारीख तक	स्वीकृत संख्या	कार्यरत पद संख्या
31.12.2013	19,518	15,115
22.07.2022	24,631	19288

तथापि, अधीनस्थ न्यायपालिका में रिक्तियों का भरा जाना संबद्ध राज्य सरकारों तथा उच्च न्यायालयों की अधिकारिता के भीतर आता है ।

(iv) बकाया समिति द्वारा अपनाए गए/उसके माध्यम से लंबित मामलों में कमी : अप्रैल, 2015 में आयोजित मुख्य न्यायमूर्तियों के सम्मेलन में पारित संकल्प के अनुसरण में, पांच वर्ष से अधिक लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय समितियां स्थापित की गई हैं। जिला न्यायाधीशों के अधीन भी बकाया मामला समितियों की स्थापना की गई है। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए कदम विरचित करने के लिए एक बकाया मामला समिति का गठन किया है। पूर्व में, विधि और न्याय मंत्री ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों के साथ पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों पर ध्यान आकर्षित करने और लंबित मामलों को कम करने का अभियान चलाने के लिए मामला उठाया है। विभाग ने मलीमथ समिति रिपोर्ट के

बकाया उन्मूलन स्कीम मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन पर सभी उच्च न्यायालयों द्वारा रिपोर्टिंग के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है।

(v) अनुकल्पी विवाद समाधान (एडीआर) पर जोर :- वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 (तारीख 20 अगस्त, 2018 को यथासंशोधित) वाणिज्यिक विवादों के बाध्यकारी पूर्व मध्यकता और निपटारे के लिए अनुबद्ध किया गया है । विहित की गई समय-सीमा द्वारा विवादों के शीघ्र समाधान को तेज करने के लिए माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 के द्वारा माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 में संशोधन किए गए है ।

(vi) <u>विशेष प्रकार के मामलों को तेजी से निपटाने के लिए पहल :-</u> चौदहवें वित्त आयोग ने सरकार को राज्यों में न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने के प्रस्ताव का समर्थन किया था जिसमें, महिलाओं, बालकों आदि से संबंधित मामलों को सम्मिलित करते हुए वरिष्ठ नागरिकों, अन्य बातों के साथ-साथ, जघन्य अपराधों के मामलों के लिए त्वरित निपटान न्यायालय की स्थापना करना शामिल है जिसमें तथा राज्य सरकारों को ऐसी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढे हुए कर न्यागमन 32% से 42% वृद्धि करने के प्ररूप में उपबंधं करने के लिए अतिरिक्त राजकोषीय स्थान का उपयोग करने का अनुरोध किया है। 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार जघन्य अपराधों, महिलाओं और बालकों आदि के विरूद्ध अपराधों के लिए 892 त्वरित निपटान न्यायालय कार्य कर रहे हैं। निर्वाचित संसद् सदस्यों/विधानसभा सदस्यों से संबंधित दांडिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए दस (10) विशेष न्यायालय नौ (09) राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल में एक प्रत्येक और राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली में दो) स्थापित किए गए हैं। सरकार ने भारतीय दंड संहिता, के अधीन बलात्संग तथा पाक्सो अधिनियम के अधीन अपराधों के लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए संपूर्ण देश में 1023 त्वरित निपटान विशेष न्यायालय (एफटीएससी) की स्थापना के लिए एक स्कीम का और अनुमोदन किया है । आज की तारीख तक 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 363 'मात्र पाक्सो न्यायालय' सहित 842 एफटीएससी की स्थापना के लिए जुड़ गए है । स्कीम के लिए वित्तीय वर्ष 2019-2020 में 140 करोड रुपए जारी किए गए थे तथा वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान 160 करोड रुपए जारी किए गए है और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 134.557 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। 728 एफटीएससी वर्तमान में 408 अनन्य पॉक्सो न्यायालयों सहित कार्य कर रहे हैं, जिसमें 30.06.2022 तक 1,02,344 मामलों का निपटारा किया गया।

(vii) इसके अतिरिक्त, लंबित मामलों को कम करने तथा न्यायालयों को उससे मुक्त करने के लिए सरकार ने हाल ही में विभिन्न विधियों जैसे परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018, वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम, 2018, विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम, 2018, माध्यस्थम् और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 में संशोधन किया गया है ।

(ग) : जी हाँ, उच्च न्यायालय द्वारा मामलों की वर्चुअल सुनवाई बैकलॉग मामलों में तेजी लाने का एक उपाय प्रतीत होता है क्योकि वीडियों कान्फ्रेंसिंग निम्नलिखित लाभ का उपबंध करती हैः

- अधिवकता और वादकारी अपनी पसंद के किसी भी स्थान से न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो सकते है ।
- साक्षियों को प्रस्तुत करना आसान हो जाती है क्योकि वे अपने स्थान में सुरक्षित रह सकते है ।
- समय और धन की काफी बचत हो जाती है ।
- अधिवकता अल्प सूचना पर भी विभिन्न स्थानों में सुनवाई में उपस्थित हो सकते है ।
- विचाराधीन कैदियों की आवाजाही किफायती और सुविधाजनक हो जाती है ।

जब से कोविड लॉकडाउन शुरू हुआ, तब से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करके 30.04.2022 तक जिला न्यायालयों ने 1,28,76,549 मामलों की, जबकि उच्च न्यायालय ने 63,76,561 मामलों (कुल 1.92 करोड़) की सुनवाई की। लॉकडाउन के प्रारंभ से 13.06.2022 तक उच्चतम न्यायालय ने 2,61,338 सुनवाई की है । अधिवकता या वादकारी की न्यायालय में उपस्थिति खत्म करने और वर्चुअल प्लेटफार्म पर मामलों के न्यायनिर्णयन के लिए न्यायालयों की नई धारणा कार्यान्वित की गई है । वर्तमान में 16 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में यातायात चालान मामलों में विचारण के लिए 20 वर्चुअल न्यायालय स्थापित किए गए जिन्होने 04.07.2022 तक 1.69 करोड़ से अधिक मामलों की सुनवाई की है और 271.48 करोड़ रुपए की ऑनलाइल जुर्माने की वसूली की गई । तारीख 31.03.2022 तक दिल्ली जिला न्यायालयों में 34 डिजिटल एनआई न्यायालयों ने 1,02,386 मामलों में से 14,248 मामलों का निपटान किया ।

****

उपाबंध

मामलों के बैकलॉग में वृद्धि से संबंधित राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1389 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

क्र.सं.	उच्च न्यायालय का नाम	22.07.2022 तक मामलों के बैकलॉग
1.	इलाहाबाद	1026417
2.	बम्बई	592583
3.	कलकत्ता	215859
4.	गुवाहटी	57213
5.	तेलगाना	258932
6.	आंध्र प्रदेश	235482
7.	छत्तीसगढ़	87333
8.	दिल्ली	105814
9.	गुजरात	158512
10.	हिमाचल प्रदेश	87798
11.	जम्मु-कश्मीर और लद्दाख	45371
12.	झारखंड	85879
13.	कर्नाटक	296965
14.	केरल	210233
15.	मध्य प्रदेश	417003
16.	मणिपुर	4763
17.	मेघालय	1252
18.	पंजाब और हरियाणा	450527
19.	राजस्थान	605215
20.	सिकिम्म	175
21.	त्रिपुरा	1497
22.	उत्तराखंड	43066
23.	मद्रास	563595
24.	ओडिशा	185567
25.	पटना	220403
	कुल	**5957454**

स्रोत : राष्टीय न्यायिक डाटा ग्रिड

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1390

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंस की सुविधा

1390 श्री अनिल देसाई :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सभी न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंस की सुविधा उपलब्ध है ;

(ख) क्या यह सुविधा कट्टर अपराधियों और आतंकवादियों को भी प्रदान की जाती है; और

(ग) इस संबंध में न्यायाधीशों, वकीलों आदि जैसे हितधारकों की अनुक्रिया या प्रतिक्रिया क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : ई-न्यायालय परियोजना के चरण-2 के दौरान, तालुका स्तर के न्यायालयों सहित सभी न्यायालय परिसरों को एक-एक वीडियो कान्फ्रेंस उपस्कर प्रदान किए गए हैं और 14,443 न्यायालय कक्षों में अतिरिक्त वीसी उपस्कर के लिए निधियां स्वीकृत की गई हैं । 2506 वीसी केबिनों को स्थापित करने के लिए निधियां उपलब्ध करा दी गई हैं । 1500 अतिरिक्त वीसी अनुज्ञप्तियां प्राप्त की गई हैं । 3240 न्यायालय परिसरों और 1272 तत्स्थानी जेलों के मध्य वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधा भी समर्थित की गई है जो कट्टर अपराधियों और आतंकवादियों सहित सभी विचाराधीन कैदियों के लिए उपयोगी है । जबसे कोविड लाकडाउन प्रारंभ हुआ है, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों ने 30.04.2022 तक कुल 1.94 करोड़ आभासी सुनवाई की है जिसके के कारण यह आभासी सुनवाई में विश्व में अग्रणी बन गया है । वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आभासी सुनवाई के सभी

हितधारकों अर्थात् विकीलों, मुवक्किलों और न्यायाधीशों के लिए बहुत सारे लाभ हैं जैसे :

- वकील और मुवक्किल अपने पंसद के किसी भी स्थान से न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं ।
- साक्षियों को पेश करना आसान हो जाता है क्योंकि वे अपने सुरक्षित स्थानों पर हो सकते हैं ।
- समय और धन की काफी बचत होती है ।
- वकील अल्प सूचना पर विभिन्न स्थानों से सुनवाई में भाग ले सकते हैं ।
- विचाराधीन कैदियों की आवाजाही बहुत ही सस्ते और सुविधाजनक तरीके से की जा सकती है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1391

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

न्यायालयीन निर्णयों को देखने के लिए ऐप

1391 डा. अशोक बाजपेयी :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्चतम न्यायालयों, उच्च न्यायालयों, न्यायाधिकरणों आदि के निर्णयों तक पहुँच के लिए कोई एकल ऑनलाइन/ऑफ़लाइन ऐप उपलब्ध है ;

(ख) क्या निजी कंपनियां न्यायालयों के निर्णयों को सुलभ कराने हेतु ऑनलाइन ऑफलाइन ऐप्स के लिए भारी शुल्क वसूल करती हैं ;

(ग) क्या सरकार के पास विधिज्ञ सदस्यों, वादियों और न्यायाधीशों को न्यायालयों के निर्णयों को सुलभ कराने के लिए उन्हें कोई ऑनलाइन/ऑफलाइन ऐप उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, ताकि उन्हें कठिनाइयों से राहत मिल सके और निर्णयों के बारे में अधिक जागरूकता फैलाया जा सके ; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : वर्तमान में, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, अधिकरणों आदि के निर्णयों तक पहुँच के लिए कोई एकल ऑनलाइन/ऑफलाइन ऐप उपलब्ध नहीं है । तथापि, जिला न्यायालय और उच्च न्यायालयों के लिए विकसित मोबाइल एप अर्थात्, **ई-न्यायालय सेवाएं** मामला प्रास्थिति के भाग के रुप में निर्णयों को देखने की सुविधा है । उच्च न्यायालयों से निर्णयों तक पहुँच प्रदान करने के लिए एक समर्पित पोर्टल https://judgement.ecourt.gov.in/ भी बनाया गया है । यह सेवा पूर्ण रुप से नि:शुल्क है । निर्णय संबंधित उच्च न्यायालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है । ऑनलाइन/ ऑफलाइन ऐप्स के लिए शुल्क लेने वाली निजी कंपनियों की जानकारी केंद्रीय रुप से नहीं रखी जाती है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधि कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1392

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से केंद्र सरकार के कर्मचारियों को निष्कासित करना

1392 जावेद अली खान :

क्या **विधि और मंत्री** बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण शीर्ष न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के मद्देनजर केन्द्र सरकार के उन कर्मचारियों जिनके भर्ती संबंधी विज्ञापन 31/12/2003 को या उससे पहले जारी किए गए थे, को एनपीएस के दायरे बाहर करने एवं उन्हें ओपीएस में शामिल करने के लिए विधि कार्य विभाग से दिनांक 24/03/2022 के टिप्पण के माध्यम से फिर से टिप्पणियों की मांग की है ;

(ख) यदि हाँ, तो क्या विधि कार्य विभाग ने उपरोक्त के जवाब में अपनी अंतिम टिप्पणियां मई, 2002 के महीने में प्रस्तुत की हैं ;

(ग) यदि हाँ, तो प्रस्तुत की गई टिप्पणियों का दिनांक सहित पूर्ण ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसमें हुए विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : जी हां । पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने तारीख 24/3/2022 को विधि कार्य विभाग को, तारीख 31/12/2003 को या उसके पूर्व के पदों को विज्ञापन की तारीख के आधार पर, जिसके लिए वे नियुक्त किए गए थे, केंद्रीय सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम के अधीन सम्मिलित करने के संबंध में सलाह के लिए एक संदर्भ भेजा था और कि क्या पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के लिए इस संबंध में कार्यकारी अनुदेश जारी करना विधिक रुप से संभव होगा ।

इस मुद्दे की विधि कार्य विभाग द्वारा वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) से प्राप्त टिप्पणियों के आलोक में, टिप्पण तारीख 06/05/2022 द्वारा समीक्षा की गई थी और यह सलाह दी थी कि केंद्रीय सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अधीन तारीख 22/12/2003 से पूर्व विज्ञापन या अधिसूचित रिक्तियों के विरुद्ध चयनित केंद्रीय सरकार कर्मचारियों को सम्मिलित करने के लिए प्रशासनिक विभाग का प्रस्ताव, प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग की नीति का विषय प्रतीत होता है । इसके अतिरिक्त, डीएफएस के टिप्पण के अवलोकन से यह दर्शित होता है कि तारीख 22/12/2003 की अधिसूचना उस तारीख पर मौन है जो राष्ट्रीय पेंशन स्कीम लागू होने की तारीख का अवधारण करेगी – सेवा आरंभ करने की तारीख या अधिसूचना/विज्ञापन की तारीख । यह भी कि, वर्ष 2020 में, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने विभिन्न न्यायालय मामलों में निर्णयों और कतिपय अभ्यावेदनों के आधार पर ऐसे कर्मचारियों के लिए एक बार विकल्प अनुज्ञात किया है, जिन्हें अपनी भर्ती प्रक्रिया में प्रशासनिक चूक को भुगतना पड़ा था और जिन्होंने केंद्रीय सरकार सेवा 01/01/2004 को या उसके पश्चात् आरंभ की । अत:, ऐसे सरकारी सेवकों को पुरानी पेंशन स्कीम में लाने का उपबंध करने के लिए, जो तारीख 01/01/2004 के पूर्व जारी किए गए रिक्तियों के विज्ञापन/अधिसूचना के आधार पर, तारीख 01/01/2004 को या उसके पश्चात केंद्रीय सरकार सेवा में नियुक्त किए गए थे, कार्यकारी अनुदेश जारी करने का प्रशासनिक विनिश्चय ठीक प्रतीत होता है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधायी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1393

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन

1393 श्री अब्दुल वहाब :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन अधिनियम में कोई संशोधन करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार ने किए जाने वाले परिसीमन की प्रक्रिया का अध्ययन कराने के लिए कोई समिति गठित की है ;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के अध्ययन के लिए कोई समिति गठित करने पर विचार कर रही है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : जी नहीं, सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1394

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

ई - न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि

1394 # श्री नरेश बंसल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : :

(क) क्या ई-न्यायालयों की स्थापना से लंबित मामलों के निपटान में तेजी आई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार का देश के विभिन्न न्यायालयों में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : न्यायालयों में मामलों का समय पर निपटान किया जाना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिसमें अन्य बातों के साथ, पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों, सहायक न्यायालय कर्मचारिवृंद तथा भौतिक अवसंरचना की उपलब्धता, अंतवर्लित तथ्यों की जटिलता, साक्ष्य की प्रकृति, विभिन्न पणधारियों अर्थात बार, अनुसंधान अभिकरणों, साक्षियों तथा मुव्वकिलों, के मध्य सहयोग तथा नियमों और प्रक्रियाओं का उचित उपयोजन सम्मिलित है । मामलों का निपटान करना न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है । संबंधित न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटान के लिए कोई समय सीमा विहित नहीं की गई है । सरकार की न्यायालयों में मामलों के निपटान में कोई भूमिका नहीं होती है । तथापि, संघ सरकार, मामलों के त्वरित निपटान और लंबित मामलों में कमी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्याय विभाग, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के भाग के रूप में भारत के उच्चतम न्यायालय की ई समिति के सहयोग से ई-न्यायालय परियोजना का कार्यान्वयन कर

रहा है । ई-न्यायालय एकीकृत मिशन मोड़ परियोजना न्याय तक पहुंच में सुधार करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए प्रारंभ की गई थी । ई-न्यायालय परियोजना ने निम्नलिखित पहलों के कार्यान्वयन द्वारा न्याय के त्वरित निपटान में सहायता प्रदान करने में मदद की है:

• अभी तक ई-न्यायालय चरण-2 के अधीन 18735 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है (उच्च न्यायालय और राज्य-वार ब्यौरा **उपाबंध-1** पर दिया गया है)

• वाइड एरिया नेटवर्क परियोजना के अधीन 2992 में से 2972 (99.3%) स्थलों को 10 एमबीपीएस से 100 एमबीपीएस बैंडविथ के साथ कनेक्टिविटी प्रदान की गई है (उच्च न्यायालय-वार ब्यौरा उपाबंध-2 पर दिया गया है) ।

• लचीली खोज प्रौद्योगिकी के साथ विकसित राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड ने 20.86 करोड़ मामलों और 18.02 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों तक पहुच अनुज्ञात की है । देरी का कारण जोड़ा गया है और ओपन एपीआई प्रारंभ किया गया है ।

• तारीख 30.04.2022 तक जिला न्यायालयों ने 1,28,76,549 मामलों में जबकि उच्च न्यायालयों ने 63,76,561 मामलों (कुल 1.92 करोड़) में वीडियों कांफ्रेसिंक के माध्यम से सुनवाईयां की हैं । तारीख 13.06.2022 तक भारत का उच्चतम न्यायालय 2,61,338 सुनवाईयां करके वैश्विक नेता के रूप में उभरा है (उच्च न्यायालय-वार ब्यौरा **उपाबंध-3** पर दिया गया है) ।

• गुजरात, कर्नाटक, उड़ीसा, झारखंड, पटना और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालयों ने न्यायालय मामलों का सीधा प्रसारण प्रारंभ किया है ।

• 7 प्लेटफार्मों के माध्यम से सिटिजन सेंटरिक सेवाएं प्रदान की जाती है अर्थात, एसएमएस पुश एण्ड पुल, ई-मेल, ई-न्यायालय सेवा पोर्टल, न्यायिक सेवा केन्द्र, सूचना कायोस्क, ई-न्यायालय मोबाइल एप (30 अप्रैल, 2022 तक कुल 79.65 लाख डाउनलोड) और न्यायाधीशों के लिए जस्टआईएस एप (04 जुलाई, 2022 तक कुल 17,369 लाख डाउनलोड) है

• यातायात चालान के मामलों के विचारण के लिए 16 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 20 वर्चुअल न्यायालय स्थापित किए गए हैं । जिन्होंने तारीख 04.07.2022 तक 1.69 करोड़ से अधिक मामलों में सुनवाई की है और 271 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला है (राज्य-वार ब्यौरा **उपाबंध-4** पर दिया गया है)।

• ई-संदाय मॉडयूल के साथ एकीकृत अद्यतन विशेषताओं जैसे ई-वकालतनामा, ई-हस्ताक्षर, शपथ की विडीयों कांफ्रेसिंग आदि. के साथ ई-फाइलिंग सिस्टम (वर्जन 3.0) चालू किया गया है ।

• डिजिटल खाई को पाटने के लिए अधिवक्ताओं और मुवक्किलों जिन्हे सूचना से लेकर सुविधा सेवा और ई-फाइलिंग तक किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, की सुविधा के आशय से 500 ई-सेवा केन्द्र स्थापित किए हैं ।

• निर्णयों की मुफ्त सत्यापित प्रतियां प्रदान करने के लिए निर्णय खोज पोर्टल प्रारंभ किया गया है ।

• आदेशिका की तामील और समन जारी करने के लिए नेशनल सर्विस एण्ड ट्रेकिंग आफ इलैक्ट्रानिक प्रोसेस (एनएसटीईपी) आरम्भ किया गया है । इसे वर्तमान में, 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में क्रियाशील है (राज्य-वार ब्यौरा **उपाबंध-5** पर दिया गया है)।

• न्यायालय से संबंधित सूचना का प्रसार करने के लिए 21 उच्च न्यायालयों में 32 न्यायिक घडियों की स्थापना की गई है (उच्च न्यायालय-वार ब्यौरा **उपाबंध-6** पर दिया गया है) ।

• न्याय के विकास के लिए एक नई वेबसाइट प्रारंभ की गई है जो माननीय प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका न्याय के दर्शन को पूरा करती है । इस नई वेबसाइट का उद्देश्य नागरिकों को विभाग की सभी डिजिटल पहलों के लिए वन स्टाप प्लेटफार्म प्रदान करना है ।

• लगभग 3,60,993 पणधारियों को सम्मिलित करते हुए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया है ।

(ग) : उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की पद संख्या के पुनर्विलोकन पर विचार-विमर्श करते समय, राज्य सरकार साथ ही साथ संबद्ध उच्च न्यायालय की राय पर विचार-विमर्श किया जाना आवश्यक होता है क्योंकि राज्य सरकार को उच्च न्यायालय के लिए आवश्यक अवसंरचना सुविधाएं और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के परिणामस्वरूप वेतन, सुविधाएं, वास सुविधा, न्यायाधीशों के चैंबर के रूप में बढ़े हुए खर्च के लिए उपबंध करना होता है । उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से उच्च न्यायालय का दिन प्रतिदिन प्रशासन करना और उच्च न्यायालय से न्यायाधीशों की प्रतिनियुक्ति करना और समय समय पर उच्च न्यायालय की खंड न्यायपीठ का गठन करना अपेक्षित होता है । वर्तमान में सरकार के पास उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने के लिए कोई पूर्ण प्रस्ताव लंबित नहीं है ।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 235 के अधीन, राज्यों में जिला और अधीनस्थ न्यायपालिका के सदस्यों पर प्रशासनिक नियंत्रण संबद्ध उच्च न्यायालय में निहित होता है । इसके अतिरिक्त, संबंधित राज्य सरकारें, संविधान के अनुच्छेद 233 और 234 के साथ पठित अनुच्छेद 309 के परंतुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उच्च न्यायालय के परामर्श से, राज्य न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति, प्रौन्नति, आरक्षण, सेवानिवृत्ति के मामलों से संबंधित नियम और विनियम विरचित करती है । अत:, जहां तक कि राज्यों में न्यायिक अधिकारियों की भर्ती का संबंध है कतिपय राज्यों में यह संबंधित उच्च न्यायालय करते हैं, जबकि अन्य राज्यों में यह राज्य लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श करके उच्च न्यायालय करते हैं ।

संविधान के अधीन संघ सरकार, जिला/अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों के चयन और नियुक्ति में कोई भूमिका नहीं निभाती है । उच्चतम न्यायालय ने मलिक मजहर सुल्तान मामलें में अपने 4 जनवरी, 2007 के आदेश में अधीनस्थ न्यायापालिका की रिक्तियों को भरने के लिए अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया और समय सीमा प्रकल्पित की है जो यह नियत करती है कि अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की भर्ती की प्रक्रिया कैलेण्डर वर्ष के 31 मार्च से प्रारंभ होगी और उसी वर्ष के 31 अक्तूबर तक समाप्त होगी । उच्चतम न्यायालय ने राज्य की विशिष्ट भौगोलिक और जलवायु स्थितियों या अन्य सुसंगत स्थितियों के आधार पर किन्हीं कठिनाइयों की दशा में समय अनुसूची में परिवर्तन करने के लिए राज्य सरकारों/उच्च न्यायालयों को अनुज्ञात किया है ।

इसके अतिरिक्त, माननीय उच्चतम न्यायालय के उपरोक्त निदेशों के अनुपालन में न्याय विभाग ने सभी उच्च न्यायालयों के महारजिस्ट्रार को आवश्यक कार्रवाही के लिए मलिक मजहर के निर्णय की एक प्रति भेजी थी । न्यय विभाग सभी उच्य न्यायालयों के महारजिस्ट्रारों को अधीनस्थ न्यायपालिका में रिक्ति को भरने में मलिक मजहर सुलातान मामले द्वारा आज्ञापित तेजी लाने के लिए समय समय पर लिखता रहता है ।

****

उपाबंध-1

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण। ई-न्यायालय चरण- II के अधीन कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों का राज्यवार विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	उच्च न्यायालय	राज्य	न्यायालय
1	इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश	2222
2	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश	617
3	बाम्बे	दादरा और नागर हवेली	3
3		दमण और दीव	2
3		गोवा	39
3		महाराष्ट्र	2157
4	कलकत्ता	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	14
4		पश्चिमी बंगाल	827
5	छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़	434
6	दिल्ली	दिल्ली	681
7	गुवाहाटी	अरुणाचल प्रदेश	28
7		असम	408
7		मिजोरम	69
7		नागालैंड	37
8	गुजरात	गुजरात	1268
9	हिमाचल प्रदेश	हिमाचल प्रदेश	162
10	जम्मू-कश्मीर	जम्मू - कश्मीर	218
11	झारखंड	झारखंड	447
12	कर्नाटक	कर्नाटक	1031
13	केरल	केरल	484
13		लक्षद्वीप	3
14	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश	1363
15	मद्रास	पुडूचेरी	24
		तमिलनाडु	1124
16	मणिपुर	मणिपुर	38
17	मेघालय	मेघालय	42
18	उड़ीसा	ओडिशा	686
19	पटना	बिहार	1142
20	पंजाब और हरियाणा	चंडीगढ़	30
20		हरियाणा	500
20		पंजाब	541
21	राजस्थान	राजस्थान	1240
22	सिक्किम	सिक्किम	23
23	तेलंगाना	तेलंगाना	476
24	त्रिपुरा	त्रिपुरा	84
25	उत्तराखंड	उत्तराखंड	271
	कुल		**18735**

उपाबंध-2

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण। (25/07/2022 तक) प्रदान की गई वान परियोजना कनेक्टिविटी का उच्च न्यायालयवार विवरण निम्नानुसार है

क्र.सं.	उच्च न्यायालय	वान से जुड़ी साइटों की संख्या
1.	इलाहाबाद	168
2.	आंध्र प्रदेश	188
3.	बॉम्बे	464
4.	कलकत्ता	98
5.	छत्तीसगढ	90
6.	दिल्ली	7
7.	गुवाहाटी	98
8.	हिमाचल प्रदेश	43
9.	जम्मू - कश्मीर	28
10.	झारखंड	79
11.	कर्नाटक	195
12.	केरल	168
13.	मध्य प्रदेश	205
14.	मद्रास	254
15.	मणिपुर	15
16.	मेघालय	11
17.	उड़ीसा	154
18.	पटना	77
19.	पंजाब और हरियाणा	120
20.	राजस्थान	327
21.	सिक्किम	10
22.	तेलंगाना	105
23.	त्रिपुरा	16
24.	उत्तराखंड	52
	कुल	**2972**

उपाबंध-3

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण। उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों द्वारा की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई का उच्च न्यायालय-वार विवरण निम्नानुसार है :

क्र.सं.	उच्च न्यायालय	उच्च न्यायालय और पीठ में वीडियो कांफ्रेंसिंग से निपटाए गए मामलों की कुल संख्या			जिला न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग से निपटाए गए मामलों की कुल संख्या			कुल
		की तारीख से	तारीख तक	कुल मामले	की तारीख से	तारीख तक	कुल मामले	
1	इलाहाबाद	22-3-2020	31-03-2022	240838	22-3-2020	31-03-2022	2879359	3120197
2	आंध्र प्रदेश	26-3-2020	30-04-2022	53536	26-3-2020	30-04-2022	684471	738007
3	बॉम्बे	1-2-2022	30-04-2022	17151	1-2-2022	30-04-2022	20407	37558
4	कलकत्ता	22-3-2020	31-03-2022	128000	22-3-2020	31-03-2022	71422	199422
5	छतीसगढ	22-3-2020	30-04-2022	102893	22-3-2020	30-04-2022	31201	134094
6	दिल्ली	22-3-2020	30-04-2022	317209	22-3-2020	30-04-2022	2996145	3313354
7	गुवाहाटी - अरुणाचल प्रदेश	22-3-2020	01-03-2022	2291	22-3-2020	04-01-2022	8128	10419
8	गुवाहाटी - असम	23-3-2020	30-04-2011	165318	26-3-2020	30-04-2022	276809	442127
9	गुवाहाटी - मिजोरम	23-3-2020	30-04-2022	3963	23-3-2020	30-04-2022	13268	17231
10	गुवाहाटी - नागालैंड	22-3-2020	30-04-2022	77	22-3-2020	30-04-2022	107	184
11	गुजरात	23-3-2020	31-03-2022	33721	23-3-2020	31-03-2022	186447	220168
12	हिमाचल प्रदेश	22-3-2020	01-05-2022	91952	22-3-2020	01-05-2022	35661	127613
13	जम्मू - कश्मीर	22-3-2020	30-04-2022	256232	22-3-2020	30-04-2022	287744	543976
14	झारखंड	22-3-2020	30-04-2022	213104	22-3-2020	30-04-2022	631909	845013
15	कर्नाटक	23-3-2020	30-04-2022	780305	23-3-2020	30-04-2022	112324	892629
16	केरल	22-3-2020	30-04-2022	154043	24-3-2020	30-04-2022	488725	642768
17	मध्य प्रदेश	23-3-2020	31-03-2022	664649	23-3-2020	31-03-2022	704367	1369016
18	मद्रास	26-3-2020	30-04-2022	1423438	26-3-2020	30-04-2022	305503	1728941
19	मणिपुर	15-4-2020	31-03-2022	38515	15-4-2020	31-03-2022	15262	53777
20	मेघालय	22-3-2020	30-04-2022	1615	22-3-2020	30-04-2022	13287	14902
21	उडीसा	23-3-2020	31-03-2022	256676	19-3-2020	31-03-2022	212551	469227
22	पटना	24-3-2020	30-04-2022	242047	24-3-2020	30-04-2022	1805852	2047899
23	पंजाब और हरियाणा	23-3-2020	30-04-2022	581047	23-3-2020	30-04-2022	670111	1251158
24	राजस्थान	22-3-2020	30-04-2022	224972	22-3-2020	30-04-2022	177267	402239
25	सिक्किम	24-3-2020	30-04-2022	472	24-3-2020	30-04-2022	6560	7032
26	तेलंगाना	22-3-2020	30-04-2022	298589	22-3-2020	30-04-2022	190327	488916
27	त्रिपुरा	22-3-2020	30-04-2022	10502	22-3-2020	30-04-2022	10436	20938
28	उत्तराखंड	15-4-2020	30-04-2022	73406	15-4-2020	30-04-2022	40899	114305
	कुल			**6376561**			**12876549**	**19253110**

उपाबंध-4

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण। वर्चुअल न्यायालयों का विवरण इस प्रकार है (04/07/2022 तक):

क्र.सं.	स्थापना का नाम	प्राप्त हुआ	कार्यवाही संपन्न	चुनाव लड़ा	भुगतान किए गए चालान	चालान राशि
1	पुणे यातायात विभाग	6,080	6,056	16	471	93,750
2	महाराष्ट्र परिवहन विभाग	28,548	12,494	20	802	18,93,905
3	मध्य प्रदेश यातायात विभाग	5	4	-	-	
4	त्रिपुरा यातायात विभाग	6	5	-	-	
5	उत्तर प्रदेश यातायात विभाग	40,78,318	32,82,468	7,707	1,74,512	10,49,17,575
6	केरल यातायात विभाग	64,064	40,462	142	7,630	38,69,641
7	मेघालय यातायात विभाग	22	21	-	-	
8	कर्नाटक यातायात विभाग	28,043	28,011	119	22,161	14,51,18,370
9	तमिलनाडु यातायात विभाग	91,781	87,357	791	29,422	23,26,46,660
10	ओडिशा ट्रैफिक सीटीसी-बीबीएसआर कमिश्नरेट	82,672	78,830	185	6,640	65,33,001
1 1	सूचना शाखा दिल्ली यातायात विभाग	99,09,804	97,61,680	38,689	9,58,632	68,96,69,055
12	केरल परिवहन विभाग	2,24,442	1,73,391	857	31,310	3,94,06,051
13	हिमाचल प्रदेश यातायात विभाग	11,052	10,192	8	221	10,91,753
14	जम्मू यातायात विभाग	5,608	4,801	37	1,835	9,95,890
15	कश्मीर यातायात विभाग	1,06,602	94,501	784	24,231	1,22,58,583
16	असम यातायात विभाग	57,039	57,039	290	15,577	1,08,99,681
17	छत्तीसगढ़ यातायात विभाग	81	80	-	31	64,500
18	वर्चुअल कोर्ट दिल्ली (यातायात)	33,09,982	32,86,434	90,398	13,78,930	1,46,54,06,982
19	हरियाणा यातायात विभाग	8,204	1,553	12	143	1,26,101
20	पश्चिमी बंगाल यातायात विभाग	13	9	-	1	1
	कुल	**1,80,06,286**	**1,69,19,332**	**1,40,039**	**26,52,078**	**2,71,48,97,749**

उपाबंध-5

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण। कार्यान्वित एनएसटीईपी का राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	01.01.2022 तक की गई प्रक्रियाएँ	30.04.2022 तक की गई प्रक्रियाएँ	प्रगति प्रतिशत
1	आंध्र प्रदेश	695	119	17.12
2	असम	4350	5256	120.83
3	बिहार	12071	36023	298.43
4	चंडीगढ़	3	3	100.00
5	छतीसगढ	12428	8294	66.74
6	दिल्ली	16761	26105	155.75
7	दीव और दमण	4	4	100.00
8	सिलवासा में डीएनएच	45	45	100.00
9	गुजरात	3	3	100.00
10	हरियाणा	1653	2578	155.96
1 1	हिमाचल प्रदेश	33	33	100.00
12	जम्मू - कश्मीर	1 1	10	90.91
13	झारखंड	514	514	100.00
14	कर्नाटक	135574	159501	117.65
15	केरल	86	97	112.79
16	मध्य प्रदेश	24170	38537	159.44
17	महाराष्ट्र	55896	96352	172.38
18	मणिपुर	229	378	165.07
19	मिजोरम	127	145	114.17
20	ओडिशा	5	3	60.00
21	पुडुचेरी	437	2331	533.41
22	पंजाब	15339	18810	122.63
23	राजस्थान	27089	28113	103.78
24	सिक्किम	2479	2702	109.00
25	तमिलनाडु	61301	113324	184.86
26	तेलंगाना	39439	38171	96.78
27	त्रिपुरा	9680	14853	153.44
28	उत्तर प्रदेश	38451	73415	190.93
	कुल	**458311**	**665719**	**145.25**

उपाबंध-6

ई-न्यायालयों की स्थापना और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1394 जिसका उत्तर तारीख 28.07.2022 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।न्याय घड़ी का उच्च न्यायालय वार विवरण इस प्रकार है (25/07/2022 तक):

क्र.सं.	उच्च न्यायालय	स्थापित न्याय घड़ी की संख्या
1	इलाहाबाद	2
2	आंध्र प्रदेश	1
3	कलकत्ता	1
4	छत्तीसगढ़	1
5	दिल्ली	1
6	गुवाहाटी	4
7	गुजरात	1
8	हिमाचल प्रदेश	1
9	झारखंड	1
10	केरल	1
11	कर्नाटक	3
12	मध्य प्रदेश	3
13	मद्रास	2
14	मणिपुर	1
15	मेघालय	1
16	उड़ीसा	1
17	राजस्थान	2
18	सिक्किम	1
19	त्रिपुरा	1
20	उत्तराखंड	1
21	जम्मू - कश्मीर	2
	कुल	**31**

****

प्र.सं.1395 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1396

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

लंबित मुकदमों को कम करने के लिए प्रणाली

1396 श्री नीरज डांगी :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश भर के न्यायालयों में लंबित मुकदमों को कम करने के लिए क्या प्रणाली अपनाई गई है ;

(ख) सरकार द्वारा देश भर में न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा उठाए गए उक्त कदमों के परिणामस्वरूप क्या सुधार हुए हैं; तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटान न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। संबंधित न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटान के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। न्यायालयों में मामलों के निपटारे में सरकार की कोई भूमिका नहीं होती है। न्यायालयों में मामलों का समय पर निपटान कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, पर्याप्त संख्या में न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की उपलब्धता, सहायक न्यायालय कर्मचारिवृंद और भौतिक अवसंरचना, अंतर्वलित तथ्यों की जटिलता, साक्ष्य की प्रकृति, पणधारियों का सहयोग अर्थात बार, अन्वेषण अभिकरण,साक्षियों और वादियों और नियमों और प्रक्रियाओं का उचित अनुप्रयोग सम्मिलित हैं। कई अन्य कारक हैं जो मामलों के

निपटान में देरी का कारण बन सकते हैं। इनमें, अन्य बातों के साथ, न्यायाधीशों की रिक्तियां, बार-बार स्थगन और सुनवाई के लिए निगरानी, ट्रैक और बहु मामलों की पर्याप्त व्यवस्था की कमी सम्मिलित हैं। केंद्रीय सरकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार मामलों के त्वरित निपटान और लंबित मामलों को कम करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। सरकार ने न्यायपालिका द्वारा मामलों के तेजी से निपटान के लिए एक ईको प्रणाली प्रदान करने के लिए कई पहलों को अपनाया है।

राष्ट्रीय न्याय परिदान और विधिक सुधार मिशन की स्थापना अगस्त, 2011 में प्रणाली में विलंब और बकाया में कमी करके पहुंच में वृद्धि करने और निष्पादन मानकों और क्षमताओं को स्थापित करने के द्वारा और संरचना परिवर्तन के माध्यम से जवाबदेहीता को बढाने के दोहरे उद्देश्यों के साथ की गई थी । मिशन न्यायिक प्रशासन में बकाया और लंबित मामलों के चरणबद्ध समापन के लिए एक समन्वय दृष्टिकोण का अनुसरण कर रहा है, जिसमें अन्य बातों के साथ, न्यायालयों की बेहतर अवसंरचना अंतर्वलित है जिसके अंतर्गत कम्प्यूटरीकरण, अधीनस्थ न्यायपालिका की पद संख्या में वृद्धि, अत्यधिक मुकदमेंबाजी वाले क्षेत्रों में नीति और विधायी उपाय, मामलों के शीघ्र निपटान के लिए न्यायिक प्रक्रिया का पुर्नगठन और मानव संसाधन विकास पर जोर देना भी सम्मिलित है ।

विभिन्न पहलों के अधीन पिछले आठ वर्षों के दौरान मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं–

(i) <u>जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों के लिए अवसंरचना में सुधार:-</u> 1993-94 में न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक प्रसुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम (सीएसएस) के प्रारंभ से आज की तारीख तक 9013.21 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं । इस स्कीम के अधीन न्यायालय हालों की संख्या 30.06.2014 को 15,818 से तारीख 30.06.2022 तक बढ़कर 20,993 हो चुकी है और तारीख 30.06.2014 को आवासीय इकाईयों की संख्या 10,211 से बढ़कर तारीख 30.06.2022 तक 18,502 हो चुकी है । इसके अतिरिक्त 2,777 न्यायालय हाल और 1,659 आवासी इकाईयां(एम आई एस डाटा के अधीन) निर्माणाधीन हैं । न्यायपालिका के लिए अवसंरचनात्मक प्रसुविधाओं के विकास के लिए केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम को 9,000 करोड़ रु.की कुल लागत पर 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है, जिसमें से केंद्रीय हिस्सा 5,307 करोड़ रु. होगा । न्यायालय हॉल और आवासीय इकाइयों के निर्माण के अतिरिक्त, इसमें वकील हॉल, शौचालय परिसर और डिजिटल कंप्यूटर रूम का निर्माण भी सम्मिलित होगा।

(ii) <u>सुधार की गई न्याय के परिदान के लिए सूचना, संचार और प्रौद्योगिकी (आई सी टी) का प्रभावन</u> :- सरकार ने जिला औऱ अधीनस्थ न्यायालयों को परिचालन योग्य बनाने के लिए सूचना और संसूचना प्रौद्योगिकी के लिए संपूर्ण देश में ई-न्यायालय मिशन पद्धति परियोजना को क्रियान्वित किया है। अब तक कम्प्यूटरीकृत जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों की संख्या बढ़कर 18,735 हो गई है। 99.3% न्यायालय परिसरों को वैन की संयोजिता प्रदान की गई है। मामला सूचना सॉफ्टवेयर के नए और प्रयोक्ता-अनुकूलन पार्ट को विकसित किया गया है और सभी कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में नियोजित किया गया है । सभी पणधारी जिसके अंतर्गत न्यायिक अधिकारी भी है, राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) कंम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों तथा उच्च न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाहियों/विनिश्चयों से संबंधी जानकारी तक पहुंच बना सकते हैं । 04.07.2022 तक, वादकारी इन न्यायालयों से संबंधित 20.86 करोड़ से अधिक मामलों की प्रास्थिति और 18.02 करोड़ आदेश/निर्णय तक पहुँच बना सकते हैं। ई-न्यायालय सेवाएं, जैसे वादकारीयों और अधिवक्ताओं के लिए सभी कम्प्यूटरीकृत न्यायालयों में ई-न्यायालय मोबाइल एप, ई-मेल सेवा, एसएमएस पुश एण्ड पुल सर्विस में ई न्यायालय पोर्टल, न्यायिक सेवा केन्द्रों (जेएससी) के माध्यम से ई-न्यायालय सेवाऐं, जैसे मामला रजिस्टर करने, मामला सूची, मामले की प्रास्थिति, दैनिक आदेशों और अंतिम निर्णयों के ब्यौरे उपलब्ध हैं । वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सुविधा के माध्यम से 3240 न्यायालय परिसर तथा 1272 तत्स्थानी कारावासों को समर्थ बनाया गया है । कोविड- 19 चुनौतियों को बेहतर तरीके से संभालने और वर्चुअल सुनवाई को सुचारू बनाने के उद्देश्य से, निर्णय/आदेश प्राप्त करने ,जानकारी और ई फाइलिंग प्रसुविधा से संबंधित न्यायालय/मामले प्राप्त करने से सहायता की आवश्यकता के लिए वकीलों और वादकारियों को न्यायालय परिसरों में 500 ई-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। वर्चुअल सुनवाई को सुकर बनाने के लिए विभिन्न न्यायालय परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग केबिन में उपस्कर प्रदान करने के लिए 5.01रु. करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। विभिन्न न्यायालय परिसरों में ई फाइलिंग के लिए 1732 हेल्प डेस्क काउंटरों को 12.12 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

16 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों अर्थात दिल्ली (2), हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल (2), महाराष्ट्र (2), असम, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर (2), उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में यातायात अपराधों को कम करने की कोशिश करने के लिए बीस वर्चुअल न्यायालय स्थापित

किए गए हैं। 03.03.2022 तक, इन न्यायालयों ने 1.69 करोड़ से अधिक मामलों को संभाला है और 271.48 करोड़ रुपए के जुर्माना से अधिक की वसूली की है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोविड लॉकडाउन अवधि के दौरान न्यायालयों के मुख्य आधार के रूप में उभरा क्योंकि भौतिक सुनवाई और सामूहिक मोड में सामान्य न्यायालय की कार्यवाही संभव नहीं थी। जब से कोविड लॉकडाउन शुरू हुआ, जिला न्यायालयों ने 1,28,76,549 मामलों की सुनवाई की, जबकि उच्च न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करके 30.04.2022 तक 63,76,561 मामलों (कुल 1.92 करोड़) की सुनवाई की। 13.06.2022 तक लॉकडाउन अवधि से उच्चतम न्यायालय में 2,61,338 सुनवाई हुई।

(iii) <u>उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों तथा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में रिक्त पदों को भरना</u> :- 01.05.2014 से 15.07.2022 तक उच्चतम न्यायालय में 46 न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई थी । उच्च न्यायालयों में 769 नए न्यायाधीश नियुक्त किए गए तथा 619 अतिरिक्त न्यायाधीश स्थायी किए गए। मई 2014 में उच्च न्यायालयों की स्वीकृत संख्या 906 से वर्तमान में बढ़कर 1108 हो गई । जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत और कार्यरत पद संख्या में निम्नानुसार वृद्धि की गई है :

निम्नलिखित तारीख तक	स्वीकृत संख्या	कार्यरत पद संख्या
31.12.2013	19,518	15,115
22.07.2022	24,631	19288

अधीनस्थ न्यायपालिका में रिक्तियों का भरा जाना संबद्ध राज्य सरकारों तथा उच्च न्यायालयों की अधिकारिता के भीतर आता है ।

(iv) बकाया समिति द्वारा अपनाए गए/उसके माध्यम से लंबित मामलों में कमी : अप्रैल, 2015 में आयोजित मुख्य न्यायमूर्तियों के सम्मेलन में पारित संकल्प के अनुसरण में, पांच वर्ष से अधिक लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय समितियां स्थापित की गई हैं। जिला न्यायाधीशों के अधीन भी बकाया मामला समितियों की स्थापना की गई है। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए कदम विरचित करने के लिए एक बकाया मामला समिति का गठन किया है। पूर्व में, विधि और न्याय मंत्री ने उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और मुख्यमंत्रियों के साथ पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों पर ध्यान आकर्षित करने और लंबित मामलों को कम करने का

अभियान चलाने के लिए मामला उठाया है। विभाग ने मलीमथ समिति रिपोर्ट के बकाया उन्मूलन स्कीम मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुपालन पर सभी उच्च न्यायालयों द्वारा रिपोर्टिंग के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है।

(v) अनुकल्पी विवाद समाधान (एडीआर) पर जोर :- वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 (तारीख 20 अगस्त, 2018 को यथासंशोधित) वाणिज्यिक विवादों के बाध्यकारी पूर्व मध्यकता और निपटारे के लिए अनुबद्ध किया गया है । विहित की गई समय-सीमा द्वारा विवादों के शीघ्र समाधान को तेज करने के लिए माध्यस्थम और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 के द्वारा माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 में संशोधन किए गए है ।

(vi) <u>विशेष प्रकार के मामलों को तेजी से निपटाने के लिए पहल :-</u> चौदहवें वित्त आयोग ने सरकार के राज्यों में न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने के प्रस्ताव का समर्थन किया था जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, जघन्य अपराधों के मामलों के लिए त्वरित निपटान न्यायालय की स्थापना करने से है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बालकों आदि से संबंधित मामले सम्मिलित हैं तथा राज्य सरकारों को ऐसी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढे हुए कर न्यागमन 32% से 42% वृद्धि करने के प्ररूप में उपबंधं करने के लिए अतिरिक्त राजकोषीय स्थान का उपयोग करने का अनुरोध किया है। 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार जघन्य अपराधों, महिलाओं और बालकों आदि के विरूद्ध अपराधों के लिए 892 त्वरित निपटान न्यायालय कार्य कर रहे हैं। निर्वाचित संसद् सदस्यों/विधानसभा सदस्यों से संबंधित दांडिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए दस (10) विशेष न्यायालय नौ (09) राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों (मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल में एक प्रत्येक और राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली में दो) स्थापित किए गए हैं। सरकार ने भारतीय दंड संहिता, के अधीन बलात्संग तथा पाक्सो अधिनियम के अधीन अपराधों के लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए संपूर्ण देश में 1023 त्वरित निपटान विशेष न्यायालय (एफटीएससी) की स्थापना के लिए एक स्कीम का और अनुमोदन किया है । आज की तारीख तक 28 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 363 'मात्र पाक्सो न्यायालय' सहित 842 एफटीएससी की स्थापना के लिए जुड़ गए है । स्कीम के लिए वित्तीय वर्ष 2019-2020 में 140 करोड रुपए जारी किए गए थे तथा वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान 160 करोड रुपए जारी किए गए है और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 134.557 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। 728

एफटीएससी वर्तमान में 408 अनन्य पॉक्सो न्यायालयों सहित कार्य कर रहे हैं, जिसमें 30.06.2022 तक 1,02,344 मामलों का निपटारा किया गया।

(vii) इसके अतिरिक्त, लंबित मामलों को कम करने तथा न्यायालयों को उससे मुक्त करने के लिए सरकार ने हाल ही में विभिन्न विधियों जैसे परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2018, वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम, 2018, विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम, 2018, माध्यस्थम् और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा दंड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 में संशोधन किया गया है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1397

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

भारत में न्यायालयों के लिए नई न्यायपीठों की स्थापना

1397 डा. सस्मित पात्रा :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारत में न्यायालयों के लिए स्थापित की गई नई न्यायपीठों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या नई न्यायपीठों की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के पास लंबित है ; और

(ग) भारत में किसी न्यायालय के लिए एक नई न्यायपीठ स्थापित करने की प्रक्रिया क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : विगत पांच वर्षों के दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट न्याय पीठ 07.02.2019 से जलपाईगुडी में स्थापित की गई है ।

उच्च न्यायालय की खंडपीठें, जसवंत सिंह आयोग द्वारा की गई सिफारिशों और वर्ष 2000 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 379 में शीर्ष न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार और उस राज्य सरकार से जिसे आवश्यक व्यय और अवसंरचना प्रसुविधाएं प्रदान करनी हैं, पूर्ण प्रस्ताव पर विचार करने के पश्चात् और संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जिसके द्वारा उच्च न्यायालय के दिन प्रतिदिन का प्रशासन किया जाना अपेक्षित है, स्थापित की जाती है । पूर्ण किए जाने वाले प्रस्ताव पर संबंधित राज्य के राज्यपाल की सहमति भी होनी चाहिए ।

वर्तमान में, किसी उच्च न्यायालय की खंडपीठ (खंडपीठों) की स्थापना से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के समक्ष लंबित नहीं है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1398

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

विचारणाधीन कैदियों के लिए नए कानून की जरूरत

1398 श्री नारायण दास गुप्ता :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश की जेलों में बंद विचाराणाधीन कैदियों की संख्या का आकलन मौजूद है ;

(ख) क्या देश में जमानत देने की सुविधा प्रदान करने के लिए नए कानून की आवश्यकता है जैसा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सुझाव दिया गया है ;

(ग) क्या आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि दर कम होने के कारण नए कानून की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो कानूनी संदर्भ में कानूनी कार्यवाहियों के निपटान की गति में तेजी लाने के लिए क्या किया जा सकता है ; और

(घ) क्या छोटे-मोटे अपराधों के मामलों में की गई गिरफ्तारी और निरोध के लिए समय-सीमा निर्धारित करके इसे विनियमित किया जा सकता है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : राष्ट्रीय अपराध रिकोर्ड ब्यूरौ (एनसीआरवी) राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों (यूटी) द्वारा रिपोर्ट किए गए कारागार सांख्यिकी को संकलित करता है और इसे अपने वार्षिक प्रकाशन "कारागार सांख्यिकी भारत" में प्रकाशित करता है । नवीनत्म प्रकाशित रिपोर्ट 2020 की है । तारीख 31 दिसम्बर, 2020 तक 371848 विचाराधीन कैदी देश के कारागारों में बंद है ।

(ख) से (घ) : गृह मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, विभाग-संबंधित गृह मामलों की संसदीय समिति ने तारीख 23.06.20210 की 146वीं अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश की थी कि देश की दांडिक न्याय प्रणाली की व्यापक समीक्षा की

आवश्यकता है । संसदीय स्थाई समिति ने पूर्वतर में भी अपनी 111वीं और 128वीं रिपोर्ट में संबंधित अधिनियमों में छोटे-छोटे संशोधन करने के बजाय संसद में एक व्यापक विधान पेश करके देश की दांड़िक विधि में सुधार करने और उसे तर्क संगत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था । सरकार, दांड़िक विधि में सुधार करने और उसे तर्क संगत बनाने और संसद में व्यापक विधान पेश करने के संबंध में विभाग-संबंधित गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों से सहमत है ।

****

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1399

जिसका उत्तर गुरुवार, 28 जुलाई, 2022 को दिया जाना है

कानूनी जागरूकता के लिए विशेष अभियान

1399 # श्री नरहरी अमीन :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विधि और न्याय की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कोई विशेष अभियान चलाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अभियानों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) ऐसे अभियानों से अभी तक कुल कितने लोगों ने लाभ प्राप्त किए हैं ; और

(घ) गुजरात में इस प्रकार के कितने अभियान किन-किन स्थानों पर चलाए जा रहे हैं; तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने देश के प्रत्येक गांव/शहरी क्षेत्रों तक पहुंच बनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के भाग के रुप में 2 अक्तूबर से 14 नवंबर, 2021 तक विधिक जागरुकता और आउटरीच अभियान चलाया जिससे ज्यादा से ज्यादा विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में जागरुकता फैलाई जा सके ।

उपरोक्त अभियान के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियों में द्वार-द्वार अभियान, विधिक जागरूकता कार्यक्रम, मोबाइल-वैन और विधिक सहायता क्लिनिकों के माध्यम से जागरूकता शामिल है । इन प्रमुख गतिविधियों के अतिरिक्त, विधिक सेवा प्राधिकरणों ने महिलाओं और बच्चों के लिए विनिर्दिष्ट विधिक जागरुकता कार्यक्रम, विशाल विधिक सेवा शिविरों का आयोजन, ऐसे बच्चों के लिए कार्यक्रम जिन्होंने

कोविड के कारण माता-पिता दोनों या उनमें से कोई एक खोया है, जिला और राज्य स्तर पर प्रदर्शनी, विधि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं को आयोजित किया । इस अवधि के दौरान 1623 विधिक सेवाओं के विशाल शिविरों का आयोजन किया गया जिससे 75.64 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए ।

इसके अतिरिक्त, न्याय विभाग ने व्यापक सामाजिक-विधिक मुद्दों को शामिल करते हुए मासिक वेबिनार अभियान चलाया । अक्तूबर, 2021 तक, सीएससी ई-गवर्नेंस और अन्य मंत्रालयों/विभागों और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) की सहायता से 9 आभासी वेबिनारों का आयोजन किया । घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005, बच्चों का अधिकार, मूल कर्तव्य, गर्भधारण पूर्व और निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिबंध) अधिनियम, 1994 और महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013, भारत में लैंगिक न्याय, कानून का उल्लघंन करने वाले बच्चे और देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे और मानव तस्करी जैसे प्रकरणों को अब तक इनमें शामिल किया गया है । ये वेबिनार विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से 2.2 लाख से अधिक प्रतिभागियों तक पहुंच चुके हैं ।

(घ) : गुजरात राज्य में चलाए जा रहे ऐसे अभियानों की स्थान-वार संख्या का रखरखाव नालसा द्वारा नहीं किया जाता है । तथापि, उपरोक्त अभियान के दौरान गुजरात के 17439 गावों का तीन या अधिक बार दौरा किया गया और 44 विधिक सेवा के विशाल शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 73,379 लोग लाभान्वित हुए ।

****

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1400

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर देने के लिए)

पेंशनभोगियों के लिए फेस रेकग्निशन की तकनीक

1400 श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार:
क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश भर में पेंशनभोगियों को 'जीवन की सुगमता' प्रदान करने की दृष्टि से 'जीवन प्रमाणपत्र' प्रदान करने के लिए चेहरा पहचानने (फेस रेकग्निशन) की तकनीक शुरू की है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को पेंशनभोगियों द्वारा पेंशन प्राप्त करने के लिए 'जीवन प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने में इस तकनीक का लाभ उठाने के दौरान उनके सामने आने वाली कठिनाइयों का कोई उदाहरण मिला है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डा. जितेंद्र सिंह)

(क) जी हां महोदय, सरकार ने पेंशनभोगियों को 'जीवन की सुगमता' प्रदान करने की दृष्टि से **जीवन प्रमाण ऐप** के माध्यम से पेंशनभोगियों द्वारा 'जीवन प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने के लिए 'फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक' शुरू की है।

(ख) पेंशनभोगियों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 29 नवंबर, 2021 को सरकार द्वारा **फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक** का शुभारंभ किया गया। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने एनआईसी, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय और यूआईडीएआई के साथ मिलकर पेंशनभोगियों/कुटुंब पेंशनभोगियों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए युआईडीएआई आधार सॉफटवेयर पर आधारित ''फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक'' का उपयोग किया है। इस सुविधा के अनुसार, फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से किसी व्यक्ति की पहचान स्थापित की जाती है और किसी भी एंड्राइड आधारित स्मार्ट फोन से जीवन प्रमाण ऐप का प्रयोग करके जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जा सकता है और डीएलसी जेनरेट हो जाएगी।

(ग) और (घ) सरकार को पेंशनभोगियों द्वारा पेंशन प्राप्त करने के लिए 'जीवन प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने में इस तकनीक का लाभ उठाने के दौरान, पेंशनभोगियों द्वारा किसी प्रकार की कठिनाई का सामना किए जाने की कोई सूचना नहीं मिली है।

*****

प्र.सं.1401 प्रश्न रद्द किया गया

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1402

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियाँ

1402. डॉ. किरोड़ी लाल मीणा :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उन केंद्रीय कर्मचारियों के परिवारों की तरफ ध्यान देती है जिनकी कार्यस्थल पर काम करते हुए मृत्यु हो जाती है और क्या उन परिवारों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देती है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए किसी आरक्षण का प्रावधान है;

(घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा गत पाँच वर्षों में अनुकंपा के आधार पर अजा/अजजा के कितने लोगों को नियुक्ति दी गई है, तत्संबंधी मंत्रालय-वार/विभाग-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के अंतर्गत अब तक कितने अभ्यर्थियों के आवेदन लंबित हैं और इनको कब तक नियुक्ति देने की संभावना है, तत्संबंधी मंत्रालय-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ङ) : केंद्रीय सिविल पदों में अनुकंपा आधार पर नियुक्तियाँ करने के लिए समय-समय पर यथासंशोधित निर्देश कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 09.10.1998 के का.ज्ञा. सं. 14014/6/94-स्था.(घ) के माध्यम से जारी किए गए हैं। अनुकंपा नियुक्ति संबंधी सभी निर्देशों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 16.01.2013 के का.ज्ञा. सं. 14014/2/2012-स्था.(घ) के माध्यम से समेकित तथा दिनांक 23.08.2021 के का.ज्ञा. सं. 43019/9/2019-स्था.(घ) के माध्यम से आगे उनका विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। इन निर्देशों के अनुसार एक वर्ष में समूह 'ग' पदों में उत्पन्न होने वाली सीधी भर्ती रिक्तियों का अधिकतम 5% अनुकंपा नियुक्तियों द्वारा भरा जा सकता है। समूह 'ग' पदों में नियुक्ति की शक्ति मंत्रालयों/विभागों को प्रत्यायोजित की गई है। अतः प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग इन निर्देशों में निर्धारित सीमा के भीतर रिक्तियों की उपलब्धता के अध्यधीन अनुकंपा आधार पर नियुक्ति कर सकते हैं। ऐसी नियुक्तियों के संबंध में किसी कैलेण्डर या समय-सीमा का आवश्यक रूप से पालन नहीं करना होता है। अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित किसी व्यक्ति को उचित श्रेणी के समक्ष आरक्षण रोस्टर में समायोजित करना होता है, अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/सामान्य श्रेणी से संबंध रखने वाला एक उम्मीदवार रोस्टर में अपनी श्रेणी के लिए आबंटित स्थिति को धारण करेगा। अनुकंपा नियुक्तियां करने के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों में विचाराधीन मामलों, आवेदकों की श्रेणी, अनुकंपा के आधार पर की गई नियुक्तियों आदि से संबंधित ब्यौरे केंद्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

****

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1403

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार के सिविल सेवा अधिकारियों की अधिवर्षिता प्राप्ति से पहले सेवानिवृत्ति

1403. श्री बिनोय विस्वम :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2017 से केंद्र सरकार के कितने सिविल सेवा अधिकारियों ने सेवा से अधिवर्षिता प्राप्ति से पहले ही सेवानिवृत्ति ली है, तत्संबंधी राज्य-वार और संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2017 से केंद्र सरकार के कितने सिविल सेवा अधिकारियों को या तो सेवा से बर्खास्त या पदच्युत किया गया है, तत्संबंधी राज्य-वार और संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्तमान में केंद्रीय सिविल सेवा अधिकारियों की कितनी रिक्तियां विद्यमान हैं, तत्संबंधी राज्य-वार और संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) : सरकारी कर्मचारी संबंधित लागू नियमों यथा केंद्रीय सिविल सेवाएं (पेंशन) नियमावली, 2021, अखिल भारतीय सेवाएं (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियमावली, 1958 इत्यादि के तहत अर्हक सेवा की निर्धारित अवधि पूर्ण करने के पश्चात स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनकर सेवानिवृत्ति की मांग कर सकते हैं। सरकार में भी संबंधित सेवा नियमावली/मूल नियम-56(ञ) के प्रावधानों को लागू करके लोक हित में सरकारी कर्मचारी को समय से पहले सेवानिवृत्त करने की पूर्ण शक्ति निहित है।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा बनाए गए सत्यनिष्ठा पोर्टल पर विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरणों (सीसीए) द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार जुलाई, 2014 से जून, 2022 (19.07.2022 तक की स्थिति के अनुसार), की अवधि के दौरान, कुल 203 समूह 'क' तथा 192 समूह 'ख' अधिकारियों के विरूद्ध मूल नियम 56(ञ)/समान प्रावधान लागू किए गए हैं।

(ख) : गंभीर कदाचार साबित हुए मामलों के संबंध में, केंद्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965, में यथा-विनिर्दिष्ट सेवा से बर्खास्तगी अथवा पदच्युति सहित कोई भी शास्ति केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारियों पर लगाई जा सकती है, जिन पर ये नियम लागू हैं। चूंकि, आरोपित अधिकारियों को इन नियमों के अधीन संबंधित संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा सेवा से बर्खास्त अथवा पदच्युत किया जाता है, अत: ऐसे कर्मचारियों के आंकड़े केंद्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(ग) : व्यय विभाग की वेतन अनुसंधान इकाई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार के सिविलियन नियमित कर्मचारियों में दिनांक 01.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार कुल संस्वीकृत 40,35,203 पदों के समक्ष कुल रिक्तियों की संख्या 9,79,327 है।

****

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1404

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

पार्श्विक प्रवेश भर्ती

1404. श्री जॉन ब्रिटास :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत सरकार में वरिष्ठ पदों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के कितने लोगों को पार्श्विक प्रवेश भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति दी गई;

(ख) क्या उन्हें सामान्य वर्ग में नियुक्ति दी गई अथवा आरक्षण वर्ग में दी गई है, तत्संबंधी वर्ग-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) आवेदन जमा करते समय सफलता प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा संघ लोक सेवा आयोग को प्रस्तुत किए गए धर्म और जाति संबंधी वर्गों का ब्यौरा क्या है, क्या सरकार ऐसे प्रमाणपत्रों का ब्यौरा नहीं रखती है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) : उनके विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, पार्श्विक भर्ती के माध्यम से संयुक्त सचिव, निदेशक और उप-सचिव के रूप में नियुक्त किए गए 37 अधिकारी (वर्ष 2019 में सात चयनित और वर्ष 2021 में तीस चयनित) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में पदस्थ हैं। पात्र अजा/अजजा/अपिव अभ्यर्थियों पर अन्य पात्र अभ्यर्थियों के साथ विचार किया जाता है। हालांकि, ऐसी एकल पद की नियुक्तियों के लिए आरक्षण लागू नहीं है। संविदा/प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्त किए गए इन अभ्यर्थियों की श्रेणी/धर्म इत्यादि से संबंधित ब्यौरा रखा जाना अपेक्षित नहीं है।

*****

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1405

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

राज्यों में सीबीआई जांच

1405. श्री अनिल देसाई :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि किसी भी गंभीर प्रकृति के अपराध अथवा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच संपन्न करने के लिए सीबीआई आदि जैसी केन्द्रीय एजेंसियां समुचित जांच करने के लिए सशक्त और विशेष तकनीक और प्रणाली से संपन्न हैं;

(ख) क्या केन्द्र सरकार द्वारा किसी भी केन्द्रीय एजेंसी को प्रत्येक अपराध का मामला सौंपे जाने के लिए राज्य सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सहमत अथवा असहमत हुए राज्यों की संख्या कितनी है; और

(ग) जिन मामलों में राज्य सरकार किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई जांच रोकना चाहती है, उन मामलों में केन्द्र सरकार समुचित जांच किस प्रकार सुनिश्चित करती है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) : सीबीआई की जांच करने की शक्तियां दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 से निर्गत होती हैं। अधिनियम की धारा 2, केवल संघ राज्य क्षेत्रों में ही अधिनियम की धारा 3 के तहत अधिसूचित अपराधों की जांच का क्षेत्राधिकार डीएसपीई में निहित करती है। केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 5(1) के अधीन डीएसपीई का क्षेत्राधिकार, रेलवे क्षेत्रों और राज्यों सहित, अन्य क्षेत्रों तक विस्तारित किया जा सकता है, बशर्ते कि अधिनियम की धारा 6 के तहत राज्य सरकार सहमति प्रदान करे।

दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को संबंधित राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में जांच करने हेतु उनकी सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। डीएसपीई अधिनियम, 1946 की धारा 6 के प्रावधान की शर्तों के तहत, कुछ राज्य सरकारों ने सीबीआई को विनिर्दिष्ट श्रेणियों के व्यक्तियों के विरूध्द विनिर्दिष्ट प्रकार के अपराधों की जांच हेतु सामान्य सहमति प्रदान कर दी है, ताकि सीबीआई उन विनिर्दिष्ट मामलों को दर्ज कर उनकी जांच कर सके।

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालयों द्वारा भी जांच अथवा पूछताछ हेतु मामले सीबीआई को सौंपे जाते हैं और ऐसे मामलों में डीएसपीई अधिनियम, 1946 की धारा 5 अथवा 6 के अधीन सहमति प्रेषित करने संबंधी किसी अधिसूचना की आवश्यकता नहीं होती है।

सीबीआई के पास, गंभीर प्रकृति के अपराधों अथवा राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से संबंधित मामलों सहित, मामलों की जांच करने की क्षमता, योग्यता एवं समय-समय पर जारी एसओपी/दिशानिर्देशों/परिपत्रों के माध्यम से निर्धारित किया गया एक मजबूत कार्यतंत्र है।

(ख) और (ग) : उन राज्यों में जहां सामान्य सहमति प्रदान नहीं की गई है अथवा जहां सामान्य सहमति उस विशिष्ट मामले में लागू नहीं होती है, वहां डीएसपीई अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत राज्य सरकार की विशिष्ट सहमति की आवश्यकता होती है। केवल राज्य सरकार की सहमति प्राप्त होने के पश्चात ही डीएसपीई अधिनियम, 1946 की धारा 5 के प्रावधानों के तहत सीबीआई के क्षेत्राधिकार के विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

निम्नलिखित राज्यों ने मामलों की जांच करने के लिए सीबीआई से सामान्य सहमति वापस ले ली है/प्रदान नहीं की है:-

i. मिजोरम
ii. पश्चिम बंगाल
iii. छत्तीसगढ़
iv. राजस्थान
v. महाराष्ट्र
vi. केरल
vii. झारखंड
viii. पंजाब
ix. मेघालय

*****

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1406

(दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए)

आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अन्य पक्ष द्वारा संपरीक्षा

1406. डा. अशोक बाजपेयी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि सामान्यतया वेबसाइटों पर लोक प्राधिकारियों द्वारा दी जाने वाली वेब-आधारित जानकारी अधूरी होती है और यह आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 का उल्लंघन है;

(ख) सूचना के अधिकार (आरटीआई) के अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना के प्रकटन की अन्य पक्ष द्वारा संपरीक्षा लेखापरीक्षा के संबंध में सरकार की नीति का ब्यौरा क्या है;

(ग) उन लोक प्राधिकारियों की संख्या कितनी है जो वर्ष 2017, 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान सूचना की अन्य पक्ष संपरीक्षा अन्य पक्ष द्वारा नहीं करा सके; और

(घ) सरकार द्वारा आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का प्रभावकारी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रयास किए गए?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) : आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अधिदेशित किए गए अनुसार लोक प्राधिकारियों की यह बाध्यता और जिम्मेदारी है कि वे स्वत: प्रकटीकरण करें।

आरटीआई अधिनियम की धारा 4(2) के संदर्भ में, प्रत्येक लोक प्राधिकारी का यह सतत प्रयास होना चाहिए कि वह इंटरनेट सहित संचार के विभिन्न माध्यमों के माध्यम से नियमित अंतरालों पर जनता को स्वत: ही अधिक से अधिक सूचना उपलब्ध करवाने के लिए कदम उठाएं ताकि जनता को सूचना प्राप्त करने के लिए इस अधिनियम का कम से कम सहारा लेना पड़े।

आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 के प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने की दृष्टि से, दिनांक 15.04.2013 के का.ज्ञा. सं. 1/6/2011-आईआर के माध्यम से प्रारंभिक दिशा-निर्देश

जारी किए गए थे और तत्पश्चात वर्ष 2016 और 2019 में इनमें संशोधन कर इन दिशा-निर्देशों को समेकित किया गया था तथा इन्हें व्यापक रूप से वर्णित किया गया था। इन दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ लोक प्राधिकारी द्वारा सक्रिय प्रकटीकरण की अन्य पक्ष द्वारा लेखा परीक्षा कराने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने पारदर्शिता लेखा परीक्षा के लिए एक सॉफ्टवेयर भी तैयार किया है ताकि लोक प्राधिकारियों (पीए) को अन्य पक्ष लेखा परीक्षा कराने में सुविधा मिल सके।

आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करवाना और उस पर समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों का अक्षरश: और मूल भावना में अनुपालन सुनिश्चित करवाना भी ऐसे लोक प्राधिकारियों का कर्तव्य है।

उपर्युक्त दिशा-निर्देशों के अनुसरण में की गई कार्रवाई की स्थिति इस प्रकार है:-

क्र.सं.	**अवधि**	**की गई कार्रवाई**
1.	2017-18	लोक प्राधिकारियों द्वारा किए गए प्रकटीकरण की उपलब्धता/गुणवत्ता का आंकलन करने के लिए, सीआईसी ने भारतीय विधि संस्थान (आईएलआई) को लोक प्राधिकारियों के नमूना लेखा परीक्षा करने की जिम्मेदारी दी है। आईएलआई द्वारा 2079 लोक प्राधिकारियों (पीए) में से 1159 लोक प्राधिकारियों (पीए) की लेखा परीक्षा संचालित की गई तथा परिणाम को लोक प्राधिकारियों (पीए) के साथ साझा किया गया।
2.	2018-19	पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त और पूर्व सूचना आयुक्त को मिलाकर बनी एक समिति द्वारा 2145 लोक प्राधिकारियों (पीए) में से 838 लोक प्राधिकारियों (पीए) की नमूना लेखा परीक्षा संचालित की गई और परिणामों को लोक प्राधिकारियों (पीए) के साथ साझा किया गया।
3.	2019-20	2193 लोक प्राधिकारियों (पीए) में से कुल 715 लोक प्राधिकारियों (पीए) के स्वत: प्रकटीकरण की अन्य पक्ष द्वारा लेखा परीक्षा करवाई गई और परिणामों को लोक प्राधिकारियों (पीए) के साथ साझा किया गया।
4.	2020-21	2275 लोक प्राधिकारियों (पीए) में से कुल 754 लोक प्राधिकारियों (पीए) के स्वत: प्रकटीकरण की अन्य पक्ष द्वारा लेखा परीक्षा करवाई गई और परिणामों को लोक प्राधिकारियों (पीए) के साथ साझा किया गया।

(घ) : आरटीआई अधिनियम, 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ कई कदम उठाए हैं जो कि इस प्रकार हैं:-

(i). कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा अगस्त, 2013 में आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) शुरू किया गया। पोर्टल के साथ जुड़े लोक प्राधिकारियों की संख्या वर्ष 2013-14 में 96 से बढ़कर वर्ष 2022-23 (26.07.2022 तक की स्थिति के अनुसार) में

2492 हो गई है, जिससे कि नागरिकों के लिए ऑनलाइन आरटीआई अनुरोधों और प्रथम अपीलों को दायर करना सुविधाजनक हो गया है।

(ii). अगस्त, 2013 से केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में लगभग 16,000 अधिकारियों, कार्मिकों और अंतिम प्रयोक्ताओं को प्रशिक्षण सत्र संचालित कर आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

(iii). एसबीआई पेमेंट गेटवे के माध्यम से अब ऑनलाइन भुगतान प्रणालियों (इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट/रुपे कार्ड, यूपीआई) को भी शामिल किया जाता है।

(iv). केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ)/लोक सूचना अधिकारियों (पीआईओ) के प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता विकास करना और पीआईओ तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों (एफएए) के लिए दिशा-निर्देश जारी करना, ताकि वे प्रभावी रूप से सूचना प्रदान/प्रथम अपील का निपटान करने में सक्षम हो सके, जिसके परिणामस्वरूप सूचना आयोग में 'प्रथम अपील' और 'द्वितीय अपील' की संख्या कम हो सके।

(v). विभिन्न राज्य सरकारों को आरटीआई आवेदकों द्वारा मांगी सूचना को प्रदान करने की सुविधा देने हेतु हेल्पलाइन स्थापित करने के लिए निधियां उपलब्ध करवाई जाती है।

(vi). प्रत्येक वर्ष विभिन्न राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) को देश के नागरिकों में दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रमों और क्षेत्रीय भाषाओं में ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स, आरटीआई पर लघु पुस्तिका प्रकाशित करने और इसे जनता के बीच वितरित कराने जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से आरटीआई के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए निधियां उपलब्ध करवाई जाती हैं।

(vii). राज्य सूचना आयोगों (एसआईसी) को आरटीआई सप्ताह मनाने के लिए निधियां उपलब्ध करवाई जाती हैं।

****

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1407

28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए

किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना

1407 श्रीमती वंदना चव्हाण:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) के अंतर्गत किए गए कार्यों और इसके लिए खर्च/आवंटित/जारी की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस योजना के अंतर्गत उपयोग न की गई निधि है, यदि हां, तो विगत पांच वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) केवीपीवाई के अंतर्गत लाभर्थियों की संख्या का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत न केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, ग्रामीण अभ्यर्थियों बल्कि उपेक्षित समुदायों की सहायता करने के भी प्रावधान हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना" (केवीपीवाई) कार्यक्रम को 1999 में शुरू किया गया था और अनुसंधान के लिए प्रतिभा और अभिवृत्ति धारक छात्रों की पहचान करने; उन्हें अपनी अकादमिक क्षमताओं को चरितार्थ करने में मदद करने, विज्ञान में अनुसंधान करियर अपनाने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने और देश में अनुसंधान और विकास की बेहतरीन वैज्ञानिक प्रतिभाओं का उन्नयन सुनिश्चयन हेतु आईआईएससी, बैंगलुरु द्वारा कार्यान्वित किया गया। केवीपीवाई अध्येताओं को भारत में किसी भी शैक्षणिक संस्थान में अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए अध्येतावृत्ति की पेशकश की जाती है, बशर्ते वे आधारभूत विज्ञान क्षेत्रों में स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का अनुशीलन करते हों। केवीपीवाई प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान (विजयोशी) शिविर आयोजित करता है जिसमें भारत और विदेशों के प्रतिष्ठित वक्ता भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान जैसे विषयों में व्याख्यान देते हैं। विजयोशी शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्रों को प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ-साथ साथी छात्रों के साथ सम्यक बोधन का अवसर मिले ताकि वे दुनिया में वैज्ञानिक विकास की नवीनतम जानकारी रख सकें। केवीपीवाई राष्ट्रीय कार्यक्रम था और इसमें राज्य-वार आबंटन नहीं था, तथापि, गत पांच वर्षों के दौरान केवीपीवाई के लिए स्वीकृत/जारी/व्ययित निधियों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं-

वर्ष	स्वीकृत निधि (लाख रू. में)	निर्मुक्त निधि (लाख रू. में)	व्यय (लाख रू. में)
2017-18	1578.66	1105.85	1076.72
2018-19	1422.96	1095.00	1171.95
2019-20	1812.45	1164.00	1345.30
2020-21	2071.07	1782.55	1505.16
2021-22	1345.24	1100.00	1050.17

(ख) जी, नहीं। केवीपीवाई कार्यक्रम के तहत कोई अप्रयुक्त निधि नहीं है। प्रत्येक वर्ष निधियां केवीपीवाई, आईआईएससी, बेंगलुरु के कार्यालय द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम के पिछले वर्ष के वास्तविक व्यय और वर्तमान वर्ष की अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की जाती हैं।

(ग) इस कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की संख्या का गत पांच वर्षों का राज्यवार/यूटी-वार ब्यौरा संलग्न है।
(घ) केवीपीवाई समाज के सभी वर्गों के छात्रों को अवसर प्रदान कर रही प्रतिस्पर्धी योजना थी जो अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति सशक्तिकरण पहल के साथ ही साथ शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्ति तक ही सीमित नहीं थी।

अनुलग्नक

किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) के तहत लाभार्थियों का राज्य-वार वितरण (2017-22)

क्र.सं.	राज्य	2017-2018	2018-2019	2019-2020	2020-2021	2021-2022
1	आन्ध्र प्रदेश	108	116	105	100	135
2	असम	7	8	6	10	27
3	बिहार	44	44	41	59	47
4	चंडीगढ़	0	17	54	10	12
5	छत्तीसगढ़	20	17	17	31	24
6	दिल्ली	340	187	218	200	244
7	गोवा	0	5	7	6	7
8	गुजरात	132	105	147	154	197
9	हरियाणा	52	162	114	194	144
10	जम्मू और कश्मीर	6	2	1	4	5
11	झारखंड	42	38	37	56	48
12	कर्नाटक	230	220	271	234	253
13	केरल	170	133	96	78	71
14	मध्य प्रदेश	136	91	70	81	83
15	महाराष्ट्र	295	281	358	397	378
16	उड़ीसा	121	82	66	85	89
17	पुदुचेरी	0	5	5	5	2
18	पंजाब	186	121	83	155	154
19	राजस्थान	404	346	377	274	313
20	तमिलनाडु	115	116	136	150	189
21	तेलंगाना	177	195	217	180	199
22	त्रिपुरा	8	9	10	9	14
23	उत्तर प्रदेश	195	196	211	228	194
24	उत्तराखंड	7	11	13	26	16
25	पश्चिम बंगाल	239	299	242	238	229
26	अन्य	2	0	2	0	0
	सकल योग	**3036**	**2806**	**2904**	**2964**	**3074**

*****

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1408

28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए

विज्ञान ज्योति योजना

1408 श्रीमती वंदना चव्हाण:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विज्ञान ज्योति योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विज्ञान, तकनीकी, गणित और चिकित्सा (एसटीईएमएम) में महिलाओं की भागीदारी को और बेहतर करने के लिए योजनाओं का ब्यौर क्या है;
(ग) एसटीईएमएम के प्रारंभ से इसके लिए कितनी राशि स्वीकृत/जारी और/ अथवा खर्च की गई; और
(घ) वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी छात्रों की संख्या कितनी है और क्या लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) विज्ञान ज्योति कार्यक्रम वर्ष 2019-20 में शुरू किया गया है और इसे देश के 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों में लागू किया जा रहा है। स्थापना के बाद से, विज्ञान ज्योति के तहत कक्षा IX-XII की 30000 से अधिक छात्राओं को लाभान्वित किया जा रहा है। विज्ञान ज्योति के तहत किए गए कार्यों का राज्यवार विवरण नीचे दिया गया है:

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	चरण-1		चरण-II		चरण-III	
	जिले	छात्राओं की सं	जिले	छात्राओं की सं	जिले	छात्राओं की सं
अंडमान एंड निकोबार	-	-	1	100	1	100
आंध्र प्रदेश	-	-	3	298	7	692
अरुणाचल प्रदेश	1	50	1	95	4	276
असम	2	100	4	399	11	935
बिहार	3	150	5	499	8	671
चंडीगढ़	1	50	1	100	1	99
छत्तीसगढ़	2	100	4	385	8	779
दादर, नगर हवेली, दमन और दीव	1	50	2	200	2	200
दिल्ली	1	50	1	99	2	197
गोवा	1	50	1	100	1	97
गुजरात	1	50	4	400	10	797
हरियाणा	1	50	3	297	6	586
हिमाचल प्रदेश	2	100	4	400	8	733
जम्मू और कश्मीर	-	-	2	134	5	378
झारखंड	2	100	4	399	9	644

कर्नाटक	3	150	5	500	9	891
केरल	2	100	3	302	7	690
लद्दाख	-	-	1	96	1	88
मध्य प्रदेश	2	100	5	493	10	977
महाराष्ट्र	3	150	5	496	11	1038
मणिपुर	1	50	2	200	4	271
मेघालय	1	50	2	200	3	222
मिजोरम	-	-	-	-	1	43
नागालैंड	1	50	1	95	1	54
ओडिशा	2	100	4	400	8	778
पुडुचेरी	-	-	1	100	4	400
पंजाब	-	-	4	394	7	683
राजस्थान	4	200	6	599	10	967
सिक्किम	1	50	1	100	2	200
तेलंगाना	2	100	3	299	5	493
त्रिपुरा	-	-	1	100	3	213
उत्तराखंड	3	150	5	494	7	671
उत्तर प्रदेश	4	200	8	797	14	1279
पश्चिम बंगाल	2	150	4	399	10	940
कुल	**50**	**2500**	**100**	**9869**	**200**	**18082**

(ख) विज्ञान ज्योति में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि एसटीईएम (विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग गणित) क्षेत्रों में छात्राओं के बीच जिज्ञासा पैदा की जा सके और अंततः एसटीईएम में उनकी भागीदारी में सुधार किया जा सके। इन गतिविधियों में छात्रों-माता-पिता की काउंसलिंग, कैरियर काउंसलिंग, विज्ञान शिविर, टिंकरिंग गतिविधियां, विशेष व्याख्यान/कक्षाएं, नॉलेज पार्टनर्स (केपी)/इंडस्ट्री/लैब का परिदर्शन, रोल मॉडल के साथ परस्पर सम्यक बोधन आदि शामिल हैं। विज्ञान ज्योति छात्रों के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों से संबंधित कुछ विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित की गई हैं। इन बेहतरकारी उपायों से छात्राएं अब एसटीईएम में अधिक रुचि ले रही हैं। इसके अलावा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) 'विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिला-किरण (वाइज़-किरन)' योजना के तहत विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग गणित चिकित्सा (स्टेम्म) में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लागू कर रहा है। विज्ञान ज्योति के अलावा वाइज़-किरन योजना के तहत अन्य कार्यक्रम महिला वैज्ञानिक योजना, कन्सालिडेशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च फॉर इनोवेशन एंड एक्सीलेंस (क्यूरी) प्रोग्राम, इंडो-यूएस फेलोशिप फॉर वीमेन इन स्टेम और जेंडर एडवांसमेंट ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस (गति) हैं। जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 'बायोटेक्नोलॉजी करियर एडवांसमेंट एंड री-ओरिएंटेशन प्रोग्राम (बायोकेयर)' कार्यक्रम भी लागू कर रहा है।

(ग) 2019-20 में स्थापना के बाद से, विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत लगभग 33.60 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं ताकि छात्राओं को स्टेम्म के अल्प प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

(घ) वर्तमान में विज्ञान ज्योति के अंतर्गत कक्षा नौवीं-बारहवीं में 18000 से अधिक छात्राएं नामांकित हैं। विभाग ने लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए 200 जिलों में विज्ञान ज्योति का तीसरा चरण हाल ही में प्रारंभ किया है।

******

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1409
28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए
शोध एवं विकास पर खर्च किया जाना

1409 श्री अयोध्या रामी रेड्डी आला:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में शोध एवं विकास पर कितना व्यय किया गया है, और वह व्यय जीडीपी का कितना प्रतिशत है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप भारत में शोध एवं विकास पर किया जाने वाला खर्च विकसित अर्थव्यवस्थाओं में किए जाने वाले इस प्रकार के खर्च से बहुत ही कम है, यदि हां, तो इस शोध एवं विकास पर कम व्यय के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने शोध एवं विकास पर व्यय को बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा शोध एवं विकास क्षेत्र में निजी क्षेत्र से निवेश को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) और (ख): उपलब्ध अद्यतन आरएंडडी सांख्यिकी के अनुसार, वर्ष 2015-16 से 2017-18 के दौरान सकल अनुसंधान और विकास व्यय (जीईआरडी) के रूप में आंका गया राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास व्यय क्रमशः 95452.44 करोड़ रु., 103099.26 करोड़ रू. और 113825.03 करोड़ रू. था। वर्ष 2018-19 में 123847.71 करोड़ रुपये तक इसके रहने का अनुमान है। स्पष्ट रूप से, पिछले वर्षों में भारत के जीईआरडी में लगातार वृद्धि हुई है और पिछले 10 वर्षों में यह तीन गुना बढ़ गया है। तथापि, जीईआरडी में निजी क्षेत्र के अपर्याप्त निवेश के कारण पिछले कुछ वर्षों के दौरान जीडीपी के प्रतिशतता हिस्से के रूप में जीईआरडी 0.7% पर स्थिर है। कुछ विकसित और विकासशील देशों के जीडीपी के आंकड़ों के अनुरूप जीईआरडी में, इज़राइल (5.4), दक्षिण कोरिया (4.8), यूएसए (3.5), जापान (3.3), जर्मनी (3.1), फ्रांस (2.4), चीन (2.4), यूके (1.7), कनाडा (1.7), ब्राजील (1.2), रूस (1.1) और दक्षिण अफ्रीका (0.6) शामिल हैं।

(ग) और (घ): सरकार ने अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाने और अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार द्वारा किए गए कुछ प्रमुख प्रयासों में वैज्ञानिक विभागों के लिए योजना आवंटनों में क्रमिक वृद्धि, जीईआरडी में निजी क्षेत्रक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा निवेश को प्रोत्साहन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष (एसटीआई) गतिविधियों में व्यवसाय करने में सुविधा संवर्धन; नम्य सार्वजनिक प्रापण उपाय प्रवर्तन; सार्वजनिक-निजी-भागीदारी और अन्य अभिनव हाइब्रिड निधीयन क्रियाविधि जैसे पोर्टफोलियो-आधारित निधीयन तंत्र के माध्यम से सहयोगशील एसटीआई वित्त पोषण विकल्प निर्माण शामिल हैं। सरकार ने कॉरपोरेट् सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के उपबंध के तहत कॉरपोरेट् क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने की अनुमति प्रदान की है। कॉरपोरेट् प्रौद्योगिकी कार्य उद्भवकों के लिए निवेश कर सकते हैं या अपने सीएसआर के निर्वहन के रूप मे संस्थानों और राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए अनुसंधान प्रयासों में अंशदान दे सकते हैं। अवस्थिति-आधारित कर प्रोत्साहन जैसे विशिष्ट निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं जिनसे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में व्यवसाय स्थापित करने और व्यवसाय करने से प्राप्त लाभ की 100% कटौती करना संभव हो जाता है।

*****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1410
28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए
सर्ब-पावर अनुसंधान अनुदान का कार्यान्वयन

1410 डा. के. लक्ष्मण:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा सर्ब-पावर अनुसंधान अनुदान (प्रमोटिंग ऑपोर्चुनिटीज़ फॉर विमेन इन ऐक्सप्लोरेटरी रिसर्च) के पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए योजनाओं का बजट कितना है; और

(ग) विगत तीन वर्षों में कितनी महिला वैज्ञानिकों ने कार्यभार ग्रहण किया है और उनमें से कितनी महिलाओं ने इस योजना के अंतर्गत अध्येतावृत्ति (फैलोशिप) और शोध के लिए आवेदन किया है तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) महोदय, सर्ब - पावर रिसर्च ग्रांट्स (प्रोमोटिंग अपोर्चयूनिटीज फॉर वीमन इन एक्सप्लोरेटरी रिसर्च) के पारदर्शी कार्यान्वयन के लिए, एसईआरबी के ऑनलाइन पोर्टल (डायरेक्ट सबमिशन और कॉम्पिटिटिव रिसर्च ग्रांट) पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दो तरीके दिए गए हैं। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीआई के दस्तावेजों, पात्रता और अन्य सूचनाओं की जांच के लिए प्रस्तावों की प्रारंभिक संवीक्षा एसईआरबी में की जाती है। तत्पश्चात्, प्रस्तावों की प्रारंभिक छानबीन संबंधित प्रक्षेत्र विशेषज्ञों वाली आंतरिक प्रारंभिक छानबीन समिति द्वारा की जाती है। छानबीनशुदा प्रस्तावों को समकक्ष व्यक्ति से समीक्षा के लिए बाह्य प्रक्षेत्रगत विशेषज्ञ को भेजा जाता है। तत्पश्चात्, समकक्ष व्यक्ति की समीक्षा में की गई टिप्पणियों के साथ प्रस्तावों के ब्यौरे को संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में कार्यक्रम सलाहकार समितियों (पीएसी) के समक्ष कार्यसूची के रूप में रखा जाता है। एसईआरबी पीएसी की सिफारिश के आधार पर पावर योजना के अंतर्गत परियोजनाओं/अध्येतावृत्तियों का चयन करता है।

(ख) वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए योजना का बजट नीचे सारणीबद्ध है:

करोड़ रुपए में

	पावर-अनुदान		पावर-अध्येतावृति	
	कुल स्वीकृत राशि	जारी राशि	कुल स्वीकृत राशि	जारी राशि
वित्त वर्ष 2020-21	0.48	0.16	9.14	3.04
वित्त वर्ष 2021-22	33.60	17.66	9.90	2.78

(ग) कार्यक्रम जनवरी 2021 में शुरू किया गया, सर्ब ने पावर योजना के तहत 147 महिला वैज्ञानिकों की सहायता

की है, जिनमें से पिछले दो वर्षों में 97 महिला वैज्ञानिकों को सर्ब-पावर अनुदान के तहत सहायता प्रदान की गई और 50 महिला वैज्ञानिकों को पावर अध्येतावृत्ति प्रदान की गई ।

पावर अध्येतावृत्ति और पावर अनुदान में कार्यरत और अनुशंसित महिला वैज्ञानिकों का राज्यवार डेटा नीचे दिया गया है: -

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	पावर- अध्येतावृत्ति				पावर-अनुदान			
	वित्त वर्ष 2020-21		वित्त वर्ष 2021-22		वित्त वर्ष 2020-21		वित्त वर्ष 2021-22	
	प्राप्त	प्रदत्त	प्राप्त	प्रदत्त	प्राप्त	स्वीकृत्त	प्राप्त	स्वीकृत्त
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	0	5	0	1	0	1	0
आंध्र प्रदेश	0	0	0	0	112	0	105	1
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	3	0	5	0
असम	0	0	0	0	41	0	25	3
बिहार	1	0	0	0	13	0	26	0
चंडीगढ़	0	0	1	0	52	0	61	1
छत्तीसगढ	1	0	0	0	24	0	25	1
दिल्ली	13	4	17	7	149	0	141	5
गोवा	1	0	0	0	27	0	19	0
गुजरात	5	0	3	1	83	0	78	2
हरियाणा	1	0	2	1	61	0	54	1
हिमाचल प्रदेश	0	0	3	0	20	0	29	0
जम्मू और कश्मीर	0	0	3	1	23	0	23	0
झारखंड	2	0	1	0	30	0	31	0
कर्नाटक	11	2	13	2	272	0	265	13
केरल	9	2	5	0	181	0	154	2
मध्य प्रदेश	10	2	7	2	46	0	34	4
महाराष्ट्र	14	5	17	4	224	0	161	8
मणिपुर	0	0	0	0	6	0	6	0
मेघालय	0	0	0	0	2	0	2	0
मिजोरम	0	0	0	0	6	0	5	0
उड़ीसा	1	0	2	0	70	0	88	6
पुदुचेरी	3	0	0	0	19	0	26	1
पंजाब	5	1	7	1	127	0	108	6
राजस्थान	2	1	1	0	76	0	75	0
सिक्किम	0	0	0	0	1	0	2	0
तमिलनाडु	24	0	24	3	725	1	688	12
तेलंगाना	6	1	10	1	147	0	144	8
त्रिपुरा	0	0	0	0	5	0	4	0
उत्तर प्रदेश	8	2	16	0	207	1	191	7
उत्तराखंड	2	0	3	1	36	0	30	6
पश्चिम बंगाल	8	4	4	2	124	0	89	8
कुल	**128**	**24**	**144**	**26**	**2913**	**2**	**2695**	**95**

******

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1411

28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए

वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी पर व्यय

1411 श्री सुजीत कुमार:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की वर्ष 2020 की रिपोर्ट के अनुसार देश में अधिकांश अनुसंधान लोक वित्तपोषण पर निर्भर है और फिर भी देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का बहुत ही कम 0.7 प्रतिशत अनुसंधान पर खर्च करता है, जो विश्व बैंक के ऑकड़ों के अनुसार विश्व में अधिकांश अन्य विकसित और विकासशील देशों से कम है;

(ख) क्या सरकार वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी पर अपना व्यय बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार कर रही है;और

(ग)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क): जी हां, अनुसंधान एवं विकास सांख्यिकी 2019-20 के अनुसार, देश में होने वाला अधिकांश अनुसंधान सरकार द्वारा अनुसंधान एवं विकास पर राष्ट्रीय सकल व्यय (जीईआरडी) में 60% से अधिक भागीदारी के साथ सार्वजनिक निधीयन पर निर्भर है। स्पष्ट रूप से, पिछले वर्षों में जीईआरडी में लगातार वृद्धि हुई है और पिछले 10 वर्षों में यह तीन गुना बढ़ गया है। किंतु, जीईआरडी में निजी क्षेत्र के अपर्याप्त निवेश के कारण पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जीडीपी की प्रतिशतता के रूप में भारतीय जीईआरडी लगभग 0.7% पर स्थिर है जो इज़राइल (5.4), दक्षिण कोरिया (4.8), यूएसए (3.5), जापान (3.3), जर्मनी (3.1), फ्रांस (2.4), चीन (2.4), यूके (1.7), कनाडा (1.7), ब्राजील (1.2) और रूस (1.1) जैसे कुछ विकसित और विकासशील देशों के जीडीपी आंकड़ों में तद्रूप जीईआरडी की तुलना में अपेक्षाकृत अल्प पतर है।

(ख) और (ग): सरकार वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाने लिए एक रूप कदम उठाती रही है। सरकार द्वारा किए गए कुछ प्रमुख प्रयासों में वैज्ञानिक विभागों के लिए योजना आवंटनों में क्रमिक वृद्धि, जीईआरडी में निजी क्षेत्रक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा निवेश को प्रोत्साहन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष (एसटीआई) गतिविधियों में व्यवसाय करने में सुविधा संवर्धन; नम्य सार्वजनिक प्रापण उपाय प्रवर्तन; सार्वजनिक-निजी-भागीदारी और अन्य अभिनव हाइब्रिड निधीयन क्रियाविधि जैसे पोर्टफोलियो-आधारित निधीयन तंत्र के माध्यम से सहयोगशील एसटीआई वित्त पोषण विकल्प निर्माण शामिल हैं। सरकार ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के उपबंध के तहत कॉरपोरेट क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास में निवेश करने की अनुमति प्रदान की है। कॉरपोरेट प्रौद्योगिकी कार्य उद्भवकों के लिए निवेश कर सकते हैं या अपने सीएसआर के निर्वहन के रूप मे संस्थानों और राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए अनुसंधान प्रयासों में अंशदान दे सकते हैं। अवस्थिति-आधारित कर प्रोत्साहन जैसे विशिष्ट निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं जिनसे भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में व्यवसाय स्थापित करने और व्यवसाय करने से प्राप्त लाभ की 100% कटौती करना संभव हो जाता है।

*****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1412
उत्तर देने की तारीख : 28 जुलाई, 2022

जैव-अर्थव्यवस्था की अवधारणा

1412. श्री प्रकाश जावडेकर:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) जैव अर्थव्यवस्था की अवधारणा की परिभाषा क्या है और इसे किस प्रकार विकसित किया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यह पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, रोजगार और व्यापार को किस प्रकार प्रभावित करेगी; और

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जैव अर्थव्यवस्था सभी आर्थिक क्षेत्रों में सूचना, उत्पादों, प्रक्रियाओं तथा सुविधाएं प्रदान करने से संबंधित ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित जैविक संसाधनों का उत्पादन, उपयोग और संरक्षण है। भारतीय बायोटेक उद्योग पांच प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है: जैवफार्मा, जैवकृषि, जैव-उद्योग, जैव-ऊर्जा तथा बायोआईटी, सीआरओ और अनुसंधान सुविधाओं सहित जैव-सुविधाओं का संयुक्त क्षेत्र है।

(ख) तथा (ग) भारत ने जैव-अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 2019 में 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 2021 में 80.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सतत वृद्धि दर्ज की है। 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डालर का लक्ष्य रखा गया है।

जैव अर्थव्यवस्था को सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के साधन के रूप में देखा जा रहा है। उदाहरणत:, ऊर्जा उत्पादन प्रक्रिया में बायो-मास अथवा नवीकरणीय संसाधनों का प्रयोग, हरित रसायनों तथा सामग्रियों, जैव उर्वरकों का उपयोग; अपशिष्ट में कमी आदि कार्बन फुटप्रिंट, खाद्य और पोषण, स्वास्थ्य, ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा पर्यावरणीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं और इन क्षेत्रों में व्यापक प्रभाव डाल सकते हैं। बायोटेक उद्योग, अनुसंधान संस्थानों तथा बढ़ते बायोटेक स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र से नए नवाचारी समाधानों की संभावना है।

*****

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1413
28 जुलाई, 2022 को उत्तर देने के लिए
देश में सक्रिय महिला वैज्ञानिक

1413 श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत को अनुसंधान परिणाम की गुणवत्ता के संबंध में शीर्ष 5 देशों में शामिल करने का है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में सक्रिय महिला वैज्ञानिकों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार का उद्देश्य वर्ष 2030 तक विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की 30 प्रतिशत भागीदारी का है; और

(ड.) यदि हां, तो इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(ग) क्या आगामी वर्षों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि होगी, यदि हां, तो तत्संबंधी अनुमानित आंकड़े क्या हैं; और

(घ) क्या युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने की कोई तैयारी की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क), (ख) और (ग): पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसर निश्चित रूप से पर्यटकों के आगमन से जुड़े हैं जो महामारी से पूर्व के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**
भारत में आईटीए (मिलियन)	16.81	17.42	17.91	6.33	7.00

स्त्रोतः आप्रवासन ब्यूरो

दुनिया भर में बढ़ते टीकाकरण कवरेज को मान्यता मिलने के बाद और हितधारकों के परामर्श से भारत सरकार ने 27.03.2022 से भारत के लिए/से अनुसूचित वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया। यदि मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो निकट भविष्य में पर्यटकों की आगमन में वृद्धि होगी। पर्यटक यातायात में

वृद्धि से पर्यटन क्षेत्र में अधिक मांग उत्पन्न होगी जिससे अंततः पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। यधपि पर्यटन मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई आकलन नहीं किया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में अपनी पैनलबद्ध कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से पर्यटन सेवा प्रदाताओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणीकरण के उद्देश्य से विभिन्न अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है।

सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना (सीबीएसपी) के तहत निम्नलिखित स्किलिंग रिस्किलिंग और अपस्किलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं:

हुनर से रोज़गार तक (स्किलिंग):- यह कार्यक्रम वर्तमान में आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में कुल ग्यारह लघु अवधि के पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है।

कौशल परीक्षण और प्रमाणन (री-स्किलिंग):- मौजूदा सेवा प्रदाताओं के लिए यह कार्यक्रम चार हॉस्पिटैलिटी ट्रेडो में उनका परीक्षण और प्रमाणन करता है।

उद्यमिता कार्यक्रम (अप-स्किलिंग):- यह कार्यक्रम सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना के तहत सूक्ष्म और लघु व्यवसाय स्टार्ट-अप की सुविधा के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत (i) कुक - तंदूर, (ii) बर्मन, (iii) बेकर, (iv) होमस्टे (बहु-कुशल कार्यवाहक) और (v) हलवाई - भारतीय मिठाई जैसे ट्रेडो में पांच 150 घंटे के पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती हैं।

पर्यटन एडवेंचर पाठ्यक्रम (री-स्किलिंग):- पर्यटन मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2018-19 में क्षेत्र विशेष आधारित संरचित एडवेंचर कौशल विकास पाठ्यक्रमों के संवर्द्धन के लिए युवाओं में क्षमता विकास करने के उद्देश्य से पर्यटन एडवेंचर और एस्कॉर्ट पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। पाठ्यक्रम में पैरासेलिंग, ट्रेकिंग, हॉट एयर बैलूनिंग और टूरिज्म एस्कॉर्ट जैसे शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन आईआईटीटीएम द्वारा आईएसएसएम के माध्यम से किया जाता है।

भाषाई पर्यटक सुविधाकर्ता:- विभिन्न विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करने के लिए डच, जर्मन, फ्रेंच, जापानी, चीनी, वियतनामी, थाई आदि में 6 सप्ताह का भाषा पाठ्यक्रम।

अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाकर्ता पाठ्यक्रम (आईआईटीएफसी):- पर्यटन मंत्रालय अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता बुनियादी, एडवांस और एडवेंचर का ऑनलाइन आयोजन करता है, बोलचाल की भाषा और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। अब तक कुल 3795 उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया जा चुका है।

इस योजना के तहत मौजूदा सेवा प्रदाताओं के लिए पर्यटन जागरूकता / संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में, 7 प्रतिष्ठित गंतव्यों अर्थात आगरा में ताजमहल, हुमायूं का मकबरा, लाल किला, दिल्ली में कुतुब मीनार, बिहार में महाबोधि मंदिर, गोवा में कोलवा बीच और असम में काजीरंगा में गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए है।

इस पहल के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 3715 प्रशिक्षुओं को 44 गंतव्यों पर प्रशिक्षण/प्रमाणित किया गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में 48 गंतव्यों में कुल 3709 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया था।

****

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1430#

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात राज्य में चिकित्सा पर्यटन

1430#. श्री नरहरी अमीनः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयुष वीजा की शुरूआत की है; और

(ग) क्या गुजरात राज्य में चिकित्सा पर्यटन के लिए कोई स्थान चिन्हित किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां। पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए अनेक कदम उठाए हैं जो निम्नानुसार है:-

(i) चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए एक सुदृढ़ कार्यढांचे के सृजन और केन्द्र सरकार में मंत्रालयों, राज्य सरकारों और निजी क्षेत्र के बीच तालमेल के लिए पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा और निरोगता पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तैयार किया है। यह कार्यनीतिक दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तम्भों पर फोकस करता है:-

(क) निरोगता गंतव्य के रूप में भारत के लिए एक ब्रांड तैयार करना

(ख) चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन के लिए इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाना

(ग) ऑनलाइन मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) पोर्टल की स्थापना द्वारा डिजिटलीकरण को सम्भव बनाना

(घ) चिकित्सा मूल्य यात्रा के लिए पहुंच को बेहतर बनाना

(ङ) निरोगता पर्यटन का संवर्धन

(च) शासन एवं संस्थागत कार्य ढाँचा

(ii) चिकित्सा पर्यटन संवर्धन के अभियान को आगे ले जाने के लिए एक समर्पित संस्थागत कार्यढांचा प्रदान करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने माननीय मंत्री (पर्यटन) महोदय की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन बोर्ड का गठन किया है।

(iii) देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के एक भाग के रूप में 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं सम्भावित विदेशी बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। चिकित्सा पर्यटन की थीम सहित विभिन्न थीमों पर मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से नियमित रूप से डिजिटल संवर्धन भी किया जाता है।

(iv) 'चिकित्सा वीजा' की शुरूआत की गई है जो चिकित्सा उपचार के विशेष प्रयोजन के लिए भारत आने वाले विदेशी यात्रियों को दिया जा सकता है। देश में चिकित्सा पर्यटन के संवर्धन के लिए भारत सरकार 156 देशों के नागरिकों को ई-चिकित्सा वीजा सुविधा प्रदान कर रही है।

(v) पर्यटन मंत्रालय बाजार विकास सहायता योजना के अन्तर्गत एनएबीएच द्वारा मान्यताप्राप्त चिकित्सा पर्यटन सेवाप्रदाताओं को चिकित्सा/पर्यटन मेलों, चिकित्सा सम्मेलनों, निरोगता सम्मेलनों, निरोगता मेलों और सम्बद्ध रोड शोज़ में भागीदारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ख): आयुष मंत्रालय ने सूचित किया है कि उसने गृह मंत्रालय से आयुष वीजा की अलग श्रेणी तैयार करने के तौर-तरीकों पर काम करने का अनुरोध किया है।

(ग): जी, नहीं। पर्यटन मंत्रालय ने गुजरात राज्य में चिकित्सा पर्यटन के लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं किया है।

****

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1431

गुरूवार, 28 जुलाई, 2022/06 श्रावण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में ममल्लापुरम

1431. श्री के. आर. एन. राजेश कुमारः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अक्टूबर 2019 के दौरान भारत-चीन अनौपचारिक शिखर वार्ता, तमिलनाडु के ममल्लापुरम में आयोजित की गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि ममल्लापुरम को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का वादा किया गया था;

(ग) क्या तमिलनाडु की राज्य सरकार ने ममल्लापुरम को प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां। भारत-चीन अनौपचारिक शिखर सम्मेलन अक्टूबर 2019 में ममल्लापुरम में हुआ था।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने ममल्लापुरम को 'प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्य' योजना के तहत विकास हेतु एक प्रतिष्ठित स्थल के रूप में चिह्नित किया है। यह योजना अभी अनुमोदित नहीं है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'स्वदेश दर्शन' योजना के तहत वर्ष 2016-17 में 73.13 करोड़ रू. से तमिलनाडु में एक तटीय परिपथ परियोजना "(चेन्नई - ममल्लापुरम - रामेश्वरम - मनापद - कन्याकुमारी) के विकास" को स्वीकृति दी है। इस परियोजना में ममल्लापुरम उक्त गंतव्यों में से एक है। परियोजना भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रस्तुत अर्जुन की तपस्या, ममल्लापुरम, तमिलनाडु हेतु एनिमेशन टेक्नोलॉजी के साथ 3डी विजुअल लेज़र प्रोजेक्शन मैपिंग के प्रस्ताव को सैद्धांतिक अनुमोदन भी प्रदान कर दिया है।

****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1432

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

खेल स्टेडियम का पुनरूद्धार

1432 श्री हरभजन सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2022 में आज की तारीख तक देश में विशेष रूप से पंजाब राज्य के लिए खेल स्टेडियमों के पुनरुद्धार हेतु संस्वीकृत परियोजनाओं की राज्य-वार और वर्ष-वार सूची क्या है;

(ख) क्या सरकार का पंजाब में खिलाड़ियों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए उक्त राज्य में किसी भी स्टेडियम की अवसंरचना का स्तरोन्नयन करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल स्टेडियम के नवीनीकरण सहित खेल सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है । केंद्र सरकार प्रशिक्षण, कोचिंग और खेल अवसंरचना में कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । इस मंत्रालय द्वारा पंजाब राज्य में खेल स्टेडियम के नवीनीकरण के लिए कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है । तथापि, 2019 और 2022 के बीच खेल स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में है ।

(ख) और (ग): जी नहीं । पंजाब सरकार की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

****

अनुबंध

'खेल स्टेडियम का पुनरूद्धार' के संबंध में श्री हरभजन सिंह, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1432 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

2019 से 2022 तक खेल स्टेडियमों के नवीनीकरण/उन्नयन हेतु खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)**
1	बिहपुरिया स्टेडियम परिसर, जिला लखीमपुर, असम में खेल अवसंरचना का विकास	3.00
2	खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020 . के लिए असम में विभिन्न खेल परिसरों का नवीनीकरण और उन्नयन	14.50
3	एफओपी का उन्नयन और बेंगलुरु, कर्नाटक में श्री कांतीरवा आउटडोर स्टेडियम का नवीनीकरण	3.75

2019 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत जम्मू और कश्मीर में खेल स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु.)**
1	बख्शी स्टेडियम, श्रीनगर का नवीनीकरण और विकास फीफा मानक के अनुसार	49.90
2	मौलाना आज़ाद (एमए) स्टेडियम, जम्मू का नवीनीकरण और विकास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए आईसीसी मानक के अनुसार	47.95
3	राजौरी और पुंछ में मौजूदा स्टेडियम का उन्नयन	4.00
4	उधमपुर, जम्मू में सुभाष स्टेडियम का उन्नयन/ कार्य समापन	10.00

****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1433

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

युवाओं के विकास के लिए योजना

1433 ले. जनरल (डा.) डी.पी. वत्स (रिटा.):
श्री विजय पाल सिंह तोमरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इस बात के मद्देनजर कि भारत युवाओं का देश है जो अपनी प्रतिभा और योग्यता के दम पर दुनियाभर में इसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि कर रहे हैं, देश में युवाओं के विकास की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान देश में युवा विकास के लिए कार्यरत संस्थाओं और संगठनों का, इस क्षेत्र में किए गए कार्य का और प्राप्त की गई सफलता का तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मौजूदा नीति ढांचे के भीतर देश के युवाओं के समग्र विकास के लिए सभी मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारकों की मदद से सभी आवश्यक कदम उठा रहा है । राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 में भारत के युवाओं के लिए एक 'विजन' प्रस्तावित किया गया है, जिसका उद्देश्य "देश के युवाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त बनाना और उनके माध्यम से भारत को विश्व के देशों की जमात में उसका सही स्थान दिलाने में समर्थ बनाना" है । इस नीति में पांच सुविचारित उद्देश्यों और 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों अर्थात् शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास, उद्यमिता, स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन-शैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्धन, समुदाय सहभागिता, राजनीति और शासन में भागीदारी, युवा सहभागिता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय का निर्धारण किया गया है ।

युवा कार्यक्रम विभाग युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए निम्नलिखित स्कीमों/ कार्यक्रमों को सीधे कार्यान्वित करने के अतिरिक्त इस नीति के कार्यान्वयन के लिए समन्वयकारी/ सहायक की भूमिका निभा रहा है:

I. राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके)- युवा कार्यक्रम विभाग की एक छत्र स्कीम है । आरवाईएसके के घटक या उप-स्कीमें इस प्रकार हैं: (i) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), (ii) राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी), (iii) राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी), (iv) राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी), (v) अंतरराष्ट्रीय सहयोग, (vi) युवा छात्रावास, (vii) राष्ट्रीय अनुशासन स्कीम और (viii) स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता । इस स्कीम का उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व और नेतृत्व गुणों को विकसित करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण कार्यकलापों में शामिल करना है ।

II. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस): एनएसएस का उद्देश्य युवा छात्रों को स्वैच्छिक समुदाय सेवा में शामिल करके उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है ।

III. राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी): आरजीएनआईवाईडी जो आरजीएनआईवाईडी अधिनियम, 2012 द्वारा 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' है, शैक्षणिक, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान कार्यकलापों के माध्यम से युवा विकास में योगदान देता है ।

(ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत तीन संस्थान/संगठन अर्थात (i) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस)-एक स्वायत्त निकाय, (ii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)- एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान और (iii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) – एक अधीनस्थ कार्यालय होने के साथ-साथ एक स्कीम भी है, युवा विकास से संबंधित कार्यकलापों में कार्यरत हैं । युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पूरे देश में युवाओं के विकास के लिए विभिन्न स्कीमें चलाता है । पिछले पांच वर्षों के दौरान इन संस्थानों/ संगठनों की प्रमुख उपलब्धियां अनुबंध में दी गई हैं ।

****

अनुबंध

'युवाओं के विकास के लिए योजना' के संबंध में ले. जनरल (डा.) डी.पी. वत्स (रिटा.) तथा श्री विजय पाल सिंह तोमर द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1433 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

पिछले पांच वर्षों में एनवाईकेएस, एनएसएस और आरजीएनआईवाईडी की प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

1. नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस):

एनवाईकेएस के तहत 5 वर्षों की उपलब्धियों का विवरण दर्शाने वाला विवरण:

स्कीम/कार्यक्रम	माप की इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
युवा क्लब विकास कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	1900	2819	3255	2228	2638	2071
	प्रतिभागियों की संख्या	156264	247389	238858	208064	548708	194148
युवा नेतृत्व और समुदाय विकास पर प्रशिक्षण	कार्यक्रमों की संख्या	1769	594	581	1049	--	--
	प्रतिभागियों की संख्या	75589	26247	26107	47215	--	--
थीम आधारित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	--	--	370	2332	--	--
	प्रतिभागियों की संख्या	--	--	57965	233519	--	--
<u>खेल संवर्धन</u> : -युवा क्लबों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना	क्लबों की संख्या	21371	--	21452	15836	--	924
- ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं	बैठकों की संख्या	2300	3521	3996	3866	454	519
	प्रतिभागियों की संख्या	329110	547062	619465	635477	65107	58001
कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम/बुनियादी व्यवसायों में शिक्षा	कार्यक्रमों की संख्या	4751	3770	4142	2183	--	1529
	प्रतिभागियों की संख्या	128543	103718	119547	72868	--	39051
लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देना	कार्यक्रमों की संख्या	531	566	589	527	--	28
	प्रतिभागियों की संख्या	112348	101829	119514	105614	--	2620
राष्ट्रीय और	कार्यक्रमों की संख्या	12322	14402	15074	14220	14420	8568

स्कीम/कार्यक्रम	माप की इकाई	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
अंतरराष्ट्रीय महत्व के दिनों को मनाना	प्रतिभागियों की संख्या	1325432	1804105	1350208	2090117	1618990	1422821
जिला युवा सम्मेलन	कार्यक्रमों की संख्या	543	580	593	528	--	21
	प्रतिभागियों की संख्या	221811	147411	159714	137912	--	2728
उत्कृष्ट युवा क्लबों को पुरस्कार : • राज्य स्तरीय पुरस्कार	पुरस्कारों की संख्या	14	1 1	13	20	16	--
• जिला स्तरीय पुरस्कार	पुरस्कारों की संख्या	310	317	300	255	228	
महात्मा गांधी युवा स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम:	कार्यक्रमों की संख्या	85	124	617	617	622	528
	प्रतिभागियों की संख्या	15425	28001	1255653	624692	892999	1258404
युवा आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	95	139	124	-	--	--
	प्रतिभागियों की संख्या	34446	28853	46395	-	--	--
कोविड-19 कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या					526	575
	प्रतिभागियों की संख्या					1236008	980477
स्वच्छ गांव-हरित गांव पर युवाओं का प्रशिक्षण	कार्यक्रमों की संख्या					694	1178
	प्रतिभागियों की संख्या					70709	6408217

2 . राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी):

पिछले 5 वर्षों के दौरान छात्र का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	बैच	कार्यक्रम	छात्रों की संख्या		
			पुरुष	महिला	कुल
1.	2017-19	आरजीएनआईवाईडी पीजी कार्यक्रम	38	43	**81**
	2016-17	आरजीएनआईवाईडी रिसर्च स्कॉलर्स	-	-	**-**
	2017-20	बी.वोक	91	114	**205**
2.	2018-20	आरजीएनआईवाईडी पीजी कार्यक्रम	43	50	**93**
	2018-19	आरजीएनआईवाईडी रिसर्च स्कॉलर्स	5	9	**14**
	2018-21	बी.वोक	87	148	**235**
3.	2019-21	आरजीएनआईवाईडी पीजी कार्यक्रम	40	58	**98**
	2019-20	आरजीएनआईवाईडी रिसर्च स्कॉलर्स	-	-	**-**
	2019-22	बी.वोक	68	152	**220**
4.	2020-22	आरजीएनआईवाईडी पीजी कार्यक्रम	42	55	97
	2021-23		149	107	256
	2020-21	आरजीएनआईवाईडी रिसर्च स्कॉलर्स	-	-	-
	2020-23	बी.वोक	46	76	122
	2020-21	डब्ल्यू डब्ल्यू आई	82	105	187

पिछले 5 वर्षों के दौरान आरजीएनआईवाईडी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण और विस्तार कार्यकलापों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वर्ष	आयोजित कार्यक्रमों की कुल संख्या	लाभार्थी			
			पुरुष	महिला	ट्रांसजेंडर	कुल
1.	2017-18	203	6556	6222	11	12828
2.	2018-19	151	3861	3185	---	7689
3.	2019-20	103	2300	1866	---	4225
4.	2020-21	142	5351	5319	--	10670
5.	2021-22	209	11800	7812	--	19612

3 . राष्ट्रीय सेवा योजना:

पिछले 5 वर्षों के दौरान एनएसएस की उल्लेखनीय उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	घटक	माप की इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	एनएसएस का कवरेज						
	---विश्वविद्यालयों की संख्या	संख्या	403	446	479	479	479
	---+2 परिषदों की संख्या	संख्या	48	48	48	51	51
	---कॉलेजों/तकनीकी संस्थानों की संख्या	संख्या	17996	17894	17676	17676	17676
	---वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की संख्या	संख्या	12827	12072	12087	12087	12087
	---एनएसएस स्वयंसेवकों की संख्या	संख्या	4135379	3995700	3949857	3954183	3660589
2	एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण	कार्यक्रम अधिकारियों की संख्या	2219	321	3220	972	
3	एनएसएस इकाइयों द्वारा गांवों/मलिन बस्तियों को गोद लेना	गांवों/ मलिन बस्तियों की संख्या	25032	35626	33747	28775	27775
4	एनएसएस विशेष शिविर	शिविरों की संख्या	22066	25479	22424	4573	4682
5	पौधारोपण	पौधों की संख्या	1879675	3421818	2346252	2589052	2052053
6	रक्तदान	इकाइयों की संख्या	191581	340348	281025	132067	75524
7	पल्स पोलियो टीकाकरण	प्रतिरक्षित बच्चों की संख्या	360777	1055565	376980	891887	21691
8	साहस कार्यकलाप	स्वयंसेवकों की संख्या	0	1487	25	0	0
9	स्वास्थ्य/ नेत्र/ टीकाकरण शिविर	शिविरों की संख्या	9402	16556	19209	2517	16618

क्र.सं.	घटक	माप की इकाई	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
		स्वयंसेवकों की संख्या	464622	870525	1054500	141428	585923
10	जागरूकता कार्यक्रम/रैली/अभियान	कार्यक्रमों की संख्या	38710	105742	88580	235596	93419
		स्वयंसेवकों की संख्या	2589058	4360986	6103847	8185059	3759633
11	श्रमदान	स्वयंसेवकों की संख्या-अवधि	6250207	14907592	11072799	3230273	3636737
12	पूर्वोत्तर एनएसएस महोत्सव	महोत्सवों की संख्या	0	2	5	0	0
		स्वयंसेवकों की संख्या	0	1172	1500	0	0
13	राष्ट्रीय एकता शिविर	शिविरों की संख्या	0	14	10	1	3
		स्वयंसेवकों की संख्या	0	2798	2000	200	600
14	एनएसएस स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण	स्वयंसेवकों की संख्या	34728	99659	131811	125079	11208
15	अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भागीदारी	स्वयंसेवकों की संख्या	2215798	257803	2677433	1750927	245982
16	गणतंत्र दिवस परेड में एनएसएस दल की भागीदारी	प्रतिभागियों की संख्या	198	200	200	200	147
17	एनएसएस पुरस्कार (राष्ट्रीय स्तर)	प्रदान किए गए पुरस्कारों की संख्या	41	42	42	अभी तक सम्मानित किया जाना है	अभी तक सम्मानित किया जाना है
18	राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भागीदारी	स्वयंसेवकों की संख्या	776	0	850	133748	1397134

****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1434

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

मुक्केबाजी को बढ़ावा दिया जाना

1434 श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मुक्केबाजी में अभिरूचि रखने वाली युवतियों के बीच महिला मुक्केबाजी को बढ़ावा देने और उसमें सुधार करने की दिशा में कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में मुक्केबाजी के प्रशासन और प्रोत्साहन के लिए उत्तरदायी संघों/निकायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मुक्केबाजी के प्रशासन/ प्रोत्साहन के लिए उत्तरदायी विभिन्न संघों/निकायों में विवादों/ समस्याओं की वजह से मुक्केबाजी का खेल बुरी तरह प्रभावित हुआ है;

(घ) यदि हां, तो मुक्केबाजी प्रशासन को सुव्यवस्थित करने और इसकी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) देश में मुक्केबाजी के खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) मुक्केबाजी खेल विधा के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) होने के कारण किशोरियों में मुक्केबाजी के संवर्धन और विकास का मुख्य उत्तरदायित्व बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का है । यह मंत्रालय अपनी विभिन्न स्कीमों के माध्यम से महिलाओं सहित सभी के बीच मुक्केबाजी को बढ़ावा देने के लिए बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

भारतीय खेल प्राधिकरण देशभर में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु किशोरियों के बीच मुक्केबाजी सहित विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित खेल प्रोत्साहन स्कीमें कार्यान्वित कर रहा है:-

- राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई)
- साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)
- एसटीसी के विस्तार केंद्र
- राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी)

महिलाओं में मुक्केबाजी को बढ़ावा देने के लिए साई की खेल संवर्धन स्कीमों के तहत 356 (आवासीय और गैर-आवासीय) प्रतिभाशाली लड़कियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ।
इसके अलावा, निम्नलिखित साई केंद्र विशेष रूप से महिला मुक्केबाजों के लिए कार्यशील हैं: -

1) एसटीसी मयिलादुथुराई (तमिलनाडु) 6 एथलीट।
2) एसटीसी सोलालगांव (असम) 18 एथलीट।
3) एसटीसी वाराणसी (बीएचयू) (उत्तर प्रदेश) का विस्तार केंद्र 18 एथलीट ।
4) एसटीसी पेडेम (गोवा) 23 एथलीट।

चयनित प्रशिक्षुओं को अनुमोदित स्कीम मानकों के अनुसार विशेषज्ञ कोचों, खेल उपकरण, बोर्डिंग और लॉजिंग, खेल किट, प्रतियोगिता एक्सपोजर, शैक्षिक व्यय, चिकित्सा/ बीमा और वजीफे के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

मंत्रालय की एनएसएफ को सहायता स्कीम, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत भी महिला मुक्केबाजों को सहायता दी जा रही है ।

इसके अलावा, खेलो इंडिया के प्रतिभा पहचान और विकास घटक के तहत एथलीटों को ओलंपिक सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान करके बेंच स्ट्रेंथ में वृद्धि करने के लिए उनका चयन किया जाता है । वर्तमान में, खेलो इंडिया के प्रतिभा पहचान और विकास घटक के तहत 79 महिला मुक्केबाजों को सहायता प्रदान की जा रही है ।

खेलो इंडिया के "महिलाओं के लिए खेल" घटक के तहत बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को नई दिल्ली- 2018 में एआईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 3 करोड़ रु. की सहायता प्रदान की गई । इसके अलावा, विभिन्न खेल विधाओं में घरेलू

प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए महिला घरेलू लीगों का आयोजन किया जाता है जो प्रतिभा पहचान और खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक मंच है ।

(ख) से (घ): वर्ष 2012 में, सरकार ने इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन की मान्यता वापस लेने का निर्णय लिया, जो देश में मुक्केबाजी खेल विधा के संवर्धन के लिए उत्तरदायी था । वर्ष 2016 में, देश में मुक्केबाजी के संवर्धन और विकास के लिए, सरकार ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) को राष्ट्रीय खेल परिसंघ के रूप में मान्यता प्रदान की । बीएफआई की मान्यता को वर्ष 2022 के लिए पहले ही नवीनीकृत किया जा चुका है । सरकार विदेशों में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय टीमों के प्रशिक्षण और भागीदारी, अपेक्षित तकनीकी और वैज्ञानिक बैकअप के साथ भारतीय और विदेशी कोचों के अधीन टीमों/खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता की स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके बीएफआई के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

(ङ) मंत्रालय की अन्य स्कीमें जैसे खेल में मानव संसाधन विकास, मेधावी खिलाड़ियों के लिए पेंशन, अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं को विशेष नकद पुरस्कार, खेल पुरस्कार जो मुक्केबाजी को बढ़ावा देने और मुक्केबाजों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहन देने और सम्मानित करने के लिए समान रूप से लागू की गई हैं ।

*****

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1435
उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022
6 श्रावण, 1944 (शक)

भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण

1435 श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओलंपिक व कॉमनवेल्थ खेलों की तैयारी कर रहे भारतीय खिलाड़ियों को विदेश में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो आगामी खेलों के मद्देनजर इस वर्ष कुल कितने खिलाड़ियों को विदेश भेजा गया है;

(ग) भविष्य में कुल कितने खिलाड़ियों का विदेश भेजा जाना प्रस्तावित है; और

(घ) क्या इन खिलाड़ियों को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) जी हां, 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के तहत उन भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जो ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी कर रहे हैं, टीओपीएस स्कीम का विवरण **अनुबंध- I** में दिया गया है । इसके अलावा, 'राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता' स्कीम के तहत, मान्यता प्राप्त एनएसएफ को ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई, पैरा एशियाई, राष्ट्रमंडल खेलों आदि जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी हेतु राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों, विदेशी प्रशिक्षण, उपकरण, कोचों और सहायक स्टाफ आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है ।

(ख) से (घ) : चालू वर्ष के दौरान 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' के तहत कुल 685 एथलीटों को विदेश भेजा गया । इसका ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है । इन खिलाड़ियों को भोजन और आवास, हवाई टिकट, आरटी पीसीआर टेस्ट शुल्क, बीमा, वीजा शुल्क, ओपीए और परिवहन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है । टीओपीएस और अन्य स्कीमों के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए हमारे एथलीटों को तैयार करने हेतु खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण देना एक नियमित प्रक्रिया है ।

इसके अलावा, 'एनएसएफ को सहायता' स्कीम के तहत चालू वित्तीय वर्ष में विदेशी प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का विवरण **अनुबंध- III** में दिया गया है।

****

अनुबंध- I

'भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण' के संबंध में श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1435 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी कर रहे भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण देने की योजना		
क्र.सं.	**खेल विधा**	**प्रशिक्षण योजना विवरण**
1	एथलेटिक्स	स्प्रिंट: चुला विस्टा यूएसए और त्रिवेंद्रम में शिविर
		एमएलडी: कोलोराडो स्प्रिंग्स जुलाई 2022 तक
		रेस वॉकर: साई बैंगलोर में शिविर
		जैवलिन थ्रो: एनआईएस पटियाला और चुला विस्टा में शिविर
		रोटेशनल थ्रो: एनएसएनआईएस पटियाला और चुला विस्टा
		जंप्स: साई बैंगलोर और चुला विस्टा में शिविर
2	बैडमिंटन	कैंप: पीजीबीए, हैदराबाद और पीपीबीए, बैंगलोर में 20 मई से 31 जुलाई
		मलेशिया मास्टर्स - 5 से 10 जुलाई
		सिंगापुर ओपन - 12 जुलाई से 17 जुलाई
3	मुक्केबाज़ी	इलीट मैन एंड वुमेन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 10 जुलाई तक
		राष्ट्रमंडल खेल, 2022 से पहले आयरलैंड में 10 जुलाई से प्रशिक्षण शिविर
4	हॉकी (पुरुष)	बेल्जियम और नीदरलैंड में एफआईएच प्रो लीग मैचों में प्रतिभागिता
		साई बेंगलुरु में कैंप
5	हॉकी (महिला)	1 से 17 जुलाई तक स्पेन/नीदरलैंड में एफआईएच महिला विश्व कप में प्रतिभागिता
		चयनित खिलाड़ी के लिए नॉटिंघम में प्रस्तावित प्रशिक्षण शिविर
6	टेबल टेनिस	पुर्तगाल में शिविर 3 जुलाई से 10 जुलाई
		डब्ल्यूटीटी ग्रैंड स्मैश बुडापेस्ट (11 से 24 जुलाई)
7	भारोत्तोलन	बर्मिंघम में पूर्व-खेल प्रशिक्षण 24 जून, 2022 से 28 जुलाई, 2022
8	कुश्ती	पुरुषों के लिए साई सोनीपत में शिविर और महिलाओं के लिए साई लखनऊ में शिविर
		इटली में रैंकिंग टूर्नामेंट नंबर 3 में प्रतिभागिता
9	तैराकी	फॉरेन एक्सपोजर – एफआईएनए वर्ल्ड चैंपियनशिप - 17 जून के बाद
		साजन प्रकाश हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग (स्पेन) - जून/जुलाई
10	साइक्लिंग	स्लोवेनिया में प्रशिक्षण शिविर 10 जून तक
		आईजी स्टेडियम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण
11	जूडो	03 जुलाई तक स्पेन में विदेशी एक्सपोजर
		आईजी स्टेडियम में 05 जुलाई से कैंप

अनुबंध- II

'भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण' के संबंध में श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1435 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

आगामी खेलों को देखते हुए चालू वर्ष के दौरान विदेश भेजे गए खिलाड़ियों की कुल संख्या:

खेल विधा	दिनों की संख्या	एथलीटों की संख्या
एथलेटिक्स	6	40
	22	35
	15	30
	6	60
	4	4
	5	24
	4	35
	73	10
	90	3
	90	2
	90	6
	5	8
बैडमिंटन	90	49
मुक्केबाज़ी	76	201
कुश्ती	28	70
निशानेबाजी	10	12
	24	12
	16	24
	12	12
	12	24
	13	12
	13	12
कुल	**704**	**685**

****

अनुबंध- III

'भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षण' के संबंध में श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1435 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

खेल विधा	विवरण	व्यय
स्क्वैश	सुश्री जोशना चिनप्पा का मई और जून, 2022 में राष्ट्रमंडल खेल, 2022 की तैयारी के लिए मिस्र में प्रशिक्षण ।	2.13 लाख रु.
सेपक टाकरा	वर्ल्ड सेपक टाकरा चैंपियनशिप, 35वें किंग्स कप, 2022 की तैयारी के लिए थाईलैंड की टाकरा फाउंडेशन में 36 खिलाड़ियों की पुरुष और महिला टीम	62.82 लाख रु.
रग्बी	एशियाई रग्बी सेवन्स ट्रॉफी, 2022 की तैयारी के लिए क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड में 28 खिलाड़ियों की पुरुष और महिला टीम ।	48.98 लाख रु.

***

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1436

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

खेलों में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना

1436 श्री बिनोय विस्वमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने इस बात पर गौर किया है कि एथलीटों पर पेशेवर खेलों के कारण अत्यधिक मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव पड़ते हैं, यदि हां, तो इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) वर्तमान में देश के सभी खेल संघों में कार्यरत मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की संख्या सहित प्रत्येक खेल का ब्यौरा क्या है;

(ग) खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य कल्याण के लिए आवंटित बजट का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत 3 वर्षों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह से प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेने वाले पेशेवर एथलीटों की संख्या कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस पर एथलीटों के साथ विचार-विमर्श करने का कोई प्रयास किया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): सरकार ने एथलीटों पर पेशेवर खेलों के कारण मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव पर ध्यान दिया है । इस संबंध में मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनलों जैसे मनोवैज्ञानिक राष्ट्रीय

कोचिंग शिविरों, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनों/ प्रतियोगिताओं आदि के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के साथ तैनात हैं । वर्तमान में, 07 खेल मनोवैज्ञानिकों को नियमित/ अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया है और एथलीटों की काउंसलिंग के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में नियमित अंतराल पर प्रतिनियुक्त किया गया है ।

मंत्रालय द्वारा दिनांक 28.02.2022 को जारी पत्र के तहत राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता स्कीम के अंतर्गत सहायता मानदंडों में राष्ट्रीय खेल परिसंघों द्वारा खेल विज्ञान विशेषज्ञों, खेल डॉक्टरों, मनोवैज्ञानिकों आदि सहित सहायक कार्मिकों की नियुक्ति का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत स्पोर्ट्स मेडिसिन डॉक्टरों/ अन्य डॉक्टरों को प्रति माह 2 लाख रु. पारिश्रमिक तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को प्रतिमाह 1 लाख रु. पारिश्रमिक दिया जाता है । एनएसएफ को सहायता स्कीम के तहत स्पोर्ट्स मेडिसिन डॉक्टरों और मनोवैज्ञानिकों सहित सहायक कर्मियों की नियुक्ति के लिए वित्त पोषण प्रदान किया जाता है, जिसमें चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 280 करोड़ रु. का बजटीय आवंटन किया गया है ।

एनएसएफ द्वारा देश में वर्तमान में नियुक्त किए गए मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनलों का विवरण निम्नानुसार है:

विधा	**मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनलों की संख्या**
मुक्केबाजी	3
निशानेबाजी	5

उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले 3 वर्षों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण एथलीटों की वापसी का कोई मामला सामने नहीं आया है ।

****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1437

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

ग्रामीण खेल गतिविधियों के लिए योजनाएं

1437 श्री राजेन्द्र गहलोतः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान राज्य में ग्रामीण खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों/युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष सुविधाएं विकसित करने पर जोर दे रही है जिससे उन्हें भी राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सके; और

(ग) यदि हां तो राजस्थान राज्य सहित अन्य राज्यों का तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) इस मंत्रालय के ''खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम'' का उद्देश्य संपूर्ण भारतवर्ष में जन-भागीदारी एवं खेल में उत्कृष्टता के संवर्धन के युग्मित उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण खेल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करना है। यह देश के युवाओं में खेल के व्यापक आधार और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में खेल गतिविधियों को बढावा देने पर केंद्रित है। इस स्कीम का '' ग्रामीण और देशज / जनजातीय खेलों का संवर्धन'' नामक एक घटक विशेष रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्र को समर्पित है।

(ख) और (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। तथापि, इस मंत्रालय ने राजस्थान राज्य में 45 परियोजना प्रस्तावों सहित अन्य राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत विभिन्न श्रेणियों की 300 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसका विवरण अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

ग्रामीण खेल गतिविधियों के लिए योजनाएं के संबंध में श्री राजेन्द्र गहलोत, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 28.07.2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1437 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्रमांक	परियोजना का नाम	संस्वीकृत राशि करोड़ रु.
1	एलबीएस शासकीय पीजी कॉलेज, जिला कोटपुतली में बहुउद्देश्यीय हॉल, फुटबॉल ग्राउंड एवं एथलेटिक ट्रैक का निर्माण	3.12
2	जिला चुरू में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	6.30
3	साई प्रशिक्षण केन्द्र जिला जयपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल में सिंथेटिक फ्लोर का बिछाना एवं लाइटिंग	0.99
4	महाराणा प्रताप खेल गांव, जिला उदयपुर में सिंथेटिक हॉकी फील्ड का बिछाना	5.50
5	पांच ब्लॉक मुख्यालयों में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण, (i) शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बापिनी, जोधपुर, (ii) ब्लॉक मुख्यालय, खिनवसर, नागौर, (iii) सुनहेल, झालावाड़, (iv) ब्लॉक मुख्यालय, जैतरन, पाली और (v) सिसवाली, अंता, जिला बारां	4.00
6	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा, जिला जयपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	2.99
7	महाराजा गंगा सिंह स्टेडियम, जिला श्री गंगानगर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.00
8	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जामवा रामगढ़, जिला जयपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	2.94
9	बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, सोलर लाइट, पानी की टंकी का निर्माण, ग्राम खिनवसर, जिला नागौर में 200 मीटर एथलेटिक ट्रैक	1.50
10	नागौर जिले के डीडवाना स्टेडियम में अकादमी भवन और सोलर लाइट का निर्माण	1.00
1 1	स्वर्णजयंती स्टेडियम, जिला झुंझुनूं में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.00
12	स्वर्णजयंती स्टेडियम, जिला झुंझुनूं में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	8.00
13	एसएमएस स्टेडियम, जिला जयपुर में आधारभूत अवसंरचना के साथ चार चैम्पियनशिप बैडमिंटन कोर्ट के साथ बैडमिंटन एरिना का निर्माण	3.60
14	श्री कर्णपुर स्टेडियम, जिला श्री गंगानगर में इंडोर हॉल और टिकट ब्लॉक का निर्माण	1.00
15	जिला भीलवाड़ा में शूटिंग रेंज का समापन	1.00
16	बापनी स्टेडियम जिला जोधपुर में बाउंड्री वॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट ग्राउंड, सोलर लाइट, ऑफिस बिल्डिंग टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण	1.50

17	जोधपुर जिले के देचू स्टेडियम में बाउंड्री वॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट ग्राउंड, सोलर लाइट, ऑफिस बिल्डिंग टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण	1.50
18	लोहावत स्टेडियम, जिला जोधपुर में बाउंड्री वॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट ग्राउंड, सोलर लाइट, ऑफिस बिल्डिंग टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण	1.50
19	वन ऑल ग्लास चैंपियनशिप कोर्ट, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर का निर्माण	1.50
20	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदवाजी, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
21	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-जलसू, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
22	सांभर झील, जिला जयपुर नगर पालिका मैदान में खेल मैदान का निर्माण	0.52
23	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-आंधी, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
24	राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल- देवता, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण।	0.52
25	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गठवारी, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
26	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेजरोली, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
27	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुर जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
28	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-नारायणपुर, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
29	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरहेड़ा, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
30	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाओटा, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
31	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
32	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेनवाल, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
33	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-सुंदरपुरा, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
34	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-विराटनगर, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
35	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंभोरी, जिला जयपुर में खेल	0.52

	मैदान का निर्माण	
36	राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला-जोबनेर, जिला जयपुर में खेल मैदान का निर्माण	0.52
37	राजीव गांधी स्टेडियम, जिला हनुमानगढ़ में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	3.99
38	जिला सीकर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	3.99
39	राजस्थान पुलिस अकादमी, जिला जयपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	4.50
40	श्रीनाथपुरम खेल परिसर, जिला कोटा में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.00
41	जिला राजसमंद में सिंथेटिक हॉकी ग्राउंड का निर्माण	5.00
42	जिला चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण	4.50
43	खेलो इंडिया योजना के तहत स्वीकृत 17 खेल मैदानों में वर्षा जल चैनल का निर्माण सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोबनेर के लिए रिटेनिंग वॉल और चारदीवारी का निर्माण। जामवा रामगढ़, जिला जयपुर में इंडोर स्टेडियम की सुरक्षा परिधि दीवार का निर्माण	3.50
44	जिला कोटा के रामगंजमंडी में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण।	4.50
45	जिला बूंदी के लाखेरी में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण।	4.50

*****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1438

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

महिलाओं के खेल के लिए फंड

1438 श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान महिला खेलों की स्थिति में सुधार के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान महिला खेलों के लिए आवंटित राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है।

(ग) क्या सरकार ने महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): खेल विभाग की सभी स्कीमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए हैं और सभी खिलाड़ियों की जरूरतों को समान रूप से पूरा करती हैं । तथापि, खेलो इंडिया स्कीम का "महिलाओं के लिए खेल" नामक एक घटक विशेष रूप से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए है । इस घटक के तहत राष्ट्रीय खेल परिसंघों के सहयोग से विभिन्न खेल विधाओं में महिला लीगों का आयोजन किया जाता है, ताकि खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके, विभिन्न आयु वर्ग की महिला एथलीटों की प्रतिभा पहचान करने और उन्हें प्रतियोगिता एक्सपोजर प्रदान करने के लिए लीग का उपयोग एक मंच के रूप में किया जा सके । पिछले पांच वर्षों के दौरान इस घटक के तहत जारी धनराशि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु.)

2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
2.20	9.50	2.34	5.00	2.22

इसके अलावा, देश में प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों के बीच खेल के संवर्धन पर विशेष जोर देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और तीन साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) स्थापित किए हैं जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

1. एनसीओई धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में 33 महिला एथलीट (एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल)
2. एसटीसी बादल (पंजाब) में 47 महिला एथलीट (एथलेटिक्स, हॉकी और वॉलीबॉल)
3. एसटीसी टेलिचेरी (केरल) में 95 महिला एथलीट (एथलेटिक्स, फेंसिंग, जिमनास्टिक, वॉलीबॉल और कुश्ती)
4. एसटीसी सोलालगांव में 54 महिला एथलीट (मुक्केबाजी, फुटबॉल और भारोत्तोलन)
5. एसटीसी वाराणसी के तहत निम्नलिखित दो विस्तार केंद्र हैं:
    (i) निवेदिता गर्ल्स इंटर कॉलेज में 12 महिला एथलीट (कुश्ती)
    (ii) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में 32 महिला एथलीट (एथलेटिक्स, बॉक्सिंग) ।

इसके अलावा, साई की खेल संवर्धन स्कीमों के तहत देश भर में कुल 3146 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया गया है । इसके अलावा, खेलो इंडिया स्कीम के "प्रतिभा पहचान और विकास" घटक के तहत, देश भर में 1374 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें अधिकतम 6,28,400/- रु. की दर से (1,20,000 /-रु. आउट ऑफ पॉकेट भत्ता सहित) वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है ।

उपरोक्त के अलावा लक्ष्य ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत महिला खेलों के लिए आवंटित राशि का विवरण इस प्रकार है:

(राशि करोड़ में)

2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
106.66	137.10	133.94	102.73	52.93

(ग) और (घ): महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और रहने, अध्ययन और प्रशिक्षण के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए, साई के पास यौन उत्पीड़न के मामलों को रोकने और उनका निवारण करने के लिए एक मजबूत प्रणाली है:

1. प्रत्येक साई क्षेत्रीय केंद्र और शैक्षणिक संस्थान में एक आंतरिक शिकायत समिति होती है, जिसमें एक वरिष्ठ महिला अधिकारी समिति की अध्यक्ष होती हैं। सदस्यों में एक स्थानीय एनजीओ की एक महिला अधिकारी और साई की महिला अधिकारी शामिल हैं।
2. एथलीटों को यौन उत्पीड़न के मुद्दों के बारे में जागरूक करने और उन्हें शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, हर क्षेत्र में नियमित रूप से स्थानीय भाषाओं में कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।
3. शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक टोल फ्री कॉल सेंटर चौबीसों घंटे काम कर रहा है ।
4. महिला कोच/महिला प्रबंधक बाहरी दौरों पर टीम के साथ जाती हैं।
5. सभी साई केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । परिसर / छात्रावास क्षेत्रों और खेल क्षेत्रों में अन्य गतिविधियों को भी सीसीटीवी निगरानी के तहत कवर किया गया है।

इसके अलावा, सभी हितधारकों को जागरूक करके एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए साई द्वारा एक विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है कि खेल भावना के मूल मूल्यों और उचित नैतिक आचरण के अनुरूप सभी प्रतिभागियों की ओर से हर समय, उचित व्यवहार की अपेक्षा है ।

****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1439

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

खेल केंद्रों में यौन उत्पीड़न के मामले

1439 प्रो. मनोज कुमार झाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में खेल केंद्रों में यौन उत्पीड़न की घटनाएं हुई हैं;

(ख) वर्ष 2017 से अब तक प्राप्त ऐसे मामलों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है;

(ग) कुल कितने मामलों में कार्रवाई की गई और कुल कितने मामले निपटाए गए; और

(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि खेल सुविधाएं सुरक्षित क्षेत्र बनी रहें ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): वर्ष 2017 से, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में कोचों और कर्मचारियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की तीस (30) शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से दो (2) अनाम शिकायतें थीं। यौन उत्पीड़न के मामलों का क्षेत्रीय केंद्र-वार विवरण नीचे दिया गया है: -

क्षेत्रीय केंद्र	**वर्ष**						**कुल**
	2017	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	
तिरुवनंतपुरम	**02**	**01**	00	00	00	00	**03**
बैंगलोर	00	**02**	**03**	00	00	00	**05**
कोलकाता	00	**03**	**01**	**01**	00	00	**05**
गांधीनगर	**01**	**01**	00	00	00	**01**	**03**
भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्यालय,	00	00	**01**	00	**02**	**03**	**06**

लखनऊ	**01**	00	**01**	00	00	00	**02**
जीरकपुर	**01**	00	00	00	00	00	**01**
इंफाल	00	**01**	00	00	00	00	**01**
मुंबई	**01**	**01**	00	00	**02**	00	**04**
कुल	**06**	**09**	**06**	**01**	**04**	**04**	**30**

(ग) और (घ): सभी 30 मामलों में आवश्यक कार्रवाई की गई है। सरकार नैतिक आचरण को खेल के निष्पक्ष प्रबंधन का मूल सिद्धांत मानती है। सभी हितधारक सुरक्षित और उत्पीड़न तथा भेदभाव मुक्त वातावरण में भाग लेने के हकदार हैं । यौन उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम और निवारण के लिए एक मजबूत तंत्र मौजूद है। इसका विवरण निम्नानुसार हैं:-

i. प्रत्येक साई क्षेत्रीय केंद्र और शैक्षणिक संस्थानों में एक आंतरिक शिकायत समिति होती है जिसकी अध्यक्ष एक वरिष्ठ महिला अधिकारी होती हैं। इस समिति के सदस्यों में स्थानीय एनजीओ की एक महिला अधिकारी और साई की एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

ii. एथलीटों को यौन उत्पीड़न के मामलों के बारे में जागरूक करने और उन्हें शिकायतें दर्ज कराने हेतु आगे आने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक क्षेत्र में नियमित आधार पर स्थानीय भाषाओं में कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं ।

iii. हितधारकों की सहायता के लिए एक टोल-फ्री कॉल सेंटर चौबीसों घंटे कार्यशील है।

iv. टीम के दौरे पर महिला कोच/महिला प्रबंधक टीम के साथ जाती हैं।

v. महिला खिलाडिय़ों की सुरक्षा के लिए सभी साई केंद्रों, विशेषकर परिसर/छात्रावास और खेल क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु साई द्वारा 15 जून, 2022 को एक विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है, जिसमें निम्नलिखित उपाय शामिल हैं:

i. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय शिविरों और प्रतियोगिताओं के दौरान महिला एथलीटों के दल के साथ एक महिला प्रशिक्षक का होना अनिवार्य है।

ii. सभी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों में अनुपालन अधिकारी (पुरुष और महिला) की नियुक्ति की जाएगी। अनुपालन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है कि उल्लंघन की सूचना यथाशीघ्र संबंधित प्राधिकारी को दी जाए।

iii. किसी भी कोचिंग शिविर के शुरू होने से पहले प्री -कैंप सेंसिटाइजेशन मॉड्यूल्स तैयार कर उसे सभी एथलीटों, कोचों और सहायक कर्मियों को प्रस्तुत किए जाए।

iv. संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) द्वारा राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में महिला कोचों/सहायक कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करना।

v. खेलों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एनएसएफ और साई के प्रतिनिधियों वाले कोर ग्रुप का गठन।

*****

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1440

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2022

6 श्रावण, 1944 (शक)

नाडा, साई और एलएनआईपीई में रिक्तियां

1440 डा. प्रशांत नन्दाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) में शीर्ष पदों को भरने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में शीर्ष पदों को भरने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में शीर्ष पदों को भरने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) राष्ट्रीय डोप-रोधी एजेंसी (नाडा) के अध्यक्ष महानिदेशक (डीजी) / मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होते हैं, जो वर्तमान में सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त एक नियमित अधिकारी हैं।

(ख) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के शीर्ष पदों को साई द्वारा निर्धारित भर्ती नियमों के अनुसार भरा गया है। किसी भी पद के रिक्त होने की स्थिति में, इसे भरने हेतु नियमानुसार आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

(ग) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर में शीर्ष पद कुलपति (वीसी) का पद है, जो नियमित वीसी के कार्यकाल की समाप्ति के परिणामस्वरूप सितम्बर, 2020 से रिक्त है। वर्तमान में एक स्थानापन्न वीसी इसका प्रभार संभाल रहे हैं। मंत्रालय ने नियमित कुलपति की नियुक्ति के उद्देश्य से 30.06.2022 को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के परामर्श से एक अधिसूचना जारी की है।

****

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)